दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 29 | अंक :336
प्रतापगढ़ | शनिवार , 7 अक्टूबर-2023
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़ ,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## आगरा के व्यापारी ने कहा, मैं दूंगा कॉरिडोर निर्माण का खर्च

### हाईकोर्ट में दाखिल की अर्जी, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का मामला

**कॉरिडोर निर्माण पर आएगा 510 करोड़ रुपये का खर्च, अगली सुनवाई 11 अक्तूबर को**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मथुरा-वृंदावन बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण मामले में हाईकोर्ट में केस की सुनवाई के दौरान शुक्रवार को एक नया मोड़ आ गया। कॉरिडोर निर्माण में होने वाले खर्च को लेकर सरकार तथा बांके बिहारी मंदिर के सेवायतों के बीच विवाद को देखते हुए, आगरा के व्यापारी प्रखर गर्ग ने अर्जी देकर कहा कि वह प्रोजेक्ट के निर्माण पर 510 करोड़ रुपये देने के लिए तैयार हैं।व्यापारी ने कहा कि वह 100 करोड़ रुपये एक महीने में जमा कर देंगे। इस पर कोर्ट ने यूपी सरकार के अधिवक्ता से पूछा कि आप मंदिर का पैसा चाहते ही क्यों हैं। क्या, सरकार के पास पैसे की कमी है। अगर सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है तो सारे विवाद का हल हो गया। तब तो कोई विवाद ही नहीं बचा। सरकार की तरफ से कहा गया कि लोक शांति और व्यवस्था के लिए सरकार ने प्रस्तावित योजना तैयार की है। मंदिर के पैसे से मंदिर की व्यवस्था बनाई जा रही है। इस पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।अनंत शर्मा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ सुनवाई कर रही है। सेवायतों की ओर से कहा गया कि सरकार मंदिर की सुविधा बढ़ाना चाहती है, उन्हें कोई आपत्ति नही है। लेकिन, इस काम के लिए मंदिर के पैसे का इस्तेमाल करना चाहती है। अधिवक्ता संजय गोस्वामी ने याचिका की पोषणीयता पर सवाल उठाया। कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तथ्य को लेकर कोई भी याचिका पोषणीय नहीं है। उसमें कानूनी सवाल होना जरूरी है। लिहाजा, याचिका पोषणीय नही है।याची अधिवक्ता श्रेया गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय मे मंदिर प्रबंधन समिति ही नहीं है। विवाद सिविल अदालत में विचाराधीन है। कहा कि आर्टिकल 25 और 26 धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है, किंतु सरकार उचित हस्तक्षेप कर सकती है। इस पर कोर्ट ने जानना चाहा कि योजना लागू की जाती है तो मंदिर का प्रबंधन किसके हाथ होगा। हालांकि, सरकार की ओर से इस सवाल का जवाब नहीं दिया गया। अधिवक्ता राघवेंद्र मिश्र ने कहा कि सरकार प्रस्तावित योजना लागू करे। इसका सारा खर्च प्रखर गर्ग की तरफ से दिया जाएगा।मालूम हो कि मंदिर का संचालन एक ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा था। लेकिन, वर्तमान समय मे सिविल अदालत में मुकदमा चल रहा है। इस सम्बंध में डिक्री भी है और सिविल जज की ओर से निगरानी की जा रही है।

सेवायत का कहना है कि सरकार कॉरिडोर बनाये, सुरक्षा व्यवस्था करे। मंदिर की नही बल्कि अपने पैसे से करे तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। मंदिर निजी ट्रस्ट है। जिसमें चढ़ावा पर कुछ हिस्सा ट्रस्ट को और कुछ सेवायतों को जा रहा है। इससे कुछ परिवार पल रहे हैं। सरकार की नजर मंदिर के पैसे पर है। वह कुछ पैसा खर्च नहीं करना चाहती है। मंदिर के पैसे से ही सारा काम करना चाह रही है। फिलहाल, सुनवाई पूरी ना होने से कोर्ट ने सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर अगली तिथि तय की है।

## गंगा में डूबे पांच किशोर, मौत

### नहाते समय गहरे पानी में चले गए

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** गंगा में नहाने गए 5 किशोरों की डूबने से मौत हो गई। गोताखोर की मदद से सभी के शव को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सभी किशोर शिवकुटी इलाके के रहने वाले थे।बताया जा रहा है कि नहाते समय पांचों किशोर नदी की गहराई में चले गए, जिससे वह डूबने लगे। मदद के लिए चीखे चिल्लाए। स्थानीय लोग जब तक वहां पहुंचे तब तक पांचों नदी में समा गए। जिससे उनकी मौत हो गई।स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। गोताखोर की मदद से पाचों लड़कों के शव को बाहर निकाला गया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों में कोहराम मचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर लगभग 2ः00 बजे शिवकुटी के मेहंदौरी घाट पर मछली मारने के लिए पांच किशोर शनि (16) पुत्र नंदु निवासी बेली, प्रियांशु (15) निवासी बेली, मुलायम (16) पुत्र गिरधारी निवासी म्योराबाद, आकाश (16) निवासी बेली और हिमांशु ( 16 ) पुत्र राजेश सिंह निवासी म्योराबाद पहुंचे थे।शुरुआती जानकारी के मुताबिक ये सभी मछली का शिकार करने गए थे। इस बीच हिमांशु नदी में उतरकर नहाने लगा। नहाते-नहाते वो अचानक गहराई में जाकर वह डूबने लगा, जिसकी आवाज सुनकर बाकी चारों दोस्त भी नदी में कूद गए। इसके बाद एक-एक कर कर सभी पानी में समा गए। आसपास मौजूद लोग कुछ कर पाते उससे पहले ही पांचों गंगा नदी के गहरे पानी में डूबरही।



## सिक्किम आपदा में मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हुई

**नई दिल्ली(हि.स.)।** सिक्किम में अचानक आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। इनमें छह सैनिक हैं। एक सैनिक को सकुशल निकाल लिया गया है। 103 लोग लापता हैं। नदी में उफान के कारण तीस्ता बेसिन में स्थित डिक्चू, सिंगतम और रंगपो सहित कई कस्बों में भी बाढ़ के हालात हैं।राज्य के विभिन्न हिस्सों में 3,000 से अधिक पर्यटकों के फंसे होने की सूचना है। कलिम्पोंग के तीस्ता बाज़ार क्षेत्र में बड़ी संख्या में इमारतें और वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। इमारतों के पुनरुद्धार का कार्य चल रहा है। सेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें तीसरे दिन तीस्ता नदी बेसिन और निचले उत्तर बंगाल में कीचड़ और तेज बहते पानी के बीच लापता लोगों की तलाश में जुटी हैं। इसके साथ ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में बड़ी संख्या में फंसे लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं।भारतीय सेना के जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार लापता सैनिकों की तलाश का अभियान अब तीस्ता बैराज के निचले इलाकों पर केंद्रित है।

## घूसखोरी में सीजीएसटी के चार कर्मी गिरफ्तार

### अलीगढ़ में एक एलआईसी एजेंट की शिकायत पर सीबीआई ने की कार्रवाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 25 हजार रुपए की कथित घूसखोरी में अधीक्षक सहित सीजीएसटी के चार कर्मियों को गिरफ्तार किया। मामला अलीगढ़ का है। गिरफ्तार आरोपियों को सक्षम न्यायालय में पेश किया जाएगा।सीबीआई को शिकायत मिली कि अलीगढ़ में जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क के कर्मचारी एक व्यक्ति से 25 हजार की घूस मांग रहे हैं। इस पर सीबीआई ने जाल बिछाना शुरू किया। जल्द ही उसकी गिरफ्त में जीएसटी व केंद्रीय उत्पाद शुल्क प्रभाग, जीएसटी के दो अधीक्षक, एक निरीक्षक एवं एक कर सहायक आ गए। सीबीआई ने एक शिकायत के आधार पर सीजीएसटी, अलीगढ़ के दो कर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता एलआईसी में एजेंट है। उसने आरोप लगाया है कि उसके नाम पर कोई भी फर्म कभी भी जीएसटी में पंजीकृत नहीं है, लेकिन उसे वर्ष 2021 से सीजीएसटी विभाग से लगातार नोटिस मिल रहे हैं, जिसमें 1,70,981 रुपए की मांग की गई। आगे यह आरोप है कि जब शिकायतकर्ता, उक्त नोटिस के बाद सीजीएसटी कार्यालय में दोनों आरोपियों से मिला तो आरोपियों ने उक्त नोटिस को समाप्त करने के लिए 30,000 रुपए रिश्वत की मांग की। सीबीआई ने जाल बिछाया। सीजीएसटी कार्यालय में कार्यरत कर सहायक ने उक्त 25,000 रुपए की रिश्वत शिकायतकर्ता से प्राप्त की एव उक्त रिश्वत, एक निरीक्षक को सौंप दी। जांच के दौरान दो अधीक्षक, एक निरीक्षक एवं एक कर सहायक को पकड़ा गया तथा रिश्वत की राशि बरामद की गयी। अलीगढ़ सहित आरोपियों के परिसरों में पांच स्थानों पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान लगभग पांच लाख रुपए की नकद धनराशि एवं कुछ दस्तावेज मिले। गिरफ़्तार सभी आरोपियों को सक्षम अदालत के समक्ष आज पेश किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जानलेवा हमले की धमकी, मुंबई पुलिस सतर्क

**मुंबई, (हि.स.)।** मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में प्रधानमंत्री पर जानलेवा हमले संबंधी ई-मेल आने के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। इस धमकी भरे ई-मेल करने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में गुरुवार को एक धमकी भरा ई-मेल आया था। इस ई-मेल के जरिये सरकार से 500 करोड़ रुपये की मांग की गई है। ऐसा नहीं करने पर प्रधानमंत्री मोदी और उनके नाम पर गुजरात में बने स्टेडियम पर हमला करने की धमकी दी गई है। ई-मेल में कहा गया है कि भारत में सब कुछ बिकता है, हमने भी कुछ खरीदा है।आगे मेल में कहा गया कि चाहे आप कितनी भी सुरक्षा बढ़ा लें, आप हमसे बच नहीं सकते। यदि आप चर्चा को आगे जारी रखना चाहते हैं, तो आपको इस मेल का उत्तर देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। धमकी भरा ई-मेल आने के बाद इसकी सूचना संबंधितों को भेज दी गई है।

## मुंबई के गोरेगांव में पांच मंजिला इमारत में आग लगने से सात लोगों की मौत



**मुंबई, (हि.स.)।** मुंबई के गोरेगांव इलाके में स्थित समर्थ सृष्टि नाम की पांच मंजिला बिल्डिंग में शुक्रवार तड़के लगी आग में सात लोगों की मौत हो गई । आग लगने की सूचना मिलते ही 10 गाड़ियों के साथ पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने करीब 50 लोगों को सुरक्षित निकाला। इनमें से काफी लोगों को धुआं की वजह से सांस लेने में दिक्कत महसूस होने पर कूपर अस्पताल और एचबीटी ट्रॉमा केयर सेंटर पहुंचाया गया। इनमें से कुछ लोग झुलस भी गए हैं। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव अभियान जारी है।पुलिस के अनुसार यह बिल्डिंग गोरेगांव के उन्नत नगर में है।

बिल्डिंग के तल परिसर की पार्किंग में तड़के करीब तीन बजे आग लगी। कुछ ही देर में पूरी बिल्डिंग लपटों में घिर गई। बताया गया है कि इस बिल्डिंग की पार्किंग में कपड़ों का एक बंडल रखा था। इस बंडल में आग लगने से ही यह हादसा हुआ। पार्किंग में मौजूद 30 दोपहिया और अन्य चारपहिया वाहन भी चपेट में गए। इनमें से अधिकतर वाहन राख हो गए। फायर ब्रिगेड ने फिलहाल आग पर नियंत्रण कर लिया है। कूलिंग का काम चल रहा है।

एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, सुबह-सुबह जोरदार धमाका हुआ। इसकी आवाज सुनकर उनकी नींद टूट गई।

नीचे देखने पर पता चला कि आग लगी हुई है। इस बिल्डिंग में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि धमाके की आवाज सुनकर घर के सभी लोग जाग गए। बाहर निकल कर उन्होंने बिल्डिंग के सभी घरों की घंटी बजाकर आग लगने सूचना दी। स्थानीय विधायक और पूर्व मंत्री विद्या जयप्रकाश ठाकुर ने बताया कि इस बिल्डिंग में रहने वाले लोगों को उन्नत नगर के स्कूल में ठहराया गया है। पुलिस का कहना है कि आग लगने के कारणों की छानबीन की जा रही है।

### प्रधानमंत्री ने गोरेगांव की घटना पर दुख जताया, अनुग्रह राशि की घोषित

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मुंबई के गोरेगांव की एक इमारत में आग लगने से हुई जनहानि पर दुख जताया और आश्रितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर लिखा कि मुंबई के गोरेगांव में आग लगने की घटना में जनहानि से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द ठीक हो जाएं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि मुंबई के गोरेगांव इलाके में बहुमंजिली इमारत में आग लग गई। इसमें 7 लोगों की जान चली गई और 51 लोग घायल हुए हैं।

## वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में: अमित शाह



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि वामपंथी उग्रवाद को अगले दो वर्षों में पूरी तरह समाप्त करने के संकल्प का यह वर्ष है। राज्यों के सहयोग से 2022 और 2023 में इस समस्या के खिलाफ बड़ी सफलताएं प्राप्त हुई हैं। अब यह लड़ाई निर्णायक दौर में आ चुकी है।अमित शाह ने नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, केंद्रीय गृह सचिव, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक, केंद्र सरकार के सचिव, राज्यों के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। शाह ने आगाह किया कि वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हुए क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने की ज़रूरत है जिससे वहां यह समस्या फिर से खड़ी न हो सके। हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति के परिणामस्वरूप चार दशक में सबसे कम हिंसा और मृत्यु 2022 में दर्ज की गई है।गृहमंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षों में वामपंथी उग्रवाद पर नकेल कसने में अच्छी सफलता हासिल हुई है, अब यह लड़ाई निर्णायक दौर में आ चुकी है। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद से अब तक निर्वात (वेक्यूम) क्षेत्र सिकुड़ता जा रहा है, हमने सीएपीएफ के 195 नए शिविर स्थापित किए हैं, साथ ही 44 नए शिविर और स्थापित किए जाएंगे। मोदी सरकार की प्राथमिकता वामपंथी उग्रवाद के ख़िलाफ़ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती, विकास का संतुलन और निर्वात क्षेत्रों में शिविर स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि 2005 से 2014 के कालखंड के मुकाबले 2014 से 2023 के बीच वामपंथी उग्रवाद संबंधी हिंसा में 52 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है, सुरक्षाबलों की मृत्यु में 72 प्रतिशत और नागरिकों की मृत्यु में 68 प्रतिशत की कमी आई है।

गृहमंत्री ने बताया कि वामपंथी उग्रवाद के वित्तीय पोषण पर प्रहार करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सभी राज्यों की एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वामपंथी उग्रवाद के वित्तीय पोषण को रोकने के लिए प्रभावित राज्यों को अपने यहां नागरिक और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर प्रयास करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 2017 में वामपंथी उग्रवाद के पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया था। अब इसे और बढ़ाकर 40 लाख रुपये किया गया है। मोदी सरकार ने 9 वर्षों में सुरक्षा से जुड़े खर्च को पहले की तुलना में लगभग दोगुना बढ़ाने का काम किया है।गृहमंत्री शाह ने कहा कि फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों के निर्माण, राज्य के खुफिया उपकरणों और उग्रवाद से प्रभावित राज्य के विशेष बलों को मजबूत बनाने के लिए 992 करोड़ रुपये की विशेष बुनियादी ढांचा योजना के सुझाव दिए गए हैं। मोदी सरकार ने 9 साल में सुरक्षा संबंधी व्यय में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी की है।

## कनाडा ने अपने राजनयिकों को अन्य देशों में भेजना शुरू किया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत की ओर से राजनयिकों की संख्या में कटौती का कड़ा संदेश मिलने के बाद अब कनाडा ने दिल्ली से बाहर काम करने वाले ज्यादातर अपने राजनयिकों को कुआलालंपुर और सिंगापुर स्थानांतरित कर दिया है।कनाडा के सीटीवी न्यूज ने अपने सूत्रों से समाचार की पुष्टि की है। भारत ने कनाडा को 10 अक्टूबर तक अपने राजनयिकों की संख्या घटाने को कहा था। साथ ही चेतावनी दी थी कि ऐसा नहीं करने पर उनकी राजनयिक सहूलियतें खत्म कर दी जाएंगी।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि भारत में कनाडा के राजनयिकों की संख्या कनाडा में भारतीय राजनयिकों से काफी अधिक है।

## शारदीय नवरात्र - बजट के अभाव में सूक्ष्म हुआ विंध्य महोत्सव

### जिलाधिकारी ने कहा, नौ दिनों की जगह तीन दिन का ही होगा आयोजन

**मीरजापुर (हि.स.)।** शारदीय नवरात्र में बजट के अभाव से विंध्य महोत्सव का आयोजन काफी सूक्ष्म हो गया है। विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद के अंतर्गत शारदीय नवरात्र में आयोजित होने वाला विंध्य महोत्सव बासंतिक नवरात्र मेला के मुकाबले काफी छोटे स्तर पर आयोजित होगा।पिछले नवरात्र में आयोजित विंध्यमहोत्सव, गंगा आरती व आतिशबाजी की काफी सराहना हुई थी पर आयोजन में कार्य करने वालों का अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर आयोजित करने के लिए अभी बजट उपलब्ध नहीं है। पिछले नवरात्र में आयोजित समारोह में काम करने वालों का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। इसलिए 14 अक्टूबर की मध्य रात्रि से आरम्भ होने वाले शारदीय नवरात्र में नौ दिनों की जगह तीन दिनों के लिए ही विंध्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने बताया कि विंध्य महोत्सव आयोजन को सूक्ष्म किए जाने पर मैने जिलाधिकारी से बात की है। यह आयोजन नवरात्र की तृतीया से प्रारंभ होगा और इसका अष्टमी को समापन होगा।

## ईरान में महिला अधिकारों की आवाज उठाने के लिए जेल में बंद नरगिस मोहम्मदी को शांति का नोबेल



**स्टॉकहोम,(हि.स.)।** ईरान में महिला उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने, सभी के लिए मानवाधिकारों और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने की लड़ाई के लिए नरगिस मोहम्मदी को वर्ष 2023 के लिए शांति का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा हुई है। मोहम्मदी अभी भी तेहरान की कुख्यात एविन जेल में बंद हैं।नोबेल पुरस्कार समिति की ओर से कहा गया कि नरगिस मोहम्मदी को बहादुरी भरे संघर्ष की जबरदस्त व्यक्तिगत कीमत चुकानी पड़ी। ईरानी शासन ने उन्हें 13 बार गिरफ्तार किया, पांच बार दोषी ठहराया और कुल 31 साल जेल और 154 कोड़े की सजा सुनाई। मोहम्मदी इस समय भी जेल में हैं। युवावस्था में भौतिकी की मेधावी छात्रा रही मोहम्मदी ने समानता और महिलाओं के अधिकारों के समर्थक के रूप में खुद को प्रतिष्ठित किया।वर्ष 2011 में मोहम्मदी को पहली बार गिरफ्तार किया गया था और जेल में बंद कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों की सहायता करने के उनके प्रयासों के लिए कई वर्षों के कारावास की सजा सुनाई गई थी। जमानत पर रिहा होने के बाद मोहम्मदी ने मौत की सजा के खिलाफ एक अभियान में खुद को झोंक दिया। मौत की सज़ा के ख़िलाफ़ आन्दोलन में सक्रियता के कारण 2015 में उन्हें फिर से गिरफ़्तार किया गया और उन्हें अतिरिक्त वर्षों की जेल की सज़ा हुई।

### चकल्लस



**अखिलेश प्रशिक्षण शिविर में आये घर घर का दौड़ा करके गये**
**रुठों को मनाया दिल से है पूरे दल का सीना है चौड़ा करके गये**
**पोस्टर बैनर से पटा शहर बड़ा जोश खरोश है सभी सपाइयों मे**
**रफ्तार भर दिया संगठन में सब जाग्रत हों दौड़े सबको घोड़ा करके गये।**

**डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम**
**वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार**

## कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई तो कराई जाएगी जातीय जनगणना - प्रियंका वाड्रा



**कांकेर, (हि.स.)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक चुनावी सभा में वादा किया कि अगर अगले चुनाव में छत्तीसगढ़ में सरकार बनी तो बिहार की तरह यहां पर भी जातीय जनगणना कराई जाएगी। भूपेश सरकार में बस्तर प्रमुख पर्यटन स्थल, अंतरराष्ट्रीय नाम व मॉडल बन गया है। सरकार छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ाने का काम कर रही है।कांकेर में शुक्रवार को जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब इंदिरा गांधी 1972 में बस्तर आई थी, तब उन्होंने स्वामी आत्मानंद से कहा था कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा का विकास करना है, आज भूपेश सरकार यह कार्य कर रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीब, पिछड़ों, आदिवासियों के लिए काम किया है। भूपेश सरकार ने पेसा कानून लागू कर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है। प्रियंका ने घोषणा की कि कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई तो बिहार की तरह यहां पर जातीय जनगणना कराई जाएगी।उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंदजी के नाम से आज प्रदेश में विद्यालय और महाविद्यालय खोले गए। बस्तर एक अंतरराष्ट्रीय नाम व मॉडल बन गया है। सरकार छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ाने का काम कर रही है। बस्तर आज प्रमुख पर्यटन स्थल बन गया है, बहुत लोगों को रोजगार मिल रहा है, 60 से अधिक वनोपज समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने पंचायती राज की व्यवस्था लागू की। तब यह मंशा थी कि लोकतंत्र को गांवों तक पहुंचाया जाए। प्रियंका ने कहा कि लोकतंत्र की नींव पंचायत में, गांव में, नगर पालिकाओं में बसती है। आप सबकी जिम्मेदारियां बहुत बड़ी है।प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी की गारंटी को चाइना माल की तरह बताया। उन्होंने कहा कि 15 लाख नहीं आए, देश में 45 सालों में बेरोजगारी सबसे ज्यादा है। सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी और उनके उद्योगपति दोस्त मौज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले छत्तीसगढ़ में भाजपा के शासन में हिंसा का राज था, बस्तर आने से लोग डरते थे, निर्दोष आदिवासियों को जेल में डाला दिया जाता था। कांग्रेस सरकार ने इन सबसे यहां के लोगों को निकालने का काम किया है, वहीं यहां किसान मजबूत हो रहे हैं।मुख्यमंत्री भूपेश ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पंचायती राज को मजबूत किया, 15 साल तक डॉ. रमन को मौका मिला लेकिन उन्होंने आदिवासियों की जमीन छीनने के अलावा कोई काम नहीं किया। न्याय के रास्ते पर छत्तीसगढ़ सरकार चल रही है, छत्तीसगढ की संस्कृति को बचाने का काम कांग्रेस कर रही है। हमने देवगुड़ी को सहेजने का काम किया। उन्होंने एक बार फिर से नगरनार स्टील प्लांट के विषय पर जोर देते हुए कहा कि स्टील प्लांट को हम बिकने नहीं देंगे।

उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन लागू करने की घोषणा के साथ पुलिस पदोन्नति का अनुपात 40 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है।उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव न कहा कि मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत लोगों का 25 लाख रुपये तक का इलाज हो रहा है। छत्तीसगढ़ में 14 मेडिकल कॉलेज खोले गए। स्वस्थ सुविधाओं का विस्तार हुआ है, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। इसके अलावा जनसभा को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, मंत्री रविंद्र चौबे व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने सबंधित किया।

# जमीन से आसमान तक योद्धाओं ने दिखाई ताकत

## पैरा जंपर्स और वायु सेवा के विमानों से मनमोहन प्रदर्शन






**प्रयागराज।** भारतीय वायु सेवा की 91वें वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एयर शो के पहले दिन शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल हुआ। बमरौली स्थित वायु सेवा के मध्य वायु कमान मुख्यालय में वायु सेना योद्धाओं की परेड हुई। कार्यक्रम की शुरुआत पैरा हैंड ग्लाइडर विंग कमांडर अशोक ने हवा में 360 डिग्री पर करतब दिखाते हुए परेड में एंट्री की। उसके बाद दो वायु योद्धा पैरा मोटर्स हवा में उड़ते हुए परेड में आए। हवा में उनके द्वारा किए गए करतब पर वहां मौजूद स्कूली बच्चों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान एएन 32 विमान से 10 पैराजंपर 8 हजार मीटर की ऊंचाई से कूदे। कलरफुल पैराजंपर दर्शकों के सामने उतरे तो लोग रोमांचित हो गए। लोगों ने उनका तालियों से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र गरुण कमांडो की परेड रही। इस बीच पांच गरुड़ कमांडो हेलीकॉप्टर के नीचे बंधी रस्सी के सहारे लटकते भी नजर आए।परेड के दौरान तीन सूर्य किरण हेलीकॉप्टर वहां से तिरंगा धुआं छोड़ते हुए निकले। इन विमान के निकलते ही वहां बैठे हर एक शख्स ने ताली बजाकर अभिवादन किया। वायु योद्धाओं ने अपनी राइफल से भी तमाम करतब दिखाए। उन्होंने दिखाया कि अनुशासन और ड्रिल भारतीय वायु सेवा की जीवन शैली है। इसके पूर्व वायु योद्धाओं ने परेड भी कि। उनके सलामी एयर मार्शल मध्य वायु कमान मुख्यालय ने ली। खास बात यह रही की परेड में महिला अग्नि वीर भी शामिल हुई। इनकी संख्या 31 रही। परेड में वायु सेवा की झंडा बदलने की भी परंपरा इस बार शुरू हुई। अब 8 तारीख को आयोजित एयर शो में वायु सेवा अध्यक्ष भी इस परंपरा का निर्वाहन करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत पैरा हैंड ग्लाइडर विंग कमांडर अशोक ने हवा में 360 डिग्री पर करतब दिखाते हुए परेड में एंट्री की। उसके बाद दो वायु योद्धा पैरा जंपर्स हवा में उड़ते हुए परेड में आए।हवा में उनके द्वारा किए गए करतब पर वहां मौजूद स्कूली बच्चों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान एएन 32 विमान से 10 पैराजंपर 8 हजार मीटर की ऊंचाई से कूदे। कलरफुल पैराजंपर दर्शकों के सामने उतरे तो लोग रोमांचित हो गए। लोगों ने उनका तालियों से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र गरुण कमांडो की परेड रही।

# प्रधानमंत्री मोदी अनूसूचित वर्ग के लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए एतिहासिक कार्य किए-ओंकार केसरी



**नैनी(प्रयागराज)।** अनूसूचित मोर्चा महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति के अध्यक्षता में रामपुर वृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी ओंकार नाथ केशरी ने जिला पदाधिकारियों,मंडल अध्यक्षों, अनूसूचित वर्ग के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने निरंतर अनूसूचित वर्ग के लोगों के कल्याण और उत्थान के साथ मुख्य धारा में लाने के लिए जितना कार्य किया वह एतिहासिक है। पिछड़ी सरकारों में अनूसूचित वर्ग केवल बोट बैंक मात्र थे। श्री केसरी ने कहा भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा सांसद, विधायक,ब्लाक प्रमुख, प्रधान अनूसूचित जाति से आकर प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस लिए अनूसूचित महासम्मेलन में भारी सहभागिता अनूसूचित वर्ग की होनी चाहिए।

जिलाध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति ने कहा संगठन में अनूसूचित वर्ग का अच्छा प्रतिनिधित्व है। अनूसूचित वर्ग के लोग बार-बार मोदी-योगी की सरकार बनाना चाहते हैं। महासम्मेलन में भी अनूसूचित वर्ग के लोगों का हूजूम मौजूद रहेगा। जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारी ने अनूसूचित महासम्मेलन की सफलता की योजना बनाई। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में अनूसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष राजमणि पासवान ने विचार रखते हुए सभी का आभार जताया। संचालन जिला महामंत्री राजेश शुक्ला ने किया। बैठक में जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, विक्रमादित्य मौर्य,जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडे, राजेश्वरी तिवारी,जय सिंह पटेल, संतोष त्रिपाठी, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ला, कमलेश त्रिपाठी, शिवराम सिंह परिहार,ओम प्रकाश निषाद, राजेश धनगड़, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, ब्लाक प्रमुख इन्द्रनाथ मिश्र, कोरांव ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र आदि के साथ जिला पदाधिकारी, अनूसूचित मोर्चा पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बार बार शिकायत के बाद भी जल निकासी की व्यवस्था न होने से जल जमाव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करछना(प्रयागराज)।** विकास खण्ड करछना खाई गाव निवासी सुशीला मिश्रा ने जिलाधिकारी समेत कई उच्च अधिकारियो से कुछ गाव के दबगो द्वारा जल निकासी तालाब मे जाने वाले पानी को अवरूद्ध कर दिया और दीवार बनाकर उसे अपने कब्जे मे लै लिया जिससे सडक पर बराबर जल जमाव बना हुआ है

और जल जमाव के कारण दुर्गध का भी लोगो को सामना करना पड रहा है जिससे लोगो को आने जाने मे लोगो को दिक्कत का सामना करना पड रहा है।बार बार शिकायत करने के बावजूद जल निकासी की समस्या बनी हुई है जिससे लोगो मे गहरी नाराजगी भी है।

# पखवारे भर बाद भी नही बदला गया, जला ट्रांसफार्मर



**कोरांव (प्रयागराज)।** संबंधित विद्युत उपकेंद्र के ग्राम पंचायत तराव के बारीपुर, बिहार बस्ती मे लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर पखवारे भर से जला है परन्तु शिकायत के पन्द्रह दिन बाद भी नही बदला गया।बता दे कि उक्त मजरे मे लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगभग पन्द्रह दिन से जला है जिसकी ऑनलाइन शिकायत ग्रामीणों ने करते हुए सम्बंधित जेई, एसडीओ को अवगत कराया परन्तु अभी तक जला ट्रांसफार्मर नही बदला गया ग्रामीण अंधेरे और गर्मी मे रहने को मजबूर है, नौनिहालों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है अभी तक ट्रांसफार्मर न बदले जाने से ग्रामीणों मे विद्युत विभाग के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है एक तरफ जहाँ प्रदेश सरकार 72 घण्टे मे जले ट्रांसफार्मर को बदलने का दावा करती है वही विभाग के सरकारी तंत्र आम जनता को त्रस्त कर रहे है,

ग्रामीणों में मुख्य रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रेम शंकर मिश्रा, दिनेश मिश्रा, राजीव पाण्डेय, रंग बहादुर सिंह, लक्ष्मी सिंह, श्री भगवान सिंह, सुनील कुमार पाण्डेय, राजेश मिश्रा, मनोज तिवारी, अनिल विश्वकर्मा, लवकुश प्रजापति, अमित विश्वकर्मा आदि ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए जले ट्रांसफार्मर को बदलवाने की माँग की है

# सर्प दंश से किशोरी की उपचार के दौरान मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करछना(प्रयागराज)।** करछना थाना क्षेत्र के तिलखवार गांव के टँगहा का पूरा गांव निवासी सुनील कुमार गुप्ता की 14 वर्षीय पुत्री साक्षी गुप्ता केशवपुर में स्थित एक इंटर कालेज में कक्षा नौ की छात्रा थी।

जो रिश्तेदारी में गयी हुई थी।जंहा सर्प के दशने से उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।जिसकी गुरुवार को मौत हो गयी।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# आशा वर्करों ने सीएचसी होलागढ़ का किया घेराव अधीक्षक हटाओ का लगाया नारा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** होलागढ़ में तैनात आशा वर्करों ने शुक्रवार को चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर जितेंद्र कुमार सिंह के अभद्र व्यवहार और लूट खसोट नीति के खिलाफ सीएचसी मुख्य गेट पर जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। हालांकि अधीक्षक डाक्टर जितेंद्र कुमार सिंह ने सभी आशा वर्करों को हाल में बुलाकर मामले को दबाने का प्रयास तो किया मगर बात नहीं बन सकी।बताया गया कि ग्राम पंचायत ऊंचडीह में तैनात आशा सुमन को अधीक्षक ने गुरुवार को कलस्टर बैठक में अधूरा काम को लेकर जमकर लताड़ लगाई।कहा कि पूर्व के अधीक्षक जैसा राज नहीं चलेगा। सभी लोग ड्यूटी के प्रति वफादार रहें।जबकि ऊंचडीह की आशा सुमन और संघ की अध्यक्ष सरिता त्रिपाठी ने बताया कि अधीक्षक कि



भाषा शैली ठीक नहीं है और अपने लोगों से हर काम में धनादोहन कराते हैं।कलस्टर बैठक में इस कदर फटकार लगाई कि वह रोने लगी थी।जिसे लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।यह भी बताया गया कि प्रति आशा वर्कर का बकाया मानदेय 12000 दिलाने के नाम एक एक हजार की मांग की जा रही है।यही नहीं सूत्रों की माने तो अधीक्षक द्वारा मेडिकल प्रमाण पत्र बनाने में भी जितने दिन का उतना सौ रुपया लिया जा रहा है। उधर अधीक्षक डाक्टर जितेंद्र का कहना है कि आशाओं का कार्य पूर्ण न होने पर बैठक में डाट फटकार के साथ समझाया गया तो कुछ आशाएं नाराज हो गई।फिलहाल बैठक के बाद सभी मिलकर काम करने को राजी हो गई हैं।पैसा लेने का आरोप गलत है।यदि कोई ले रहा है तो उसको रोका जाएगा।रही बात आशा वर्कर सुमन की तो वहां की ग्राम प्रधान मूरती मौर्या ने लिखित शिकायत किया था कि दो अक्तूबर को आयुष्मान भव कार्यक्रम की सूचना आदि नहीं दी गई।इसी प्रकार गांव में स्वास्थ्य विभाग के अनेक कार्य बाधित हो रहे हैं। फिलहाल होलागढ़ में तैनात 180 आशा वर्करों से तालमेल बनाकर ही स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को सफल बनाया जा सकता है।रही बात लूट खसोट की तो इसे तत्काल बंद करना ही होगा।

# करंट की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**खीरी (प्रयागराज)।** खीरी थानांतर्गत ग्राम डीहार में एक अधेड़ की करेंट लगने से मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अश्वनी कुमार पांडेय उम्र 44 वर्ष पुत्र शिवकांत निवासी ग्राम डीहार सुबह के समय घर के बगल के खेत मे पड़े मवेशियों को हटाने के लिए जा रहे थे। तभी अचानक विद्युत करेंट की चपेट में आ जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिवार जनों को जानकारी होने पर उन्हें हॉस्पिटल ले गए जहाँ पर डॉक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृत्यु की जानकारी होने पर परिवारजन रोते




बिलखते रहे वही सूचना मिलते ही थाना खीरी पुलिस मौके पर पहुँच कर शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# ट्रांसफार्मर में करंट उतरने से भैंस मरी

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** सर्वगौहान उर्फ सिंहगढ़ के सूबेदार के पूरा निवासी किसान/ मजदूर तुलसी राम पाल की एक भैंस शुक्रवार को अपराह्न ट्रांसफार्मर में करंट उतरने के कारण मर गई।बताया गया कि तुलसीराम पाल की पत्नी भैंस चराने बुनियाद गंज ऊसर ले गई थी। सड़क के बगल लगे ट्रांसफार्मर के पास जैसे ही भैंस गई। उसकी करंट से मौत हो गई।प्रधान शकुंतला ने 112 नंबर डायल कर पहले पुलिस को सूचना दी बाद में पशु चिकित्सा अधिकारी होलागढ़ को फोन से दी। विद्युत उपकेंद्र होलागढ़ के कर्मियों को भी जानकारी दी गई मगर समाचार लिखे जाने तक कोई नहीं पहुंच सका। डाक्टर ने दूसरे दिन पोस्टमार्टम करने की बात की। बताया गया की तुलसी राम मजदूरी करता है। ग्राम प्रधान ने प्रशासन से आर्थिक मदद की मांग की है।

# मुक्त विश्वविद्यालय के रोजगार परक कार्यक्रमों में प्रवेश लें

## मुविवि ने राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला ) में लगाया जागरुकता शिविर

**प्रयागराज।** उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला ), प्रयागराज में कैरियर जागरूकता शिविर संचालित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान की सहायक निदेशक प्रियंका कौल ने कार्यक्रम के स्वरूप पर प्रकाश डाला तथा विश्वविद्यालय के शिक्षकों का स्वागत किया।इसके बाद तेजी से परिवर्तित हो रही तकनीक के दौर की चर्चा करते हुए डॉ. अतुल कुमार मिश्र ने शिक्षा के महत्व एवं मुक्त व दूरस्थ शिक्षा पर प्रकाश डाला। डॉ स्मिता अग्रवाल ने विश्वविद्यालय में संचालित समस्त कार्यक्रमों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में कई जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जिनमें प्रवेश की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित की गई है। छात्राएं अपने पसंद के कोर्सेज में ऑनलाइन प्रवेश ले सकती हैं। इस अवसर पर संस्थान की सहायक निदेशक प्रियंका



कौल, एल आर रमेश बाबू तथा सुश्री नीरजा सूद ने कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के निर्देश पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम की सराहना की।विश्वविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की तरफ से डॉ. स्मिता अग्रवाल, डॉ. दीपशिखा श्रीवास्तव, डॉ. अतुल कुमार मिश्र, डॉ. अब्दुर्रहमान फ़ैसल, डॉ. साधना सिंह तथा डॉ0 सफीना समावी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं की कई जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा उन्हें विश्वविद्यालय के कार्यकमों में प्रवेश लेने के लिए अभिप्रेरित किया गया। विश्वविद्यालय के कौशल विकास केंद्र के रूप में कार्य करने के बारे में भी उन्हें जानकारी दी गई। जिसमें उपस्थित छात्राओं ने काफी रुचि दिखाई।राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला ) के सहायक निदेशक एल. आर. रमेश बाबू ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रस्तावित सम्पर्क-सत्र में 500 से अधिक छात्राएं एवं संस्थान के शिक्षक उपस्थित रहे।

# बाँस के सहारे खींचे गये तार दुर्घटना को दे रहे दावत

**लेड़ियारी( प्रयागराज )** विद्युत उपकेन्द्र केन्द्र लेड़ियारी के दर्जनों गांवों मे आज भी बाँस के सहारे खींचे गये तार दुर्घटना की दावत दे रही है ।जबकि इस संबंध मे उपभोक्ताओं द्वारा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से मौखिक तथा लिखित प्रार्थनापत्र एवं तहसील दिवस पर दिये जाने के बावजूद अभी तक इस ओर ध्यान न देने से ग्रामीणों मे अक्रोष व्याप्त है ।

बताया जाता है कि चैलारी, कोलसरा, नीबी, पथरपुर, कैथवल, बैजला किहुंनी खुर्द, जानकीतारा, किहुनी कला, गड़री ,सरनाम तालाब, खोचा आदि गाँव व मजरे मे आज भी बाँस के सहारे खींचे गये जर्जर तार से मवेशियों मौत के शिकार बने हुए है । ऐसा नही कि विभाग को मालूम नही है । किसी की मृतक होने पर विद्युत विभाग के कर्मचारी बिजली काट देते है । वहीं अचानक गिरे हुए तार के पास गौवंश चरने के लिए पहुंचने पर करेन्ट की चपेट में आने से मौत हो जाती है । जानकारी होने पर बिजली काटकर मृतक पशु हटावा कर पुनः विद्युत सप्लाई चालू कर देते है ।



ग्राम सभा धोबहट मजरा लोहरान बस्ती मे कनेक्शन तो दिया गया है । लेकिन आज तक पोल न होने से उपभोक्ता मजबूर होकर बाँस के सहारे बिजली जलाने से विवश होना पड़ता है । जबकि धोबहट् के खोचा मार्ग से निकलने वाला मार्ग से 200 सौ मीटर दूर तार लगा रखा है । आये दिन रात मे शरारती तत्व के लोग तार को काट देते या फिर काटकर उठा ले जाते है । जिससे आये दिन उपभोक्ता परेशान रहते है ।जबकि ग्राम प्रधान राम बली बिन्द ने अधिकारियों को कई बार प्रार्थना पत्र दिया लेकिन इस ओर ध्यान न देने से कनेक्शनधारियों के घरों मे अंधेरा कायम रहता है ।खभ्भा न लगने से उपभोक्ताओं को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है । ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व विभागीय अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उक्त प्रकरण को देखते हुए पोल लगवाने जाने की मांग की है ।

# स्टेट राजमार्ग पर बेसहारा गौवंशों का कब्जा , आये दिन दुर्घटनाएं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी(प्रयागराज )।** स्टेट राजमार्ग पर बेसहारा गौवंशों का कब्जा बने रहने से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है । ऐसा नहीं गौवंश आश्रय नहीं है। फिर भी सड़कों पर सैकड़ों की संख्या में गोवंशो ने आराम से कब्जा बना रखा है । बेसहारा गौवंशों को आश्रय देने के लिए पवांरी, बहरैचा, पथरपुर, खीरी में गौशाला बनाएं तो जरूर बनाई गई हैं । लेकिन प्रदेश के मुखिया के ड्रीम प्रोजेक्ट को पलीता लगाने में भी ग्राम सभाओं के जिम्मेदार किसी प्रकार की चूक नहीं छोड़ रहे है । सड़कों पर घूम रहे गौवंशों के झुंड को आश्रय स्थल के बजाय स्टेट राजमार्गों पर उन्हें आवारा छोड़ दिया गया है ।

बहरैचा , कैथवल, लेड़ियारी, डीही खुर्द, देईबांध आदि आसपास क्षेत्रों में इन दिनों बेसहारा गौवंशों का झुंड फसलों पर हमला बोल रहा है । तमाम



तरह के दैवीक आपदा से बचने के बाद किसानों की सारी मेहनत पर रात में भूखे प्यासे गौवंश चट कर सुबह होते ही राजमार्ग पर आराम फरमा रहे हैं । फसलों की रखवाली करने के लिए रात भर जाग कर किसान जागरण कर रहे हैं । वहीं बेसहारा गौवंशों से जहां किसानों की नींद उड़ गई है । ग्राम सभाओं में संचालित गो आश्रय स्थल के जिम्मेदार चैन और नींद हराम कर रहे हैं । गौवंशों की रक्षा के लिए तमाम तरह की समितियों का गठन किया गया है । फिर भी सड़कों पर घूम रहे एंव आराम कर बेसहारा गौवंशों को आखिरकार निजात कब मिलेगा ।लोगों का मानना है कि घूमते गौवंशों को आश्रय स्थल पहुंचा दिया जाए तो कई तरह की दिक्कतें दूर हो जाएंगी । गौवंशों से हो रही दुर्घटनाएं से लोगों को निजात मिल जाएगी ।

# पत्रकारों के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन, सौपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज** दिल्ली सहित देश के अन्य राज्यों में पत्रकारों के ऊपर हुई छापेमारी, तलाशी और गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी गंगापार के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रट पर प्रदर्शन किया। गंगापार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा की पत्रकारों के खिलाफ लगातार हो रही उत्पीड़न की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी और विवेकानंद पाठक ने कहा की स्वच्छ समाज का दर्पण है पत्रकार। स्वतंत्र पत्रकारिता पर पहरा डालने का प्रयास किया जा रहा है जिसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। वहीं पार्टी के जिला शहर कमेटी के प्रवक्ता हसीब अहमद ने कहा की सत्ता में बैठे लोगों से सवाल पूछने और सच्चाई लिखने पर अंकुश लगाने का



प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियो ने राष्टपति सम्बोधित दो सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट दिनेश सिंह को दिया।ज्ञापन देने वालो में सुरेश यादव, मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक, हसीब अहमद, मनोज पासी, रईस अहमद, रजनीश विश्रामदास, एहतेशाम अहमद, सुनील यादव, नरेन्द्र आदिवासी, दीपचंद्र शर्मा, सिद्धनाथ मौर्य, अनिल कुमार, बलवंत राव, शीश अहमद, मो0हसीन, शकील अहमद समेत आदि लोग मौजूद रहें।

# जगत तारन डिग्री कॉलेज में सिविल सेवा अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

**प्रयागराज।** आज जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा सिविल सेवा अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर सुश्री प्रभा मिश्रा, उपरजिस्टार स्टांप एवं रजिस्ट्री, फूलपुर प्रयागराज रहीं। सुश्री प्रभा मिश्रा ने सिविल सेवा की तैयारी, पाठ्यक्रम,समय सीमा इत्यादि के संदर्भ में छात्राओं को संबोधित किया।

उन्होंने छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि लड़कियों के पास किसी लक्ष्य को हासिल करने का जन्मजात जज्बा होता है। साथ ही सुश्री मिश्रा ने किताबों तथा समसामयिक घटनाक्रमों पर विस्तृत अध्ययन करने के साथ-साथ छात्राओं को इस तैयारी के लिए धैर्य, स्वयं से सत्यवादिता, समय का सदुपयोग, कठिन परिश्रम, आत्म निरीक्षण तथा आसानी से उपलब्ध ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की उपयोगिता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन कैरियर काउंसलिंग सेल की अध्यक्ष डॉ रमा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ अनुराग पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण डॉ रीना यादव,डॉ आशीष मिश्रा, डॉ रूपम मिश्रा, डॉ प्रमा द्विवेदी, डॉ अंजलि शिवहरे, डॉ निर्मला गुप्ता एवं डॉ माधुरी राठौर तथा संस्कृत एवं अर्थशास्त्र विभाग के सभी शोध छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# धर्मा देवी में आयोजित हुई जनपद स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता

**लोकमित्र ब्यूरो**
**अजुहा, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के केन कनवार में स्थित धर्मा देवी इंटर कालेज में शुक्रवार को माध्यमिक विद्यालयों की 25वीं जनपदीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्रध्छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शैलेश मिश्र (मुख्य सलाहकार भारत समाचार) रहे। मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर तथा राइफल शूटिंग रेंज का फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में सब जूनियर बालिका वर्ग राइफल (अंडर-14) में शिखा वर्मा धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को प्रथम स्थान तथा पलक जायसवाल धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को द्वितीय स्थान एवं चित्रा धनपत्ती देवी श्याम नारायण थुलगुला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



इसी क्रम में हुयी प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग राइफल (अंडर-17) में मधु देवी धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को प्रथम स्थान तथा रेशमा देवी धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को द्वितीय स्थान एवं आरुषी सक्सेना धनपत्ती देवी श्याम नारायण थुलगुला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

अगले क्रम में हुयी सीनियर बालिका वर्ग राइफल (अंडर-19) में साक्षी देवी धनपत्ती देवी श्याम नारायण थुलगुला को प्रथम स्थान एवं आकांक्षा सक्सेना धनपत्ती देवी श्याम नारायण थुलगुला को द्वितीय स्थान एवं पिंकी देवी धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तथा सब जूनियर बालिका वर्ग (अंडर-14) पिस्टल में गरिमा मिश्रा धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। तथा इसी क्रम में जूनियर बालिका पिस्टल (अंडर-17) में नीलू कुशवाहा धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को प्रथम स्थान, रुषमा देवी धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को द्वितीय स्थान तथा सोनाली निर्मल धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तथा सीनियर बालक राइफल(अंडर-19) में राजवर्धन सिंह धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को प्रथम स्थान एवं आजाद राजकीय आश्रम पद्धति ककोढा को द्वितीय स्थान एवं शिवम विश्वकर्मा राजकीय आश्रम पद्धति ककोढा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सबजूनियर बालक राइफल (अंडर-14) में दिव्यांश सिंह धर्मा देवी इण्टर कॉलेज को प्रथम स्थान,मोहित राजकीय आश्रम पद्धति को द्वितीय स्थान तथा आदित्य कुमार राजकीय आश्रम पद्धति को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।तथा जूनियर बालक राइफल (अंडर-17) में यश जायसवाल धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को प्रथम स्थान, सिद्धार्थ कुमार दिवाकर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को द्वितीय स्थान तथा मनीष कुमार बाल्मीकि धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।सीनियर बालिका पिस्टल(अंडर-19) में महेक धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को प्रथम स्थान,रचना धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को द्वितीय स्थान तथा अमिता सिंह धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर लाल बहादर मिश्र, महेन्द्र सिंह, श्याम लाल, चन्द्र भूषण पाण्डेय, शिव प्रकाश राजपूत, दिनेश कुमार, प्रशान्त त्रिपाठी, अमित त्रिपाठी, शुभनेत्र कुमार,कु.जागृति सिंह, शतेन्द्र कुमार, रामचन्द्र, ललित कुमार, धनवन्तरि कुमार, मुलायम सिंह, रामहित त्रिपाठी, अमित यादव, पुनीत अग्रहरि, धर्मेन्द्र कुमार शास्त्री आदि शिक्षक एवं समस्त प्रतिभागी छात्रध्छात्रायें उपस्थित रहें। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी एवं विद्यालय के प्रबंधक रामसुभग त्रिपाठी ने आये हुए अतिथियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन रामशंकर सिंह ने किया।

# उप मुख्यमंत्री ने एनसीसी प्रशिक्षण कैम्प पहुँचकर प्रशिक्षु कैडेटों से प्राप्त किया परिचय

## एनसीसी, जीवन को संयमित, अनुशासित एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का माध्यम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज कौशाम्बी पब्लिक स्कूल कसिया-ककोढ़ा द्वारा आयोजित एनसीसी प्रशिक्षण कैम्प पहुँचकर कैडेटों की परेड गॉड-आफ-ऑनर एवं फायरिंग ड्रिल का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षु कैडेटों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी,जीवन को संयमित,अनुशासित एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का माध्यम है। कमाडिंग ऑफ्सिर एस0वैंकटेश, सूबेदार मेजर आनन्द वल्लभ, एन0सी0सी0 ए0एन0ओ0 लेफ्टिनेन्ट करनवीर एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय प्रताप कुशवाहा ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया। बता दें, कि 17 यू0पी0 बटालियन एन0सी0सी0 के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में लगभग 20 विद्यालयों से 550 कैडेट ने हिस्सा लिया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य एवं पूर्व विधायकगण लाल बहादुर एवं संजय गुप्ता उपस्थित थें।



### सेवामित्र पोर्टल ऐप काल सेन्टर का उठाए लाभ

कौशाम्बी। शासन की मंशानुसार समस्त सेवा प्रदाताओं, वेंडर, दुकानदार यथा-कारपेंटर, एसी सर्विस मैकेनिक, टैक्सी सर्विस, इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर, रंगाई, पुताई आदि की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न सरकारी संस्थानों एवं आमजनमानस को सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सेवायोजन विभाग द्वारा सेवामित्र पोर्टल एप कॉल सेंटर-155330 विकसित किया गया हैं। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए बताया कि सेवाओं का उपयोग घर बैठे काल सेन्टर नं0-155330 पर कॉल कर सेंवायें प्राप्त कर सकतें हैं।

# चचेरे ससुर ने पत्नी संग मामूली विवाद में महिला को पीटा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के पेरवा गांव में शुक्रवार की सुबह चचेरे ससुर ने पत्नी संग मामूली विवाद में महिला को जमकर पीट दिया। पिटाई से महिला को काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पेरवा गांव की प्रीति देवी का पति जयसिंह गौतम दूसरे शहर में रहकर मजदूरी करता है। प्रीति के अनुसार उसकी सास दूसरे बेटे के साथ मुम्बई में रहती है। शुक्रवार की सुबह वह सांस का घर खोलकर साफसफाई कर रही थी। इसी दौरान उसका चचेरा ससुर अपनी पत्नी के साथ उसके पास पहुंचा और साफ सफाई करने को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली गलौज का विरोध करने पर उन्होंने महिला की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से उसको काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर दोनों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस उ0नि0 रवि शंकर मय हमराह पुलिस बल द्वारा रंजीत निवासी अमीरशा थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया।



### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये चार गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक विनोद कुमार यादव मय हमराह पुलिस द्वारा बलराम निषाद, विद्यासागर, अखिलेश, प्रेम प्रकाश निवासीगण घोघपुर थाना महेवाघाट को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया।

### प्रतिबंधित गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक हनुमान प्रताप सितंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मोती लाल निवासी सैंता थाना संदीपनघाट को सैंता पावर हाउस के पास से 250 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

### अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 47ली0 अवैध शराब बरामद की गयी।

जिसमें संदीपन घाट 20 ली0 मुन्नी लाल पासी निवासी बदले रसूलपुर थाना संदीपनघाट को उपनिरीक्षक हनुमान प्रताप सिंह द्वारा, मंझनपुर 10 ली0 नइम अहमद निवासी बबुरा थाना मंझनपुर को उपनिरीक्षक सुनील कुमार यादव, चरवा 07 ली0 संतोष कुमार उर्फ गजाधर निवासी बलीपुर टाटा थाना चरवा को उ0नि0 अजीत कुमार उपाध्याय द्वारा, महेवाघाट 10 ली0 गजराज कुमार निवासी महेवाघाट थाना महेवाघाट को उ0नि0 विनोद कुमार यादव द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# क्षेत्राधिकारी ने थाना मो0पुर पइंसा का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना मो0पुर पइंसा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया, इस दौरान महिला हेल्पडेस्क, कार्यालय, बैरक, मेस, बंदीगृह आदि को चेक किया गया व महिला उत्पीडन रजिस्टर, एनसीआर, अपराध रजिस्टर आदि को चेक किया गया एवं लंबित विवेचनाओं, कृत निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की गई।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 44 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# पत्रकारों के विरुद्ध हो रही कार्यवाही पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** विगत दिनों पत्रकारों पर ईडी के छापों के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।



कार्यक्रम में बोलते हुए वरिष्ठ नेता मो0 शाहिद सिद्दीकी ने कहा कि जिस तरह से आज प्रेस का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्य से हो रहा है ये बेहद गंभीर विषय है और स्वतंत्र पत्रकारों पर सरकार कि छापेमारी प्रेस कि स्वतंत्रता पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है, उन्होंने कहा कि जिस तरह से केंद्र सरकार के इशारे पर पत्रकारों पर छापा मारा गया है स्पष्ट है कि सरकार सच सुनना नहीं चाह रही और यही वजह है कि लगातार प्रेस को एजेंसियों के जरिए दबाने का भर्षक प्रयास किया जा रहा है , उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसके खिलाफ मुखर होकर आंदोलन करेगी। कार्यक्रम में बोलते हुए पार्षद भारत गौतम ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र के चौथे खंभे के रूप में देखा जाता है और जिस तरह से देश के वरिष्ठ पत्रकारों पर दिल्ली पोलिस के जरिए उत्पीड़न कि कार्यवाही करवाई जा रही है वह पूरी तरह से लोकतंत्र को कमजोर करने का षण्यंत्र है और ये बेहद निंदनीय है, उन्होंने कहा सरकार को प्रेस पे कार्यवाही के बजाय लोगों के विकास के लिए काम करने पे ध्यान देना चाहिए जिसके लिए लोगों ने उन्हें सत्ता सौंपी है।

उन्होंने कहा सरकार के इशारे पे हो रहे इन कृत्यों को कांग्रेस जन स्वीकार नहीं करेगी और कांग्रेस प्रेस कि स्वतंत्रता सुनिश्चित कराने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कांग्रेसियों ने उनसे अनुरोध किया कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए सरकार को निर्देशित करें कि ऐसी कार्यवाही तुरंत रोकी जाए। इस मौके पर मुख्य रूप से पीसीसी सदस्य सावित्री, जितेंद्र शर्मा ,भारत गौतम ज्ञान सिंह लोधी, कमलाकांत शुक्ला ,नजमुल हसन रिजवी, शाहिद अहमद टेन, इजहार अब्बास, राहुल अधिवक्ता, सत्रुगघन, लाल बहादुर, राशिद अब्बास, वसीम तुर्क, राज कुमार, कपिल तिवारी , जगन्नाथ जी , मुस्तकीम , शेरू , पंगुल आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत सराय अकिल में सप्ताहिक बंदी के दिन भी खुली रहती है दुकान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सराय के लिए कस्बे में सप्ताहिक बंदी का असर नहीं दिख रहा है। दुकानदार सप्ताहिक बंदी के दिन भी बेखौफहोकर दुकान खोलकर सामानों की बिक्री कर रहे हैं। जबकि शासन द्वारा जनपद के विभिन्न नगर पंचायत में सप्ताहिक बंदी के दिन निर्धारित किए गए हैं। सप्ताहिक के बंदी के निर्धारित दिनों का दुकानदारों पर असर नहीं पड़ रहा है। यह दुकानदार बेखौफ होकर साप्ताहिक बंदी के दिन भी दुकान खोलकर सामग्रियों की बिक्री कर रहे हैं। इलाके में अधिकारी भी दौरा करके साप्ताहिक बंदी के दिन खोले जाने वाले दुकानों के मालिकों के विरुद्ध कार्यवाही न किए जाने से यह दुकानदार बेखौफहोकर सप्ताहिक बंदी के दिन भी दुकान खोल रहे हैं। स्थानीय लोगों ने सप्ताहिक बंदी के दिन भी खुल रही इन दुकानों पर अंकुश लगाए जाने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है।

# बबूल की झाड़ियों की खरोंच से चोटिल हो रहे हैं राहगीर

## झाड़ियां का फायदा चोर उचक्के भी उठाते हैं और आए दिन घटनाओं को देते हैं अंजाम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** विकास खण्ड मंझनपुर के निजामपुर हड़िया से रामचरन का पूरा जाने वाली पक्की सड़क के किनारे लगभग एक किलोमीटर सरकारी बबूल की झाड़ी पूरी सड़क में फैली है जिससे आने जाने वाले राहगीर झाड़ी की खरोंच से चोटिल हो रहे हैं लोगों का इस सड़क पर पैदल चलना दूभर हो चुका है। अक्सर झाड़ियों में फसकर लोगों के कपड़े भी फट जाते है जो पूरी तरह से चलने योग्य नहीं हैं इस सड़क पर कई छोटे मोड़ हैं झाड़ी की वजह से राहगीर समझ नहीं पाते और टकराकर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। झाड़ियां का फायदा चोर उचक्के भी उठाते हैं और आए दिन घटनाओं को अंजाम देते हैं।

जानकारी के मुताबिक कई गांव के लोग अपने जीविका उपार्जन के लिए इसी सड़क से टेवां बाजार जाते हैं सड़क पर फैली झाड़ी की वजह से उन्हें अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस सड़क से आस पास गांव के लोग पूरी तरह से परेशान हो चुके हैं जिससे राहगीरों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।फिलहाल लोगों ने विभागीय अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए झाड़ियों की कटान करवा करके पक्की सड़क को गन्दगी और झाड़ियों से मुक्त करवाने की मांग की है।

# बारा ब्लॉक क्षेत्र में इन दिन बेखौफ हो रही है सड़े गले फलों की बिक्री



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशाम्बी थाना अंतर्गत बारा ब्लॉक क्षेत्र के कई गांव में व प्रमुख बाजारों में इन दिनो सड़े गले फलों की बिक्री बेखौफकी जा रही है। इन सड़े गले फलों का उपयोग करके लोग बीमार हो रहे हैं। खाद्य विभाग द्वारा इन दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही न होने से इन दुकानदारों के हौसले बुलंद है, और सड़े गले फलों की बेखबर बिक्री करके यह लोगों को बीमारी की चपेट में ला रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इन सड़े गले फलों की बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# हादसे का सबब बना ब्रेकर, अनियंत्रित बाइक से टकरा कर गिरी महिला जख्मी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**अजुहा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के भोला चौराहे के नजदीक नेशनल हाइवे पर बना ब्रेकर हादसे का सबब बन गया है आए दिन ब्रेकर पर हादसे होते रहते है। शुक्रवार को एक बाइक सवार ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया जिससे बाइक सवार के साथ पीछे महिला गीता देवी पत्नी अमर सिंह गिरकर जख्मी हो गई। जिसको गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है की कोखराज निवासी रविंद्र कुमार पुत्र अमर सिंह शुक्रवार की सुबह बाइक में अपनी पत्नी सविता देवी व मां गीता देवी को बैठाकर खागा जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही अजुहा कस्बे के भोला चौराहे के नजदीक नेशनल हाइवे पर बने ब्रेकर पर पहुंचा तभी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई इस दौरान पीछे बैठी गीता देवी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई स्थानीय लोगो की मदद से स्वजनो ने घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया । वहीं दो दिन पहले सब्जी लदा डीसीएम चालक दिनेश कुमार पुत्र राजबहादुर गनेश पुर निवासी का बायां पैर फैक्चर हो गया था इससे पहले भी कई हादसे हो चुके है । कस्बे वासियों का कहना है की नगर पंचायत अजुहा के भोला चौराहे पर बना ब्रेकर लगातार हादसे हो रहे है सड़क पर सरपट दौड़ती गाड़ियों को अचानक ब्रेकर आ जाने से ब्रेक लगाने का भी समय नहीं मिलता जिससे गाड़ी असंतुलित हो जाती है।

कस्बे वासियों का कहना है की भोला चौराहा पर गाड़ी के स्पीड को नियंत्रित करने के लिए स्पीड ब्रेकर को बनवाया गया था ब्रेकर अधिक ऊंचा होने के कारण गाड़ियों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है तेज गति मे आ रही गाड़ी के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे की गाड़ियों का संतुलन बिगड़ जाता है और आगे की गाड़ी से भिड़ जाती है सबसे ज्यादा नुकसान दोपहिया वाहन को होता है आये दिन कोई न कोई गिर कर चोटहिल होते रहते है शायद जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे है।

# मुकदमा में सुलह नहीं होने पर घर में आग लगाने की दी धमकी

**नेवादा, कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद मुंजप्ता गांव में दहेज प्रताड़ना के आरोपी पति और जेठ मिलकर पीड़िता पर सुलह समझौते का दबाव बना रहे हैं। बात नहीं मानने पर घर में आग लगाने और जान से मरने की धमकी दी है। पीड़िता ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी है। सरायअकिल के मुस्तफाबाद निवासी गुलनाज फातिमा पुत्री इरफान अली ने बताया कि उनका विवाह करीब छह साल पहले गांव के ही इम्तियाज अहमद पुत्र नियाज आलम के साथ हुई थी। दोनों के बीच एक बेटी भी है। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति से झगड़ा होने लगा। चार साल से इसी संबंध में पति से दहेज प्रथा का मुकदमा चल रहा है। चार अक्टूबर को दोपहर के समय पीड़िता की मां रोशन तारा घर पर अकेली थी। तभी विपक्षी पति सहित ससुर व जेठ घर पहुंचे और मुकदमा में सुलह समझौते का दबाव बनाने लगे। बात नहीं मानने पर घर को आग के हवाले करने और पीड़िता सहित परिजनों की हत्या करने की धमकी देने लगे। पीड़िता ने मोबाइल फोन से 112 डायल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख कर हमलावर भाग निकले। पीड़िता ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# चक हिंगुई में आयोजित हुई जन चौपाल, सुनी गई समस्याएं




**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** विकास खण्ड मंझनपुर के चक हिंगुई में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जहां चक हिंगुई में वीडीओ मो0 नसर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सैय्यद अली, सचिव दिनेश पाल ने चौपाल में आए हुए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उन्हे निस्तारित करने का सबंधित विभागों को निर्देशित किया। ग्राम चौपाल में अधिकारियों ने सरकार के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आवास, विधवा, वृद्धा एवं विकलांग पेंशन, बिजली, पानी, हैंडपंप, स्वास्थ्य, आगनवाड़ी, शिक्षा, पशुपालन, स्वयं सहायता समूह, संचारी रोग से बचाव सहित समस्त प्रकार की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की जानकारी लिया और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। एवं शिकायतो के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# गांधी ने दिया था स्वच्छता का संदेश: नीलम सरोज

## शास्त्री जी भी स्वच्छता को बेहतर मानते थेः पद्मजा मिश्रा



**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भगेसरा वार्ड स्थित नगर पंचायत कार्यालय पर अध्यक्षा नीलम सरोज ने ध्वजारोहण किया। साथ ही स्वच्छता कर्मियो को माल्यार्पण करते हुए लंच बाक्स देकर सम्मानित किया। इस दौरान अध्यक्ष नीलम सरोज ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता का संदेश दिया था। साथ ही साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए सफाई रखना जरूरी बताते थे। उन्होने जनता को स्वच्छता का संदेश दिया था। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी पद्मजा मिश्रा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री भी स्वच्छता को बेहतर एवं जरूरी कहते थे। उन्होने भी साफसफाई पर ध्यान देने की बात कही थी।

स्वच्छता कर्मियो को सम्मानित करने के दौरान अध्यक्षा नीलम सरोज के साथ ही रानीगंज विधायक डा. आर.के. वर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रतिनिधि संजय सरोज ने किया। इस दौरान नगर पंचायत के सभी सभासद एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# रास्ते के विवाद में जमकर हुई मारपीट

**लोकमित्र संवाद**

**उदयपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उदयपुर बाजार निवासी रानी देवी पत्नी राजा सरोज ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि गुरुवार शाम लगभग सात बजे अपने दरवाजे पर कार्य करते समय पड़ोसी संतलाल पुत्र मिट्ठू लाल समेत सात लोग एक राय होकर भद्दी भद्दी गालियां देने लगे स मैं डर से घर के अंदर गई तो वहां भी घुसकर मारने पीटने लगे। हल्ला गुहार लगाने पर कुर्सी समेत घर के अन्य सामान तोड़ दिए और जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। वहीं दूसरे पक्ष की सीमा पत्नी दिलीप कुमार ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि रास्ते के विवाद को लेकर राधे पुत्र सिकंदर समेत पांच लोग एक राय होकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने जांचकर दोनों पक्षों के आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया है।

# मोदी सरकार में हुए ऐतिहासिक विकास कार्य: विनोद सोनकर

## कौशांबी सांसद ने जनसमूह को गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**लोकमित्र संवाद**

**कुंडा।** शुक्रवार को कुंडा विधानसभा की नगर पंचायत मानिकपुर के चौकापारपुर में सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि मोदी सरकार में विकास कार्य आम जनमानस तक पहुंच रहा है। गांवों में भी प्रधानमंत्री आवास दिखाई पड़ रहे। उज्ज्वला गैस सिलेंडर में अब तीन सौ रूपए की सब्सिडी दी जा रही है। यह पहली सरकार है जिसने गांव, गरीब, किसान, युवाओं, महिलाओं के हित में कार्य किया है।

मोदी सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया। कुंडा बाबागंज में भी अच्छी सड़के बनवाई गई। गांवों का विद्युतीकरण किया जा रहा है। जल जीवन मिशन में सभी ग्राम पंचायतों में कार्य शुरू हो गया है। अब गांव के लोगों को भी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी।

इसके बाद नगर पंचायत के बभनपुर, लाटतारा, हुलास राय का पुरवा, बजहाभीट, भोला का पुरवा,



चौरही, शाहाबाद वार्डो में सांसद ने सम्पर्क से समर्थन मांगा।

इस मौके पर भाजपा नेता पूर्व प्रत्याशी शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, पूर्व प्रत्याशी योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, कमलेश सोनकर, चेयरमैन मानिकपुर प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू, हरिकेश शुक्ल, गुड्डु पाण्डेय, राम मूरत पटेल, अनिल पटेल, सभासद विमल पाण्डेय, संतोष तिवारी, शिव मूरत दूबे, पूर्व प्रधान संतोष मिश्र, शैलेश शर्मा, सरोज त्रिपाठी, प्रधान सूरज शुक्ल, शिवम् शुक्ल, ओम प्रकाश दीक्षित, नगर पंचायत मानिकपुर के अधिशाषी अभियंता अजीत सिंह सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

# माध्यमिक विद्यालयों में सिखाए हैंडवाश के तरीके



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में संचारी रोगों से बचाव और नियंत्रण विषय पर हैंडपंप बैठक कर क्लोरिनेशन डेमो तथा हाथ धोने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया गया। राजकीय इंटर कालेज बरहदा में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन में डॉ रुचि पांडेय, डॉ बीएल वर्मा, तृप्ति मिश्रा, दीपक कुमार सिंह,राजेश कुमार, अशोक कुमार के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी प्रकार केपी हिंदू इंटर कालेज में प्रधानाचार्य आदित्य प्रताप सिंह के निर्देशन में, एसवी इंटर कालेज कटैया में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज विहार में प्रधानाचार्य मनीषा रावत के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज आसपुर देवसरा में प्रधानाचार्या डॉ आम्रपाली द्विवेदी के निर्देशन में, राजकीय उमावि दमदम में प्रधानाचार्या कहकशा सफी के निर्देशन में, तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# वृद्धजनों की सेवा पुनीत कार्य: कुंवर बहादुर सिंह

## लायंस क्लब हर्ष ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को बांटे फल




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** सेवा सप्ताह के अन्तर्गत वृद्ध आश्रम महुली में लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने वृद्ध आश्रम को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली तथा फल का वितरण किया। अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि वृद्धजनों की सेवा सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। हमें उनकी सेवा करनी चाहिए। जो सहयोग हो यथा संभव करना चाहिए। प्रशासक संतोष भगवन, डायरेक्टर लाल जी चौरसिया, सचिव राजेश पल, कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह, चेयरपर्सन डॉ क्षितिज श्रीवास्तव, ला केपी सिंह, ला अशोक सिंह, ला दिनेश प्रताप सिंह, ला आरबी सिंह, ला सुभाष सोनी, ला रामेश्वर पांडे ने बुजुर्गों को फल वितरित किया। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के संचालक मानसिंह प्रबंधक अंबिका प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# भाजपा नेता की मां के निधन पर पूर्व मंत्री ने जताया शोक



**लोकमित्र संवाद**

**बीरापुर।** पट्टी तहसील के मोलानापुर गांव निवासी भाजपा नेता विद्याधर मिश्रा एवं सरयू देवी महाविद्यालय के प्रबंधक राम आसरे मिश्र की माता सरयू देवी का गुरुवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वह लगभग 85 वर्ष की थीं। उनके निधन की सूचना पर मोलनापुर में शोक की लहर छा गयी। सूचना मिलते ही मोलनापुर मे प्रबंधकों, शिक्षकों, क्षेत्र वासियों सहित ढांढस बंधाने वालों का तांता लगा रहा। प्रबंधक की मां के निधन की सूचना पर पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिजनो को ढांढस बंधाया।

# सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने दिया धरना




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के सदर स्थित कार्यालय पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने धरना। आप जिला इकाई द्वारा संजय सिंह की शीघ्र रिहाई की मांग की गई। जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार ईडी को हथियार बनाकर आम आदमी पार्टी और सम्पूर्ण विपक्ष को डराने का काम कर रही है। इस दौरान भास्कर तिवारी, इकलाख, राहुल यादव, चन्दन सिंह, मो0कैफ, राजाराम यादव, शशिधर त्रिपाठी, बब्लू गौतम, शैलेश शुक्ला, मो0 शफीक, मनोज सिंह, मजहर अली, देवीदीन गौतम, नौशाद, सरोज श्रीवास्तव, पूनम उपाध्याय, जय जायसवाल, राम नयन वर्मा, सुशान्त पाण्डेय, वैभव आदि उपस्थित रहे।

# नेशनल कराटे चैंपियनशिप में जीते 20 गोल्ड मेडल

## वापस लौटने पर स्टेशन पर खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश की ओर से नेशनल कराटे चैंपियनशिप में बीस मेडल जीतकर जनपद को गौरवान्वित करने वाले खिलाडियों एवं एसकेआईए के प्रेसिडेंट डॉक्टर सैयद मसूद मुजफ्फर का सृजना साहित्यिक संस्था, एलायंस क्लब इन्टरनेशनल, भारतीय जीवन बीमा निगम की यूनिट 31102 एवं अम्मा साहेब ट्रस्ट ने रेलवे स्टेशन पर फूल मालाओं से स्वागत किया। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एसकेआईए के तत्वावधान में संपन्न हुई नेशनल कराटे चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम में चयनित हुए प्रतापगढ़ के दस खिलाड़ियों ने बीस मेडल जीत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उक्त कराटे चैम्पियनशिप में सम्पूर्ण भारतवर्ष से 1228 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें उत्तर प्रदेश की ओर से खेलने वाले 42 खिलाड़ियों में प्रतापगढ़ के 10 खिलाड़ियों ने अपनी जगह बनाई जो जनपद के लिए गौरव की बात है। एसकेआईए के वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर सैयद मसूद मुजफ्फर को चैंपियनशिप



में सर्वसम्मति से प्रेसिडेंट चुना गया। जिससे जनपद को दोहरी सफलता और ख्याति हासिल हुई है। प्रतियोगिता में मर्जिया मुजफ्फर ने दो गोल्ड, श्रेयांश श्रीवास्तव ने दो सिल्वर, कार्तिक मिश्रा ने एक गोल्ड एवं एक ब्राउंज, देवांश मिश्रा ने एक गोल्ड एवं एक ब्राउंज, अक्षय प्रजापति ने एक गोल्ड एवं एक सिल्वर, प्रिंस सिंह ने एक सिल्वर एवं एक ब्राउंज, अयान हुसैन ने एक गोल्ड एवं एक ब्राउंज, अनुराग ने एक गोल्ड एवं एक ब्राउंज, नुमान खान ने एक गोल्ड एवं एक सिल्वर तथा सिफान खान ने एक सिल्वर एवं एक ब्राउंज मेडल जीता। पूर्व बाल न्यायाधीश एवं साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहाकि सभी खिलाडियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के साथ जनपद का भी गौरव बढाया है। इस अवसर पर रोशनलाल उमरवैश्य, राजीव कुमार आर्य एवं आनन्द मोहन ओझा के साथ अनिल सिंह, मुख्तार खान, विवेक यादव, श्रुतिकीर्ति उपस्थित रहे।

# पुस्तकालय अनुदान हेतु 31 अक्टूबर तक करें आवेदन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पुस्तकालयाध्यक्ष राजकीय जिला पुस्तकालय नसरत अली ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार की सार्वजनिक पुस्तकालयों को अनुदान योजना तथा राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान की अनुदान योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये प्रदेश में नगरीय, ग्रामीण, अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित सार्वजनिक पुस्तकालयों को पुस्तकीय सहायता, फर्नीचर एवं संग्रहण सामग्री आदि की सहायता के रूप में अनावर्तक अनुदान हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। जनपद प्रतापगढ़ के राजकीय जिला पुस्तकालय में आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 है। आवेदन पत्र का प्रारूप जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय/राजकीय जिला पुस्तकालय प्रतापगढ़ से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

# पर्यावरण सेना की पहल पर बांस शोध केंद्र की हुई स्थापना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पर्यावरण सेना की पहल पर पर्यावरण संरक्षण के साथ ही बांस से बने उत्पादों से ग्रामीणों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय वानिकी अनुसंधान शिक्षा परिषद देहरादून के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केंद्र प्रयागराज द्वारा जनपद के मान्धाता ब्लॉक के बोझी गांव में स्थित पानी की टंकी परिसर में केंद्र प्रमुख वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. संजय सिंह के निर्देशन एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. आलोक यादव के मार्गदर्शन में बांस की नौ प्रमुख प्रजातियों बैंबुसा बैंबोज, बैंबुसा टुल्डा, डेंड्रो कैलेमस आदि का रोपण कर बांस शोध केंद्र की स्थापना की गई। वरिष्ठ शोध अध्येता कुलदीप चौहान एवं परियोजना सहायक राहुल निषाद की देखरेख में शोध केंद्र हेतु बांस के पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि जनपद में यह पहला बांस शोध केंद्र है,जिसके माध्यम से किसानों के साथ साथ आम जनमानस को भी बांस के बारे में जागरूक करते हुए बांस उद्योग से आयसंवर्धन का भी कार्य किया जाएगा। जिसके लिए प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को



प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि बांस से एक ओर आय में वृद्धि होगी वहीं दूसरी तरफ पर्यावरण भी दुरुस्त होगा। पर्यावरण सैनिक सुनील कुमार श्रीवास्तव को बांस केंद्र की देखरेख और सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत बोझी राज कुमार, अरुण कुमार सिंह चिंटू, राकेश सिंह, राम फेर, बितान देवी, विजय कुमार, शोक कुमार, ंगादीन, रवि प्रकाश मिश्र एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ब्लॉक मान्धाता नमन कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

# युवा स्वरोजगार योजना में 16 अक्टूबर तक करें आवेदन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत बेरोजगार एवं हाईस्कूल उत्तीर्ण युवक/युवतियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु (उद्योग हेतु अधिकतम रूपये 25 लाख एवं सेवा क्षेत्र में अधिकतम रूपये 10 लाख तक) ऋण बैंक के माध्यम से प्रेषित किया जा सकता है जिसमें 25 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जायेगा। आवेदन किये जाने हेतु हाईस्कूल मार्कशीट, आधार कार्ड, फोटो, निवास प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पोर्टल पर अपलोड करना होगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिये। इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) वित्त पोषण योजनान्तर्गत जिसमें शैक्षिक योग्यता अनिवार्य नहीं है तथा आयु कम से कम 18 वर्ष पूर्ण हो के भी आवेदन वेबसाइट पर कर सकते है। इसमें 150 लाख से अधिक तक के ऋण आंवला उत्पाद हेतु प्राप्त किये जा सकते है तथा 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक अधिकतम 20 लाख तक अनुदान का भी प्रावधान हैं। इन दोनो योजनाओं हेतु आनलाइन आवेदन दिनांक 16 अक्टूबर 2023 तक किये जा सकते है। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नम्बर 7007923607 एवं 6388601418 पर सम्पर्क अथवा कार्यालय में किसी भी कार्यालय दिवस पर सम्पर्क किया जा सकता है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार एवं ओडीओपी योजना हेतु आनलाइन आवेदन वेबसाइट पर किये जा सकते है।

# चोरी की दो दर्जन बकरियों के साथ दो गिरफ्तार

**लोकमित्र संवाद**

**बाघराय।** थाना बाघराय से उपनिरीक्षक शत्रुधन वर्मा मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र बाघराय के टोड़ी का पुरवा नहर पुल के पास से कंचन गौतम पुत्र छेदी लाल गौतम एवं संजय सिंह पुत्र रामबच्चा सिंह निवासीगण ग्राम कोड़राजीत रैशपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की 22 बकरियां बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि यह बकरियां उन्होने बीती 29 सितंबर को जाटूपुर बैशाना के जंगल के पास से चोरी की थी।

# जूबाए चुनाव कमेटी ने स्व. दीनदयाल के परिजनों की दी सहायता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसो. (पुरा) प्रतापगढ़ के चल रहे चुनाव को लेकर एल्डर कमेटी, न्यासीमंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की एक बैठक जूबाए पुरातन के सभागार में एल्डर कमेटी अध्यक्ष देव नारायण शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में चुनाव को सूचितापूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से कराए जाने को लेकर रूपरेखा तय की गई साथ ही अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे स्वर्गीय अशोक कुमार पाण्डेय दीनदयाल के आकस्मिक निधन को लेकर मतदान की तिथि 09 अक्टूबर के बजाय अब 10 अक्तूबर को चुनाव कराए जाने का निर्णय लिया गया।

साथ ही चुनाव कमेटी के एक प्रतिनिधि मंडल ने उनके नामांकन धनराशि सहित पचीस हजार रुपए की



आर्थिक सहायता उनके सुपुत्र शुभांकर पांडे को सौंपी। प्रतिनिधि मंडल में एल्डर कमेटी अध्यक्ष देव नारायण शुक्ल, न्यासी मंडल सदस्य हरकेश नारायण तिवारी, कौशलेंद्र सिंह, जूनियर बार उपाध्यक्ष शिव प्रकाश मिश्र सहित आदि शामिल रहे। बैठक में प्रमुख रूप से जगत बहादुर सिंह, श्रीनाथ गुप्ता, मो. रफीक खान, राजेंद्र सिंह दाढ़ी, चुनाव अधिकारी राजेंद्र सिंह जरियारी, न्यासीमंडल अध्यक्ष भूपेंद्र शुक्ल, सदस्यगण देवानंद त्रिपाठी, सुरेश नारायण तिवारी, राधेश्याम मिश्र, सूर्यकांत मिश्र निराला, हरकेश तिवारी, विजय शंकर तिवारी, कौशलेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के आरोप में पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लीलापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चमरुपुर शुकलान गांव निवासी राम चरन सरोज उर्फ चिनगू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी बेटी खुशबू की शादी दो वर्ष पूर्व छोटकी गहरी गांव निवासी वीरु सरोज पुत्र अशोक सरोज के साथ हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार किया था। बेटी की शादी में अपनी हैसियत मुताबिक दान-दहेज भी दिया था। पिता के मुताबिक शादी के बाद कुछ दिनों के बाद ही उसकी बेटी के पति बीरु सरोज देवर धीरु सरोज देवरानी मंजोका चचेरी सास कुसुम व ननद खुशबू एक राय होकर शादी में दहेज कम मिलने को कहते हुए प्रताड़ित करने लगे। बीती रात लगभग ढाई बजे दहेज लोभियों ने खुशबू को दहेज के लिए फांसी के फंदे पर लटका कर मार डाला। जानकारी के अनुसार मृतका अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव मायके चमरुपुर शुकलान पहुंचा। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अंतिम संस्कार करने से मना करने लगे। वहां मौजूद उपनिरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय, शाहंशाह खान, राजानाती ने बड़ी मशक्कत से परिजनों को समझा बुझा कर अंतिम संस्कार के लिए राजी किया। दोपहर में गांव स्थित बाग में मृतक खुशबू के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार यादव ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डिप्टी सीएम ने पिता की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर लिया आशीर्वाद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को अपने पिता स्व0 श्याम लाल मौर्य की पांचवीं पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर आशीर्वाद लिया।डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर कौशांबी पहुंचे जहां डिप्टी सीएम ने गुरुवार को जनपद के कार्यक्रमों में शामिल हुए और रात्रि में कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सिराथू स्थित अपने आवास पर रात्रि में रुके। और मां धनपति देवी एवं परिवार के लोगो के साथ समय बिताते हुए हालचाल लिया । डिप्टी सीएम के स्वर्गीय पिता श्यामलाल मौर्य की पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार की सुबह डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने हवन पूजन के बाद अपने पूज्य स्वर्गीय पिता के चित्र पर श्रद्धा भाव के साथ दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया एवं नमन आंखों से उन्हें याद कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने पैतृक आवास से लखनऊ के लिए निकलते समय डिप्टी सीएम ने अपनी मां का पैर छूकर उनका



आशीर्वाद लिया और घर से रवाना हो गए। इस दौरान डिप्टी सीएम के बड़े भाई सुखलाल मौर्य , राजेंद्र मौर्य , जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, चेयरमैन भोला यादव, लवकुश मौर्य, भोले शंकर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## कसिया में एनसीसी प्रशिक्षु को किया सम्मानित

सिराथू, कौशाम्बी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कसिया पहुंचे जहां उन्होंने एन सी सी प्रशिक्षण कैंप कार्यालय में पहुंचकर आर्मी ऑफिसर्स एवं युवा प्रशिक्षु कैडेट्स से परिचय प्राप्त करने के उपरांत प्रशिक्षण के दौरान बेहतर कार्य करने वाले युवक युवतियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## ससुराल गई विवाहिता के साथ मारपीट, शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में ससुराल गई विवाहिता के साथ ससुरालीजनों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया , पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के परास गांव निवासी गुलिस्ता बानो पत्नी सुलतान अहमद ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र देकर ससुरालीजनो पर आरोप लगाते हुए बताया की पारिवारिक विवाद के कारण उसके पति बाहर रहते है , शुक्रवार को विवाहिता अपने मायके से ससुराल गई थी , विवाहिता का आरोप है की सास , ससुर , देवर , नंद आदि ने मिलकर उसके साथ मारपीट करने लगे बीच बचाव के आगे आए बहनोई जाकिर के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस जांच में जुट गई है।

# रामपुर बढ़नावा व भेरावा में आयोजित ग्राम चौपाल में सुनी गई समस्याएं




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के रामपुर बढ़नावा व भेरावा ग्राम पंचायत में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जहां रामपुर बढ़नावा में ग्राम प्रधान राम नरेश पटेल व सचिव दीपक सिंह ने चौपाल में आए हुए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उन्हे निस्तारित करने का सबंधित विभागों को निर्देशित किया। ग्राम चौपाल में अधिकारियों ने सरकार के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आवास, विधवा, वृद्धा एवं विकलांग पेंशन, बिजली, पानी, हैंडपंप, स्वास्थ्य, आगनवाड़ी, शिक्षा, पशुपालन, स्वयं सहायता समूह, संचारी रोग से बचाव सहित समस्त प्रकार की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की जानकारी लिया और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। एवं शिकायतो के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राम नरेश , सचिव दीपक सिंह, आंगनबाड़ी ,पंचायत सहायक , आशा ,कृषि विभाग से शुभेंद्र पटेल , राघवेंद्र , पशु पालन विभाग से अनिल साहू , बीएमएम मो तौकीर सहित ग्रामीण मौजूद रहे ।इसी कड़ी में विकास खंड कड़ा के भेरावा ग्राम चौपाल में सचिव आफ्ताब आलम ने सरकार की योजनाओं को बताते हुए विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों की समस्या को सुनते हुए निस्तारण का आश्वासन दिया । इस मौके पर मौजूद विभाग के कर्मचारियों ने अपने अपने विभाग की जानकारी दिया । ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान गोपी मौर्य , सचिव राहुल सिंह व आफ्ताब आलम , आंगनबाड़ी से ज्ञानमती , ए पी ओ जयचंद्र पांडे , रोजगार , आंगनबाड़ी , आशा , पंचायत सहायक सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्री रामलीला कमेटी दारानगर की हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के दारानगर कस्बे में लगने वाले ऐतिहासिक मेले को लेकर गुरुवार की देर शाम श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों व नगर वासियों की एक बैठक हुई। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आद्या प्रसाद पांडेय की अध्यक्षता में 14 से 27 अक्टूबर तक होने वाले विभिन्न आयोजनों को लेकर चर्चा-परिचर्चा हुई।बैठक के दौरान पिछले वर्ष का लेखा जोखा भी पेश किया गया साथ ही आगामी मेले को लेकर साफ-सफाई , सुरक्षा , विद्युत व्यवस्था आदि विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।कमेटी के अध्यक्ष आद्या प्रसाद पांडेय ने बताया कि कस्बे का 244 वां वार्षिक महोत्सव 14 से 27 अक्टूबर तक चलेगा जिसमे विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा।ऐतिहासिक कुप्पी युद्ध 24 व 25 अक्टूबर को होगा वहीं 26 अक्टूबर को भरत मिलाप व 27 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक का कार्यक्रम होगा।उन्होंने सभी लोगों से एकजुट होकर मेले का आयोजन करने व परस्पर एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति से हमारी आने वाली पीढ़ी की पहचान करवाते हैं।इनको भव्य रूप प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिससे आने वाले समय में हमारे बच्चे भी इन धार्मिक आयोजनों में रूचि ले सकें।इस मौके पर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण केशरवानी, योगेंद्र कुमार मिश्र, जयमणि तिवारी, प्रभाकर शुक्ला, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, दीपक तिवारी, शिवम मिश्रा, राजू तिवारी, सीडी पांडेय, शशिकमल मिश्रा, नीरज केशरवानी, बच्चा केशरवानी, मनीष पाठक, सोनू मोदनवाल, श्यामू अग्रहरि, उमेश पटेल, संदीप मोदनवाल, अंकित सिंह, विपिन सोनकर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# अंग्रेजो के छक्के छुड़ाए थे कौशाम्बी की बहादुर बेटी आयरन लेडी दुर्गा भाभी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** भारत की आजादी के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना अंग्रेजो से लड़ने वालों में महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का भी विशेष महत्व है। देश की आजादी की लड़ाई के लिए महिलाओं ने खुद को बलिदान कर दिया था। झांसी की रानी, अहिल्या बाई और कई दमदार व्यक्तित्व की महिलाओं की जाबांजी का भारतीय इतिहास गवाह है। इन महिलाओं में एक नाम भी शामिल हैं, वह हैं दुर्गावती का दुर्गावती देवी को आप दुर्गा भाभी के नाम से जानते होंगे। दुर्गा भाभी भले ही भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू की तरह फांसी पर न चढ़ी हों लेकिन कंधें से कंधा मिलाकर आजादी की लड़ाई लड़ती रहीं। स्वतंत्रता सेनानियों के हर आक्रमक योजना का हिस्सा बनी। दुर्गा भाभी बम बनाती थीं तो अंग्रेजो से लोहा लेने जा रहे देश के सपूतों को टीका लगाकर विजय पथ पर भी भेजती थीं। आजादी की लड़ाई में कौशांबी की बहादुर बेटी ने अंग्रेजो के छक्के छुड़ा दिए थे।

## आजादी की लड़ाई में दुर्गा भाभी का था बड़ा योगदान

सिराथू, कौशाम्बी। दुर्गा भाभी को भारत की आयरन लेडी भी कहा जाता है। बहुत ही कम लोगों को ये बात पता होगी कि जिस पिस्तौल से चंद्र शेखर आजाद ने खुद को गोली मारकर बलिदान दिया था, वह पिस्तौल दुर्गा भाभी ने ही आजाद को दी थी। इतना ही नहीं दुर्गा भाभी एक बार भगत सिंह के साथ उनकी पत्नी बन कर अंग्रेजो से बचाने के लिए उनके प्लान का हिस्सा बनी थीं। लाला लाजपत राय की मौत के बाद दुर्गा भाभी इतना गुस्से में थीं कि उन्होंने खुद स्कॉर्ट को जान से मारने की इच्छा जताई थी। आजादी की लड़ाई में दुर्गा भाभी का बड़ा योगदान था।

## सिराथू के शहजादपुर में जन्मी थी दुर्गा भाभी

सिराथू, कौशाम्बी। दुर्गा भाभी का असली नाम दुर्गावती देवी था। दुर्गा भाभी का जन्म 7 अक्टूबर 1907 को उत्तर प्रदेश के सिराथू तहसील क्षेत्र के शहजादपुर गांव में हुआ था। दुर्गावती भारत की आजादी और ब्रिटिश सरकार को देश से बाहर खदेड़ने के लिए सशस्त्र क्रांति में सक्रिय भागीदार थीं। जब वह भगत सिंह और उनके दल में शामिल हुईं तो उन्हें आजादी के लिए लड़ने का मौका भी मिल गया। दरअसल, दुर्गावती का विवाह 11 साल की उम्र में हुआ था। उनके पति का नाम भगवती चरण वोहरा था, जो कि हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य थे। इस एसोसिएशन के अन्य सदस्य उन्हें दुर्गा भाभी कहते थे। इसीलिए वह इसी नाम से प्रसिद्ध हो गईं। 16 नंवबर 1926 को लाहौर में करतार सिंह सराभी की शहादत की 11वीं वर्षगांठ मनाने को लेकर दुर्गा भाभी चर्चा में आई थीं।

## भगत सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कूदी थी आजादी की लड़ाई में

सिराथू, कौशाम्बी। दुर्गा भाभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रमुख सहयोगी थीं। लाला लाजपत राय की मौत के बाद भगत सिंह ने सॉन्डर्स की हत्या की योजना बनाई थी। तब सॉन्डर्स और स्कॉर्ट से बदला लेने के लिए आतुर दुर्गा भाभी ने ही भगत सिंह और उनके साथियों को टीका लगाकर रवाना किया था।

इस हत्या के बाद अंग्रेज उनके पीछे पड़ गए थे। दुर्गा भाभी ने उन्हें बचाने के लिए भगत सिंह के साथ भेष बदलकर शहर छोड़ दिया था। इतना ही नहीं सन् 1929 में जब भगत सिंह ने विधानसभा में बम फेंकने के बाद आत्मसमर्पण किया था उसके बाद दुर्गा भाभी ने लॉर्ड हैली की हत्या करने का प्रयास किया था। हालांकि वह बच गया था। दुर्गा भाभी ने भगत सिंह और उनके साथियों की जमानत के लिए एक बार अपने गहने तक बेच दिए थे।

# संचारी रोगों से बचाव के लिए रंगोली बनाकर बच्चों नें दिया संदेश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** स्वस्थ्य जीवन शैली जानें के लिए स्वच्छता एवं सावधानियां अति महत्वपूर्ण पहलू साबित होती है। इसी के अंतर्गत चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत कंपोजिट विद्यालय पेरई में ग्राम प्रधान रामप्रकाश साहू की अध्यक्षता व शिक्षक हरिओमसिंह के मार्गदर्शन मे् बच्चों नें संचारी रोगें से बचनें के लिए विभिन्न उपायों से संबंधित से कैंपस में लगे वृक्षों से गिरी हुयी फूल पत्तों की सहायता से रंगोली बनाते हुए बचाव के लिए संदेश दिया। सभी बच्चों को हुबलाल बर्मा ने बचाव के विभिन्न उपायों के बारे में बताते हुए कहा गया कि हमें नियमित रूप से मच्छरदानी का प्रयोग करनें के साथ ही सोते समय फुल आस्तीन के कपड़े पहनें और घरों में साफसफाई रखने इत्यादि जैसे छोटे छोटे उपायों से हम अपनें आप को संचारी रोगो से बचा सकते हैं। इस अवसर पर अभिभावक आरती देवी, उर्मिला देवी, मिल्ला देवी आदि मौजूद रहे।

## घर से शौच के लिए निकली किशोरी गैर जनपद के प्रेमी संग फरार

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बे से गुरुवार की शाम घर से निकली एक किशोरी लापता हो गई। सुराग लगाने के दौरान पता चला कि वह गैर जनपद के एक युवक के साथ फरार हो गई है।किशोरी के पिता ने शुक्रवार को थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस किशोरी के सुराग में जुट गई है।पिपरी क्षेत्र के एक कस्बे का युवक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसने बताया कि गुरुवार की शाम उसकी 16 वर्षीय पुत्री शौच जाने के लिए घर से निकली। इस दौरान वह लापता हो गई। देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन अनहोनी की आशंका करते हुए उसकी खोजबीन शुरू किया। खोजबीन के दौरान पता चला कि वह जनपद प्रयागराज के एक युवक के साथ फरार हो गई है। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। किशोरी के पिता ने शुक्रवार को थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस किशोरी के सुराग में जुट गई है।

# भाकियू ने जागृति दिवस के रूप में मनाया टिकैत का जन्मदिन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत का जन्मदिन शुक्रवार को किसान जागृति दिवस के रूप में मनाया गया। इस बीच यूनियन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से श्रद्धा अर्पित कर खुशियां मनाई। इस बीच किसानों के हित में कार्यों पर चर्चा की गई।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष चंदू तिवारी की अगुवाई में शुक्रवार को चायल तहसील परिसर में एकत्रित हुए यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें संस्थापक के 88 वें जन्म दिवस को किसान जागृति दिवस के रूप में मनाया गया। इस बीच उपस्थित हुए कार्यकर्ताओं और किसानों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि महेंद्र सिंह टिकैत किसानों के हित के लिए लगातार लड़ाई लड़ी। सस्ते खाद, बीज और कृषि कार्यो में लगने वाले टैक्स को लेकर भी आंदोलन किया। किसानों की हर परेशानी में वह खड़े रहे। किसानों को दैवी आपदाओं में हुए नुकसान जैसी परेशानियों को लेकर आवाज उठाई और किसानों को मुआवजा दिलाया। वह किसानों की हित की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। इस कार्यक्रम में मोहम्मद शाहिद, रामशरन, अनंतराम मोदनवाल, बिंदेशरी प्रसाद, रघुनाथ, रमाकांत, सूबेदार, रामानंद, रामू शर्मा, लवकुश, शनि सिंह, विकास कुमार, नत्थूलाल, साधू, त्रिभुवन, इस्तियक अहमद, रोशन लाल, रामबाबू, चंदा देवी, शोभा देवी, मीना देवी और सुनीता आदि किसान मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने दिव्यांग को उपलब्ध कराया राशनकार्ड



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** दिव्यांग को राशनकार्ड उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है जिसको लेकर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सिराथू राजेश कुमार मिश्रा ने विकास खंड सिराथू नौढिया गांव के अर्जुन कुमार को राशन कार्ड उपलब्ध कराया। जिससे दिव्यांग का राशन कार्ड आनलाइन कर सस्ते गल्ले का राशन उपलब्ध कराने का रास्ता साफ किया।गौरतलब है कि सिराथू ब्लॉक के नौढीया निवासी अर्जुन कुमार दिव्यांग है काफी दिन से अर्जुन राशनकार्ड ऑनलाइन के लिए दर दर भटक रहे थे। साथ अर्जुन खाद्यान से वंचित था बता दे की अर्जुन दोनो पैरों से दिव्यांग है, अर्जुन की हालत को देखते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सिराथू राजेश कुमार मिश्रा ने अथक प्रयास कर अर्जुन का अंत्योदय राशन कार्ड बनाकर शुक्रवार को उपलब्ध कराया। राशनकार्ड उपलब्ध होने के बाद अर्जुन ने खुशी जाहिर करते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की भूरी भूरी प्रशंसा किया। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक राम कुँवर आर्य मौजूद रहे।

# शिक्षक रणविजय निषाद को काशी में मिला एडुलीडर्स यूपी सम्मान




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** काशी के सनबीम पब्लिक स्कूल वरुणा में गुरुवार को जी-20 निपुण भारत मिशन शैक्षिक गुणवत्ता सेमिनार एवं एडुलीडर्स यू पी सम्मान 2023 का आयोजन बेसिक शिक्षा द्वारा किया गया जिसमें प्रदेश के सभी जनपदों से चयनित शिक्षक शामिल हुए।

जनपद कौशाम्बी के कड़ा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक रणविजय निषाद का चयन स्कूल में बच्चों के गुणवत्ता संवर्धन के लिए प्रयोग किए जा रहे नवाचार के साथ साथ समाज में व्याप्त कलुषित मान्यताओं, नशामुक्ति अभियान, जल एवं पर्यावरण संरक्षण व हिंदी की शुद्धाशुद्ध शब्द प्रयोग के लिए राज्यस्तरीय एडुलीडर्स अवार्ड 2023 के लिए चयन हुआ था। इसके लिए गुरुवार को काशी में हुए आयोजन में सहायक शिक्षा निदेशक वाराणसी डा. सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डायट प्राचार्य आजमगढ़ मनीराम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी डा. अरविंद पाठक, विद्यालय की प्रिंसिपल डा. अनुपमा मिश्र, एडुलीडर्स के संस्थापक सर्वेष्ट मिश्र उपस्थित रहे । सम्मानित शिक्षक की उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा सुनील सिंह व साथी शिक्षकों ने बढ़ाई दी है।

# सिराथू के भटपुरवा बम्हरौली पहुंची मोदी वैन ने किया ग्रामीणों का इलाज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, कौशाम्बी।** गावों में रह रहे ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य सुविधा आसानी से सुलभ हो सके इसके लिए जनपद में मोदी वैन स्वास्थ्य टीम गांव गांव जाकर लोगों का इलाज कर रही है। शुक्रवार को सिराथू तहसील के बम्हरौली के भटपुरवा गांव में मोदी वैन स्वास्थ्य टीम पहुंची। वैन के पहुंचते ही ग्रामीणों का हुजूम इलाज के लिए उमड़ पड़ा। मोदी वैन स्वास्थ्य टीम में डा. सुरेंद्र सुखपाल सिंह, एल टी अरविंद कुमार, वार्ड ब्वाय, रामसिंह ने आए हुए मरीजों का इलाज करते हुए उन्हे दवाएं वितरित किया।

डाक्टर ने बताया की आए हुए लोगों में जुखाम, बुखार, खुजली, इन्फेक्शन आदि की बीमारियों की जांच की गई। गांव के विपिन कुमार त्रिपाठी और परशुराम ने फोन के माध्यम से जानकारी देने पर वैन ने आकर इलाज किया।

# जिला स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में मंझनपुर ने मारी बाजी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** परिषदीय स्कूलों के जूनियर छात्र छात्राओं की जिला स्तरीय हैन्डबाल व कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को ओसा में स्थित श्री दुर्गा देवी इंटर कालेज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर डा. जवाहर यादव व खंड शिक्षा अधिकारी सरसवां प्रमोद गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। बालक वर्ग हैंडवाल के फाइनल में मंझनपुर और कड़ा की टीमों के बीच मुकाबला हुआ जिसमें मंझनपुर की टीम ने कड़ा को 5-4 से हराते हुए जीत दर्ज की। कड़ा को उपविजेता पर ही संतोष करना पड़ा। बालिका वर्ग में भी मंझनपुर का मुकाबला कड़ा की टीम से हुआ जिसमें मंझनपुर ने 4-1 से जीत दर्ज हासिल की। कुश्ती में हुई प्रतियोगिता 35 किलो वजन में सिराथू के हटवा रामपुर मडूकी की राधा पाल ने जीत दर्ज किया वहीं 45 किलो वजन में हटवा रामपुर मडूकी की रेनू देवी विजई रही। इस प्रतियोगिता को जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार , हीरालाल एम कैथल बालक व्यायाम शिक्षक विनय कुमार सिंह, मानस कुमार मिश्र, मनमोहन सिंह चौहान, चंद्रबली रैना, शिवभान, आलोक पटेल, राजेंद्र सिंह, रामशंकर प्रजापति, आलोक सोनी ने सकुशल संपन्न कराया।

## सम्पादकीय

# अभियोजन का अनदेखा रूप

सवाल यह है कि वेबसाइट के प्रबंधकों ने कहां से पैसा लिया, उसकी जानकारी किसी सब-एडिटर या टेक्निकल कर्मचारी को कैसे हो सकती है? बात कर्मचारियों तक नहीं रही। बल्कि वेबसाइट पर लिखने वाले फ्रीलांसरों तक को नहीं बख्शा गया।अगर किसी व्यक्ति और संस्था ने किसी प्रकार के गैर-कानूनी गतिविधि में भाग लिया हो, उसके खिलाफ न्याय की उचित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई जरूर होनी चाहिए। यह बात वेबसाइट न्यूजक्लिक पर भी लागू होती है। उस पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में पहले से मुकदमा चल रहा था। पिछले अगस्त में उस पर एक नया मुकदमा अमेरिकी अखबार में छपी रिपोर्ट के आधार पर दर्ज किया गया, जिसमें आरोप है कि वेबसाइट को एक ऐसे अमेरिकी उद्योगपति ने धन दिया, जो चीन की तरफ से चलाए जाने वाले प्रचार अभियान को आगे बढ़ाता है। अखबारी रिपोर्ट साक्ष्य हो सकती है या नहीं, इस पर न्यायपालिका फैसला देगी। बहरहाल, इस आरोप की जांच में जो तरीका दिल्ली पुलिस ने अपनाया है, वह सचमुच अभूतपूर्व है। मंगलवार को न्यूजक्लिक से जुड़े दर्जनों स्थलों पर छापे मारे गए। हैरतअंगेज यह है कि इस दौरान उस वेबसाइट में करने वाले जूनियर स्तर के कर्मचारियों के घर पर भी पुलिस ने दबिश दी और उनके मोबाइल फोन एवं लैपटॉप जब्त कर लिए।सवाल यह है कि वेबसाइट के प्रबंधकों ने कहां से पैसा लिया, उसकी जानकारी किसी सब-एडिटर या टेक्निकल कर्मचारी को कैसे हो सकती है? बात कर्मचारियों तक नहीं रही। बल्कि वेबसाइट पर लिखने वाले फ्रीलांसरों तक को नहीं बख्शा गया। खुद दिल्ली पुलिस ने बताया है कि उसने 46 व्यक्तियों से पूछताछ की और उनमें से कई को आगे भी इसके लिए तैयार रहने को कहा गया है। क्या यह न्याय की उचित प्रक्रिया है? या यह उसी सोच का एक और इजहार है, जिसमें आरोपी के साथ-साथ उसके परिजनों को भी दोषी मान कर दंडित किया जाता है? सामूहिक दंड आधुनिक न्याय सिद्धांत में सिरे से अस्वीकार्य है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उसका प्रचलन बढ़ता जा रहा है। तो जिस तरह बिना किसी न्यायिक आदेश के विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध आरोपियों के घरों पर बुल्डोजर चलाए जा रहे हैं, उसी तरह न्यूजक्लिक के दफ्तर को भी सील कर दिया गया है। वैसे उससे भी ज्यादा आपत्तिजनक यह है कि सभी कर्मचारियों को अभियुक्त मान लिया गया है। भारत के लिए यह अभूतपूर्व एवं अनदेखा तजुर्बा है।




**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। आज कार्यस्थल पर दूसरे लोगों से सहयता मिलती रहेगी। परिवार के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनाएंगे। आज कोई नया काम सीखने का मौका मिलेगा, जिससे भविष्य में आपको फायदा होगा।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज कोई शुभ समाचार मिलने के योग बने हुये हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा और आप मदद भी करेंगे। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं, आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना होगा । आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी ।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्लान बनाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर लोगों का सहयोग मिलने से आपको खुशी होगी। आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होने की पूरी उम्मीद है। घर पर अचानक कोई दोस्त आपसे मिलने आयेगा।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपके कार्य परफॉरमेंस की तारीफ होगी। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने साथियों से सहयोग प्राप्त होगा, जिससे किसी विषय में आ रही समस्या आसानी से सॉल्व हो जायेगी। आपका दाम्पत्य जीवन खुशियों से भरा रहेगा। समाज में आपके कार्यों की चर्चा होगी । आपके व्यवहार से लोग खुश होंगे।

**सिंह राशि-** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुके हुए कार्य पूरा होने की संभावना है। बच्चों के किसी मामले को लेकर आप असहमत हो सकते हैं। इस राशि के विद्यार्थियों को आज शिक्षक की तरफ से विशेष मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे उनका भविष्य उज्जवल बनेगा। घर पर कोई मांगलिक कार्य आयोजित कराने के बारे में सोच सकते हैं। आज घर पर अविवाहित लोगों के विवाह की चर्चा होगी । कारोबार के क्षेत्र में परिश्रम से अधिक सफलता मिलेगी । नौकरी में कार्य योजनाओं को आप अपनी सूझबूझ से पूरा करेंगे।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अचानक आय के नए रास्ते मिलेंगे, जिसका लाभ उठाने में आप सफल होंगे। आज आपके लम्बें समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे। आज आपकी सभी योजनाएं कामयाब होंगी । आप इस दौरान कोई भी बड़ा निर्णय सोच समझकर लेंगे । किसी काम के लिए कोई बड़ा फैसला लेने में आप जीवनसाथी की सहायता लेंगें। आज आपको कोई ऐसी बात पता चलेगी, जिसे जानकर आप सरप्राइस महसूस करेंगे। दामंपत्य जीवन में चली आ रही समस्याएं समाप्त होगी।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। काफ़ी दिनों से चल रही परेशानियों का आज निवारण मिल जायेगा आपको मानसिक शांति मिलेगी, काम में आपका मन लग जायेगा। आज आप दूसरों की बात पर विश्वास न करके आपने आप पर विश्वाश करेंगे तो आपका कोई काम रुकते रुकते बन जाएगा। आज अपने काम को गंभीरता से करें। आज किसी काम को लेकर भाग दौड़ करनी पड़ सकती है। आज वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतें। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन उत्तम रहेगा । आपके अपने व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में कोई साइड बिजनेस कर सकते हैं । जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। नौकरी पेशा लोगों के लिए नए अवसर मिलने की संभावना है। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में मैं रूचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं। मान सम्मान में वृद्धि होगी । आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा। सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि के अनुसार आपको परिणाम मिलेंगे । आपके परिवार में एकजुटता और प्रेम की भावना बनी रहेगी । आज कोई शुभ काम होने के योग है।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने की प्लानिंग करेंगे । किसी खास मामलें में आपको अनुभवी व्यक्ति की सलाह मिलेगी । आज परिवार के साथ आप खुशनुमा पल बितायेंगे, जिससे रिश्ते में नजदीकियां बढ़ेगी। आज आपकी छवि समाज में उभर कर आएगी। आज आपके आर्थिक पक्ष में मजबूती आयेगी। आपको बड़े- बुजुर्गो का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आपको किसी पुराने स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा जो लोग विदेश में अपना कैरियर या शिक्षा के लिए सोच रहे हैं उन्हें कामयाबी मिलेगी। आपका विश्वास बढ़ेगा आर्थिक उन्नति के योग है।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा, आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। आपको आज कुछ नयी बातें पता चल सकती हैं जो आपके हित में होंगी और उसका पॉजिटिव रिजल्ट आपको मिलेगा। आप अपने लिए लक्ष्य तय करते समय वर्तमान स्थिति पर जरूर ध्यान दें। ऑफिस में आज सीनियर्स आपके अधूरे काम को देखकर आपको फटकार लगा सकते हैं। बेहतर होगा कि अपना काम समय से पूरा कर लें। घर के जरूरत का सामान लाने मार्केट जाएंगे।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका मन काम करने में लगेगा, आप किसी व्यक्ति की सहायता करेंगे तो दिन भर आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप कुछ समय अपने परिवार के साथ बिताएंगे और बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे। आज आपको खुद को साबित करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ सकता है। आज आपका मन दान-पुण्य में अधिक लगेगा। किसी काम को पूरा करने में आज दोस्त की मदद मिलेगी। ऑफिस में आज आपको सम्मानित किया जा सकता है।

**मीन राशि-** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा । आपकी आय के साधनों में

# एम एस स्वामीनाथन



**-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन अब हमारे बीच नहीं हैं। हमारे देश ने एक ऐसे दूरदर्शी व्यक्ति को खोया है, जिन्होंने भारत के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। हमने एक ऐसे महान व्यक्ति को खोया है, जिनका भारत के लिए योगदान हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन भारत से प्रेम करते थे और चाहते थे कि हमारा देश और विशेषकर हमारे किसान समृद्धि के साथ जीवन यापन करें। वे अकादमिक रूप से प्रतिभाशाली थे और किसी भी करियर का विकल्प चुन सकते थे, लेकिन 1943 के बंगाल के अकाल से वे इतने द्रवित हुए कि उन्होंने तय कर लिया कि अगर कोई एक चीज, जिसे वे करना चाहेंगे, तो वो है - कृषि क्षेत्र का कायाकल्प। बहुत छोटी उम्र में, वे डॉ. नॉर्मन बोरलॉग के संपर्क में आए और उनके काम को गहराई से समझा। 1950 के दशक में, अमेरिका ने उन्हें एक फैकल्टी के तौर पर जुड़ने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया, क्योंकि वे भारत में रहकर देश के लिए काम करना चाहते थे।आज हम सभी को दशकों पहले की उन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में विचार करना चाहिए, जिनका प्रो. स्वामीनाथन ने डटकर सामना किया और हमारे देश को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के मार्ग पर आगे ले गए। आजादी के बाद पहले दो दशकों में, हम कई चुनौतियों का सामना कर रहे थे और उनमें से एक थी- खाद्यान्न की कमी। 1960 के दशक की शुरुआत में, भारत अकाल से जूझ रहा था। इसी दौरान, प्रोफेसर स्वामीनाथन की दृढ़ प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता ने कृषि सेक्टर के एक नए युग की शुरुआत की। कृषि और गेहूं प्रजनन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में उनके अग्रणी कार्यों से गेहूं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ऐसे प्रयासों का ही परिणाम था कि भारत खाद्यान्न की कमी वाले देश से खाद्यान्न में आत्मनिर्भर वाले राष्ट्र के रूप में परिवर्तित हो गया। इस शानदार उपलब्धि की वजह से से उन्हें ÷भारतीय हरित क्रांति के जनक÷ की उपाधि मिली, जो बिल्कुल सही भी है। हरित क्रांति में भारत की ÷ष्ट्ठड्डठ्ठ ष्ठश्र÷ की भावना झलकती है, यानी कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। अगर हमारे सामने करोड़ों चुनौतियां हैं, तो उन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए इनोवेशन की लौ जलाने वाले करोड़ों प्रतिभाशाली लोग भी हैं। हरित क्रांति शुरू होने के पांच दशक बाद, भारतीय कृषि पहले से अधिक आधुनिक और प्रगतिशील हो गई है। लेकिन, प्रोफेसर स्वामीनाथन द्वारा रखी गई नींव को कभी भुलाया नहीं जा सकता।प्रोफेसर स्वामीनाथन ने आलू की फसलों को प्रभावित करने वाले कीटों से निपटने की दिशा में भी प्रभावी अनुसंधान किया था। उनके शोध ने आलू की फसलों को ठंड के मौसम का सामना करने में भी सक्षम बनाया। आज, दुनिया सुपर फूड के रूप में मिलेट्स या श्रीअन्न के बारे में बात कर रही है, लेकिन प्रोफेसर स्वामीनाथन ने 1990 के दशक से ही मिलेट्स के बारे में चर्चा को प्रोत्साहित किया था।प्रो. स्वामीनाथन के साथ मेरी व्यक्तिगत बातचीत का दायरा बहुत व्यापक था। इसकी शुरुआत 2001 में मेरे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद हुई। उन दिनों, गुजरात आज की तरह अपने कृषि सामर्थ्य के लिए नहीं जाना जाता था। हर कुछ साल पर पड़ने वाले सूखे, तबाही लाने वाले चक्रवात और भूकंप ने राज्य की विकास यात्रा को बुरी तरह प्रभावित किया था।उसी दौर में हमने सॉइल हेल्थ कार्ड की पहल की थी। हमारी कोशिश थी कि हमारे किसानों को मिट्टी को बेहतर ढंग से समझने और समस्या आने पर उसका समाधान करने में मदद मिले।इसी योजना के सिलसिले में मेरी मुलाकात प्रोफेसर स्वामीनाथन से हुई। उन्होंने इस योजना की सराहना की और इसके लिए अपने बहुमूल्य सुझाव भी साझा किये। उनका समर्थन उन लोगों को समझाने के लिए पर्याप्त था, जो इस योजना को लेकर संशय में थे। आखिरकार इस योजना ने गुजरात में कृषि क्षेत्र की सफलता का सूत्रपात कर दिया। मेरे मुख्यमंत्री रहने के दौरान और उसके बाद जब मैंने प्रधानमंत्री का पद संभाला, तब भी हमारी बातचीत चलती रही। मैं उनसे 2016 में इंटरनेशनल एग्रो-बायोडाइवर्सिटी कांग्रेस में मिला और अगले वर्ष 2017 में, मैंने उनके द्वारा लिखित दो-भाग वाली पुस्तक श्रृंखला लॉन्च की।'कुरल' ग्रंथ के मुताबिक किसान वो धुरी हैं, जिसके चारों तरफ पूरी दुनिया घूमती है। ये किसान ही हैं, जो सब का भरण-पोषण करते हैं। प्रो. स्वामीनाथन इस सिद्धांत को अच्छी तरह समझते थे। बहुत से लोग उन्हें ÷कृषि वैज्ञानिक÷ कहते हैं, यानी कृषि के एक वैज्ञानिक, लेकिन, मेरा हमेशा से ये मानना रहा है कि उनके व्यक्तित्व का विस्तार इससे कहीं ज्यादा था। वे एक सच्चे ÷किसान वैज्ञानिक÷ थे, यानी किसानों के वैज्ञानिक। उनके दिल में एक किसान बसता था। उनके कार्यों की सफलता उनकी अकादमिक उत्कृष्टता तक ही सीमित नहीं है; ये लैब के बाहर, खेतों और मैदानों में स्पष्ट रूप से दिखती है। उनके कार्य ने साइंटिफिक नॉलेज और उसके प्रैक्टिकल उपयोग के बीच के अंतर को कम कर दिया। उन्होंने ह्यूमन एडवांसमेंट और इकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी के बीच संतुलन पर जोर देते हुए हमेशा सस्टेनेबल एग्रीकल्चर की वकालत की।यहां मैं विशेष तौर पर ये भी कहूंगा कि प्रो. स्वामीनाथन ने छोटे किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उन तक इनोवेशन का लाभ पहुंचाने पर बहुत जोर दिया। वे विशेष रूप से महिला किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रति समर्पित थे।प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन के व्यक्तित्व का एक और पहलू भी है, जो बेहद उल्लेखनीय है। वो इनोवेशन और मेंटोरशिप को बहुत बढ़ावा देते थे। जब उन्हें 1987 में पहला वर्ल्ड फूड प्राइज मिला, तो उन्होंने इसकी पुरस्कार राशि का उपयोग एक गैर-लाभकारी रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना में किया। आज भी, यह फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्य कर रहा है। उन्होंने अनगिनत प्रतिभाओं को निखारा है और उनमें सीखने और इनोवेशन के प्रति जुनून पैदा किया है। तेजी से बदलती दुनिया में, उनका जीवन हमें ज्ञान, मार्गदर्शन और इनोवेशन की स्थायी शक्ति की याद दिलाता है। प्रोफेसर स्वामीनाथन एक संस्थान निर्माता भी थे। उन्हें कई ऐसे केन्द्रों की स्थापना का श्रेय जाता है, जहां आज वाइब्रेंट रिसर्च हो रही है। उन्होंने कुछ समय तक मनीला स्थित इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट में भी अहम जिम्मेदारी निभाई थी। दक्षिण एशिया में इस संस्थान का रीजनल सेंटर 2018 में वाराणसी में खोला गया था।मैं प्रो. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने के लिए फिर से 'कुरल' ग्रंथ को उद्धृत करूंगा। उसमें लिखा है, ÷यदि योजना बनाने वालों में दृढ़ता हो, तो वे वही परिणाम हासिल करेंगे, जो वे चाहते हैं।÷ प्रो. स्वामीनाथन एक ऐसे दिग्गज व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन की शुरुआत में ही ये तय कर लिया था कि वो कृषि को मजबूत करेंगे और किसानों की सेवा करेंगे। उन्होंने इस संकल्प को बेहद ही रचनात्मक तरीके से और जुनून के साथ निभाया। जैसे-जैसे हम एग्रीकल्चरल इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे, डॉ. स्वामीनाथन का योगदान हमें निरंतर प्रेरित व मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा। हमें उन सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते रहना होगा, जो उन्हें बेहद प्रिय थे। इन सिद्धातों में किसानों के हितों की वकालत करना, साइंटिफिक इनोवेशन के लाभ को कृषि विस्तार की जड़ों तक पहुंचना और आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास, स्थिरता एवं समृद्धि को बढ़ावा देना शामिल है। मैं एक बार फिर प्रोफेसर स्वामीनाथन को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं।

# सहमति का सम्मान नहीं तो असहमति का सम्मान कैसे?



**कृष्ण मोहन मिश्र**

भारतीय लोकतंत्र सहमति के दिवालियापन से जूझ रहा है। सहमति से तात्पर्य है विधायकी विचारों का गुलशन। सकारात्मक विचारों का उपवन! अच्छे कामों की स्वीकार्यता। यह इसी देश में संभव होता है कि धारा तीन सौ सत्तर के खिलाफ दर्जनों याचिकाएं दायर हो जाती हैं। देश का दिग्गज अधिवक्ता, सांसद, बुद्धजीवी भी इस विरोध में विरोध के नाम पर शामिल हो जाते हैं। ऐसे अनेक राष्ट्रीय मुद्दे हैं जिन्हें सम्मान नहीं मिल रहा है तो कम-से-कम अपमानित भी नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस के अधीरंजन चौधरी ने तो इसे यूएनओ का मुद्दा बताकर अंतरराष्ट्रीय विवादों के लिए मजबूत आधार ही दे दिया था। कश्मीरी नेता फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की बात ही छोड़िए। रवीश कुमार का तीन सौ सत्तर निरस्त करने के दौरान का समाचार देखें तो वहां भी वे कश्मीरी लोगों के मौलिक अधिकार हनन की बात अधिक करते दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं कुछ दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद होने पर यहां तक कह गये कि वहां के नागरिकों के साथ एक तरह से बंधक जैसा सलूक किया जा रहा है। इनके सुर में सुर मिलाने वाले पत्रकारों में उर्मिलेश, अभिसार शर्मा, पुण्य प्रसून बाजपेई, अंजुमन आदि लोग रहते हैं। अब कनाडा में खालिस्तानी आंतकवादी की हत्या पर रवीश कुमार खुल्लेआम कनाडाई प्रवक्ता या कनाडाई विदेश मंत्री की तरह बयान देते हैं। उन्होंने भारतीय राष्ट्रवादी मीडिया का देश के समर्थन में ख़बर चलाने पर खूब कोसा। मैंने कनाडा मामले में रवीश कुमार के बयान की सच्चाई जानने के लिए बीबीसी सहित अन्य समाचार माध्यमों का सहारा लिया। इसका कहीं उल्लेख नहीं मिला कि अमरीका, ब्रिटेन, जर्मनी भारत के खिलाफ हो गया है, जबकि रवीश कुमार और उनके मंडलियों ने देश को गुमराह किया और भारतीय नागरिकों को उकसाने का भी काम किया। यहां सिर्फ दो तीन उदाहरणों का ही उल्लेख किया गया है। ऐसे अनेक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर रवीश कुमार और उनके अनुयाई पत्रकारों की राष्ट्रविरोधी बयानों का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। पत्रकारों का यह समूह अर्थनीति, बेरोजगारी, ग़रीबी, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था आदि मुद्दों पर सरकार को घेरती है तो स्वागत होना चाहिए। यहां तक कि सर्जिकल स्ट्राइक पर भी देश विरोधी बातें चलाना कहां तक उचित है। अब जब ईडी का शिकंजा कसा गया है तो ये चौथे स्तंभ पर हमला, तो कभी अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला, तो कभी आपातकाल जैसी स्थिति का विधवा अलाप करने लगते हैं।

देश में इनके प्रति किसी को जरा भी सहानुभूति नहीं है क्योंकि इनके राष्ट्रविरोधी एजेंडे से जनता वाकिफ है। हां इनके समर्थकों की संख्या बहुत है। और मोदी को परास्त करने के लिए उन्होंने राष्ट्रविरोधी ताकतों से भी सांठ-गांठ स्थापित कर लिया। कुछ कट्टपंथी समुदाय, जो मोदी से चिढ़ते हैं, उनका भी समर्थन इन्हें प्राप्त है। इनके समर्थक विदेशों में भी वे ही लोग हैं जो भारत को कमजोर देखना चाहते हैं। क्या अपने राष्ट्रविरोधी ताकतों के बल पर लोकतांत्रिक व्यवस्था से चुनी हुई मजबूत सरकार के खिलाफ अपरोक्ष रूप से बौद्धिक जंग छेड़ना अनैतिक और अपराध की श्रेणी में नहीं आता है? यह सच है कि सत्ता की आश लगाए कुछ भ्रष्ट अधिकारी और राजनेताओं का भी इन्हें सरंक्षण प्राप्त है। ये इसी आश में हैं कि जब राष्ट्रवादी वैचारिक सरकार को संख्या बल से सत्ता से बाहर कर दिया जाएगा तब इनके अच्छे दिन आ जाएंगे। यहीं आकर ये भूल कर बैठते हैं।

देश में चाहे जिस पार्टी की सरकार बने, यह तय नहीं है मगर इतना निश्चित है कि जनता इतनी जागरूक हो गई है कि वह राष्ट्रविरोधी ताकतों को कभी सत्ता पर काबिज नहीं होने देगी। इन गिरोहों को संख्या बल का बड़ा गुमान है मगर इन्हें नहीं पता कि देश में उन मतदाताओं की संख्या भी बड़ी तेज़ी से बढ़ रही है जो अपने राष्ट्रवाद में विश्वास रखते हैं। ईडी की छापेमारी स्वाभाविक है और भ्रष्ट नेता या मीडिया पर मोदी सरकार की सर्जिकल स्ट्राइक अभूतपूर्व है। इससे पहले किसी प्रधानमंत्री ने हिम्मत नहीं दिखाई थी। आज़ भ्रष्ट नेताओं और देशद्रोहियों में दहशत का माहौल है; यह माहौल अच्छा है।

दो हजार चौबीस में देशविरोधी ताकतों की अंतिम जोर आजमाइश होगी। ये किसी भी स्तर पर गिर सकते हैं, जैसे बिहार में जाति-आधारित जनगणना। आगामी लोकसभा चुनाव में इनकी हार तो तय लगती है, इसमें कोई दो राय नहीं है। इतना तय है कि इस हार के बाद इनकी कमर सदा के लिए टूट जाएगी। फिलहाल नरेंद्र मोदी द्वारा भ्रष्ट मंत्री या देशद्रोही मीडिया पर शिकंजे का स्वागत किया जाना चाहिए।


इनके पास बेगुनाही का सबूत होगा तो बच निकलें। न्यायपालिका तो अभी जिंदा है। फिर वर्षों से, महीनों से ज़मानत क्यों नहीं मिलती है। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## ख्वाहिश

मेरी ख्वाहिश तुझे पाना
तुझ में ही समाना है।
और कोई चाह ना मेरी
ये जीवन संग बिताना है।
तू मेरी नींद में, तू ख्वाब में
तु जान है मेरी।
जिधर देखूं उधर ही तू
हर तरफ मुझको दिख जाता।
अब नहीं जी सकूंगी मैं
मेरे हमदम बस..आ जा तू।
तड़पती मीन जैसी मैं
आ..दरस तो दिखा जा तू।
ये दुनिया देख ली मैंने
नहीं तुझ-सा कोई दूजा।
मिले गर तू मुझे पूरा
ये दुनियां जीत लूंगी मैं।
करूंगी शुक्रिया उसका
जो ईश्वर है यूं कहलाता।
आसमां पर है जो रहता
तू मुझे वैसा ही लगता।
जीत लेंगे ये दुनियां को
इसे जन्नत बनाएंगे।
थोड़ी-सी मैं रहूं तुझमें
थोड़ा तू मुझ में रह जाना।

**सीमा जैन**
**खड़गपुर**



## ख्वाहिशें

कितना भी रोक लें हम खुद को,
ख्वाहिशें कभी कम नहीं होतीं।
कितना भी मिले प्यार इसे, दिल की फरमाइशें कभी कम नहीं होतीं।
कोई भी मसला बड़ा नहीं, करते रहिए प्रयास।
सुलह की गुंजाइशें कभी कम नहीं होतीं।
ख्वाहिश थी कि पा लेंगे उसे एक दिन।
मिला नहीं अब तक पर ख्वाहिशें हैं की बेदम नहीं होतीं।
हमसफर है हमारा इतना प्यारा, हो सात जन्म का साथ हमारा।
एक दूसरे से हमारी फरमाइशें अभी भी कम नहीं होतीं।
है अब तो गुजारिश रब से बस यही।
छूटे ना साथ हमारा जब तक ख्वाहिशें सभी पूरी सनम नहीं होतीं।
समझते ही कहां हैं अब लोग हमारी ख्वाहिशों को,
आंखें हमारी जब तलक नम नहीं होतीं ।।


**विक्रम सिंह यादव बरनी**
**देहरादून-उत्तराखंड**



## विश्वास

करके विश्वास हमारा,
बहका दिया श्वास हमारा।
किन अदाओं पर जाने क्या हुआ,
क्या मेरे सदाओं का ही स्याह हुआ?
नहीं वो एक हंसी राह हुआ।
क्या था तुम्हारा हम पर भरोसा,
क्यों संग चलने का था हमेशा।
तुम आओगे कुछ दूर ऐसा है एहसास,
हम क्षितिज तक साथ चलेंगे ऐसा है विश्वास।
तोड़ नहीं था हमने कभी यकीन,
कुछ पल भले दूर रह जाएंगे लेकिन,
बस दो कदम का फ़ासला है
फिर जिंदगी होगी हसीन।
जज्बातों में भी तेरा विश्वास
ख़यालों में भी वो मिजाज़,
कि तड़प कर हम मिले जहां भी,
सारे जहाँ को हो हमारी मोहब्बत का एहसास।

**सुनील शर्मा ललन**



## ख्वाहिश

ख्वाहिश ही हर इन्सां को,
सफल विचारवान बनाता है।
उर में जिद्द जुनून भरकर,
कर्तव्य पथ पर ले जाता है।।
ख्वाहिश ही हर इन्सां को,
लक्ष्य तक पहुंचाता है।
कर्तव्य पथ पर चलने को,
हमेशा ही लिखलाता है।।
ख्वाहिश ही हर किसी को,
सपने अजीब दिखलाता है।
सपने रंग-बिरंगे दिखलाकर,
सब में प्रेम-ममत्व जगाता है।।
ख्वाहिश ही अनंत काल से,
हर जुबां में समाया है।
ख्वाहिश सहारे इन्सां आज,
अपनो में भरमाया है।
ख्वाहिश ही हर किसी में,
प्रेम - स्पंदन जगाता है।
लगन और परिश्रम के बल,
जहाँ को जीतना सिखाता है।।
ख्वाहिश ही संपूर्ण जगत को,
कर्तव्यनिष्ठ बनाता है।
ख्वाहिश ही कर्तव्यनिष्ठ को,
मंजिल तक ले जाता है।।

**सुभाष कुशवाहा**
**रोहतक, हरियाणा**



## सफलता का गीत

असफलता है एक चुनौती, मत तुम हाथ मलो।।
चलो उठो एक नई राह पर आगे बढ़े चलो।।
साहस लेकर, संग आत्मबल बढ़ना ही होगा
जो भी बाधाएँ राहों में, लड़ना ही होगा
काँटे ही तो फूलों का नित मोल बताते हैं
जो योद्धा हैं वे तूफ़ाँ से नित भिड़ जाते हैं
मन में आशाओं को पालो, क्योंकर कभी खलो।
चलो उठो एक नई राह पर आगे बढ़े चलो।।
असफलता से मार्ग सफलता का मिल जाता है
सब कुछ होना, इक दिन हमको खुद छल जाता है
असफलता से एक नया,सूरज हरसाता है
रेगिस्तानों में मानव तो नित नीर बहाता है
साधो करमों को, गम से नही जलो।
चलो उठो एक नई राह पर चलो।।
भारी बोझ लिए देखो तुम, चींटी बढ़ती जाती है
एक गिलहरी हो छोटी पर, ज़िद पर अड़ती जाती है
हार मिलेगी, तभी जीत की राहें मिल पाएँगी
और सफलता की मोहक-सी बाँहें खिल पाएँगी
रहे दृढ़ सदा ही तुम टले से न टलो।
चलो उठो एक नई राह पर चलो।।

**प्रो.(डॉ.)शरद नारायण खरे**
**प्राचार्य**
**शासकीय जेएमसी महिला महाविद्यालय**
**मंडला (मप्र)**



## सपना

मैंने देखा था इक सपना
मुझे दिखा था बचपन अपना।
मैं बैठी मां की गोदी में
लाड लड़ाती मुझको इतना।
जब तक मां न लोरी सुनाते
मुझको तनिक भी नींद न आते।
धीरे धीरे मुझे सहलाते
आनंद आता था फिर कितना।
बचपन की दुनिया कितनी निराली
लगता थो यूं रोजे दीवाली।
अब बाते नहीं वो बचपन बाली
जोर लगो लो चाहे जितना।
मैंने देखा था इक सपना
मुझे दिखा था बचपन अपना।

**अनीता भारद्वाज**
**पालमपुर- हि. प्र.**



## तू तुझ सा न रहा....

मुद्दतों बाद तेरी तस्वीर में देखा तुझको
तू, तुझसा न रहा, कोई और सा लगा मुझको
ढूंढता फिरता रहा मैं, उस चेहरे में तुमको
जो कभी लगता रहा सिर्फ मेरा मुझको
तेरी आंखो में, ना नमी, ना वो प्यार दिखा
राह चलते एक, अजनबी सा गुमराह दिखा
हुआ करता था जो, एक मोम सा कभी
चलता फिरता आज एक पाषाण सा दिखा
खुद को, एक पत्थर सा बना डाला तुमने
प्रेम के समंदर को, बंजर सा बना डाला तुमने
तेरे हंसते हुए चेहरे में, एक उदासी देखी मैंने
खुद को नक़ली जेवर सा बना डाला तुमने
माथे पे जब भी जुल्फें गिरा करती थीं तेरी
दिल हाथ में, बस आ जाया करता था मेरा
उजड़ी तेरी जुल्फें, व रूखे चहरे को देख
दिल समंदर सा, आज भर आया था मेरा।।

**मोनिका**
**लखनऊ**



अगर इंसान का कोई अच्छा साथी है तो वो है उसकी सेहत, सेहत का साथ छूट जाए तो इंसान सभी रिश्तो पर बोझ बन जाता है

# वन्य जीवों की रक्षा सबसे बड़ी चुनौती: प्रो. मनोज मिश्र

## एमडीपीजी कॉलेज में आयोजित है वन्य जीव संरक्षण कार्यशाला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में जंतु विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस साप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत शुक्रवार को वन्य जीवों की सुरक्षा और संरक्षण पर एक संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य मनोज मिश्र ने की। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य लोगों के मध्य जागरूकता का प्रसार करना और वन्य जीवों के संरक्षण तथा उनकी रक्षा करना है। वन्य जीवों की रक्षा आज सबसे बड़ी चुनौती थी। जंतु विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ अमिता मिश्रा ने कहा कि हमें वन्य जीवों से डरने की ज़रूरत नहीं बल्कि हमें उनके संरक्षण के लिए कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को मिथक और तथ्यों के बीच का अंतर भी समझाया। वनस्पति विज्ञान विभाग प्रो. अरविंद मिश्र ने वन संरक्षण अधिनियम 1980, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972, परिस्थिति संवेदनशील क्षेत्र, मानव-वन्य जीव संघर्ष, पारिस्थितिकी



पुनःस्थापना आदि विषयों पर जानकारी दी।

जंतु विज्ञान विभाग के डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि वन्य जीवों को दुनिया भर में खतरे का सामना करना पड़ रहा है और दुनिया भर के अवैध बाज़ारों में भारत की वनस्पति और जीव जंतुओं की मांग लगातार जारी है। वन्य जीवों के अवैध व्यापार के कारण कई प्रजातियाँ लुप्त होने की कगार पर हैं। हम सबको इसके लिए उचित प्रयास करने होंगे। संगोष्ठी के बाद महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा पौधारोपण किया गया तथा छात्र-छात्राओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। उसके बाद जंतु विज्ञान विभाग में स्लोगन, वाद- विवाद एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विश्विद्यालय के विज्ञान संकाय के डीन प्रो. अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रो किरण मिश्रा, प्रो अरुण कुमार तिवारी, डा विक्रांत पटेल, विजय पांडेय, विनोद कनौजिया, अयूब आदि उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में आयोजित होगी छठी राज्यस्तरीय कूडो चैंपियनशिप

**लोकमित्र संवाद**

**दुर्गागंज।** गोरखपुर में चार से आठ अक्तूबर तक छठे राज्य स्तरीय कूडो चैम्पियनशिप का आयोजन हो रहा है। जिसमे प्रतापगढ़, आजमगढ़, गोरखपुर, कौशाम्बी, चंदौली, वाराणसी, लखनऊ, गाजीपुर, नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर, मेरठ आदि जनपद से खिलाड़ी शामिल हैं। प्रतापगढ़ से जायान, मिकाइल, यावर, रिदा, माहीन, अयान, गुफरान, हम्माद, अक्षय, आनन्द, अक्षत, रुद्र, प्रिया, शिवम आदि खिलाड़ी अपने जनपद का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में चयनित होने वाले खिलाड़ी 22 नवंबर से गुजरात में होने वाली राष्ट्रीय कूड़ो चैंपियनशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी कूड़ो एसोसिएशन प्रतापगढ़ के कोषाध्यक्ष डा तनवीर ने दी। इस प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ कूड़ो एसोसिएशन के सचिव डॉ शमीम, अध्यक्ष डा रौनक, मेंटर विजय, फिजियोथेरेपिस्ट डा0 राहुल आदि अपने टीम के साथ शामिल हैं।

# डीएलएड प्रशिक्षुओं ने वन्य जीव संरक्षण के प्रति किया जागरूक

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का उप शिक्षा निदेशक ने किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** स्काउट-गाइड प्रशिक्षण हमें आपदा के दौरान संतुलित रहना तथा टीम भावना से काम करना सिखाता है। ऐसे कार्यक्रमों की पाठ्यक्रम अंतर्गत महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त बातें शुक्रवार को उप शिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में आयोजित डीएलएड प्रशिक्षुओं के स्काउट-गाइड के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कहीं।उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से व्यक्ति में सामूहिकता, संवेदना तथा किसी कार्य के लिए प्रतिबद्धता का विकास होता है। कार्यक्रम प्रभारी डा.विवेक तिवारी, जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह ने प्रशिक्षुओं को प्रेरित किया। प्रशिक्षुओं को टेंट लगाना,बिना बर्तन खाना बनाना,विभिन्न गांठे,प्राथमिक उपचार, वर्दी को व्यवस्थित रखने का प्रशिक्षण दिया गया। संजीव शर्मा, दीपक बरनवाल, तृप्ति गुप्ता, प्रीति मौर्या ने प्रशिक्षुओं को स्काउट-गाइड संबंधी गुर सिखाए। वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए मोर, तोता, कोयल, मैना, तितली, हंस, चकोर के नाम से गाइड टोली जबकि बाघ, चीता, घोड़ा, शेर, तेंदुआ, जिराफ के नाम से स्काउट टोली बनाई गई। संचालन डा. दुर्गेश कुमार ने किया। करूणेश शुक्ल, जितेंद्र, शिव बहादुर सिंह, शिखा यादव, नूर फातिमा आदि मौजूद रहे।

# बाइक सवार विद्यालय के कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**लोकमित्र संवाद**

**कुंडा।** रायबरेली से अपने सहयोगी साथी के साथ बाइक से विद्यालय आते समय रास्ते में वाहन की टक्कर में कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मानिकपुर नगर निवासी शिशिर कुमार श्रीवास्तव उर्फ राजन (52) पुत्र प्रभात कुमार श्रीवास्तव उर्फ राम जी नवाबगंज थाना क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में शिक्षणेत्तर कर्मचारी के पद पर तैनात थे। वर्तमान समय में वह रायबरेली शहर के अमरीशपुर कॉलोनी में परिवार समेत रहते थे। जहां से वह प्रतिदिन बाइक से अपने विद्यालय के सहकर्मी साथी संजय कुमार पांडे पुत्र रामकृष्ण पांडे निवासी माधोपुर सुल्तानपुर थाना कोतवाली ऊंचाहार जनपद रायबरेली के साथ आते जाते



थे। प्रतिदिन की भांति शुक्रवार सुबह दोनों लोग बाइक से लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग से विद्यालय आ रहे थे। रास्ते में ऊंचाहार से आगे जामों कोल्ड स्टोर के समीप पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊंचाहार में भर्ती कराया गया। जहां पहुंचते ही शिशिर कुमार श्रीवास्तव की मृत्यु हो गई। घायल संजय कुमार पांडे की प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रायबरेली रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची ऊंचाहार पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिजेश श्रीवास्तव शिक्षकों के साथ अस्पताल पहुंचे। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक शिशिर कुमार के दो बेटियां व एक बेटा है। बेटा अनमोल श्रीवास्तव देहरादून में पढ़ाई कर रहा है। जबकि बड़ी बेटी इमरन बेंगलुरु में नौकरी कर रही है। छोटी बेटी करिश्मा भी पढ़ाई कर रही है।

# भूमि विवाद में मारपीट, बुजुर्ग महिला सहित चार घायल

**बाबा बेलखरनाथ धाम।** दिलीपपुर थाना के सोनाही गांव निवासी चंदिका प्रसाद का पड़ोस के संजय एवं संतोष से आबादी की जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। आरोप है कि बुधवार देर शाम लगभग सात बजे कहासुनी के बाद संजय पक्ष लोगों ने चंदिका प्रसाद के पक्ष के ऊपर लाठी डंडा से हमला कर दिया, जिससे चंदिका प्रसाद (42), श्रीराम (35), गोविन्द कुमार (45) तथा जोखना देवी (62) पत्नी मेड़ई घायल हो गईं। सूचना पर दिलीपपुर पुलिस ने सभी को उपचार एवं मेडिकल के लिए सीएचसी बेलखरनाथ धाम अस्पताल भेजा। एसओ दिलीपपुर राधेश्याम ने बताया कि सूचना मिली है, घायलों को उपचार एवं मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क किनारे गंदगी का अंबार, लोग हो रहे बीमार

## गंदगी से उठ रही है बदबू, तैनात दो सफाईकर्मी अक्सर रहते हैं लापता

**लोकमित्र संवाद**

**बाबा बेलखरनाथ।** विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के दीवानगंज से बाबा बेलखरनाथ धाम जाने वाली सड़क के पूर्वी किनारे पर आसपास की दुकानों से निकलने वाली गंदगी फेंकने की वजह से कूड़ा करकट अधिक मात्रा में इकट्ठा हो गया है। लगातार हो रही बारिश की वजह से बदबू उठ रही है ऐसे में राहगीरों के साथ-साथ आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। व्यापारियों का आरोप है कि बाजार में दो सफाई कर्मी तैनात हैं। वह सफाई करने के बजाय घूमते रहते हैं। इसी सड़क से बेलखरनाथ खंड विकास अधिकारी वीडियो पंचायत अन्य अधिकारी गुजरते हैं। ऐसा नहीं है कि उनका ध्यान



इस गंदगी की तरफ ना गया हो। इस मामले को लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

दीवानगंज बाजार के व्यापारी कृष्णकांत मिश्रा, राकेश तिवारी, बबलू शर्मा, श्रीराम सरोज, संतोष चौरसिया, संतोष गुप्ता पूर्व प्रधान, विजय गुप्ता ने खंड विकास अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सफाई कराए जाने की मांग की है।

# पचास हजार के दो इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र संवाद**

**देल्हूपुर।** बीते बृहस्पतिवार को प्रयागराज एसटीएफ की फील्ड इकाई के निरीक्षक उदयवीर सिंह मय हमराह द्वारा इलेक्ट्रानिक एवं मुखबिर सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र मानधाता के ग्राम कैला गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय सड़क के सामने से हत्या के आरोप में वांछित कलानी देल्हूपुर निवासी पचास पचास हजार के इनामिया अभियुक्त कन्हैया तिवारी उर्फ आशीष तिवारी एवं अनूप तिवारी पुत्रगण केशव तिवारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त कन्हैया तिवारी उर्फ आशीष तिवारी के पास से एक 0.315 बोर तमंचा व दो कारतूस बरामद किए गए।

# प्रमोद तथा मोना के प्रयास से एक्सप्रेस वे पर अण्डरपास को मिली मंजूरी

## आवागमन में होने वाली कठिनाईयों के समाधान पर खुश हुए ग्रामीण

**लोकमित्र संवाद**

**लालगंज।** क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के लगातार प्रयासों से अब निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे पर सड़क को यथावत बनाए रखते हुए अण्डरपास की मंजूरी की सफलता मिली है। निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र से भी गुजर रहा है। जहानाबाद लवाना मार्ग पर जहानाबाद-देवारा के बीच निर्मित हो रहे इस एक्सप्रेस वे के अर्रो के बंधवा में सड़क पर ही ऊंचा कर इसे बनाए जाने की कवायद शुरू हुई। यह जानकारी बंधवा के ग्रामीणों के साथ समीपवर्ती देवारा, कामापटटी, भरतपुर आदि के लोगों को भी हुई। इससे कई गांवों व पुरवों के किसान तथा ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। नाराज ग्रामीणों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को दी। विधायक मोना के निर्देश पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ग्रामीणों से वार्ता करने पहुंचे। इस बीच सड़क पर ही एक्सप्रेस वे बनाए जाने के प्रस्ताव पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा



विधायक आराधना मिश्रा मोना ने एक्सप्रेस वे अथारिटी से बातचीत कर इसे अनुपयुक्त प्रस्ताव ठहराया। प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने अफसरों को बताया कि सड़क पर ही ऊंचा कर एक्सप्रेस वे गुजरेगा तो बंधवा के किसानों को अपने खेतों में किसानी के लिए पहुंचना बेहद कठिन हो जाएगा। वहीं विधायक मोना ने इस प्रस्ताव पर असहमति जताते हुए कहा कि इसके चलते देवारा, कामापटटी, भरतपुर जैसी बड़ी राजस्व ग्राम पंचायतों व कई पुरवों के लोगों का रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक पहुंचना भी दूभर होगा। विधायक मोना के मुताबिक इन गांवों के लोगों को ब्लाक मुख्यालय पहुंचने के लिए तीन किलोमीटर अधिक की दूरी तय करनी पीड़ाजनक होगी। इधर नई दिल्ली में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय से भी एक्सप्रेस वे अथारिटी के इस प्रस्ताव पर कड़ी नाराजगी जतायी। विधायक मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी के बातचीत के कई दौर के बाद अब आखिर में एक्सप्रेस वे अथारिटी ने अण्डरपास की मंजूरी को हरी झंडी दिखायी है। रामपुर खास में इस करोड़ों की लागत से बनने वाले अण्डरपास की मंजूरी की जानकारी शुक्रवार को क्षेत्रीय लोगों को हुई तो वह खुशी से चहक उठे। एक्सप्रेस वे की निर्माण एजेन्सी के यूपीडा के प्रोजेक्ट मैनेजर राधेश्याम विश्वकर्मा ने विधायक मोना को इस अण्डरपास के स्वीकृत होने की फोनिक जानकारी दी। शुक्रवार को अण्डरपास की मंजूरी की जानकारी लेकर विधायक प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी बंधवा पहुंचे तो क्षेत्रीय लोग खुशी से झूम उठे। जिला पंचायत सदस्य रघुनाथ सरोज, पूर्व प्रधान संतलाल सरोज, जिपंस लालजी यादव, कमलेश मिश्र, हिमांचल तिवारी, रामकृपाल सरोज, मुन्ना सरोज आदि ने अण्डरपास की सौगात को लेकर विधायक मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मजबूत प्रयासों की सराहना की है।

# कोचिंग संस्थान में हुई मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

**लोकमित्र संवाद**

**लालगंज।** कोचिंग संस्थान में आरोपियों द्वारा गालीगलौज तथा मारपीट को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के कालाकांकर रोड निवासी मो. इस्तियाक के पुत्र मो. वासीद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपने घर पर कोचिंग संस्थान का संचालन करता है। बीती पांच अक्टूबर को दिन में तीन बजे बाइक सवार एक अज्ञात आरोपी ने कोचिंग सेण्टर में पहुंचकर गालीगलौज की। शुक्रवार को भी तहरीर में कहा गया है कि आधा दर्जन आरोपी संस्थान पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित की पिटाई कर दी। बीचबचाव में पीडित की मां रेशमा व छोटे भाई मुर्शीद आलम को भी आरोपियों ने मारापीटा। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

# सिविल जज पर वकीलों का मनमानीपूर्ण आचरण का आरोप

## लालगंज सिविल न्यायालय जूनियर डिवीजन में शुरू हुआ न्यायिक गतिरोध

**लोकमित्र संवाद**

**लालगंज।** स्थानीय दीवानी न्यायालय में विभिन्न मांगो को लेकर अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। नाराज वकीलों ने परिसर में धरना देकर सिविल जज पर मुकदमों की सुनवाई में मनमानी के आरोप भी मढ़े। वकीलों के कामकाज के बहिष्कार के चलते दीवानी अदालत में न्यायिक गतिरोध देखा गया।लालगंज स्थित सिविल न्यायालय परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र



चतुर्वेदी की अगुवाई में बैठक किया। बैठक में अधिवक्ताओं ने यह आरोप लगाया कि मौजूदा सिविल जज जूनियर डिवीजन का आचरण पूरी तरह से मनमानी के रवैये से लिप्त हो उठा है। वकीलो का कहना है कि सिविल जज के कारण विधिक कार्य समुचित ढंग से संचालित नही हो रहे हैं। उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने बैठक के बाद पारित प्रस्ताव के तहत जिला जज को संबोधित ज्ञापन सिविल जज के कार्यालय में मौजूद पेशकार को सौंपा। अधिवक्ताओं का कहना है कि न्यायालय में मुकदमों में तारीख भी देने के लिए सिविल जज समय नहीं प्रदान किया करते हैं। इसके बाद वकीलों ने कोर्ट के बाहर धरना देकर अपना विरोध प्रकट किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता पवन पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, आशुतोष सिंह, विनोद मिश्र, जान्हवी प्रताप सिंह, संजय ओझा, शिवप्रसाद यादव, दिनेश सिंह, उमेश तिवारी, अमरनाथ यादव विभूति शुक्ला, रवि शुक्ला, आशीष सिंह, रघुवीर वर्मा, कृष्णानंद तिवारी, बद्री प्रसाद पुष्पाकर आदि अधिवक्ता रहे। इस बाबत संघ के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी का कहना है कि समस्या के समाधान तक अधिवक्ता अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे।

# ब्राह्मण महासभा ने सीएचसी अधीक्षक को सौंपा शिकायती पत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मिश्र द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ में गंदगी और मरीजों के साथ हो रही लापरवाही की शिकायत अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर किया गया। प्रवीण मिश्र का आरोप है कि मरीजों से बाहर की दवाइयां मंगाई जाती हैं। मरीजों के साथ लापरवाही का आलम यह है कि प्रसूता को बेड शीट तक नही दिया जाता है। पूरे अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार लगा है। देश के मुखिया द्वारा स्वच्छ भारत मिशन चलाया जा रहा है। शिकायत पत्र देने के मौके पर विनोद, विमल सिंह, संगम विश्वकर्मा, अजय, रमेश व अन्य लोग मौजूद रहे।

**पितृपक्ष पर विशेष**

# देवताओं के समतुल्य है पितरो की मान्यता

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** धर्म शास्त्र, वैदिक परम्परा के साथ ही सामाजिक मान्यता भी यही कहता है कि किसी भी पुत्र एवं पौत्र का जीवन तभी सार्थक होता है जब वह अपने जीवित माता पिता एवं अन्य बुजुर्गो की सेवा करे। साथ ही मरणोपरान्त उनकी तेरही, बरखी तथा पितृपक्ष में उनकी तेरही, बरखी तथा पितृपक्ष में उनका श्राद्ध करे। ऐसा न करने वाले लोगो पितरो की न तो मुक्ति मिलती है न ही उनका खुद का जीवन सुखमय रहता है। हिन्दू धर्म शास्त्र की मान्यता के अनुसार पितृ को दो श्रेणियो में माना गया है। साथ ही पितरो को देवताओ के समतुल्य बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि मतक की आत्मा को तृप्त करने के लिए जौ या चावल में दूध, घी, शहद, काला तिल आदि मिलाकर उससे गोलाकृत पिण्ड बनाकर पितृपक्ष में पिण्डदान किया



जाता है। श्रद्धाभाव से पितरो का किया गया श्राद्ध उनकी आत्मा को तृप्त करता है। उन्हे मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा बदले में उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। मोक्ष मिल जाने पर पितर देवतुल्य हो जाते है। पुराणो के अनुसार यमराज की गणना पितरो के प्रधान जमात के रूप में बनाई जाती है। पितृपक्ष में पितरो के श्राद्ध के निमित्त बड़ी संख्या में लोग बिहार प्रान्त की धार्मिक नगरी गया में जाकर पिण्डदान करते है। बताया जाता है कि गया का धार्मिक स्थान गयासुर नामक राक्षस के शरीर से बना है। ब्रम्हा से देवताओ की तरह पवित्र होने का वरदान प्राप्त करने से गयासुर का प्रभाव बढ़ने लगा। लोग उसके दर्शन मात्र से पाप मुक्त होने लगे। इस वरदान से स्वर्ग की जनसंख्या बढ़ने लगी। इसलिए देवताओं ने गयासुर के प्रभाव को समाप्त करने के लिए देवताओं ने गयासुर से यज्ञ के लिए पवित्र स्थान की मांग की। गयासुर ने अपना शरीर ही देवताओं को दान कर दिया। जब वह धरती पर लेटा तो उसका शरीर पांच कोस में फैल गया। यह पांच कोस का स्थान आज गया के रूप में जाना जाता है। इसलिए यहां पर तर्पण व पिण्डदान करने से पितरो को मुक्ति प्राप्त करने का विधान है। लोक रीति के अनुसार पितृ श्राद्ध के लिए सम्पूर्ण देश में गया का स्थान सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। कहा जाता है कि गया में पिण्डदान के निमित्त 360 वेदिया है। लेकिन 48 ही प्राप्य है। इन्ही वेदियो पर लोग तर्पण व श्राद्ध करते है। गया में पिण्डदान की मान्यता में कहा जाता है कि यहां पर पिण्डदान करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# पुत्र के कल्याण के लिए महिलाओ ने रखा जीवित्पुत्रिका व्रत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पुत्रवती महिलाओ ने आज संतान के आरोग्य, दीर्घायु, मंगल एवं कल्याण के लिए आज जीवत्पुत्रिका व्रत रखा। साथ ही विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया। बाजारो में आज शुक्रवार को पूजन सामग्री की खरीददारी के लिए महिलाओं की भीड़ रही। यह व्रत महिलाओं द्वारा कृष्णपक्ष की अष्टमी को रखा जाता है। यह व्रत सप्तमी से ही शुरू हो जाता है। महिलाएं अष्टमी को व्रत रखकर नवमी को यह निर्जला व्रत समाप्त करती है। इस व्रत में भगवान श्री कृष्ण भगवान भास्कर तथा गन्धर्वो के राजकुमार जीमूत वाहन की पूजा का पारम्परिक विधान है। महिलाएं व्रत दिन नवीन वस्त्र धारण करती है। इसके बाद काष्ठ निर्मित चौकी पर पीले रंग का रेशमी वस्त्र बिछाकर उस पर भगवान श्री कृष्ण, भगवान सूर्य एवं राजकुमार जीमूत वाहन को स्थापित करती है। साथ ही मूर्ति के समक्ष अखण्ड दीप



प्रज्वलित करती है। इसके बाद देवताओं का आहवान किया जाता है। साथ ही महिलाएं पूजन, सामग्री, नैवेद्य आदि अर्पित करके पूजन सम्पन्न करती है। भगवान सूर्य को तावे के पात्र में जल, अक्षत, रोली आदि डालकर अर्ध्य अर्पित करती है। महिलाओ ने व्रत की तैयारी दो दिन पूर्व से ही शुरू कर दी थी। आज पूजन सामग्री, सेब नारियल केला एवं मौसमी फलो की खूब बिक्री हुई। आज इसकी कीमत भी बढ़ी हुई थी। इसके बावजूद महिलाएं खरीददारी कर रही थी। आज नदियो के घाटो पर भी महिलाओं की भीड़ देखी गई।

# एचआईवी से पीडित अनाथ बच्चों की सेवा करना सच्ची मानवता: रोशनलाल उमरवैश्य

## तीस बच्चों का एलायंस क्लब इंटरनेशनल ने दिया उपहार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार को सीयलसी कार्यालय में दान उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने एचआईवी से पीड़ित तीस अनाथ बच्चों को विभिन्न उपहार दिए। समाजसेवी एवं एलायंस क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि हम सब एचआईवी पीड़ित बच्चों को हर तरह से खुशियां देने के लिए समर्पित हैं। क्लब के माध्यम से गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी उपहार आदि दिए जा रहे हैं। उन्होने देखरेख करने वाली संस्था से अपील किया कि जरूरत पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल अनाथ बच्चों के साथ सदैव खड़ा रहेगा। बच्चों को बैग, कॉपी, पेंसिल, रबर, टिफिन, जमेट्री बॉक्स, पानी की बोतल और फल इत्यादि वितरित किया गया। साथ ही चालीस विधवा महिलाओं को कंबल वितरित किया गया। इस दौरान एआरटी सेंटर कोऑर्डिनेटर राकेश त्रिपाठी, काउंसलर अनिल त्रिपाठी, विवेक द्विवेदी, साधना शर्मा, दिनकर तिवारी, शिवेश शुक्ला, विवेक यादव, आदर्श कुमार, अमरनाथ, शिवकुमार पटेल, नीरज यादव, विमल यादव तथा सीएससी के सभी स्टाफ व बच्चे आदि उपस्थित रहे। संदीप यादव परियोजना संचालक ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।




## कार्यालय ग्राम पंचायत बारामाफी
## विकास खण्ड, चित्रकूटधाम कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/ग्रा0पं0/एस0बी0एम0जी0/टेण्डर 2023-24 दिनांक 05.10.2023

### अल्पकालीन निविदा

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्म/पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत बारामाफी विकास खण्ड–चित्रकूटधाम कर्वी जनपद चित्रकूट में वित्तीय वर्ष 2023–24 में ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 के अन्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ठ प्रबन्धन के अन्तर्गत साइकिल रिक्शा/ई–रिक्शा, डस्टबिन क्रय, प्लास्टिक बैंक क्रय, आर0आर0सी0 सेन्टर निर्माण हेतु एवं सोक पिट, वर्मी कम्पोस्ट पिट, सामुदायिक नाडेप तालाबों का सौन्दर्यीकरण, हैण्डपम्प सोक पिट तथा , विभिन्न स्थलों पर नाली एवं इंटरलाकिंग निर्माण हेतु आवश्यक सामाग्री तथा सीमेन्ट, बालू, सरिया, ईट, गिट्टी, टाइल्स, इण्टरलाकिंग ईट इत्यादि वित्त आयोग, एस0बी0एम0 फेज–02 (ग्रामीण) की प्राप्त धनराशि के अनुसार एवं पंद्रहवा वित्त आयोग/पंचम वित्त आयोग/मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदत निर्माण कार्य कराने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामाग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म दिनांक 06.10.2023 से 20.10.2023 के 03.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 20.10.2023 को ही ग्राम पंचायत के कार्यालय में आपराह्न 4.00 बजे फर्म स्वामियों के समक्ष/ उपस्थिति में गठित समिति ग्राम पंचायत के बैठक के समय अध्यक्ष ग्राम पंचायत की अध्यक्षता में खोली जायेंगी। आयकर कटौती एवं जी0एस0टी0 का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार किया जायेगा। जमानत राशि बान्ड/एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत बारामाफी के नाम बन्धक होगी। जो निविदाताओं के द्वारा जमा की जायेगी।

सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी एवं निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास होगा।

विभिन्न कार्यो के बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार निविदाये निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत बारामाफी से समय 10 बजे से सायं 04.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है।

(श्रीमती उर्मिला देवी)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बारामाफी
वि0ख0-चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

(श्रीकान्त)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बारामाफी
वि0ख0-चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
एम0एन0आर0 नं0 731/2023
नाम फरीकेन विजय कुमारी सिंह आदि बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम ग्राम भुपियामऊ प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 09.10.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 09.10.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम



## कार्यालय ग्राम पंचायत तरांव
## विकास खण्ड, चित्रकूटधाम कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/ग्रा0पं0/एस0बी0एम0जी0/टेण्डर 2023-24 दिनांक 05.10.2023

### अल्पकालीन निविदा

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्म/पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत तरांव विकास खण्ड– चित्रकूटधाम कर्वी जनपद चित्रकूट में वित्तीय वर्ष 2023–24 में ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 के अन्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ठ प्रबन्धन के अन्तर्गत साइकिल रिक्शा/ई–रिक्शा, डस्टबिन क्रय, प्लास्टिक बैंक क्रय, आर0आर0सी0 सेन्टर निर्माण हेतु एवं सोक पिट, वर्मी कम्पोस्ट पिट, सामुदायिक नाडेप तालाबों का सौन्दर्यीकरण, हैण्डपम्प सोक पिट तथा विभिन्न स्थलों पर नाली एवं इण्टरलाकिंग निर्माण हेतु आवश्यक सामाग्री तथा सीमेन्ट, बालू, सरिया, ईट, गिट्टी, टाइल्स, इण्टरलाकिंग ईट इत्यादि वित्त आयोग, एस0बी0एम0 फेज–02 (ग्रामीण) की प्राप्त धनराशि के अनुसार एवं पंद्रहवा वित्त आयोग/पंचम वित्त आयोग/मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामाग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म दिनांक 06.10.2023 से 20.10.2023 को 03.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 20.10.2023 को ही ग्राम पंचायत के कार्यालय में आपराह्न 4.00 बजे फर्म स्वामियों के समक्ष/ उपस्थिति में गठित ग्राम पंचायत के बैठक के समय अध्यक्ष ग्राम पंचायत की अध्यक्षता में खोली जायेंगी। आयकर कटौती एवं जी0एस0टी0 का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार किया जायेगा। जमानत राशि बान्ड/एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत तरांव के नाम बन्धक होगी। जो निविदाताओं के द्वारा जमा की जायेगी।

सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास होगा।

विभिन्न कार्यो के बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार निविदाये निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत तरांव से समय 10 बजे से सायं 4.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है।

(श्रीमती स्नेहलता)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तरांव
वि0ख0-चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

(श्रीकान्त)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तरांव
वि0ख0-चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
एम0एन0आर0नं0 493/23
नाम फरीकेन राजकुमारी बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम नि0 बहलोलपुर त0 लालगंज पो0 साहबगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 07.10.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.10.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम



## कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कौशाम्बी

पत्रांक –356 /अलवारा जलाशय/2023–24 दिनॉक–26.09.2023

### विभागीय जलाशय श्रेणी–5 की निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मा0 राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 लखनऊ की ओर से मत्स्य विभाग, उ0प्र0 के प्रबन्धनान्तर्गत जनपद कौशाम्बी के श्रेणी–5 के अलवारा जलाशय में मत्स्य पालन एवं आखेट हेतु जलाशय "जहां है जैसे है" की स्थिति में निविदा दस वर्षो हेतु (स्वीकृत तिथि से मत्स्य वर्ष की 30 जून तथा आगामी वर्षो हेतु 01 जुलाई से 30.06.2033) तक शासनादेश संख्या–765/57–मत्स्य–2000–5(69)/81 दिनॉक 08.03.2000, शासनादेश संख्या–4948/सत्रह–म–2005–5(69)/81 दिनॉक–16.01.2006, शासनादेश संख्या– 24/2018/1263/सत्रह–म–2018–5(69)/81 दिनॉक–27.08.2018 में निर्धारित शर्तो के अनुरूप एवं शासनादेश द्वारा गठित निविदा समिति के समक्ष निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | विभागीय जलाशय का नाम | क्षेत्रफल (हेक्ट0 में) | मत्स्य पालन एवं मत्स्याखेट की अवधि | प्रथम वर्ष हेतु आरक्षित मूल्य (रू0 लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | तकनीकी एवं वित्तीय निविदा खुलने की तिथियों एवं समय | बयाने की धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा का स्थल | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | अलवारा | 23.544 | 10 वर्ष (स्वीकृत तिथि से मत्स्य वर्ष 2032–33 की 30.06. 2033 तक) | 8.94 | प्रथम तिथि– 26.10.2023<br>द्वितीय तिथि– 30.10.2023<br>तृतीय तिथि– 03.11.2023 पूर्वान्ह 11:00 तक | प्रथम तिथि– 26.10.2023<br>द्वितीय तिथि– 30.10.2023<br>तृतीय तिथि– 03.11.2023 अपरान्ह 12:00 से | 0.90 | विकास भवन परिसर, मंझनपुर, कौशाम्बी | रू0 50/– (रू0 पचास मात्र) प्राप्ति स्थान कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कौशाम्बी, प्रकाशन तिथि से निविदा खुलने की तिथि के एक दिन पूर्व समय 05:00 सायं तक। |

मत्स्य वर्ष से तात्पर्य ग्रिगेरियन कैलेण्डर वर्ष की 01 जुलाई से अगले वर्ष के ग्रिगेरियन कैलेण्डर की 30 जून से है।

यदि दिनॉक 26.10.2023 को निविदा नही हो पाती या उचित मूल्य प्राप्त नही होता है, तो दिनॉक 30.10.2023 को पुनः निविदा आमंत्रण की कार्यवाही होगी एवं यदि दिनॉक 30.10.2023 को भी विभागीय तालाब की निविदा नही हो पाती है या उचित मूल्य प्राप्त नही होता है, तो दिनांक 03.11.2023 को निविदा आमंत्रण की कार्यवाही होगी। निविदा की विस्तृत शर्ते एवं अन्य जानकारियॉं निम्न कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कमरा नं0–76 व 77, विकास भवन, मंझनपुर, कौशाम्बी से किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है तथा विभागीय वेबसाइट–www.fisheries.up.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-195297 Date-04/10/2023

सहायक निदेशक मत्स्य
कौशाम्बी


## दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी के आरोपी को दस वर्ष का कारावास

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश एफ टीसी सुनीता सिंह नागौर ने दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए लल्लू निवासी महुआये जोगीपुर थाना अंतू को 10 वर्ष के कठोर कारावास और पचास हजार रूपया अर्थ दंड से दंडित किया। अर्थ दंड की राशि अंकन पचास हजार रूपया पीड़िता को प्रदान की जाएगी। वादिनी के अनुसार 19 जुलाई 2018 को रात 11:00 बजे वह और उसकी पुत्री पीड़िता एक ही चारपाई पर सो रहे थे। वह नींद में थी तभी लल्लू आया और उसकी पुत्री को सोते अवस्था में गोद में उठाकर घर के पीछे ले जाकर गलत काम कर रहा था। तभी गांव की महिला आई और शोर मचाया। तब मैं दौड़ कर पहुंची तो अभियुक्त लल्लू मेरी पुत्री को छोड़कर भाग गया और धमकी दी की अगर किसी से बताया तो जान से मार दूंगा। राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी अनिल कुमार मिश्रा ने की

# मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षकों ने भरी हुंकार

## संघर्ष समिति में अरूण अध्यक्ष व धर्मेन्द्र बने मंत्री

**लोकमित्र संवाद**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं संघर्ष समिति के सदस्यों की हुई संयुक्त बैठक में शिक्षक समस्याओं को लेकर मंथन हुआ। बैठक में विभिन्न मांगों को लेकर आगामी नौ अक्टूबर को लखनऊ में प्राथमिक शिक्षकों के धरने को लेकर रणनीतिक विचार विमर्श भी हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण करने में सरकार व प्रशासन का रवैया उपेक्षात्मक है। इसके विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ आरपार की लड़ाई लड़ेगा। बैठक का संचालन मंत्री विष्णु कुमार सिंह ने किया। बैठक में पुरानी पेंशन समेत इक्कीस सूत्रीय मांगो के समर्थन में धरने में शामिल होने का सर्वसम्मत प्रस्ताव भी पारित हुआ। इसके लिए संघर्ष समिति का भी गठन किया गया। इसके तहत आम सहमति से अरूण पाण्डेय अध्यक्ष व धर्मेन्द्र सिंह को मंत्री चुना गया। वरिष्ठ शिक्षक संजीव त्रिपाठी, दिग्विजय मौर्य, रामप्रकाश यादव, अजय त्रिपाठी, उत्कर्ष शुक्ल, शिवशक्ति मिश्र सदस्य तथा संजीव द्विवेदी मीडिया प्रभारी चयनित हुए। राजीव दुबे को संघर्ष समिति का संरक्षक चुना गया। इस मौके पर हिमांशु ओझा, अम्बरीश मिश्र, डा. दिनेश तिवारी, संजय सिंह, राजेन्द्र तिवारी, आशुतोष शुक्ल, डा. वीरेश सिंह, ओमप्रकाश सरोज, इन्दुबाला, अनीता, प्रतिभा ओझा आदि रहे।



# ब्राह्मण समाज पर हो रहे अत्याचार अब नहीं होंगे बर्दाश्त: प्रदीप शुक्ल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना द्वारा सूबे के मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से सुल्तानपुर, देवरिया, मिर्जापुर, प्रयागराज सहित अन्य जनपदों में ब्राह्मणों की लगातार हत्याओं पर आक्रोश व्यक्त किया गया। परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल ने कहा विगत दिनों सुल्तानपुर में डॉक्टर घनश्याम तिवारी की क्रूरतापूर्ण तरीके से हत्या कर दी गई। जिसमे आज तक डॉ0 घनश्याम तिवारी के परिजनों को न्याय नही मिला। अभी तक न तो मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी हुई और ना ही उचित सहायता राशि प्रदान की गई। राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा देवरिया में सत्य प्रकाश दुबे के पूरे परिवार की हत्या कर दी गई। सत्य प्रकाश दुबे के बचे हुए परिवार को संतोष जनक न्याय नही मिला ना ही सहायता राशि दी गई। कांग्रेस के सदर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर नीरज तिवारी ने आक्रोश जताते हुए कहा कि प्रयागराज में विकलांग पुजारी मणीन्द्र मणि त्रिपाठी की निर्मम हत्या हुई जिसमें आज तक प्रशासन हत्यारों का पता नही लगा सकी। इसी तरह लगातार पूरे प्रदेश में ब्राह्मण समाज पर उत्पीड़न हो रहा है। परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष अनिल पाण्डेय ने शासन प्रशासन द्वारा ठोस कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुए कहा इसीलिए इस प्रकार क्रूरतापूर्ण ढंग से ब्राह्मणों की हत्याएं की जा रही है। सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज इस इंतजार में है कि अपराधियों की संपत्ति पर बाबा का बुलडोजर चलेगा या बुलडोजर की डीजल खत्म हो जायेगा। मांग किया कि अपराधियों की गिरफ्तारी कर फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए। साथ ही पीड़ित परिजनों को उचित सहायता राशि प्रदान की जाय। अन्यथा राष्ट्रीय परशुराम सेना एवं ब्राह्मण समाज उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर मनीष दुबे, विनय मिश्र, अरुण पाण्डेय, दिनकर दुबे, रंजन शुक्ल, नवीन तिवारी, नीरज मिश्र, रामरतन तिवारी, ऋतुराज दुबे, देवमणि पाण्डेय, ओमप्रकाश तिवारी, एडवोकेट आशीष शुक्ल, विकाश शुक्ल, वेदांत तिवारी, प्रदीप पाण्डेय, दुर्गेश पाण्डेय, शिवकांत पाण्डेय सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

# सीडीओ ने लालगंज ब्लाक का किया औचक निरीक्षण



**लोकमित्र संवाद**

**लालगंज।** जिले के नवागत सीडीओ नवनीत सेहरा ने शुक्रवार को स्थानीय ब्लाक का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ के औचक निरीक्षण से ब्लाककर्मियों में खलबली मची दिखी। वहीं सीडीओ ने ब्लाक के बेलहा पहुंचकर मत्स्य पालन को लेकर निर्मित तालाब पर चहरदीवारी के निर्माण की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होनें कार्यदायी संस्था को सप्ताह भर के भीतर बाउण्ड्रीवाल के निर्माण को पूरा किये जाने के कड़े निर्देश दिये। सीडीओ ने ब्लाक के औचक निरीक्षण में अभिलेखों पर नजर डाली। उन्होनें मातहतों को साफ चेताया कि यदि विकास कार्यो के स्थलीय निरीक्षण में पारदर्शिता न मिली तो दोषी कर्मचारी व अधिकारी के खिलाफ वह बेहिचक कडी कार्रवाई करेंगे। सीडीओ ने ब्लाक परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के साथ शासन की विभिन्न ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में भी तेजी लाये जाने के तल्ख निर्देश दिये। ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज से भी मिलकर उन्होंने विकास में तेजी लाने को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा की। बीडीओ इंदुप्रकाश श्रीवास्तव ने सीडीओ को विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। इस मौके पर आलोक सिंह, उधम सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा, एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद दुबे आदि रहे।

# पूर्व विधायक श्याद अली के निधन पर शोक

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय भंगवा चुंगी पर रालोद पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ की आवश्यक बैठक पूर्वान्ह 11 बजे जिलाध्यक्ष आजाद अली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष चन्द्रबली यादव उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिवंगत पूर्व विधायक श्याद अली को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। में चन्द्रबली यादव ने बताया कि स्व. श्याद अली चौधरी अजीत सिंह के नेतृत्व में जनता दल से विधायक चुने गए थे। बाद में वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। बैठक में श्री यादव व आजाद अली स्व. श्याद अली के आवास पर जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वशीर भाई, सुनील पाण्डेय, महिपाल सिंह, राम बहादुर सरोज, अनिल सिंह, बबलू, सलमान अली, अरबाज हासमी उपस्थित रहे।

# घर से बाजार को निकला किशोर लापता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मानधाता थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मिश्रपुर मुस्तरका से बाजार जाने के लिए घर से निकला किशोर लापता हो गया।

पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बताया गया कि गांव मिश्रपुर मुस्तरका निवासी छेदीलाल सोनी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका बेटा शुभम सोनी 14 विगत 2 अक्टूबर को घर से बाजार जाने के लिए निकला था। उसी के बाद वह घर वापस नहीं लौटा है।

विगत 3 अक्टूबर को ग्राम प्रधान के पास किसी अज्ञात का फोन आया था मगर बात नहीं हो सकी थी। पीड़ित पिता ने पुलिस से मामले की जांच कराने की मांग की है।




## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **HDFC Life** द्वारा जारी पालिसी सं0 15343232 में मेरा नाम व जन्म तिथि त्रुटि पूर्ण अंकित हो गया है। रूपेश कुमार कसौधन एवं जन्मतिथि 3 मार्च 1977 के स्थान पर मेरा नाम रूपेश कुमार तथा जन्म तिथि 3 मार्च 1976 माना जाय यही शुद्ध है।

रूपेश कुमार
पुत्र- जमुना प्रसाद कसौंधन
पता- 56, बाबागंज, प्रतापगढ़, उ. प्र.



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
एम0एन0आर0 नं0 689/2023
नाम फरीकेन श्रीमती उर्मिला सिंह आदि बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम ग्राम भुपियामऊ प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 03.11.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 03.11.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


# अपर ज़िला जज ने ज़िला कारागार का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार अपर ज़िला जज /सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने ज़िला कारागार का निरीक्षण किया एवं बंदीजन को विधिक जानकारी देते हुए जागरूक किया। उप जेलर आफ्ताब अंसारी ने बताया कि जिला कारागार में आज कुल 1168 बंदी निरुद्ध है। जिसमें 1084 पुरुष, 36 महिला तथा 48 किशोर बन्दी शामिल हैं। विचाराधीन महिला बंदियों के साथ 04 बच्चे रह रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कारागार में कौशल विकास मिशन केन्द्र, पुस्तकालय, महिला बैरिक, बैरक नम्बर 3, 4, 5, 6 और बाल चक्र, पाक शाला, जेल अस्पताल, लीगल एड क्लीनिक, वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम सहित जेल परिसर की साफ सफाई, बन्दियों से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया। जेल विजिटर विश्वनाथ त्रिपाठी एडवोकेट ने बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता व प्ली बार्गेनिन्ग के बारे में जागरूक किया। जेल विजिटर ने बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास मुकदमें की पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता न हों तो ऐसे लोग प्रार्थना पत्र के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता की माँग कर सकते हैं। उन्हें इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। उप जेलर ने बताया कि जिस बन्दी द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता की मांग लिखित या मौखिक की जाती है उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की सुविधा ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से दिलाई जाती है। निरीक्षण के पूर्व बन्दीगण को सुबह का खाना दिया जा चुका था। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत रीता बनर्जी द्वारा बंदियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर चीफ लीगल डिफेन्स काउंसिल महावीर यादव, डिप्टी चीफ एलडीसीएस अभय प्रताप सिंह, असिस्टेंट लीगल डिफेन्स काउंसिल तजीन फातिमा, उप जेलर आफताब अंसारी एवं उप जेलर शारदा देवी उपस्थित रहे।

## आज आयेंगे सांसद प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह मध्यान्ह बारह बजे अगई मोड़ पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी रानीगंज बाजार, कैथौला, वीरशाहपुर, घुइसरनाथ धाम तथा लालगंज में आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# नशेड़ियों का जमावड़े से व्यापारी परेशान, पुलिस से शिकायत

**लोकमित्र संवाद**

**बाबा बेलखरनाथ धाम।** कंधई थाना क्षेत्र के दीवानगंज से बेलखरनाथ जाने वाली सड़क के किनारे मंदिर के पीछे कुएं पर सुबह शाम नशेड़ियों जमावड़ा लगता है। इससे आने-जाने वाली महिलाओं के साथ व्यापारियों में दहशत का माहौल है। कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के एक नशेड़ी चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था। व्यापारियों ने पकड़ कर पुलिस हवाले कर दिया। शाम को पुलिस ने उसे छोड़ दिया था। काफी समय से मंदिर के पीछे लगभग पंद्रह बीस नशेड़ी इकट्ठा होते हैं और नशा करने के बाद शोर शराबा करते हैं। इससे आसपास के रहने वाले लोगों और क्षेत्र से बाजार आने जाने वाली महिलाओं युवतियों को शर्मसार होना पड़ता है। बगल में ही टेम्पो का अड्डा बना दिया गया है। उसी की आड़ में पिछले कुछ महीनों से नशेड़ी बैठने लगे हैं। दीवानगंज के व्यापारियों ने इस मामले को लेकर स्थानीय पुलिस से शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे नशेड़ियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कधंई प्रदीप कुमार से बात की गई। उन्होंने बताया कि अभी तक मुझे इस मामले में कोई जानकारी नहीं है शिकायत मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।


9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 300 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर कार्रवाई के खिलाफ़ कांग्रेस मुखर, सौंपा ज्ञापन

## भाजपा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर कर रही प्रहारः अभिषेक सिंह राणा



**सुल्तानपुर।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हो रही कार्रवाई को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि पत्रकार अभिसार शर्मा समेत कई पत्रकारों व लेखकों के घर पर दिल्ली पुलिस की विशेष टीम ने छापेमारी कर उनके इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त कर लिया है। जिनमे संजय राजोरा, भाषा सिंह, उर्मिलेश तिवारी, प्रबीर पुर कायस्थ और सोहेल हाशमी के घर पर दिल्ली पुलिस की विशेष टीम ने छापेमारी कर मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिया गया है। पत्रकार व लेखकों के घर पर हो रही पुलिस द्वारा छापेमारी को लेकर कांग्रेस ने खासा नाराजगी जाहिर की है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने देश में स्वतंत्र पत्रकारों पर हो रही कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना को महामाहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि देश के पत्रकारों की स्वतंत्रता को वर्तमान भाजपा सरकार कुचलने का काम कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर पुलिस ने दिल्ली व यूपी के कई पत्रकारो व लेखको के घरों पर छापेमारी कर उन्हें डराने का काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के लोग सच्चाई को छुपाना चाहते हैं लेकिन देश की स्वतंत्र मीडिया (पत्रकार) सच्चाई देश को बताना चाहती है, और यही वजह है कि केंद्र सरकार सच्चाई को छुपाने के लिए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को प्रताड़ित कर उन्हे डरा रही है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की ताकत को देखकर भारतीय जनता पार्टी सत्ता पक्ष के लोग बौखला गए हैं, बौखलाहट इतनी बढ़ गई है कि इन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर कार्यवाही देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर राजेश तिवारी, सुब्रत सिंह सनी, शरद शुक्ल, पवन मिश्र कटांवा,नफीस फारुकी, सुनील चौहान, मानस तिवारी, शहबाज़, रणवीर सिंह, अर्श खान लकी, रब्बन हाशमी, मोहित तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# गौपालको के लिए खुशखबरी "नन्द बाबा दुग्ध मिशन"

**जौनपुर** - मुख्यमंत्री प्रगातिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत रू0 10,000 अथवा 15,000 तक का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र पाने का सुनहरा अवसर। यह योजना प्रदेश के समस्त जनपदों में लागू है। इस योजना के अन्तर्गत गिर साहीवाल, थारपारकर हरियाणा एवं गंगातीरी नस्ल की गायों का प्रतिदिन मुख्य उत्पादन उच्च स्तर का होने पर (निर्धारित मानकों के अनुसार) चयनित गौ-पालकों को रू0 10,000 अथवा 15,000 की प्रोत्साहन धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।

एक गाय के जीवन काल में केवल एक बार प्रोत्साहन का लाभ पशुपालक को, पुरस्कार गायों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ब्यात के लिए लागू है। प्रगतिशील गौपालको को अधिकतम 2 गाय प्रति पशुपालक के लिए केवल एक बार प्रोत्साहन का लाभ अनुमन्य होगा। योजना केवल व्यक्तिगत लाभार्थी हेतु अनुमन्य। आवेदन पत्र गाय की व्यात की तिथि से 45 दिन के अन्दर प्रस्तुत करना होगा।

# विद्युत विभाग की छापेमारी से बड़े बकायदारो में मचा हड़कंप



**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** पावर कॉरपोरेशन की निर्देशन पर विद्युत विभाग की टीम बल्दीराय तहसील क्षेत्र के कस्बा इसौली गांव पहुंची। जहां मेगा कैंप आयोजित कर विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया बिल के भुगतान हेतु सहूलियत दी गई, तो वही विभाग की टीम ने गांव में छापेमारी कर बकाया बिल का भुगतान न करने वाले बड़े बकायदारों का कनेक्शन काट दिया गया। बल्दीराय एसडीओ अरुण कुमार यादव की मौजूदगी में एवं जेई विनय रावत के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान से क्षेत्र में विद्युत चोरी करने व बड़े बकायदारों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग द्वारा आयोजित 'मेगा कैंप' में बिल संशोधन सहित विद्युत विभाग की अन्य समस्याओं को एक हफ्ते के भीतर निस्तारण का आश्वासन दिया, तो वही विद्युत विभाग द्वारा गांव में की गई छापेमारी से लगभग एक लाख की राजस्व वसूली की गई, तो वही अधिक बकाया बिल होने की वजह से लगभग 15 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया।

एसडीओ अरुण कुमार यादव ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को असुविधा न हो इसलिए गांवो में मेगा कैंप लगाकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को एक हफ्ते के अंदर निस्तारण किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग को धोखा देकर चोरी करने वाले उपभोक्ताओं को बक्सा नहीं जाएगा उनके ऊपर आवश्यक विधि कार्यवाही की जाएगी जिससे वह भविष्य में विद्युत चोरी करने की हिम्मत न जुटा सके। इस मौके पर अंजनी कुमार यादव, यतेंद्र कुमार श्रीवास्तव, बड़े बाबू विजय कुमार, मीटर रीडिंग अंकित यादव, विश्वनाथ यादव, लाइनमैन दुखीराम, अनिल कुमार, इश्तियाक अहमद, सावंत लाल, आदि विद्युत स्टाफ के कर्मचारी मौजूद रहे।

# फमीदा बानो प्रधानमंत्री, संजना बनी उप प्रधानमंत्री

## कंपोजिट स्कूल महादेव बाकी में बाल संसद गठन कार्यक्रम हुआ संपन्न



**बलरामपुर ।** शिक्षा क्षेत्र हरैया सतघरवा के कंपोजिट विद्यालय महादेव बाकी में बाल संसद गठन कार्यक्रम आयोजित किया गया गठन के दौरान छात्रों को भारतीय निर्वाचन व्यवस्था एवं उसके दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई ।

विद्यालय प्रधानाध्यापक तुलाराम गिरी की अध्यक्षता में बाल संसद गठन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय सहायक अध्यापक मनोज कुमार तिवारी निर्वाचन अधिकारी एवं अंकित कुमार पर्यवेक्षक के निगरानी में बाल संसद का गठन किया गया

विद्यालय के बच्चों ने भारतीय निर्वाचन प्रणाली के तहत चुनाव में प्रतिभा किया प्रधानमंत्री पद पर कक्षा 7 की छात्रा पर फमीदा बानो की छात्रा उप प्रधानमंत्री संजना को निर्विरोध चुना गया इसी क्रम में शिक्षा मंत्री सुमन देवी स्वास्थ्य मंत्री लक्ष्मी पुस्तकालय मंत्री अंशिका यादव सांस्कृतिक मंत्री उर्मिला यादव खेल मंत्री कर्मेंद्र यादव रक्षा मंत्री रोहित यादव अनुशासन मंत्री शकील खोया पाया मंत्री रवि कुमार मध्यान भोजन मंत्री अंशुमन यादव साफ सफाई मंत्री दुर्गा प्रसाद जल मंत्री शाबान को भारतीय निर्वाचन प्रणाली के तहत निर्विरोध चुना गया है छात्रों ने चुनाव प्रक्रिया में प्रतिबद्ध कर भारतीय लोकतंत्र में निर्वाचन के महत्व को समझा है इस दौरान विद्यालय सहायक अध्यापक चुनाव अधिकारी ने सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई है इस अवसर पर गीता कुमारी रमेश कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे हैं

# नर्सिंगहोम पर स्वास्थ्य विभाग का छापा बगैर पंजीकृत चल रहा था निजी अस्पताल



**नर्सिंगहोम संचालक सरकारी डाक्टर गैर जनपद में है तैनात:सूत्र ओटी, ओपीडी, लैब, वार्ड सहित सभी सुविधा उपलब्ध होने के बाद भी चल रहा था नियम विरूद्ध गंभीर बीमारी के भर्ती मिले मरीज, परंतु मौके पर एक भी चिकित्सक नही**

**सुलतानपुर।** शुक्रवार को अचानक स्वास्थ्य विभाग की टीम नवीन मंडी मार्ग स्थित चल रहे मैकवेल सनशाइन ट्रामा सेंटर नामक नर्सिंगहोम पहुंची। गहनता से जांच करने पर टीम को लैब, एनआईसीयू, ओटी, ओपीडी सहित सभी सिस्टम संचालित मिले, परंतु मौके पर एक भी चिकित्सक मौजूद नही था। सूत्र बताते है कि मैकवेल सनशाईन ट्रामा सेंटर संचालक सरकारी सेवा में गैर जनपद तैनाती पर है, टीम को जांचपरांत पता चला की उक्त नर्सिंगहोम का आंनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी थी। परंतु मौके पर एक भी चिकित्सक का ना होना, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की संसुति कर दी है। टीम में नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ.राधाबल्लभ डिप्डी सीएमओ डॉ.आमिर अहमद, वरि.लिपिक विजय राय, मो.वसीम शामिल रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम किसान सम्मान निधि के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई



**जौनपुर** – बैठक में उप परियोजना निदेशक डॉ रमेश चंद्र यादव ने अवगत कराया कि 15 अक्टूबर के बाद पीएम किसान सम्मान निधि की 15वी किस्त जारी होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिनका भी ई केवाईसी पूर्ण नहीं है उनका ई केवाईसी सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कराएं, जिन लाभार्थियों का भूमि सत्यापन नही हुआ है उनका शत-प्रतिशत सत्यापन करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर आधार सीडिंग, भूमि सत्यापन और ई-केवाइसी कराएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन कर्मचारियों के पास आधार सीडिंग से जुडे अधिक मामले लम्बित है, उनके द्वारा कैम्प लगाकर 15 दिन में एक अभियान चलाकर कार्य पूर्ण कराया जाए। सचिव, पंचायत सहायक, ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय करते हुए सीएससी केंद्रों पर भी इस कार्य को पूर्ण कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, उप परियोजना निदेशक आत्मा डा0 रमेश चन्द्र यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विकास खंड मडियाहूं की ग्राम पंचायत मुकुन्दपुर में जन चौपाल का आयोजन किया गया

**जौनपुर** - जन चौपाल में पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान विभागों के द्वारा कैम्प भी लगाया गया था जहां पर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनके आवेदन भी लिए गए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से कहा कि पात्रों का आवेदन लेकर उनका सत्यापन कराते हुए शीघ्र लाभ दिलाये। उन्होंने पंचायत सहायक को निर्देश दिया कि पंचायत भवन पर ही ग्रामीणों के आवदेन को आनलाइन करें जिससे उन्हे भटकना न पडे।

जल निगम के अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की टंकी बन रही है, फरवरी 2024 तक प्रत्येक घरों में पानी उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पाइप डालने के लिए गड्ढा सड़क के किनारे ही किया जाए सड़कों के बीचों बीच में गढ्डा न खोदे जाये। समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल के द्वारा अवगत कराया गया कि गांव में 30 लाभार्थियों को वृद्धा, 40 को विधवा एवं 10 को दिव्यांग पेंशन दिया जा रहा है। 09 खण्ड विकास अधिकारी के स्तर पर लम्बित है और आज 01 नया आवेदन प्राप्त हुआ है जिन्हे आवश्यक कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द पेंशन का लाभ दिलवा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि सुनिश्चित कराए कि गांव में कोई भी पेंशन की पेन्डेसी न रहे।जन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को विद्युत कटौती की समस्या से अवगत कराया जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि यदि तार जर्जर हो गये है तो जल्द से जल्द बदलवा दिया जाए। गांव में 752 का गोल्डेन कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत गोल्डेन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।

# नया दौर एवम नई चुनौतियां में है पत्रकारिता-प्रभातरंजन दीन




**सुल्तानपुर।** डिजिटल पर बेहतरीन खबर प्रकाशित करने के लिए संवादाता असगर को प्रख्यात पत्रकार प्रभात रंजन दीन ने अवार्ड देकर सम्मानित किया। शहर के एक निजी होटल पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रभात रंजन दीन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे।

मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रभात रंजन ने कहा कि सच बिक रहा, आज के दौर में सच स्थापित नहीं हो रहा है। पत्रकारिता नया दौर एवम नई चुनौतियां में है। उन्होंने कहा कि पूंजीवाद में हम एक मोहरा हैं।

आज के दौर में पत्रकार क्या वजीर को ध्वस्त कर पायेगा, अहम सवाल यह है। आज हमारे देश के पीढ़ियों और हम लोगों की ड्यूटी क्या है इसके लिए वर्ष 1975 के बाद संविधान में पीएम इंदिरा गांधी ने संसोधन कर कर्तव्यों का जिक्र किया। संसोधन कराया। अन्यथा हमारे संविधान में अधिकार की लाइनों का जिक्र था। वही अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना ने कहा कि एक खबर से बहुत असर पड़ता है। शब्दों का संकलन भी असर डालता है। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार नैयर के दौर का उदाहण दिया और कहा समाचार लिखने से पहले सही शब्दों का प्रयोग ही करें। कार्यक्रम में जीतेंद्र श्रीवास्तव, योगेश यादव, आशुतोष मिश्रा, राज बहादुर यादव को भी सम्मानित किया गया।

यहां उप संपादक चंद्रभान यादव, पीटीआई छत्तीसगढ़ के प्रभारी अशोक साहू, दर्शन साहू, संतोष यादव, दयाशंकर साहू, सतीश तिवारी, अब्दुल सत्तार, केके तिवारी, आशुतोष मिश्रा, योगेश यादव आदि मौजूद रहे।

# 350 भूखे जरूरतमन्दों को मुफ्त भोजन थाली बांटी



**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा प्रत्येक बृहस्पतिवार को स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालय तथा रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क भोजन वितरण का कार्य जारी है। इस बृहस्पतिवार 350 लोगो निःशुल्क भोजन की थाली बांटी गई। राज्य मेडिकल परिसर में 250 और रेलवे स्टेशन परिसर में 100 लोगो को भोजन की थाली दी गई। संघ के कार्यकर्ताओं ने अरहर की दाल, सब्जी, रोटी चावल की थाली तैयार किया था। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के अगुवाई में निःशुल्क रसोई का सन्चालन लगातार हो रहा है।

देर शाम बृहस्पतिवार को ओमप्रकाश गौड़, अध्यक्ष, चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश जिला शाखा सुलतानपुर, अध्यक्ष राज्य कर्मचारी कल्याण समिति चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सुल्तानपुर ने मुफ्त भोजन वितरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा हर बृहस्पतिवार को अस्पताल में मरीजो तीमारदारो एव रेलवे स्टेशन पर भूखें यात्रियों जरूरतमन्दों को मुफ्त खाना बाटना बहुत ही नेक व सराहनीय कार्य है। उन्होंने समाज के सम्पन्न और युवाओं से इस कार्य मे बढ़चढ़ कर सहयोग करने अपील किया। जिससे जो बृहस्पतिवार को एक दिन भोजन वितरण किया जा रहा है सप्ताह के प्रत्येक दिवस को निःशुल्क भोजन वितरित किया जा सके। इस पुनीत कार्य के प्रमुख सहयोगियों में प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ शादाब खान, राशिद टेलर, आतिफ़ खान, राशिद मास्टर, आसिफ खान, अमानत खान, सराफ्त खान, अरशद मुज़तबा अंसारी, गुरुप्रीत सिंह, अतहर खान, अबरार खान, अफ़ज़ल खान, आदर्श मिश्रा, अजलान, यूसुफ खान, निज़ाम खान आदि लोग निःशुल्क भोजन वितरण में अपना योगदान दिया।

# चार्ज लेते अरविंद पांडेय ने दिखाई शानदार पुलसिंग, कई मामलों का किया खुलासा




**सुलतानपुर।** लंबे समय के बाद रेलवे पुलिस ने बहतर पुलिसिंग दिखाई है,लगातार ट्रेनों में होने वाले अपराध पर अंकुश लगाने के लिए नव-नवेले जीआरपी थानाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने चार्ज लेते ही कई मामले का खुलासा करते हुए अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों को धर दबोचा। बीते सप्ताह थानाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने यात्रियों के फोन और सामानों पर हांथ साफ करने वालो पर कार्यवाई अरते हुए उन्हें जेल रवाना किया था,बीते बुद्दवार को थानाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने बिहार प्रदेश के रहने वाले मो.सज्जाद कुरैशी को दबोचा। जमा तलाशी पर उसके पास से एक मोबाईल बरामद हुआ, पूंछतांछ में सज्जाद ने अपना जुर्म कबूल करते हुए मोबाईल चोरी करना स्वीकार किया,एसओ जीआरपी अरविंद पांडेय ने बताया कि विभागीय उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश में रेलवे पुलिस अपराधियों के विरूध अभियान चला रही है। वांछित व इनामियों की भी कुंडली खंगाली जा रही है, श्री पांडेय ने कहाकि अपराधियों के लिए दो टूक शब्दों में कह रहा हूं, कि रेल और रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्ति यदि दिखाई दिया तो उसे बख्शा नही जाएगा।

# टीबी मुक्त पंचायत एवं फैमिली केयर गिवर का प्राशिक्षण



**सुलतानपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में मुख्य जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ.आर के कन्नौजिया, स्टेट टीबी सेल लखनऊ की डब्लूएचओ कंसलटेंट डॉ. अश्वनी पंकज, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लाल जी, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. रमेश यादव, वरिष्ठ उपचार प्रवेक्षक सुरेश कुमार की उपस्थिति में टीबी मुक्त पंचायत करने के उद्देश्य से किया गया। जिसमे जनपद के समस्त एडीओ पंचायत, टीबी पर्यवेक्षक, पीपीएम, बीसीपीएम हर ब्लॉक से तीन सदस्यों को मास्टर ट्रैनर का प्रशिक्षण दिया गया। समग्र ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प पंचायती राज विभाग द्वारा लिया गया है, जिसमे टीबी से ग्रसित व्यक्ति के लिए उपलब्ध सेवाएं और सहायता प्रदान करना, और ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (जीपीडीपी )में टीबी को शामिल करना है, टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाना, ग्राम समितियों और बैठकों के माध्यम से कार्यक्रम सेवाओं की निगरानी करना है। प्रशिक्षण फ्हीम अहमद डीपीपीएमसी द्वारा दिया गया।

# अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में जीआईसी दारी चौरा को हराकर फातिमा स्कूल रहा चैंपियन

**बलरामपुर ।** माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता डीआईओएस की निगरानी में सपोर्ट स्टेडियम में अंडर-19 बालक वर्ग क्रिकेट सेमी फाइनल एवं फाइनल का आयोजन किया गया जिसमें फातिमा स्कूल बलरामपुर चैंपियन रही है । स्पोर्ट स्टेडियम में अंडर-19 बालक वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में कुबेरमाती पांडे मेमोरियल इंटर कॉलेज एवं डीएवी इंटर कॉलेज के मध्य खेला गया जिसमें डीएवी इंटर कॉलेज में कुबेरमाती इंटर कॉलेज को 17 रनों से हराकर फाइनल पहुंची सेमीफाइनल में फातिमा स्कूल एवं बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज को 5 विकेट से पराजित किया फाइनल मैच का आयोजन फातिमा स्कूल एवं राजकीय इंटर कॉलेज दरी चौरा के मध्य खेला गया जिसमें फातिमा की टीम दो विकेट खोकर 28 रनों के सहयोग से विजेता रही है चैंपियन टीम को शील्ड एवं मैडल देकर मुख्य अतिथि अजय सिंह ने सम्मानित किया है विशिष्ट अधिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के फादर अरुण मॉरिस रहे हैं उन्होंने कहा कि इच्छा के साथ-साथ छात्रों में खेल प्रतिभा भी जरूरी है अतिथियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है खेल संयोजक बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज प्रिंसिपल हेमंत कुमार तिवारी खेल कोच उमेश तिवारी सोहेल पंकज पांडे अर्पण पांडे योगेश यादव मोहम्मद शाहिद नवीन पाल सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे हैं।

# कृष्ण रूक्मणी विवाह की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

**चित्रकूट ब्यूरो:** बलदाऊ मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक आचार्य पारस कृष्ण शास्त्री महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथा के दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता व सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने भगवद्गीता की आरती उतारी और कथा का रसपान किया।

कथावाचक पारस कृष्ण शास्त्री ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं, उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है।



यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने महारास लीला श्री उद्धव चरित्र, श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत रुप से कथा सुनाई। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गई। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गई। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया।

इस मौके पर सभासद लवकुश यादव, विनीत पयासी, हरिनारायण तिवारी, संतोष बाजपेई, अनिल कुमार, अभय सिंह, अभिषेक सोनी, बब्बू भारद्वाज, कमल भारद्वाज, राजू भारद्वाज आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बारामाफी
## विकास खण्ड, चित्रकूटधाम कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/ग्रा0पं0/एस0बी0एम0जी0/टेण्डर 2023-24 दिनांक 05.10.2023

### अल्पकालीन निविदा

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्म/पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत बारामाफी विकास खण्ड-चित्रकूटधाम कर्वी जनपद चित्रकूट में वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ठ प्रबन्धन के अन्तर्गत साइकिल रिक्शा/ई-रिक्शा, डस्टविन क्रय, प्लास्टिक बैंक क्रय, आर0आर0सी0 सेन्टर निर्माण हेतु एवं सोक पिट, वर्मी कम्पोस्ट पिट, सामुदायिक नाडेप तालाबों का सौन्दर्यीकरण, हैण्डपम्प सोक पिट तथा, विभिन्न स्थलों पर नाली एवं इंटरलाकिंग निर्माण हेतु आवश्यक सामाग्री तथा सीमेन्ट, बालू, सरिया, ईट, गिट्टी, टाइल्स, इण्टरलाकिंग ईट इत्यादि वित्त आयोग, एस0बी0एम0 फेज-02 (ग्रामीण) की प्राप्त धनराशि के अनुसार एवं पंद्रहवा वित्त आयोग/पंचम वित्त आयोग/मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदत निर्माण कार्य कराने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामाग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म दिनांक 06.10.2023 से 20.10.2023 के 03.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 20.10.2023 को ही ग्राम पंचायत के कार्यालय में आपराह्न 4.00 बजे फर्म स्वामियों के समक्ष/ उपस्थिति में गठित समिति ग्राम पंचायत के बैठक के समय अध्यक्ष ग्राम पंचायत की अध्यक्षता में खोली जायेंगी। आयकर कटौती एवं जी0एस0टी0 का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार किया जायेगा। जमानत राशि बान्ड/एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत बारामाफी के नाम बन्धक होगी। जो निविदाताओं के द्वारा जमा की जायेगी।

सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी एवं निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास होगा।

विभिन्न कार्यो के बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार निविदाये निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत बारामाफी से समय 10 बजे से सायं 04.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है।

(श्रीमती उर्मिला देवी)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बारामाफी
वि0ख0-चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

(श्रीकान्त)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बारामाफी
वि0ख0-चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट



## कार्यालय ग्राम पंचायत तरांव
## विकास खण्ड, चित्रकूटधाम कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/ग्रा0पं0/एस0बी0एम0जी0/टेण्डर 2023-24 दिनांक 05.10.2023

### अल्पकालीन निविदा

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्म/पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत तरांव विकास खण्ड- चित्रकूटधाम कर्वी जनपद चित्रकूट में वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ठ प्रबन्धन के अन्तर्गत साइकिल रिक्शा/ई-रिक्शा, डस्टबिन क्रय, प्लास्टिक बैंक क्रय, आर0आर0सी0 सेन्टर निर्माण हेतु एवं सोक पिट, वर्मी कम्पोस्ट पिट, सामुदायिक नाडेप तालाबों का सौन्दर्यीकरण, हैण्डपम्प सोक पिट तथा विभिन्न स्थलों पर नाली एवं इण्टरलाकिंग निर्माण हेतु आवश्यक सामाग्री तथा सीमेन्ट, बालू, सरिया, ईट, गिट्टी, टाइल्स, इण्टरलाकिंग ईट इत्यादि वित्त आयोग, एस0बी0एम0 फेज-02 (ग्रामीण) की प्राप्त धनराशि के अनुसार एवं पंद्रहवा वित्त आयोग/पंचम वित्त आयोग/मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामाग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म दिनांक 06.10.2023 से 20.10.2023 को 03.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 20.10.2023 को ही ग्राम पंचायत के कार्यालय में आपराहन 4.00 बजे फर्म स्वामियों के समक्ष/ उपस्थिति में गठित ग्राम पंचायत के बैठक के समय अध्यक्ष ग्राम पंचायत की अध्यक्षता में खोली जायेंगी। आयकर कटौती एवं जी0एस0टी0 का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार किया जायेगा। जमानत राशि बान्ड/एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत तरांव के नाम बन्धक होगी। जो निविदाताओं के द्वारा जमा की जायेगी।

सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास होगा।

विभिन्न कार्यो के बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार निविदाये निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत तरांव से समय 10 बजे से सायं 4.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है।

(श्रीमती स्नेहलता)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तरांव
वि0ख0-चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

(श्रीकान्त)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तरांव
वि0ख0-चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट



## कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कौशाम्बी

पत्रांक -356 /अलवारा जलाशय/2023-24 दिनॉक-26.09.2023

### विभागीय जलाशय श्रेणी-5 की निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मा0 राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 लखनऊ की ओर से मत्स्य विभाग, उ0प्र0 के प्रबन्धनान्तर्गत जनपद कौशाम्बी के श्रेणी-5 के अलवारा जलाशय में मत्स्य पालन एवं आखेट हेतु जलाशय "जहां है जैसे है" की स्थिति में निविदा दस वर्षों हेतु (स्वीकृत तिथि से मत्स्य वर्ष की 30 जून तथा आगामी वर्षो हेतु 01 जुलाई से 30.06.2033) तक शासनादेश संख्या-765/57-मत्स्य-2000-5(69)/81 दिनॉक 08.03.2000, शासनादेश संख्या-4948/सत्रह-म-2005-5(69)/81 दिनॉक-16.01.2006, शासनादेश संख्या- 24/2018/1263/सत्रह-म-2018-5(69)/81 दिनॉक-27.08.2018 में निर्धारित शर्तो के अनुरूप एवं शासनादेश द्वारा गठित निविदा समिति के समक्ष निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है:-

| क्र0 सं0 | विभागीय जलाशय का नाम | क्षेत्रफल (हेक्ट0 में) | मत्स्य पालन एवं मत्स्याखेट की अवधि | प्रथम वर्ष हेतु आरक्षित मूल्य (रू0 लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | तकनीकी एवं वित्तीय निविदा खुलने की तिथियों एवं समय | बयाने की धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा का स्थल | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | अलवारा | 23.544 | 10 वर्ष (स्वीकृत तिथि से मत्स्य वर्ष 2032-33 की 30.06.2033 तक) | 8.94 | प्रथम तिथि- 26.10.2023 द्वितीय तिथि- 30.10.2023 तृतीय तिथि- 03.11.2023 पूर्वान्ह 11:00 तक | प्रथम तिथि- 26.10.2023 द्वितीय तिथि- 30.10.2023 तृतीय तिथि- 03.11.2023 अपरान्ह 12:00 से | 0.90 | विकास भवन परिसर, मंझनपुर, कौशाम्बी | रू0 50/- (रू0 पचास मात्र) प्राप्ति स्थान कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कौशाम्बी, प्रकाशन तिथि से निविदा खुलने की तिथि के एक दिन पूर्व समय 05:00 सायं तक। |

मत्स्य वर्ष से तात्पर्य ग्रिगेरियन कैलेण्डर वर्ष की 01 जुलाई से अगले वर्ष के ग्रिगेरियन कैलेण्डर की 30 जून से है।

यदि दिनॉक 26.10.2023 को निविदा नही हो पाती या उचित मूल्य प्राप्त नही होता है, तो दिनॉक 30.10.2023 को पुनः निविदा आमंत्रण की कार्यवाही होगी एवं यदि दिनॉक 30.10.2023 को भी विभागीय तालाब की निविदा नही हो पाती है या उचित मूल्य प्राप्त नही होता है, तो दिनांक 03.11.2023 को निविदा आमंत्रण की कार्यवाही होगी। निविदा की विस्तृत शर्ते एवं अन्य जानकारियॉ निम्न कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कमरा नं0-76 व 77, विकास भवन, मंझनपुर, कौशाम्बी से किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है तथा विभागीय वेबसाइट-www.fisheries.up.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-195297 Date-04/10/2023

सहायक निदेशक मत्स्य
कौशाम्बी



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
एम0एन0आर0 नं0 731/2023
नाम फरीकेन विजय कुमारी सिंह आदि बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम ग्राम भुपियामऊ प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 09.10.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 09.10.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
एम0एन0आर0नं0 493/23
नाम फरीकेन राजकुमारी बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम नि0 बहलोलपुर त0 लालगंज पो0 साहबगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 07.10.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.10.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


## पुलिस अधीक्षक ने ली शुक्रवार परेड की सलामी
## पुलिस लाइन में भ्रमण कर किया शाखाओं का निरीक्षण

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड की गुणवत्ता का अवलोकन किया व सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिये।परेड निरीक्षण के बाद एसपी ने पुलिस लाइन मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बैरिक का निरीक्षण कर साफ सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर पुलिस लाइन में विभिन्न स्थानों पर होने वाले मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्यो की समीक्षा की ताकि जल्द से जल्द इन कार्यवाहियों को सम्पन्न कराया जा सके। साथ ही निर्माणाधीन बिल्डिंग के ठेकेदार से वार्ता कर निर्माण कार्य शीध्र सम्पन्न करने के लिए कहा। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स, राजापुर निष्ठा उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, उप निरीक्षक एपी रामदीन आदि मौजूद रहे।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **HDFC Life** द्वारा जारी पालिसी सं0 15343232 में मेरा नाम व जन्म तिथि त्रुटि पूर्ण अंकित हो गया है। रूपेश कुमार कसौधन एवं जन्मतिथि 3 मार्च 1977 के स्थान पर मेरा नाम रूपेश कुमार तथा जन्म तिथि 3 मार्च 1976 माना जाय यही शुद्ध है।

रूपेश कुमार
पुत्र- जमुना प्रसाद कसौंधन
पता- 56, बाबागंज, प्रतापगढ़, उ. प्र.



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
एम0एन0आर0 नं0 689/2023
नाम फरीकेन श्रीमती उर्मिला सिंह आदि बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम ग्राम भुपियामऊ प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 03.11.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 03.11.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


# अंतर्जनपदीय पशु चोर गिरफ्तार
## घटना में प्रयुक्त बोलेरो व तमंचा बरामद

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द ने बताया कि थाना भरतकूप पुलिस टीम द्वारा वांछित चल रहे अंतर्जनपदीय पशु चोर को घटना में प्रयुक्त की गई बोलेरो गाड़ी व अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।




उल्लेखनीय है कि बीते 10 अगस्त को वादिया सावित्री देवी पत्नी राजाराम पांडेय निवासी ग्राम हरिहरपुर थाना भरतकूप ने सूचना दी कि रात्रि में उसके दरवाजे से एक भैंस व एक पड़िया अज्ञात लोग लाद कर भाग गए। सूचना पर थाना भरतकूप में अज्ञात चोर के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उप निरीक्षक इमरान खान को सौंपी गयी थी। विवेचना के दौरान उप निरीक्षक इमरान खान और आरक्षी मयंक तिवारी द्वारा भरथौल पुलिया के पास से चोरी हुई भैंस व पड़िया को पिकअप चालक अरुण कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया था। घटना के समय पिकअप के साथ चोरी करने आए आरोपी बोलेरो से भाग गए थे।

शुक्रवार को घटना को अपने साथियों के साथ अंजाम देने वाला मुख्य सरगना नाजिम पुत्र लल्लन निवासी हरदो नट डेरा थाना खागा जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे सेघटना में प्रयुक्त की गई बोलेरो, तमंचा बरामद किया गया। अवैध तमंचा व कारतूस बरामदगी के सम्बन्ध में आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। आरोपी ने पूंछतांछ में बताया कि वह अपने सहयोगियों के साथ बांदा, चित्रकूट, कौशांबी आदि जिलों में पिकअप एवं बोलेरो के माध्यम से पशुओं की चोरी करते हैं। घटना करने वाले उसके साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

# भाकियू ने धूमधाम से मनाई चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की जयंती

**लोकमित्र(ब्यूरो)**
**चित्रकूट:** भारतीय किसान यूनियन चित्रकूट किसान मसीहा बाबा चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाई। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में किसान मसीहा बाबा चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की जयंती भीमराव अंबेडकर इण्टर कालेज बरवारा में सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह द्वारा सम्पन्न कराया गया।

मण्डल अध्यक्ष कमल नयन पटेल ने बताया कि बाबा टिकैत ने किसानों के लिए मंचन दिया। किसानों का शोषण सरकार द्वारा किया जा रहा है। आजादी के बाद कर्मचारियों का वेतन तीन सौगुना बढ़ गया लेकिन किसान की फसल का दाम आज भी वही है आजाद भारत मे सत्तर रुपये सेलरी पाने वाला आज सत्तर हजार पा रहा है। किसान का गेंहू का दाम दो हजार रुपए है। स्वतंत्र भारत में आज की




सरकार एम एस पी की गारंटी योजना को लागू नही कर रही। चुनावी मुद्दा था कि हम किसानों की आय दो गुनी करेंगे, लेकिन 2024 आने को है अभी तक आय दो गुनी नही हुई। जुमले बाज सरकार किसानों के प्रति सनबेदन शील नही है। किसानों के साल भर का आन्दोल का किया वादा भी नही निभा रही। सरकार किसानों की समस्या जस की तस बनी हुई है। अन्ना प्रथा, गन्ना का भुगतान, बिजली भुगतान आदि समस्याओं को लेकर समस्याओं पर किसान मुकर रही हैं। आज देश का किसान वर्तमान सरकार को धोखा बाज सरकार से नवाज रही है।

जिस देश का मुखिया किसानों के प्रति संवेदनशील नही है, उस देश का किसान ही देश को खिलाने का काम कर रहा है। आज देश मे किसानों के साथ हो रहे शोषण की निंदा करता है सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले के किसानोंको समय से खाद पानी निहि मिल पा रहा है ऐसे में सरकार घोषणा करती हैं कि सरकार किसान प्रिय है ऐसी में सरकार को किसान जवाब देगा

किसानों के मसीहा बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की जयंती समारोह में आज सैकड़ो की संख्या में नवयुवक किसान साथियो ने भारतीय किसान यूनियन की सदयस्ता ग्रहण करते हुए किसानों की हक और अधिकार की लड़ाई के लिए शपथ लेते हुए सदयस्ता ग्रहण की।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल बघेल, राममूरत नामदेव, अमित, राजकिशोर, राजकुमार, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**लोकमित्र(ब्यूरो)**
**चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश कौंग्रेस समिति के निर्देश पर शुक्रवार को जिला कौंग्रेस समिति के अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस द्वारा प्रेस मीडिया के पत्रकारों पर की गई कार्रवाई के विरोध में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कर्वी को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि जब से भाजपा सरकार केन्द्र बैठी है लोकतंत्र का गला घोट रही। जिस तरह से मीडिया, समाचार पत्रों को दबाने का काम कर रही है। जिस प्रकार से न्यूज क्लिक के प्रधान संपादक और उनसे जुड़े हुए पत्रकारों को दिल्ली पुलिस द्वारा पकड़ा जाना, उनके लैपटॉप, मोबाइल जप्त करना संविधान में दिए गए अधिकारों का हनन करना है।

अगर सरकार के खिलाफ कोई आवाज उठाता है, उस आवाज को सरकार दबाने का काम करती है। जिसकी कौंग्रेस समिति घोर निंदा करती है और राष्ट्रपति से मांग करती है कि केन्द्र द्वारा की गई इस कार्रवाई को तुरंत बंद किया जाए, नहीं तो कौंग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

इस मौके पर शिव गुलाम वर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, पवन, रजक, अतुल तिवारी, धीर सिंह, निर्मला भारती, आशीष मिश्रा, अजीत मिश्रा, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## देवर ने पुत्रों संग मामूली विवाद में भाभी को पीटा

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली क्षेत्र के पकसराई गांव में शुक्रवार की सुबह देवर ने पुत्रों संग मामूली विवाद में भाभी को पीट दिया। पिटाई से महिला को काफी चोटें आईं। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने जाकर चार लोगों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।पकसराई गांव की विपती देवी पत्नी बच्चूलाल के अनुसार उसने अपने हिस्से की जमीन पर चार महुआ के पेड़ लगाया था।उसके देवर ने उन पेड़ों पर कब्जा कर लिया। जानकारी होने पर उसने देवर से विरोध जताते हुए कब्जा छोड़ने को कहा। शुक्रवार की सुबह इससे भन्नाया उसका देवर अपने तीन पुत्रों के साथ उसके घर आया और गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि गाली गलौज का विरोध करने पर उन्होंने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से विपती को काफी चोटें आई।

## 11 साइबर अपराध पीड़ितों की वापस लौटाई गई रकम

**चित्रकूट:** वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आम जनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी कार्यालय शिवप्रकाश सोनकर के पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह तथा आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी प्रशांत कुमार द्वारा 11 साइबर अपराध पीड़ित व्यक्तियों के कुल 3,89,679 रुपये उनके खातों में वापस कराये गये। वर्तमान में आम जनमानस द्वारा बैंक आने जानें व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने के लिये व भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के क्रम में आम जनमानस भी ऑनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं, लेकिन इस कार्य में जरा सी असावधानी होने पर कई लोग साइबर ठगी का शिकार भी हो रहे है। अतः ऑनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे। व्यक्तियों को यह जानकारी जरुरी है कि इससे साइबर ठगी का शिकार भी हो सकते है, लेकिन इसकी सावधानी अपनाने से साइबर ठगी से बचा जा सकता है। किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नंम्बर 1930 पर तुरंत कॉल कर कम्पलेंट रजिस्टर करें या थाना के साइबर हेल्प डेस्क को तत्काल सूचना दें।

## सदगुरु नेत्र चिकित्सालय में 38 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाडा का हुआ समापन

**चित्रकूट:** नेत्र चिकित्सा के लिए अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध संस्थान सदगुरु नेत्र चिकित्सालय में 38 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े का समापन हुआ। इस अवसर पर चिकित्सालय के अंतर्गत संचालित सदगुरु आई बैंक एण्ड कार्निया रिसर्च सेंटर के तत्वावधान में आम जनमानस में नेत्रदान के प्रति जागृति लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन पखवाड़े के दौरान किया गया।

प्रतियोगिता में विभिन्न विभाग के कार्यकर्ताओं एवं शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। नेत्रदान पखवाड़े पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं कविता प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, ऑनलाइन संभाषण प्रतियोगिता, जन-जागृति रैली, ऑनलाइन सेमीनार आदि का आयोजन विभिन्न अवसरों किया गया।

## नाबालिक के साथ अश्लील हरकतें करने का दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 10 साल की कैद

**चित्रकूट:** नाबालिक बहन के साथ अश्लील हरकतें करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी ममेरे भाई को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार रूपए अर्थण्ड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बरगढ़ थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार बीती 1 मार्च 2017 की शाम लगभग 9 बजे घर से खाना खाकर वह रखवाली करने के लिए अपने खेतों की ओर चला गया था। घर में उसकी पुत्री और पुत्र थे। घर के ठीक सामने रहने वाले उसके मामा के लड़के का घर है। इस दौरान रात लगभग 10 बजे मामा के लड़के ने उसकी लड़की से पीने के लिए पानी मांगा, जिसपर वह पानी लेकर देने के लिए उसके दरवाजे पर गई। जहां मामा के लडके ने लड़की को अपने कमरे के अन्दर खींच लिया और अपनी पलंग पर पटक दिया। इस दौरान लड़की के चिल्लाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। साथ ही सूचना मिलने पर वह भी खेत से आ गया। जिसके बाद लड़की ने पूरी घटना की जानकारी दी और उसने थाने जाकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने निर्णय सुनाया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

## दुर्गापूजा, नवरात्रि, दशहरा, दीपावली आदि त्यौहारों के दृष्टिगत शान्ति-समिति की बैठक आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** दुर्गापूजा, नवरात्रि, दशहरा, दीपावली आदि त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा, शान्ति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना परिसर में प्रबुद्धजनों, धर्मगुरुओं एवं गणमान्य-संभ्रांत व्यक्तियों के साथ शान्ति-समिति की बैठक आयोजित की गई।शांति कमेटी की बैठक में उपजिलाधिकारी आशुतोष राय ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान क्षेत्र में बिना अनुमति के कोई भी मूर्ति स्थापित नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में नवरात्रि का पर्व शुरू होने वाला है।उन्होंने कहा कि यदि कोई भी आराजक तत्व सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करता है,तो इसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित पुलिस थाना को दे।क्षेत्राधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि आने वाले पर्व पर कोई भी नई परंपरा नहीं डाली जाएगी और सभी लोग पूर्व की भांति शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाएंगे।सीओ ने कहा कि डीजे की आवाज अस्सी डिसेबल से ज्यादा पाए जाने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।वही दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों अपनी मांगों को रखते हुए कहा कि रात के समय होने वाली बिजली कटौती को रोका जाये ताकि रात के समय होने वाली आरती में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। इसके आलावा दुर्गा पंडालों, जहां पर सजाया जा रहा है,वहां पर रात के समय पुलिस की व्यवस्था की जाये।दोनो अधिकारियों ने क्षेत्र को बेहतर व्यवस्था देने का आश्वाशन दिया है।इस मौके पर कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल,नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रशेखर रस्तोगी,पूर्व चेयरमैन चौधरी असफाक,मुरारी साहू,विपिन कौशल,तनवीर,मोनू सिंह,असरफ मेवाती आदि लोग मौजूद रहे।

## भारतीय वायुसेना दिवस के 91वे स्थापना दिवस पर सभी वायुवीरो को किया गया याद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भारतीय वायु सेना का आदर्श वाक्य नभः स्पृशं दीप्तम् अर्थात टच द स्काई विद ग्लोरी है।गीता के ग्यारवहें अध्याय से लिया गया है और यह महाभारत के महायुद्ध के दौरान कुरूक्षेत्र की युद्धभूमि में भगवान श्री ऋष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश का एक अंश है। 8 अक्टूबर, को वायु सेना दिवस मनाया जा रहा है, क्योंकि इसी दिन, भारत में वायु सेना को आधिकारिक तौर पर 1932 में यूनाइटेड किंगडम की रॉयल एयर फोर्स की सहायक सेना के रूप में स्थापित किया गया था. पहला ऑपरेशनल स्क्वाड्रन अप्रैल, 1933 में अस्तित्व में आया, जब छह अधिकारियों और 19 हवाई सिपाहियों द्वारा शुरू की गई थी। इसका मुख्यालय नई दिल्ली हैं। इसका सबसे बड़ा अधिकारी एयर चीफ मार्शल होता है। वर्तमान में वायुसेना में लगभग 2लाख जवान एवं 1500 लड़ाकू विमान है।लड़ाकू सुखोई-30 एमकेआइ, मिराज 2000, मिग-29, मिग-21, एचएएल तेजस, राफेल हैलीकॉप्टर, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआइ-25/25, एचएएल लाइट कॉम्बैट हैलीकॉप्टर, एचएएलउपस्थित साधक, संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय, योग प्रशिक्षक बृजमोहन,बृजेश कुमार सिंह, जंग जीत सिंह, रविंद्र सिंह, सन्तोष त्रिपाठी, रमानाथ सिंह, आरके सिंह, विजय सिंह बघेल, सुमित अग्रहरि, पिंकू सिंह, महेश सिकरिया, कृष्ण कांत, राकेश मौर्य, नूरजहां बानो, अतुल पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ ने संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण व सही उपचार के लिए प्रधानों से की अपील

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने ग्राम प्रधानों से अपील की है कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा त्वरित एवं सही उपचार के दृष्टिगत पूर्व के वर्षो की भांति इस वर्ष भी 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक एवं दस्तक अभियान 10 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक व्यापक अभियान चलाया जाना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में संचालित की गयी सभी गतिविधियों को पुनः विस्तृत कार्ययोजना बनाकर संचालित किया जाना है। जिसमें अभियान के दौरान आप अपनी ग्राम पंचायत में नोडल होगें और आपका दायित्व होगा कि जनसम्पर्क तथा जनजागरण के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित रखना है तथा ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, हाथ धोना, शौचालय की साफ-सफाई तथा घर से जल निकास हेतु जन-जागरण के लिए प्रचार-प्रसार किया जाये। वी0एस0एच0एन0सी के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों के रोक-थाम हेतु ''क्या करे क्या न करें'' का सघन प्रचार-प्रसार किया जाये। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए उथले हैण्डपम्पों को लाल रंग से चिन्हित कर जनता को उनका प्रयोग न करने के लिए जागरूक करें तथा खराब इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्पों की मरम्मत एवं निरंतर क्रियाशील रखना एवं उनके चारों और पक्का चबूतरा बनवाना। व्यक्तिगत वाटर फिल्टर तथा वाटर पम्प युक्त ट्रैक, टाइप स्टैण्ड पोस्ट की स्थापना (माइक्रो फाइनेंस योजनाओं के द्वारा) करें। पेयजल स्त्रोतों/संसाधनों से शौचालयों की दूरी के उपाय, शौचालयोंध्सीवर से पेयजल प्रदूषित न होने देने के लिए आवश्यक उपाय करें।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा है कि वेक्टर कन्ट्रोल के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा फण्ड से एन0टी0 लार्वा छिड़काव की व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी हाई रिक्स क्षेत्रों की सूची में उल्लिखित स्थानों पर सघन वेक्टर नियन्त्रण एवं संवेदीकरण गतिविधियां सम्पादित कराये। झाड़ियों की काट-छाट का कार्य करवाना। वातावरणीय स्वच्छता के लिए जल निकासी एवं साफ-सफाई, वाटर सिल्ड शौचालयों की आवश्यकता, ग्राम स्तर पर कचरा निस्तारण एवं प्रबंधन व्यवस्था का विकास। संक्रमण तथा जल प्रदूषण की उत्तरदायी खुली नालियों को ढकना। ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ेदानों की स्थापना में सहयोग करना। ग्राम स्तर पर ऐच्छिक स्वास्थ्य प्रेरक चिन्हित कर ग्राम वासियों के मार्गदर्शन हेतु स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रशिक्षण सुनिश्चित करवाना।मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानों से उपरोक्त के संबंध में आपसे अपील है कि ग्रामों में उपरोक्त समस्त कार्यो को अभियान के दौरान वृहद स्तर पर कराये, जिससे कि जनमानस को संचारी रोगों दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों से बचाया जा सके।

## पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने की सूचना कोषागार को तत्काल की जाए प्रदान

**रायबरेली।** कोषागार निदेशालय, उत्तर प्रदेश जवाहर भवन, लखनऊ के निर्देशानुसार कोषागार रायबरेली से पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि ''ऐसे प्रकरण कोषागारों के संज्ञान में आते रहे हैं, जिनमें पेंशनरध्पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना कोषागार को नहीं दी जाती है, जिसके फलस्वरूप कोषागार द्वारा पेंशनध्पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रखा जाता है। यह पेंशनरध्पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है। यह भी ध्यान रहे कि ऐसे किसी भी प्रकरण में अनियमित भुगतान की धनराशि अनाधिकृत है, जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूल किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

## सड़क हादसे में स्वर्ण व्यवसायी की मौत

### बीते शनिवार को भी गांधी चैराहे के पास ही तिराहे पर बालिका की हुई थी सड़क दुर्घटना में मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** सड़क दुर्घटना में बालिका की हुई मौत हुये एक हफ्ता भी नहीं बीता था कि गांधी चैराहे पर हुए सड़क हादसे में एक स्वर्ण व्यवसाई की भी दर्दनाक मौत हो गई है। शुक्रवार सुबह पौशाला मजरे कोरिहरा निवासी हरिप्रकाश सोनी पुत्र रामनारायण अपने बच्चों को छोड़ने ब्राइटलैंड स्कूल जा रहे थे तभी डंपर ट्रक ने उन्हें कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। वहीं भगवान की लीला देखिए दोनों बच्चे साफ बच गए। भीड़ भरे चैराहे पर सोनापति की मौत से लोगों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते सैकड़ो लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे लालगंज कोतवाल शिव शंकर सिंह और चैकी इंचार्ज राजेश यादव ने बड़ी मशक्कत के बाद मृतक के शव को ट्रक के चक्कों के बीच से बाहर निकाला और विधिक कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए रवाना किया। मिली जानकारी के अनुसार पौशाला निवासी हरि प्रकाश सोनी सुबह 8 बजे अपने पुत्र लक्ष्य सोनी और भतीजी सेजल सोनी को स्कूल पढ़ने के लिए छोड़ने जा रहे थे। तभी अचानक पीछे से आ रहे डंपर ट्रक संख्या यूपी 53 एचटी 2208 के चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाते हुए हरि प्रकाश को कुचल दिया जिससे हरि प्रकाश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।मृतक का घर पास में ही होने से मिनटो में सूचना उसके घर पहुंच गई और मोहल्ले वाले लोग अटल चैक गांधी चैराहे पर भारी संख्या में पहुंच गए। वही लालगंज पुलिस भी आनन फानन मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को उठाना चाहा तो परिजनों और भीड़ ने एतराज जताया और कहा कि मौके पर जिम्मेदार अधिकारी को बुलाओ ।कोतवाल की सूचना पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा मौके पर पहुंची और परिजनों को अहेतुक सहायता के लिए आश्वासन दिया। तब जाकर लोगों ने शव को पीएम के लिए जाने दिया। भीड़ को समझाने बुझाने में व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी,शिवम गुप्ता, मृत्युंजय बाजपेई ,अप्पू शर्मा, शीलू त्रिवेदी का भी सराहनीय योगदान रहा।मृतक की पत्नी दीपिका सोनी की तहरीर पर ट्रक और उसके चालक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज हो गया है ।पुलिस ने ट्रक को भी कब्जे में ले लिया है।वही जवान युवक की मौत से पत्नी दीपिका, पिता रामनारायण, माता गोमती सहित पूरे परिवार में मातम छा गया है।

## विभिन्न कार्यक्रमों और सम्मेलनों को लेकर भाजपा विधानसभा कोर कमेटी की हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी सरेनी विधानसभा चुनाव संचालन समिति कोर कमेटी की बैठक लोकसभा संयोजक आरबी सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। लोकसभा संयोजक आरबी सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने विधानसभा स्तर पर कई कार्यक्रमों व सम्मेलनों का कार्यक्रम तय किया है। भाजपा नेतृत्व रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर पूरी तरह से संवेदनशील है और अबकी बार प्रदेश की हारी हुई सीटों पर पार्टी हर संभव अपना सांसद जिताने की जोर आजमाइश में जुटी है। शुक्रवार को हुई बैठक में बूथ स्तर पर मतदाता बढ़ाने और बूथ कमेटी को सक्रिय करने पर चर्चा हुई। वरिष्ठ कार्यकर्ता सूची के लिए सुशील शुक्ला को प्रमुख बनाया गया। वहीं अनुसूचित जाति में पार्टी की पैठ बनाने के लिए प्रमुख शिव राम रावत को प्रमुख बनाया गया। विचार परिवार को जोड़ने के लिए जेपी सिंह को प्रमुख बनाया गया। विधानसभा स्तर पर युवा मोर्चा को सक्रिय करने के लिए शिवम गुप्ता को प्रभारी बनाया गया। किसानों को पार्टी से जोड़ने के लिए पूर्व प्रधान उमेश सिंह को प्रमुख बनाया गया। इसके साथ ही अन्य कई विभागों के लिए पार्टी पदाधिकारियों को लगाया गया। पार्टी की बैठक करते हुए लोकसभा संयोजक ने कहा कि सरकार के द्वारा विश्वकर्मा योजना लागू की गई है जिसमें बढ़ई, लोहार, नाई ,प्रजापति ,जुलाहा मोची, केवट, सोनार, धोबी राजमिस्त्री आदि जातियों के लोगों को जोड़ना है। केंद्र सरकार के द्वारा इनको प्रशिक्षित करके किट के लिए 30हजार रुपए दिया जाएगा ।इसके अलावा बिना ब्याज और बिना गारंटी के एक लाख रुपए से लेकर तीन लाख रुपए तक का लोन भी दिलाया जाएगा। वहीं पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनमानस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साख निरंतर बढ़ रही है जबकि विपक्षियों की विश्वसनीयता संकट के घेरे में आ गई है। लोकसभा चुनाव 2024 भाजपा भारी बहुमत से फतेह करेगी। विधानसभा प्रभारी अजय त्रिपाठी ने भी बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। संचालन विधानसभा संयोजक ओंकार यादव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला, प्राची सविता ,राम सुमेर लोधी ,सुनील सिंह, जगन्नाथ पांडे, कैलाश बाजपेई ,राघवेंद्र सिंह, सरोज गौतम, कृष्ण जीवन तिवारी ,सौरभ शुक्ला ,अनीता वर्मा सहित सरेनी विधानसभा के विस्तारक मौजूद रहे।

## महेंद्र टिकैत की जयंती पर भारतीय किसान यूनियन ने किसानों को किया गया जागरूक



**लालगंज,रायबरेली।** शुक्रवार को स्व. महेंद्र टिकैत जी की जयंती पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा लालगंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बैरुआ गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में बैठक की गई जिसमें भारतीय किसान यूनियन के तहसील लालगंज अध्यक्ष हीरा सिंह एवं लालगंज ब्लाक अध्यक्ष पवन कुमार मौर्य व उपाध्यक्ष जय सिंह यादव ,भारतीय किसान यूनियन के महामंत्री राजेंद्र यादव तथा भारतीय किसान यूनियन तहसील उपाध्यक्ष रामनरेश एवं शिवबरन द्वारा भारतीय किसान यूनियन की बैठक में किसानों को जागरूक किया गया ।इस बैठक में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया ।इस बैठक में किसानो की नहरो में पानी न आने,आवारा जानवरों से परेशानी ,बिजली कटौती की समस्या आदि विषयों को लेकर चर्चा की गई ।साथ ही किसानों के अधिकारों के हो रहे हनन एवं किसानों की समस्याओं को लेकर सक्षम अधिकारियों को ज्ञापन सौपने की भी बात रखी गई ।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन में नए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जोड़ते हुए भारतीय किसान यूनियन की बैठक संपन्न हुई।

## पत्रकारों के घरों पर छापेमारी के विरोध में कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यूज वेब साईट न्यूजक्लिक के संस्थापक और संपादक प्रबीर पुरकायस्थ सहित इससे जुड़े पत्रकारों के घरों पर छापे मारी के विरोध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी रायबरेली द्वारा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय को सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने ज्ञापन देते समय कहा कि जब से केन्द्र में भाजपा सरकार स्थापित हुई है, वह किसी भी स्थिति में अपनी बुराई सुनने को तैयार नही हैं, इसी का खामियाजा है कि आज यदि मीडिया का कोई व्यक्ति केन्द्र सरकार की नाकामियों की ओर आम जनता का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास करता है तो सरकारी ऐजेन्सियों के माध्यम से उसे अनायास परेषान किया जाता है, जिलाध्यक्ष ने कहा कि जल्द से जल्द पत्रकारों का उत्पीड़न रोका जाये अन्यथा कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतर कर सरकार का विरोध करेगी। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि दिल्ली पुलिस का यह कृत्य स्पष्ट तौर पर प्रेस की आजादी पर हमला है, प्रेस/मीडिया को लोकतंत्र के चैथे प्रहरी के रूप में देखा जाता है, प्रेस पर हमले का कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है, और सरकार के इषारे पर हो रहे इस प्रकार के कृत्यों को हम कांग्रेसजन स्वीकार नहीं कर सकते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में केन्द्र सरकार के इषारे पर न्यूज वेब साईट के संपादक और उससे जुड़े पत्रकारों के घरों पर दिल्ली पुलिस की स्पेषल सेल द्वारा छापेमारी की गयी साथ ही उनके मोबाइल, लैपटॉप, कम्प्यूटर और इलेक्ट्रानिक सामान जब्त कर लिये गये हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वस्थ लोकतांत्रिक परम्पराओं के विरूद्ध है।

ज्ञापन देने वालों में मुख्यरूप से विधानसभा प्रत्याषी अतुल सिंह, नगर पालिका चेयरमैन शत्रोहन सोनकर, सईदुल हसन, षिवानंद मोर्या, शषिकांत पाण्डेय, घनष्याम शुक्ला, विजय दीक्षित, मो.अषरफ खान, शम्भूषरण पाल, कामता नाथ सिंह, अरूण कुमार यादव, कल्याण चन्द्र श्रीवास्तव, विजय पटेल, ओम प्रकाष पाल, हाफिज रियाज, सर्वोत्तम मिश्रा, आषीष द्विवेदी, हाजी उस्मान, हरमंदर सिंह सलूजा, प्रमोद पाण्डेय, मनोज मिश्रा, संजीव शुक्ला, अंकुर सिंह चैधरी, अमित मिश्रा, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, सै.अरषद, महेष्वर सिंह, सुनील कुमार, संजय शुक्ला, अंषुमान गांधी, विष्वनाथ त्रिपाठी, विनय बाजपेयी, षिव गोविन्द सोनकर, प्रमोद बाजपेई सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेसीजन मौजूद रहे।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली क्षेत्र के चौराडीह गांव में दो सप्ताह पहले कमरे के अंदर रोशनदान में रस्सी के फंद्दे पर 22 वर्षीय विवाहिता का शव फंद्दे पर लटकता हुआ मिला था। मामले में मायका पक्ष से पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत सास ससुर के खिलाफदहेज उत्पीड़न सहित गैर इरादन हत्या करने का केस दर्ज किया था लेकिन उनकी गिरफ्तारी नहीं की। परिजन गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी से मिले।सराय अकिल क्षेत्र के जरैनी गांव निवासी पारा सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी 22 वर्षीय बेटी सुषमा देवी की शादी सात मई 2021 को चरवा के चौराडीह निवासी लवमन यादव पुत्र फूलचंद्र के साथ किया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से सुषमा के साथ दहेज के लिए पति समेत सास ससुर मारपीट करने लगे थे। 18 सितंबर को ससुरालियों ने मार पीट कर घर से निकल दिया था। उसके बाद रिश्तेदारों के बीच चली पंचायत के बाद मामला शांत हुआ। जिसके बाद पुनरू 20 सितंबर को सुषमा के साथ मार पीट की गई। इसकी जानकारी उसने मोबाइल फोन के माध्यम से मायका पक्ष के को बताया। जिसके बाद रात को उसका शव फंद्दे पर लटकता हुआ मिला। 21 सितंबर की सुबह बेटी की मौत की खबर मिलने के बाद पहुंचे पिता ने घटना में पति लवमन, ससुर फूलचंद्र और सास के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि पुलिस ने केस दर्ज किया लेकिन गिफ्तारी नहीं किया है। गिफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण से मिलकर शिकायत की।

## किसान इंटर कॉलेज बड़ेरवा में ताइक्वांडो कैंप का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**डलमऊ रायबरेली।** ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन रायबरेली के तत्वाधान में किसान इंटर कॉलेज बड़ेरवा में ताइक्वांडो सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें विद्यालय के 200 से अधिक छात्राओं ने ताइक्वांडो आत्मरक्षा के गुन सीखें।जिसमें प्रशिक्षका शिवानी ने हाथों को छुड़ना गले को छुड़ाना कोई पीछे से पकड़ ले कैसे छुड़ाना या रास्ते में कोई गंदे कमेंट करें तो उसको उसका जवाब कैसे देना यह सब चीज विद्यालय में छात्र-छात्राओं को सिखाए गए इस मौके पर प्रशिक्षक अंकुश कुमार, शिवानी, मयंक ने प्रशिक्षण दिया वहीं इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार जी वह उप प्रधानाचार्य अरविंद द्विवेदी जी अध्यापक सुधाकर मिश्रा जूली सिंह जागे लाल एवं समस्त अध्यापक गढ़ उपस्थित रहे प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने ताइक्वांडो स्पॉट एसोसिएशन रायबरेली का धन्यवाद किया।

## जी -20 निपुण भारत मिशन शैक्षणिक गुणवत्ता सेमिनार में सम्मानित हुई शिक्षिका खैरुन्निसा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जी-20 निपुण भारत मिशन शैक्षणिक गुणवत्ता सेमिनार का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग एवं एडु लीडर्स टीम के संयुक्त तत्वाधान में सनबीम करुणा सभागार वाराणसी में पांच अक्टूबर को आयोजित हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद से एक सर्वश्रेष्ठ शिक्षक को सम्मानित किया गया जिसमें रायबरेली जनपद से प्राथमिक विद्यालय गोकुलपुर विकास क्षेत्र अमावा की शिक्षिका खैरुन्निसा नकवी का चयन किया गया खैरुन्निसा द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों के सम्मान स्वरूप सहायक शिक्षा निदेशक वाराणसी मंडल डॉक्टर सत्य प्रकाश त्रिपाठी, अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीलू मिश्रा , निदेशक राज्य हिंदी संस्थान वाराणसी श्री प्रदीप कुमार के कर कमलों द्वारा एडु लीडर्स यू पी सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया सेमिनार में शिक्षिका द्वारा शिक्षा एवं




नवाचार के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रस्तुति की गई जिसे प्रदेश भर से आए शिक्षकों द्वारा भूरि भूरि सराहना की गई बताते चलें कि एडूलीडर्स के संस्थापक डॉ सर्वेश मिश्रा की संकल्पना है कि प्रत्येक जनपद से एक नवाचारी शिक्षक को प्रतिवर्ष सम्मानित करके उसका मनोबल बढ़ाया जाए जिला संयोजक रायबरेली विनीत श्रीवास्तव ने बताया कि गूगल फॉर्म के माध्यम से रायबरेली जनपद के तीन सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों की प्रोफाइल सबमिट की इसके बाद राज्य स्तरीय चयन समिति के द्वारा सर्वश्रेष्ठ एक शिक्षिका को चयनित किया गया चयनित शिक्षिका खैरुन्निसा ने अपने विद्यालय में शून्य निवेश नवाचार से लेकर बालिका शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है बच्चों के स्तर के उपयोगी टी एल एम निर्माण तथा पपेट शो द्वारा शिक्षा देने के फल स्वरुप इनकी विभाग में अच्छी ख्याति है।श्रीमती नकवी ने अपने चयन के लिए जिला संयोजक विनीत श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान के द्वारा शिक्षकों के आत्म सम्मान में वृद्धि होती है जनपद की शिक्षिका की इस उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रत्ना मणि मिश्रा, शशि देवी, रचना सिंह,राजेश, आयशा सुरेश ,शालिनी , प्रीति सक्सेना , दीप्ति , आकांक्षा वर्मा , रश्मि ,हनी गुलाटी ,बीनू सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## राजन मिश्रा 'सेनानी' के निधन से व्यापारी समाज की अपूर्णनीय क्षति - बग्गा

**रायबरेली।** उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की एक आवश्यक बैठक विशम्भर मार्केट में सम्पन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ व्यवसायी राजन मिश्रा 'सेनानी' के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया गया।

स्व0 मिश्रा व्यापारियों के सुख-दुःख में सदैव कन्धे से कन्धा मिलाकर साथ चलते थे, उनके निधन से व्यापारी समाज की अपूर्णनीय क्षति हुई है। व्यापार मण्डल दुःख की इस घड़ी स्व0 राजन मिश्रा के परिवार के साथ है। मण्डल के जिलाध्यक्ष श्री बग्गा ने स्व0 मिश्रा को श्रद्धाँजलि अर्पित करते हुए कहा कि ''आया है सो जाएगा, राजा रंक फकीर, एक सिंहासन चढ़ि चला, एक बांधे जंजीर'' राजन मिश्रा के रूप में व्यापारियों ने अपना एक मजबूत स्तम्भ खो दिया। अपने कार्य एवं व्यवहार के कारण राजन मिश्रा व्यापारियों एवं आम जनमानस के दिलों में सदैव अमर रहेंगे। प्रान्तीय संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि ''न जन्म कुछ, न मृत्यु कुछ बस जरा सी बात है, किसी की आंख खुल गई, किसी को नींद आ गयी'' राजन मिश्रा 'सेनानी' व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ने के लिए विख्यात थे।

गरीब युवक-युवतियों की शादी कराने के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रमों में सदैव बढ़-चढ़कर भागीदारी करते थे। राजन मिश्रा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये, राजन मिश्रा की कमी हमेशा खलेगी।श्रद्धाँजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से मनोज गुप्ता, सत्यांशु दुबे, अनुज त्रिवेदी, सुशील मौर्या, जितेन्द्र मौर्या, बन्नाराम अठवानी, मो0 फुरकान, नौशाद राईनी, शत्रुघ्न पटेल, पवन अग्रहरि, प्रदीप पटेल, मो0 शाकिब कुरैशी, राजेश मौर्या आदि लोग रहे।

## विधिक जागरुकता शिविर आयोजित




**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के सचिव उमाशंकर कहार के आदेश अनुसारदिनांक 02.10.2023 से दिनांक 08.10.2023 तक मनाये जाने वाले स्वच्छता जागरुकता पखवाड़ा के अन्तर्गत विधिक सेवा गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने हेतु वृहद स्तर पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाना है। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत जन-जन तक विधिक सेवा गतिविधियों को पहुँचाने हेतु आज दिनांक 6 अक्टूबर 2023 को विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन तहसील सदर के अन्तर्गत महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ इस अवसर पर स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात रैली निकाल कर के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उक्त रैली व शिविर में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट दिनेश कुमार वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल द्विवेदी अध्यापक गण महेंद्र प्रताप सिंह, देवी शंकर, पंकज कुमार, देवेश कुमार सिंह, पूनम सिंह, मनोज कुमार प्रजापति, खुशबू भारती, अमिता गुप्ता, आशीष भटनागर, नियाज, उपस्थित रही।

# स्मार्ट सिटी प्रयागराज ने सोलर सिटी की तरफ बढ़ाया एक और कदम

## सौर ऊर्जा से जगमग किए जाएंगे स्मार्ट सिटी के 100 पार्क

### शहरों को पेय जल आपूर्ति करने वाली पानी की टंकियों को सौर ऊर्जा से संचालन का कार्य प्रगति पर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** योगी सरकार प्रदूषण मुक्त परिवहन के साथ प्रदेश में परंपरागत स्रोतों से मिलने वाली बिजली पर निर्भरता कम कर रही है । इसके लिए सौर ऊर्जा के उपयोग और उपभोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। कुंभ नगरी प्रयागराज के पार्कों को अब सौर ऊर्जा के माध्यम से जगमग करने की योजना में अमल किया जा रहा है।

योगी सरकार की तरफ से कुंभ नगरी प्रयागराज को प्रदूषण मुक्त शहर बनाने की योजना के तहत अब शहर के 100 से अधिक पार्कों को सौर ऊर्जा से जगमग किया जाएगा। प्रयागराज के मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के मुताबिक प्रदूषण मुक्त परिवहन सुविधा वाले शहर की श्रेणी में शहर का चयन होने के बाद अब शहर में परंपरागत स्रोतों से पैदा होने वाली बिजली पर निर्भरता कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत शहर के पार्क, चौराहे और सार्वजनिक स्थलों पर बिजली से चलने वाले उपकरणों में कमी लाई जा रही है। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा विकास अभिकरण यानी कि यूपी नेडा इसके लिए प्रयास कर रहा है।

यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी मोहम्मद शाहिद सिद्दीकी बताते हैं कि शहर में सौर ऊर्जा से संचालित स्ट्रीट लाइट है वह हाई मास्क लगाए जाएंगे। इसके प्रथम चरण में शहर में 100 से अधिक छोटे-बड़े पार्कों में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल रात में रोशनी के लिए किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया है कि इसके अंतर्गत 400 स्ट्रीट लाइट और 150 हाई मास्क लगाए जाएंगे। नगर निगम क्षेत्र के पार्कों को इसके लिए चिन्हित किया जा चुका है। वैसे 5 वर्षों की लंबी अवधि के लिए यह प्रोजेक्ट शुरू किया गया है जिसके लिए` 4 करोड़ अभी आबंटित कर दिए गए हैं। इसमें एक सोलर स्ट्रीट लाइट की कीमत 2289 रुपए और एक हाई मास्क की कीमत 1.299 लाख रुपए है। प्रदेश सरकार अयोध्या में सौर ऊर्जा से संबंधित बड़ी योजनाओं के संचालन की प्रक्रिया को पूरी करने के बाद कुंभ नगरी प्रयागराज के लिए भी विशेष पैकेज की घोषणा करने जा रहा है।

### जिले की 887 पानी की टंकियां सौर ऊर्जा से होंगी संचालित

**प्रयागराज।** जिले में पेय जल आपूर्ति करने वाली पानी की टंकियो को सौर ऊर्जा से संचालित करने के प्रोजेक्ट पर प्रदेश सरकार की हरी झंडी मिलने के बाद इस पर कार्य चल रहा है। प्रयागराज के मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने बताया है कि शहर की हर टंकी के लिए 30 किलोवाट के सोलर पैनल लगाए जायेंगे। ये सोलर पैनल सूर्य की रोशनी से ऊर्जा को अवशोषित करेंगे जिन्हें संग्रहित किया जाएगा। इससे शहर में दिन-रात कभी भी जलापूर्ति हो सकेगी। पानी की टंकियां सौर ऊर्जा से संचालित होने से बिजली गुल हो जाने पर भी पेय जल आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

### योजना से 15 करोड़ की बिजली की प्रति वर्ष होगी बचत

**प्रयागराज।** नेडा की तरफ से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है। प्रोजेक्ट के अमल में आने के बाद केवल बिजली पर आधारित पेयजल व्यवस्था पर निर्भरता कम होगी। साथ ही सौर ऊर्जा के चलते शहर के सभी इलाकों में पानी की आपूर्ति दिन रात की जा सकेगी। अभी बिजली गुल होने पर जलापूर्ति प्रभावित होने की समस्या जल निगम को झेलनी पड़ती थी। इससे केवल बिजली पर आधारित पेयजल व्यवस्था पर निर्भरता कम होगी। यही नहीं इससे लगभग हर साल 15 करोड़ रुपये की बिजली की बचत भी होगी जिसका उपयोग दूसरे कार्यों में किया जा सकेगा।

# मदरसों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी की दी जाएगी शिक्षा

**प्रयागराज।** जनपद के समस्त अनुदानित, मान्यता प्राप्त मदरसों में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए नई तकनीकी विश्वस्तरीय कालेजों में प्रवेश के लिए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने नई पहल की है। मदरसों में पढ़ने वाले सभी छात्रों व छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी की शिक्षा दी जाएगी। बच्चों के पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी को शामिल करने से उनकी बौद्धिक एवं तार्किक क्षमता में वृद्धि होगी। इसके साथ ही आगे की शिक्षा तथा रोजगार के नये द्वार खुलेंगे। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी का प्रशिक्षण अध्यापकों को दिया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी की जानकारी देने के लिए विषय विशेषज्ञों के सहयोग से 22 वीडियो बनाए गए हैं। अब अन्य शैक्षिक बोर्ड से कदम ताल मिलाने के लिए मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी कोर्स को शामिल किया गया है।

# गुलशन-ए-इलाहाबाद में इस बार एडवोकेट फ़रमान नक़वी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** 'गुफ़्तगू' के अगले अंक के 'गुलशन-ए-इलाहाबाद' कॉलम में इस बार एडवोकेट सय्यद फ़रमान अहमद नक़वी के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। मौजूदा समय में सय्यद फ़रमान अहमद नक़वी इलाहाबाद हाईकोर्ट के नामवर अधिवक्ताओं में से हैं। गरीब और असहाय लोगों के मुकदमों की पैरवी बिना फीस के करने के साथ ही परेशान हाल लोगों की मदद करने को लेकर भी ये काफी सक्रिय रहते हैं। इन्होंने कई ऐसे मुकदमों की पैरवी की है, जिसकी वजह से असहाय लोगों को काफी राहत मिली है। जय प्रकाश नारायण ने इमरजेंसी के समय जिस संस्था का गठन किया था, उसके प्रदेश अध्यक्ष से लेकर नेशनल एक्जीक्यूटिव में भी सय्यद नक़वी काम करते रहे हैं। इस समय बहुत चर्चित मामले ज्ञानवापी की भी पैरवी आप इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर रहे हैं। कई अन्य सामाजिक संगठनों से भी जुड़े हुए हैं। सय्यद फ़रमान अहमद नक़वी का जन्म 15 जुलाई 1954 को कोलकाता में हुआ है। वालिद मरहूम जनाब सय्यद मोहम्मद अहमद नक़वी और वालिदा मोहतरमा



मरहूमा हयातुन्निसा से इनको बहुत अच्छे संस्कार मिले हैं, जिसकी वजह से इनके अंदर समाज सेवा की भावना कूट-कूटकर भरी हुई है। किसी गरीब-असहाय की परेशानी की जानकारी मिलती है तो ये उसकी बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। गुलशन-ए-इलाहाबाद' कॉलम में अब तक असद क़ासिम, डॉ. राज बवेजा, कॉमरेड ज़ियाउल हक़, केशरीनाथ त्रिपाठी, सलीम शेरवानी, प्रो. ओपी मालवीय, शम्सुरर्हमान फ़ारूक़ी, सैयद अक़ील रिज़वी, दूधनाथ सिंह, जगन्नाथ पाठक, अजीत पुष्कल, लाल बहादुर वर्मा, बीएस दत्ता, नईमुर्रहमान फ़ारूक़ी, नरेश मिश्र, प्रो. अमर सिंह, नीलकांत, प्रो. राजेंद्र कुमार, राम नरेश त्रिपाठी, डॉ. कृष्णा मुखर्जी, यासमीन सुल्ताना नक़वी, उमेश नारायण शर्मा, लक्ष्मी अवस्थी, डॉ. रंजना त्रिपाठी, मोहम्मद मुजाहिद हुसैन रज़वी, लालजी शुक्ला, फ़राज़ ज़ैदी, इष्टदेव प्रसाद राय, आसिफ़ उस्मानी, राजेंद्र कुमार तिवारी उर्फ़ 'दुकान जी,' इफ्तेखार अहमद पापू, उर्मिला शर्मा, राजेश पांडेय, बादल चटर्जी, सादिक़ हुसैन सिद्दीक़ी और बी. पॉल के बारे में बारी-बारी से जानकारी दी जा चुकी है।

# खीरी पुलिस की लापरवाही बन सकती है बड़ी घटना का कारण

## जमीनी विवाद को लेकर चोरी की घटनाएं, कार्यवाई शून्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** खीरी थाना क्षेत्र के खीरी कस्बे में जमीन खरीदकर मकान बनवा कर रहने वाली एक महिला के परिवार का पड़ोसी पक्ष का मकान को लेकर चल रहा विवाद व चोरी और छिटपुट घटनाओं में सूचना के बावजूद पुलिस की लापरवाही किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है। सोहागी गांव की रहने वाली एक महिला के घर में कई चोरी की छिटपुट घटनाओं के साथ साथ पड़ोसी पक्ष द्वारा सीसी टीवी कैमरा तोड़ने उसका हार्ट डिस्क चुराने जैसी वारदात हो चुकी है घटनाएं सीसीटीवी कैमरे में क़ैद है। बार बार शिकायत के बाद भी खीरी थाने पर एफआईआर दर्ज कराना भी कठिन है। आश्चर्य जनक सत्य तो यह है कि आईजीआरएस के तहत महिला द्वारा दी गई शिकायत पर एक सब इंस्पेक्टर से जांच कराई गई तो प्रकरण सही पाया गया सब इंस्पेक्टर ने सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए आरोपी की पहिचान न होने की बात लिखी है और प्रकरण दर्ज करने की जरूरत बताते हुए रिपोर्ट लगाई गई थी। परंतु थाने पर तमाम प्रयासों के बावजूद मामला दर्ज नहीं हो सका। मिली जानकारी के अनुसार खीरी थाना क्षेत्र के सोहागी गांव निवासी ममता पांडे पत्नी समुंदर पांडे ने खीरी क्षेत्र के खीरी कस्बे में एक जमीन खरीदकर मकान बनवाया और परिवार समेत रह रही हैं साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा भी लगवाया।

आरोपों को सच माने तो पड़ोसी एक परिवार उनके इस मकान पर कब्जा करना चाहता है और इसी नियति से चोरी की घटनाएं एवम प्रताड़ित करने का प्रयास कर रहा है। 15अगस्त को बारजे पर रखी कुर्सी चुरा ली गई और 17 अगस्त को मकान में लगवाएं गए तीन सीसीटीवी कैमरा तोड़कर चोरी कर लिया गया और एक सप्ताह बाद सीसीटीवी कैमरे की हार्ड डिस्क भी चुराई गई। सीसीटीवी कैमरा टूटने से पूर्व की सारी घटनाएं सीसीटीवी कैमरे में कैद है। घटना की सूचना थाने पर दी गई परंतु प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

निराश हो कर आईजीआरएस के तहत सूचना देकर कार्यवाई की मांग की गई जिसपर सब इंस्पेक्टर उदयवीर सिंह ने जांच कर रिपोर्ट में माना की घटनाएं सही है परंतु सीसीटीवी कैमरे में कैद व्यक्ति की पहिचान नही हो सकी है पड़ोसी से मकान के विवाद को लेकर रंजिश चली आ रही है प्रकरण में 107/116 की कार्यवाई हो चुकी है। घटना की तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराकर कार्यवाई कराई जाए परंतु तमाम कोशिशें मामला दर्ज कराने में नाकाम रही। इस संबंध में एसीपी गंगानगर से फोन पर बातचीत का प्रयास किया गया परंतु बात नहीं हो सकी।

# पी डी ए के तहत छतनाग रोड पर हुआ मापी कार्य से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी,प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 की कायाकल्प बदलने के लिए राज्य सरकार ने माघ मेला क्षेत्र के लगभग सभी सड़को को चौड़ीकरण कर श्रद्धालुओं के लिए सुगम एवम सहज आवागमन के चलते चौड़ीकरण का कार्य हर तरफ कर रही है। सड़को की चौड़ीकरण के जद में आए मकान दुकान को तोडने का कार्य चल रहा है। दिन शुक्रवार की दोपहर पी डी ए ने छतनाग की सड़क का मापी करना शुरु कर दिया।

जिससे सड़क के किनारे बने मकानों दुकानदारों के स्वामियों में हड़कंप मच गया। बताया गया की रोड के मध्य से दोनों तरफ बीस बीस फीट की दूरी मापी गयी। माप होने से हड़कंप मचा रहा। पी डी ए जोनल अधिकारी संजीव उपाध्याय, बी एन सिंह अपने पूरी टीम व प्रशासन के साथ मापी का कार्य किया।





# बरौत में विशाल कजरी मुकाबला कल

## बरौत में विशाल कजरी मुकाबला कल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बरौत,प्रयागराज।** हंडिया तहसील अंतर्गत बरौत के बनकट खुटहना में विशाल कजरी मुकाबला 8 अक्टूबर दिन रविवार को आयोजन किया गया है।

उक्त कार्यक्रम के आयोजन चंद्रशेखर भारती ने बताया कि कजरी मुकाबला आयोजित किया जाएगा जिसमें जिसमें सुप्रसिद्ध कजरी गायक कलाकार-संगम लाल दिवाना और कजरी गायिका-कौशिल्या कौशल का गायिकी के आयोजन किया जाएगा

जहां कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि में प्रशंत सिंह पुर्व विधायक हंडिया व विशिष्ट अतिथि-महेंन्द सिंह,ब्लाक प्रमुख हंडिया मौजूद रहेंगे। वही कार्यक्रम के आयोजक ने क्षेत्रीय लोगों से कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में पहुंचकर सफल बनाए जाने की अपील किया।

# रेलवे ओवरब्रिज का कार्य आरंभ होने से छः माह के लिए आवागमन हुआ बंद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी,प्रयागराज।** नई झूंसी रेलवे डॉट पुल के चौड़ीकरण का कार्य गुरुवार की मध्यरात्रि से शुरू कर

दिया गया जिससे इस मार्ग से आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया। अचानक मार्ग पर जेसीबी लगा कर खुदाई करा देने से

रास्ता बंद हो गया जिससे अफरा तफरी बनी रही। कर्मचारियों ने बताया कि दोनों छोर पर नोटिस बोर्ड लगा दिया गया है।

# शुआट्स के वानिकी महाविद्यालय में मनाया गया 69वाँ वन्य जीव सप्ताह मनाया

**नैनी(प्रयागराज)।** पर्यावरण की रक्षा के लिए माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के समर्थन में सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज, वानिकी महाविद्यालय 2 से 8 अक्टूबर, 2023 तक ''वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी'' विषय के साथ वन्यजीव सप्ताह का 69वां संस्करण मना रहा है। वन्यजीव सप्ताह उत्सव भारत में वन्यजीव संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित एक महत्वपूर्ण अवसर है और देश की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण में सहयोगात्मक प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। इस अवसर के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. एंटनी जोसेफ राज, प्रो-वाइस चांसलर और डीन, वानिकी महाविद्यालय ने बताया कि भारत सबसे समृद्ध जैव विविधता वाले हॉटस्पॉट में से एक है, जिसमें दुनिया की सभी दर्ज प्रजातियों में से 7-8 प्रतिशत जानवरों की लगभग 91.797 प्रजातियां और पौधों की 46.340 प्रजातियां शामिल हैं। प्रो.(डॉ.) एंटनी ने गर्व से उल्लेख किया कि जैविक विविधता की प्रचुर संपदा वाला भारत, स्तनधारियों की 411 प्रजातियों, 1.232 पक्षियों, 456 सरीसृपों, 219 उभयचरों, 2.546 मछलियों, 83.436 प्रकार के अकशेरुकी और 50,000 से अधिक पौधों की प्रजातियों का घर है। उन्होंने इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे देश में वन्यजीव संरक्षण के प्रयास, जिन्होंने 53 बाघ अभयारण्यों की मदद से बाघों की वृद्धि में एक उल्लेखनीय सफलता की कहानी लिखी है और बाघों की आबादी 2006 में 1.411 से बढ़कर 2018 में 2.967 हो जाना भारत के लिए गर्व का क्षण है और अंततः 2022 में 3167 हो गये। उन्होंने कहा कि भारत के गौरव के महत्वपूर्ण स्तनधारी एशियाई शेर, रॉयल बंगाल टाइगर, एशियाई हाथी, हिम तेंदुआ, तेंदुआ, भारतीय गैंडा, भारतीय बाइसन, शेर-पूंछ वाला मकाक, लंगूर, हिरण, काला हिरण हैं। आदि। प्रोफेसर (डॉ.) एंटनी ने छात्रों और युवाओं से भारत के उल्लेखनीय वन्यजीवों के संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने और जिम्मेदारी की भावना पैदा करने में महत्वपूर्ण कदम उठाने का आग्रह किया। स्वागत भाषण में वन जीव विज्ञान, वृक्ष सुधार और वन्यजीव विज्ञान के प्रमुख डॉ. अफाक एम. वानी ने भारत में वन्यजीव संरक्षण के महत्व और भावी पीढ़ियों के लिए पशु और पक्षी संसाधनों को संरक्षित करने की हमारी नैतिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने वन्यजीव संरक्षण के बारे में छात्रों का ज्ञान बढ़ाने के लिए जागरूकता समारोहों के महत्व पर भी जोर दिया। डॉ. अफाक ने कहा कि वन्यजीवों के आवास पर तनाव जनसंख्या वृद्धि के कारण हुआ है। कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री के एसोसिएट डीन डॉ. अभिषेक जेम्स ने औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। डॉ. जेम्स ने वानिकी महाविद्यालय में वन्यजीव सप्ताह समारोह को भव्य बनाने के लिए प्रो. (डॉ.) एंटनी जे. राज, (प्रो-वाइस चांसलर और मुख्य अतिथि), डॉ. अफाक एम. वानी (प्रमुख), सभी संकाय सदस्यों और छात्रों को धन्यवाद दिया। सभी छात्रों के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित कि गई जिनमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, वन्यजीव फोटोग्राफी प्रतियोगिता और वैज्ञानिक नाम (जंगली जानवर और पक्षी) लेखन प्रतियोगिता थीं। प्रतियोगिताओं के योग्य विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए। वन्यजीव सप्ताह समारोह की आयोजन समिति के सदस्य डॉ.सत्येंद्र नाथ (प्रमुख, पर्यावरण विज्ञान), डॉ.नीलम खरे (प्रमुख, वन उत्पाद), डॉ.हर्ष बोध पालीवाल, डॉ.समीर डेनियल, डॉ.हेमंत कुमार, डॉ. एकता पी. मिश्रा, डॉ. बिपाशा डेविड, डॉ. इबा, डॉ. जॉन, डॉ. अमरीन हसन, मो. समीर, क्लिंट सोंस, अनुप कुजूर, संजय कुमार, सतीश कुमार, संजीत कुमार।

# वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को किया गया फल वितरण

**प्रतापगढ़ ।** सेवा सप्ताह के अन्तर्गत वृद्ध आश्रम महुली में लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया,लायंस क्लब के पदाधिकारी ने वृद्ध आश्रम को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली तथा फल का वितरण किया

इस अवसर पर लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि वृद्धजनों की सेवा सबसे बड़ा पुनीत कार्य है हमें उनकी सेवा करनी चाहिए लायंस क्लब के पदाधिकारी में प्रसाशक संतोष भगवन,डायरेक्टर लाल जी चौरसिया,सचिव राजेश पल, कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह,चेयरपर्सन डॉ क्षितिज श्रीवास्तव,ला केपी सिंह,ला अशोक सिंह,ला दिनेश प्रताप सिंह,ला आरबी सिंह,ला सुभाष सोनी,ला रामेश्वर पांडे,ने फल वितरण किया,कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के संचालक मानसिंह प्रबंधक अंबिका प्रसाद,धर्मेंद्र कुमार,अमित कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# टेक्नोलॉजी ने पत्रकारिता की पहुंच को आसान और सरल बना दिया- डॉ. राजेश गर्ग



**प्रयागराज।** वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली द्वारा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में आयोजित वाणी साहित्य उत्सव के अन्तर्गत आयोजित ÷पत्रकारिता और उसके विविध आयाम÷ विषयक संगोष्ठी में मुख्य वक्‌ता के तौर पर बोलते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि आज हर आदमी पत्रकार है। आज नागरिक पत्रकारिता का समय है। टेक्नोलॉजी ने पत्रकारिता की पहुंच को आसान और सरल बना दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, चिप कम्युनिकेशन और रोबोटिक्स के साथ-साथ वर्चुअल वर्ल्ड ने पत्रकारिता ही नहीं सभी विधाओं पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डाला है ऐसे में पत्रकारिता के मूल्यों के प्रति और अधिक सजग और सचेत रहने की है। अध्यक्षता करते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. धनंजय चोपड़ा ने कहा कि आज अल्फा जनरेशन की बात हो रही है, कंटेंट राइटिंग का जमाना है, कंटेंट माइनिंग की बात हो रही है ऐसे में हमें इस सवाल से रूबरू होने की आवश्यकता है कि क्या हम ई कंटेंट और पेन ड्राइव को किताब की तरह सीने से लगाकर सो सकते हैं? उल्लेखनीय है कि वाणी प्रकाशन समूह द्वारा देश के विभिन्न शहरों में साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में काशी के बाद प्रयाग में यह साहित्य उत्सव आयोजित किया गया है।

प्रकाशन के प्रयाग शाखा के प्रभारी विनोद तिवारी ने बताया की वाणी प्रकाशन इस साहित्य उत्सव और परिचर्चाओं के माध्यम से पुस्तकों की पहुंच प्रत्येक विद्यार्थी तक, समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रयत्नशील है साथ ही साथ पुस्तकों की मूल्यवता के लिए भी उतना ही चिंतित है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सौरभ कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन तिवारी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शोधार्थी, प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षण बिल पास होना सभी महिलाओं की बड़ी जीत- कीर्तिका अग्रवाल



**प्रयागराज।** नारी शक्ति वंदनअधिनियम पारित करने पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए महानगर प्रयागराज महिला मोर्चा ने पदयात्रा की व प्ले-कार्ड के माध्यम से धन्यवाद व्यक्त किया। देश की सभी लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने वाले इस विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा ने एकमत होकर मंजूरी दी। देश में महिलाओं की संसदीय प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने वाला महिला आरक्षण विधेयक अब कानून बन गया है।इस मौके पर महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ कीर्तिका अग्रवाल ने कहा कि आरक्षण बिल पास होना हमारी सभी महिलाओं की बड़ी जीत है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने पर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद व्यक्त किया।प्रदेश महामंत्री डॉक्टर डॉक्टर कीर्तिका अग्रवाल के नेतृत्व में यह यात्रा वात्सल्य अस्पताल से महात्मा गांधी बिग बाजार होते हुए वापस सिविल लाइंस हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। पैदल यात्रा में प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर, क्षेत्रीय मंत्री वंदना सिंह, मीडिया प्रभारी चन्द्रा अहलूवालिया, अंजलि गोस्वामी जिला अध्यक्ष शिखा रस्तोगी, माया द्विवेदी, रीता सिंह, विजयलक्ष्मी चंदेल, रीता वर्मा, नीलम त्रिपाठी, लक्ष्मी बहुगुणा, दुर्गेश नंदिनी मंडल से शिखा खन्ना, प्रिया कैथवास, आंचल, विनीता, सोनी, कंचन लता एवं प्रदेश क्षेत्र जिला गंगा पार जमुना पार की असंख्य महिलाएं व बालिकाए मौजूद थीं।

# मंडल स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में केवीएम के छात्रों ने बिखेरा जलवा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया।** इलाहाबाद इंटर कॉलेज प्रयागराज में संपन्न हुई मंडल स्तरीय विद्यालीय खो खो प्रतियोगिता में बहरिया के केवीएम इंटर कालेज कमलानगर के छात्रों ने जलवा बिखेरा। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल के चारों जिले के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में प्रयागराज ने कौशांबी को सीनियर और जूनियर दोनों वर्गो में पराजित कर विजय श्री प्राप्त की और चैंपियन होने का गौरव प्राप्त हुआ। केवीएम इंटर कालेज कमला नगर के 12 खिलाड़ियों का प्रयागराज मंडल की टीम में राज्य विद्यालीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए चयन किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक अयोध्या फैजाबाद में



संपन्न होगी। उसमें प्रयागराज मंडल की ओर से केवीएम इंटर कॉलेज के सात खिलाड़ी सीनियर वर्ग में तथा पांच खिलाड़ी सब जूनियर वर्ग में प्रतिभा करेंगे। जिसमें विकेश कुमार पटेल,शिवकांत, विनोद कुमार, सीतेंद्र कुमार पाल, किशन कुमार पटेल, सूर्यकांत पाल, अर्पित कुमार यादव, पंकज गिरी, विपिन कुमार, अनिकेत कुमार शामिल हैं। यह सभी खिलाड़ी चयनित है। खेल प्रवक्ता अली अहमद खान ने चयनित सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते प्रयागराज मंडल का नाम रोशन करने की आशा की है।

# मच्छरो का प्रकोप बढा नही हो रहा छिडकाव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करछना(प्रयागराज)।** इन दिनो बारिश के चलते मौसम मे हो रहे उतार चढाव से जहा मलेरिया टाइफाड और वायरल बुखार के साथ साथ डेगू के भी चपेट मे लोग आ रहे सीएचसी करछना मे प्रतिदिन 300 से 400 ओपीडी हो रही जिसमे बहुतायत मे वायरल बुखार और टाइफाइड और मलेरिया के मरीज निकल रहे है वही कुछ मरीजो मे डेगू के लक्षण मिल रहे है।करछना क्षेत्र के गावो मे मच्छरो का प्रकोप बढ गया है साफ सफाई न होने और जल जमाव के चलते मच्छरो का प्रकोप भी बढ रहा है जिसके चलते लोग डेगू की चपेट मे भी आ रहे है।लोगो ने गावो मे छिडकाव और फागिग कराये जाने की माग की है अभी तक इस वर्ष किसी भी गाव मे छिडकाव और फागिग नही कराई गई जिससे मच्छर जनित रोगो की चपेट मे लोग आ रहे है उधर डाटक्रो का कहना है कि साफ सफाई और स्वच्छ पानी पीये और ताजा भोजन करे।

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी (प्रयागराज )।** जीआरपी छिंवकी की पुलिस ने गुरुवार को गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को पकड़कर चालान कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को जीआरपी छिंवकी की पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त सुनील कुमार यादव पुत्र राम कैलाश यादव निवासी मझियारी कला थाना कौंधियारा को पकड़कर चालान कर दिया। एक बातचीत में जीआरपी छिंवकी चौकी इंचार्ज राजीव कुमार सिंह ने बताया, कि पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ जीआरपी प्रयागराज थाने में तकरीबन सात आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया, कि यह लोग एक आपराधिक गिरोह कायम करके रेलवे स्टेशनों व चलती ट्रेन/ खाली ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल/आभूषण की चोरी कर अंजान यात्रियों को अपनी मजबूरी बताकर बेचते हैं और उसी पैसे से अपनी ऐसो आराम, नशा पत्ती का शौक पूरा करते हैं।

# अधिवक्ता मिलन समारोह में अधिवक्ताओं ने रखे अपने विचार



**फाफामऊ।** गद्दोपुर स्थित स्वास्तिक गार्डन में शुक्रवार को अधिवक्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता के हित में अपने अपने विचार रखे और अधिवक्ताओं के उत्पीड़न एवं उनके सम्मान में लड़ाई जारी रखने की बात कही। मिलन समारोह के मुख्य वक्ता दिनेश चंद्र पांडेय ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह पिछले गत महीनों में अधिवक्ताओं का उत्पीड़न हुआ और वह कई घटनाओं का शिकार हुए यह कत्तई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनके हित की लड़ाई को आगे बढ़ाकर उनके सम्मान में चार चांद लगाने का कार्य करेंगे। उन्होंने अधिवक्ता एकता का आवाहन करते हुए सीनियर अधिवक्ता वा जूनियर अधिवक्ताओं उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। समारोह में आए बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं सभी एक दूसरे के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने और आंदोलन कर अपनी मांगों को पूरी करने की बात कही। समारोह में आशीष त्रिपाठी ,अशोक त्रिपाठी ,हिमांशु मिश्रा, जसकरन यादव, नरेंद्र गिरी, अशोक कुमार, राजकुमार पटेल, अमरीश मिश्रा,रुद्रेश पांडेय ,अजय यादव, अभिषेक त्रिपाठी,अनिल शुक्ला ,अभय मिश्रा,रमेश कुमार यादव, उत्तम त्रिपाठी, बाबा कनौजिया, पंकज दुबे,राहुल शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता रहें।

# पाकिस्तान ने जीत से किया आगाज, 81 रन से नीदरलैंड्स को हराया




**नई दिल्ली, एजेंसियां।** पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के बीच शुक्रवार को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर वर्ल्ड कप 2023 का दूसरा मुकाबला खेला गया। पाकिस्तान ने नीदरलैंड्स को 81 रन से हराकर जीत के साथ आगाज किया है। पाकिस्तान के 286 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड्स ने धीमी शुरुआत की। मैक्स ओ%डाड मात्र 5 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, विक्रमजीत सिंह ने अर्धशतक जड़ा। वह 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ऑलराउंडर बास डी लीडे ने मोर्चा संभाला और 67 रन की पारी खेली। डी लीडे के आउट होते ही नीदरलैंड्स की पारी संभल नहीं सकी और एक बाद एक विकेट गंवाए। पूरी टीम 41 ओवर में 205 रन बनाकर आल आउट हो गई।बता दें कि साउद शकील (68) और मोहम्मद रिजवान (68) के अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 के दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड्स को 287 रन का लक्ष्य दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 49 ओवर में 286 रन पर ऑलआउट हुई।पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण स्वीकार करने वाली पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। 38 रन पर उसके शीर्ष तीन बल्लेबाज फखर जमान (15), बाबर आजम (5) और इमाम उल हक (12) पवेलियन लौट गए थे। यहां से साउद शकील और मोहम्मद रिजवान ने पारी को संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 120 रन की शतकीय साझेदारी की।आर्यन दत्त ने शकील को जुलफिकार के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। यहां से नीदरलैंड्स ने वापसी की। पाकिस्तान ने 20 रन के अंदर अगले दो विकेट गंवा दिए। फिर शादाब खान (32) और मोहम्मद नवाज (39) ने अर्धशतकीय साझेदारी करके पाकिस्तान की वापसी कराई।बास डी लीड ने एक ओवर में शादाब खान और हसन अली को आउट करके पाकिस्तान को दबाव में ला दिया। हालांकि, पुछल्ले बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान के कारण पाकिस्तान की टीम सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में कामयाब हुई। नीदरलैंड्स की तरफ से बास डी लीड ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। कॉलिन एकरमैन को दो सफलता मिली। आर्यन दत्त, लोगान वान बीक और पॉल वान मीकेरन को एक-एक विकेट मिला।

पाकिस्तान की संभावित प्लेइंग 11 - फखर जमान, इमाम उल हक, बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान, सलमान अली आघा, इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, हसन अली, शाहीन अफरीदी और हैरिस रउफ।

नीदरलैंड्स की संभावित प्लेइंग 11 - विक्रमजीत सिंह, मैक्स ओ डाउद, वेस्ली बारेसी, बास डी लीड, कॉलिन एकरमैन, स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), रेयान क्लीन, लोगान वान बीक, रोएलफ वान डर मर्व, शारीज अहमद और पॉल वान मीकेरन।

## धर्मशाला में बांग्लादेश और अफगानिस्तान की भिड़ंत आज

**धर्मशाला, (हि.स.)।** देवभूमि हिमाचल में शनिवार से आईसीसी वन-डे वर्ल्ड कप मैच का रोमांच शुरू हो रहा है। विश्व के खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियमों में से एक धर्मशाला में खेले जाने वाले पांच मैचों की कड़ी में शनिवार को पहले मैच में बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें आमने सामने होंगी। मैच सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगा। 10 बजे टॉस होगा।उधर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला इन मैचों की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार हो गया है। धर्मशाला में वर्ल्ड कप का पहला एक दिवसीय मैच बांग्लादेश व अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा।

मैच से पहले शुक्रवार को दोनों ही टीमों ने खूब अभ्यास किया और टीमों के कोच व कैप्टन ने अपनी अपनी जीत के दावे भी किए।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला और एचपीसीए को यह बड़ी मेजबानी करने का मौका मिला है। हालांकि एचपीसीए अब तक कई बड़े एवं अतंरराष्ट्रीय आयोजनों का गवाह बन चुका है। वर्ष 2016 में पहली बार यहां टी-20 वर्ल्ड कप के मैच खेले गए थे। इसके अलावा दो टेस्ट मैच और कई वनडे व टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी यहां खेले जा चुके हैं। इसके अलावा आईपीएल के भी कई सीजन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में खेले जा चुके हैं।धर्मशाला स्टेडियम की पिच इंग्लैंड के लेवल की पिचें मानी जाती हैं।

यहां तेज गेंदबाजों के लिए जहां उछाल मिलता है वहीं बल्लेबाजी के लिए भी धर्मशाला स्टेडियम की पिच बेहतरीन है। वर्ल्ड कप यहां पर कुल पांच मैच खेले जाने हैं और आठ देशों की टीमें इन वर्ल्ड कप मैचों में भाग लेने वाली हैं।उधर एचपीसीए भी मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। आईपीएल के चेयरमैन अरूण धूमल का कहना है कि धर्मशाला को वर्ल्ड कप मिलना एक बड़ी मेजबानी का मौका है। आठ देशों की पांच टीमों के बीच बेहतरीन खेल यहां देखने को मिलेगा। क्रिकेट प्रेमियों में भी इस मैच को लेकर खासा उत्साह है। इन मैचों के माध्यम से हिमाचल के पर्यटन को बूस्ट मिले ऐसा भी प्रयास रहता है।एक दिवसीय विश्व कप के मैचों की बात करें तो धर्मशाला को एक साथ पांच मैचों की मेजबानी का मौका मिला है। शनिवार को बांगलादेश और अफगानिस्तान की टीमें धर्मशाला में आमने-सामने होंगी। यह मैच सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होगा।

इसके बाद 10 अक्तूबर को बांगलादेश की टीम इंग्लैंड के साथ अपना मैच खेलेगी। यह मैच भी सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होगा। 17 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और नीरदरलैंड के बीच धर्मशाला में मुकाबला होगा। यह मैच दोपहर बाद दो बजे शुरू होगा।

सबसे अहम मुकाबला 22 अक्टूबर को भारत और न्यूजीलैंड के बीच धर्मशाला में खेला जाएगा। यह मैच भी डे-नाईट होगा जो दोपहर बाद दो बजे शुरू होगा। वहीं धर्मशाला में खेले जाने वाले मुकाबलों में आखिरी मैच भी दो बड़ी टीमों ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला 28 अक्टूबर को सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होगा।

## दिव्यांगों के लिए ऐतिहासिक क्षण, सुप्रीम कोर्ट ने बधिरों की मदद को सांकेतिक भाषा दुभाषिया नियुक्त किया



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को श्रवण-बाधित वकीलों और वादियों के लिए एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने इन लोगों को न्यायिक कार्यवाही को समझने में मदद करने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक सांकेतिक भाषा दुभाषिया (साइन-लैंग्वेज इंटरप्रेटर) की नियुक्ति करने की घोषणा की।

सीजेआई ने कार्यवाही की शुरुआत में कहा कि आज अदालत में एक दुभाषिया है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्त किया है। वहीं, एक वकील ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। सीजेआई ने कहा कि वह संविधान पीठ की सुनवाई के लिए सांकेतिक भाषा का दुभाषिया चाहते हैं। 22 सितंबर को सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारों से संबंधित एक मामले में सांकेतिक भाषा के दुभाषिया सौरव रॉय चौधरी के माध्यम से श्रवण बाधित वकील सारा सनी की सुनवाई की। वकीलों और बार निकायों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक बधिर वकील को सांकेतिक भाषा के दुभाषिए के माध्यम से एक मामले में बहस करने की अनुमति देने पर सराहना की थी।

### पिछले साल किया था एक समिति का गठन

चंद्रचूड़ दिव्यांगों को न्याय वितरण प्रणाली तक पहुंच प्रदान करने के प्रति काफी संवेदनशील हैं। उन्होंने पिछले साल सुप्रीम कोर्ट की एक समिति का भी गठन किया था, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से दिव्यांगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को समझना और उन तक पहुंच सुनिश्चित करना था। दिव्यांगों तक पहुंच बढ़ाने के लिए शीर्ष अदालत परिसर में कई बुनियादी ढांचे में बदलाव किए गए हैं।

### मनी बिल से जुड़े मामले पर जल्द सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि मनी बिल से जुड़े मामले पर जल्द सुनवाई होगी। इस मामले में सात जजों की बेंच गठित की जाएगी। शीर्ष अदालत का कहना है कि अगले सप्ताह वह निर्देशों के लिए सात न्यायाधीशों और नौ न्यायाधीशों द्वारा सुनवाई किए जा रहे सभी मामलों को सूचीबद्ध करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि उन्होंने रजिस्ट्रार को बताया है कि 12 अक्टूबर को सभी सात जजों के मामलों को निर्देश के लिए सूचीबद्ध करेंगे।

## तेलंगाना के गृह मंत्री महमूद ने सुरक्षाकर्मी को मारा थप्पड़, भाजपा नेता शहजाद ने कहा–शर्मनाक हरकत

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के गृह मंत्री महमूद अली द्वारा सुरक्षाकर्मी को थप्पड़ मारने वाले वीडियो का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बयानों की राजनीति के बीच भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने भी जमकर हमला बोला है। उन्होंने वीडियो को शर्मनाक और चौंकाने वाली घटना करार दिया है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री महमूद ने सुरक्षाकर्मी को सार्वजनिक रुप से थप्पड़ इसलिए मारा क्यों उन्होंने उन्हें समय पर गुलदस्ता नहीं दिया था। साथ ही भाजपा नेता शहजाद पूनावाल ने पूछा कि पुलिस अधिकारी काम गुलदस्ता देना है या सुरक्षा प्रदान करना। तेलंगाना के गृह मंत्री पर आरोप लगाने हुए उन्होंने पूरी घटना को सबसे निंदनीय कृत्य कहा है। यह बीआरएस की अहंकारी मानसिकता को दिखाता है। बीआरएस के लिए परिवार,भ्रष्टाचार और वोट बैंक पहले है। हर बार वे हमारे जवानों का अपमान करते रहते हैं।

## भाजपा के पोस्टर में राहुल के गलत चित्रण पर बिफरीं बहन प्रियंका, बोलीं– पीएम वादों की तरह कसमें भी भूल गए



**नई दिल्ली।** भाजपा और कांग्रेस के बीच सोशल मीडिया पर जारी पोस्टर वार दिन-प्रतिदिन तेज होता जा रहा है। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने गुरुवार को एक्स पर राहुल गांधी का पोस्टर साझा किया, जिसमें उन्हें नए युग का रावण दिखाया गया है। अब अपने भाई की बचाव में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा उतर आई हैं। वह जमकर भाजपा पर भड़कीं और कहा कि क्या नरेंद्र मोदी अपने वादों की तरह कसमें भी भूल गए हैं।

वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर हिंदी में ट्वीट कर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा से पूछा कि वह राजनीति को गिरावट की कौन-सी मंजिल तक ले जाना चाहते हैं? उन्होंने लिखा, 'नरेंद्र मोदी जी और जेपी नड्डा जी! आप राजनीति और बहस-मुबाहसे को गिरावट की कौन-सी मंजिल तक ले जाना चाहते हैं? आपकी पार्टी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से जो हिंसक और उकसाऊ ट्वीट किए जा रहे हैं, क्या उसमें आपकी सहमति है ? ज्यादा समय नहीं बीता, आपने शुचिता की कसम खाई थी। क्या वादों की तरह कसमें भी भूल गए हैं?'

इससे पहले कांग्रेस ने एक्स पर ही पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर सबसे बड़ा झूठा शीर्षक के साथ साझा की थी। साथ ही एक अन्य पोस्टर में पीएम को जुमला बॉय कहा गया था। कांग्रेस के पोस्टरों के जवाब में भाजपा ने अपने आधिकारिक हैंडल पर राहुल गांधी का कई सिर वाला पोस्टर जारी किया। पोस्टर में कांग्रेस नेता को अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस से भी जोड़ा गया है, जिन पर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। भाजपा ने लिखा कि नए युग का रावण है। धर्म विरोधी है। राम विरोधी है। इसका लक्ष्य भारत को नष्ट करना है।

### राहुल की करना चाहते हैं हत्या

वहीं, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भाजपा द्वारा पोस्ट किए गए राहुल गांधी के ग्राफिक को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी की तुलना रावण से करने वाले भाजपा के हैंडल पर 'शर्मनाक' ग्राफिक की निंदा करने के लिए कोई शब्द नहीं है। उनके नापाक इरादे साफ हैं, वो लोग उनकी हत्या करना चाहते हैं। उन्होंने तुच्छ राजनीतिक लाभ लेने के लिए उनकी एसपीजी सुरक्षा वापस ले ली।'

### राहुल के खिलाफ लोगों को उकसा रहे

कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने कांग्रेस नेता को रावण के रूप में दिखाए जाने पर कहा कि भाजपा लोगों को राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा करने के लिए उकसा रहे हैं। वह एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने हिंसा में अपने पिता और दादी को खो दिया है। टैगोर ने आगे कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी की ओर से इस तरह की प्रचारात्मक बातें दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय हैं। पीएम मोदी और जेपी नड्डा को इसका जवाब देना चाहिए। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। विपक्षी नेताओं के प्रति इस तरह का हिंसक व्यवहार अस्वीकार्य है।

## मैं राज कुंद्रा उर्फ़ 'शिल्पा का पति' उर्फ़ 'सस्ता कान्ये वेस्ट' हूं : मास्कमैन राज कुंद्रा ने अविस्मरणीय स्टैंड-अप कॉमेडी एक्ट के साथ मंच पर धूम मचा दी

**मुंबई।** कई दिलचस्प चीजों के बारे में हालिया खबरों में हलचल मचाने के बाद, राज कुंद्रा ने अपनी प्रतिभा में एक और कौशल जोड़ा है, क्योंकि उन्होंने अपने दोस्त मुनव्वर के लिए हाल ही में एक विशेष स्टैंड-अप कॉमेडी प्रदर्शन के दौरान एक शानदार और ईमानदार खंड के साथ दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। फ़ारूक़ी.



मास्क पहनकर राज कुंद्रा ने पहली बार स्टैंड अप कॉमेडियन के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ अभिनय प्रस्तुत किया और सोशल मीडिया पर प्रसारित उनके लघु वीडियो में यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

एक अविश्वसनीय अवतार में, जिसने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है, कुंद्रा का स्टैंड-अप कॉमेडी अभिनय असाधारण से कम नहीं था। ₹मास्कमैन₹ के रूप में टैग किए जाने पर हंसने से लेकर ₹शिल्पा का पति₹ कहे जाने तक, व्यवसाय में अपनी यात्रा को साझा करने तक और 18 साल की उम्र में लंदन में कैब चलाकर कैसे शुरुआत की, राज कुंद्रा ने अपने दर्शकों को याद करने के लिए एक रात दी। . उनकी बुद्धि, हास्य और अदायगी का दर्शकों ने स्वागत किया और वे जोर-जोर से हंसने लगे। पहली बार किसी को इतनी शांति के साथ स्टैंड-अप कॉमेडी की दुनिया में कदम रखते देखना उल्लेखनीय था।

अपनी नई हास्य प्रतिभा के अलावा, राज कुंद्रा अपनी बायोपिक, यूटी69 के लिए दर्शकों को उत्सुकता से बांधे हुए हैं। कुछ दिलचस्प सवाल जो मनोरंजन जगत में अभी भी घूम रहे हैं, काफी सस्पेंस पैदा कर रहे हैं। क्या UT69 सच में राज कुंद्रा की बायोपिक है? UT69 का क्या अर्थ है? क्या सच में राज फिल्म में खुद का किरदार निभाएंगे? क्या इसका निर्देशन फराह खान करेंगी?

## नुसरत भरुचा के दिल छू लेने वाले हाइफ़ा भाषण ने महफिल लूट ली!

**मुंबई।** ईमानदारी और कृतज्ञता बिखेरने वाले एक क्षण में, प्रतिभाशाली बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा ने इज़राइल में हाइफ़ा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मंच संभाला। इस वर्ष, महोत्सव में ₹अकेली₹ की स्क्रीनिंग हुई, एक ऐसी फिल्म जिसने अपनी सम्मोहक कहानी और शानदार कलाकारों के लिए ध्यान आकर्षित किया है। अपनी मनोरम उपस्थिति और प्यारे शब्दों के साथ, भरुचा ने महोत्सव पर एक अमिट छाप छोड़ी।उन्होंने कहा, 'मेरी फिल्म का नाम अकेली है जिसका मतलब है अकेला। लेकिन यहां इज़राइल में, इतने अद्भुत दर्शकों, बेहतरीन कलाकारों, बेहतरीन टीम के साथ, मैं आपको एक बात निश्चित रू प से बता सकती हूं, मैं बिल्कुल भी अकेला महसूस नहीं करती! और यह वास्तव में उन सभी को जाता है जो मेरे दर्शक हैं। मैं अपने दर्शकों के लिए फिल्में करता हूं, और मुझे यह देखना अच्छा लगेगा कि आप इसके बारे में क्या कहेंगे।'

## एशियाई खेल

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जीता स्वर्ण, जापान को 5-1 से हराया

**हांगझू, (हि.स.)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को जापान को 5-1 से हराकर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक अपना नाम किया। एशियाई खेलों में भारत का यह 22वां स्वर्ण पदक था। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो (32वें और 59वें मिनट), मनप्रीत सिंह (25वें मिनट), अमित रोहिदास (36वें मिनट) और अभिषेक (48वें मिनट) ने 1-1 गोल किया।इस मैच में दोनों टीमों ने रक्षात्मक शुरुआत की, फलस्वरूप पहला क्वार्टर गोल रहित समाप्त हुआ। मैच का पहला गोल दूसरे क्वार्टर में आया, जब मैच के 25वें मिनट में मनप्रीत सिंह ने बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक भारतीय टीम 1-0 से आगे रही।मध्यांतर के बाद भारतीय टीम ने आक्रामक रूख अपनाया और मैच के 32वें मिनट में भारतीय टीम को पेनल्टीकॉर्नर मिला, जिसे



हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदलकर भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। मैच के 36वें मिनट में अमित रोहिदास ने एक और बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत को 3-0 से आगे कर दिया। मैच के 48वें मिनट में हार्दिक सिंह के पास पर अभिषेक ने भारत के लिए चौथा गोल किया।51वें मिनट में जापान को पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार तनाका सेरेन ने गोल कर जापान का खाता खोला।मैच खत्म होने से कुछ समय पहले भारत को पेनल्टीकॉर्नर मिला और इस बार हरमनप्रीत सिंह ने मैच का अपना दूसरा और भारत के लिए पांचवां गोल किया और स्कोर 5-1 हो गया, और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ ही भारतीय हॉकी टीम ने न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।इस स्वर्ण के साथ ही भारत ने एशियाई खेलों में अब तक 95 पदक जीत लिये हैं, जिनमें 22 स्वर्ण, 34 रजत और 39 कांस्य पदक शामिल हैं।

## नांदेड़ अस्पताल में मौतें : बॉम्बे HC की सरकार को फटकार, पिछले छह महीनों में डॉक्टरों की भर्ती का ब्योरा मांगा

**मुंबई।** नांदेड़ अस्पताल में हुई मौतों के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज्य सरकार ने फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सरकार बताए उसने सरकारी अस्पतालों में खाली पदों को भरने के लिए क्या कुछ कदम उठाए। साथ ही चिकित्सा आपूर्ति के बारे में हलफनामा दायर करें। महाराष्ट्र में नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में मरीजों की मौत का मामला और गंभीर होता जा रहा है। नांदेड़ के डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 48 घंटे से भी कम समय में 31 मरीजों की मौत हो गई थी। सोमवार तक मरने वालों की संख्या 24 थी जबकि बाद में सात और मरीजों की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार, कुल 31 मृतकों में से 16 शिशु हैं। नांदेड़ अस्पताल में हुई मौतों के मामले में महाराष्ट्र सरकार ने हाईकोर्ट में एक रिपोर्ट पेश की। बता दें, मरीजों की मौतों से जुड़े मामले में महाराष्ट्र सरकार की तरफ से महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने दलीले पेश कीं। रिपोर्ट को संज्ञान में लेते हुए हाईकोर्ट ने बताया कि राज्य सरकार की रिपोर्ट में क्या कहा गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुछ मरीजों की जान इसलिए नहीं बचाई जा सकी थी, क्योंकि उन्हें निजी अस्पतालों ने बहुत देर से रेफर किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सभी दवाएं और अन्य आपूर्तियां उपलब्ध थीं और प्रोटोकॉल के अनुसार इलाज किया गया। राज्य सरकार ने चिकित्सा आयोग की रिपोर्ट की एक बात भी सामने रखी। सरकार की रिपोर्ट में कहा गया कि चिकित्सा आयोग के अनुसार, नांदेड़ मेडिकल कॉलेजों में अधिक जनशक्ति और एक नए एनआईसीयू की आवश्यकता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 97 पदों में से केवल 49 ही भरे हुए हैं।

### हाईकोर्ट का आदेश

बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को पिछले छह महीनों में सरकारी अस्पतालों में रिक्तियों को भरने के लिए उठाए गए कदमों और पिछले छह महीनों में सरकारी अस्पतालों की मांग और आपूर्ति के बारे में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया हैं। इसके साथ ही अदालत ने मेडिकल प्रोक्योरमेंट अथॉरिटी से अपनी खरीद, नियुक्ति और उपलब्ध स्टाफ के लिए 2023 अधिनियम के अनुसार एक हलफनामा दाखिल करने को भी कहा। बॉम्बे हाई कोर्ट का यह भी कहना है कि चिकित्सा शिक्षा के प्रधान सचिव द्वारा दायर हलफनामे में पिछले एक साल में चिकित्सा आपूर्ति के लिए नांदेड़ से जुड़े संस्थानों का विवरण भी देना चाहिए।

### कठिन समय में सीएम कहां हैं?

अस्पताल में हुई मौतों के मामले पर पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि कोविड-19 के दौरान वही डॉक्टर, डीन, नर्स और वार्ड बॉय वहां थे। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा की। ठाकरे ने कहा, 'मेरी जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र एकमात्र ऐसा राज्य था, जहां दूर-दराज के इलाकों में ड्रोन के जरिए दवाइयां पहुंचाई गई थीं। पिछले कुछ दिनों से ठाणे, छत्रपति संभाजी नगर, नागपुर और नांदेड़ से खबरें आ रही हैं और कुछ जगहों से अभी भी खबरें आ रही हैं।' उन्होंने कहा कि इसका जिम्मेदार कौन है? इस कठिन समय में सीएम कहां हैं? ठाकरे ने कहा कि यह सीएम और डिप्टी सीएम की जिम्मेदारी थी कि वे जाकर मौतों के पीछे का कारण जानते।

### आखिर मौत की वजह क्या है?

इससे पहले 24 मौतों की सूचना पर महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के निदेशक डॉ. दिलीप म्हैसेकर ने बताया था कि मरीज कुछ स्थानीय निजी अस्पतालों से यहां भेजे गए थे। इनमें से जान गंवाने वाले कुछ मरीज वयस्क थे, जिनकी विभिन्न कारणों से मौत हुई। अस्पताल के डीन से मिली जानकारी का हवाला देते हुए म्हैसेकर ने कहा कि जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से कुछ नवजात थे और कुछ गर्भवती महिलाएं थीं।

## 'पूरे देश में महिला जजों की संख्या ...' चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने आधी आबादी पर कही बड़ी बात



**नई दिल्ली।** हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर पीठ के कार्यक्रम में कहा था कि न्यायपालिका में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है। अब भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि महिला जजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि उत्साह बढ़ाने वाली है। उन्होंने कहा, यह देशव्यापी चलन है।

शुक्रवार को सीजेआई ने कहा, हम कुछ खुशखबरी साझा करना चाहते हैं। यहां अदालत कक्ष में महाराष्ट्र के सिविल जज जूनियर डिवीजन के 75 न्यायाधीश हैं। 75 जजों के बैच में से 42 महिलाएं और 33 पुरुष हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के साथ मामले की सुनवाई के लिए बेंच में बैठे सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह चलन पूरे देश में दिख रहा है। महिला न्यायाधीशों की संख्या अधिक है।'

### वरिष्ठ वकीलों ने भी कहा- महिलाओं की संख्या बढ़ाना जरूरी

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि वह दोपहर के भोजन के दौरान महिला न्यायाधीशों सहित सभी न्यायिक अधिकारियों से मुलाकात का प्रयास करेंगे। चीफ जस्टिस की टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे समेत कुछ वकीलों ने सीजेआई से शीर्ष अदालत में महिला न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्याप्त कदम उठाने की अपील की।

### उच्च न्यायपालिका में महिलाओं की संख्या एक तिहाई हो

वकीलों की अपील के बाद सीजेआई ने कहा, ₹आज की नियुक्तियां 15 साल पहले की स्थिति दिखाती हैं।₹ गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पूर्व अध्यक्ष ने भी हाल ही में महिला जजों की संख्या पर बयान दिया था। वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने सीजेआई को लिखे पत्र में कहा था कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के एक तिहाई पद महिलाओं को आवंटित किए जाने की जरूरत है।

### सीजेआई से महिला आरक्षण का जिक्र, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रमुख क्या बोले?

विकास सिंह ने संसद से पारित महिला आरक्षण कानून का जिक्र करते हुए कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने वाले विधेयक का भी जिक्र किया। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष के रूप में तीन कार्यकाल पूरा कर चुके विकास सिंह ने लिखा, पटना, उत्तराखंड, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर के उच्च न्यायालयों में एक भी महिला न्यायाधीश नहीं हैं। शेष 20 उच्च न्यायालयों में 670 पुरुष न्यायाधीशों की तुलना में केवल 103 महिला न्यायाधीश हैं।

### 2027 में देश को पहली महिला चीफ जस्टिस मिलने का अनुमान

न्यायपालिका में महिला जजों की संख्या पर सीजेआई की टिप्पणी अहम मानी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में फिलहाल सिर्फ तीन महिला न्यायाधीश हैं। अदालती मामलों पर नजर रखने वाले जानकारों का अनुमान है कि बीवी नागरत्ना करीब 4 साल बाद 2027 में देश की पहली महिला चीफ जस्टिस बन सकती हैं। जबलपुर दौरे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि महिलाओं के पास न्याय का नैसर्गिक गुण होता है।

## फिनलैंड-भारत संबंध पर बोले राजदूत, 75 साल का इतिहास, भविष्य में रिश्ते और मजबूत होंगे

**नई दिल्ली।** भारत वैश्विक रिश्तों को कितनी अहमियत देता है, इसका अंदाजा इसी बात से होता है कि फिनलैंड के राजदूत देश के साथ संबंधों को लेकर कितने सकारात्मक हैं। फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेविर्ता ने भारत और फिनलैंड के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पूरी होने से पहले कहा, दोनों देशों के संबंधों के परिणाम लाभकारी होंगे। उन्होंने मुक्त व्यापार वार्ता से भी बेहतरीन परिणाम आने की उम्मीद जाहिर की। दरअसल, अगले साल भारत और फिनलैंड के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ होगी। दोनों देशों के संबंधों पर भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेविर्ता ने शुक्रवार को कहा, चल रही मुक्त व्यापार वार्ता व्यापारिक मोर्चे पर दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगी। उन्होंने कहा, यूरोपीय संघ भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार है।

# जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में श्रम एवं सेवायोजन विभाग की हुई बैठक

लोकमित्र ब्यूरो




**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में श्रम एवं सेवायोजन विभाग की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नागरिकों को स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रकृति की सेवाएं प्रदान किये जाने के उद्देश्य से संचालित सेवामित्र पोर्टल से कई तरह की सेवाएं जैसे- कारपेंटर, टैक्सी सेवा, कान्सट्रक्शन सेवा, कैटरिंग सेवा, टेन्ट सेवा, इंटीरियर डिजाइन सेवा, पेटिंग सेवा एवं इलेक्ट्रिकल सेवा आदि घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं साथ ही सेवा प्रदाता फर्मस एवं कुशल कामगार भी इस व्यवस्था के अंतर्गत अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इन सेवाओं का लाभ सेवा मित्र पोर्टल पर sewamitra.up.gov.in अथवा सेवामित्र मोबाइल एप्लीकेशन या ट्रोल फ्री कॉल सेंटर नम्बर 155330 के माध्यम से उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सेवा मित्र व्यवस्था के अंतर्गत कौशल प्राप्त युवाओं को सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से स्वावलम्बन के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। साथ ही इसमें डे वर्क और प्रोजेक्ट वर्क के अंतर्गत स्टार्टप के अवसर भी उपलब्ध हो रहें हैं, यह व्यवस्था पेसेवरों को डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने और नागरिकों को उचित कीमत पर सत्यापित सेवाएं प्रदान कर सरकार के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के अनुरूप है। सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या पद्म वीर कृष्ण ने बताया कि जनपद अयोध्या में सेवा मित्र जागरूकता पखवाड़ा 1 अक्टूबर, 2023 से 15 अक्टूबर, 2023 तक मनाया जा रहा है। कारपेंटर, टैक्सी सेवा, हाउसिंग सेवा, कैटरिंग सेवा, टेन्ट सेवा, इंटीरियर डिजाइन सेवा, पेंटिंग सेवा एवं इलेक्ट्रिकल सेवा आदि विभिन्न सेवाएं चाहने वाले एवं देने वाले सेवा मित्र पोर्टल के माध्यम से लाभान्वित हो सकते है। इसका प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। इस अवसर पर बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, सूचना विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्व ग्राम प्रधान सवारी देवी के निधन पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया

**अयोध्या।** बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर महासचिव रमेश कुमार आनंद की माता ग्राम पंचायत बोधिपुर की पूर्व ग्राम प्रधान सवारी देवी के निधन पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है बसपा कार्यकर्ताओं ने एक शोक सभा करके मृतक को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज के प्रभारी वीरेंद्र कुमार गौतम महासचिव राम भारत वर्मा सेक्टर अध्यक्ष विश्वनाथ कुमार पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजयपाल पूर्व ग्राम प्रधान निधि श्री चंद पप्पू कुमार राव पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय प्रकाश भारती विनोद कुमार गौतम ग्राम प्रधान बंशीधर रंजीत कुमार राजमोहन सहित अन्य बसपा कार्यकर्ताओं ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# प्रेस की स्वतंत्रता पर किये जा रहे हमलों के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** केन्द्र सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता पर किये जा रहे हमलों के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार सदर को सौपा।जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा केन्द्र सरकार के इशारे पर न्यूज वेबसाइट न्यूजक्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ सहित इससे जुड़े पत्रकारों के घरों पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा छापामारी की गयी है। छापेमारी के दौरान उनके मोबाइल, लेपटॉप, कम्प्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त कर लिये गये हैं। साथ ही कुछ पत्रकारों की गिरफ्तारी भी की गयी है। यह घटना लोकतंत्र के इतिहास में काला धब्बा है तथा इस देश के लोकतंत्र को कमजोर करने का षड्यंत्र है।पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह तथा रामदास वर्मा ने कहा भाजपा सरकार ने अपने गलत कार्यों को उजागर करने वाले देश के नामचीन पत्रकारों व विपक्ष के नेताओं जेल भेज कर बहुत ही निंदनीय काम किया है देश की जनता इसका जवाब देगी।महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल तथा जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कांग्रेस पार्टी पत्रकारों पर हुए इस कार्यवाही की घोर निन्दा करती है और सरकार के इशारे पर हो रहे इस प्रकार के कृत्यों को हम कांग्रेसजन स्वीकार नहीं कर सकते।इस मौके पर प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, राम अवध, राम नरेश मौर्य, राजकुमार मौर्य अशोक कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

# भारत का किसान बिना भय के आर पार का आंदोलन करता है




लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** किसान मसीहा भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष चौ0 महेंद्र सिंह टिकैत जी की 88 वी जयंती गांधी पार्क में किसान जागृति दिवस के रूप में बनाई गई जयंती पर गोष्टी/ पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें चौ0 महेंद्र सिंह टिकैत जी के द्वारा देश के किसानों के प्रति किए गए योगदान की चर्चा किया गया चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत जी की जयंती के अवसर पर पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि चौ0 महेंद्र सिंह टिकैत किसानों के मन से डर शब्द निकाल कर मान सम्मान स्वाभिमान व समस्या समाधान के लिए लड़ना सिखाया, आंदोलन करना सिखाए जिनकी देन है कि भारत का किसान बिना भय के आर पार का आंदोलन करता है। श्री टिकैत द्वारा तमाम प्रकार की सामाजिक बुराइयों दहेज प्रथा नशा उल्मूलन को दूर करने पर भी अभियान चलाया।

मध्यांचल सचिव सूर्यनाथ वर्मा जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के जीवन पर विस्तार से चर्चा किया।पंचायत को शंकरपाल पांडे, भागीरथी वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा, रवि शंकर पांडे, संतोष वर्मा, गब्बर गोस्वामी, तुलसीराम गोस्वामी, प्रेम शंकर वर्मा, राजकुमार यादव, भोला सिंह टाइगर ,राम बचन भारती, जितेंद्र कुमार, महादेव, राम सुमेर भारती, महेंद्र वर्मा, जगदीश यादव, रामगोपाल मौर्य, रंजीत कोरी, रामू चंद्र विश्वकर्मा ,चंदू भाई पटेल, लालू उपाध्याय सलामुद्दीन, मोहम्मद यासीन, मीना देवी पायलपासवान जमुना देवी मीरा गुप्ता फूला देवी जनक दुलारी उर्मिला निषाद शीला देवी आदि दर्जन लोगों ने संबोधित किया।

# केंद्रीय दुर्गापूजा समिति के लोगो के साथ विसर्जन स्थल महादेव घाट व सीताराम घाट का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो



**गोसाईगंज- अयोध्या।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर आयोजित दुर्गापूजा के मद्देनजर जिला प्रशासन के निर्देश पर ईओ व एसएचओ ने केंद्रीय दुर्गापूजा समिति के लोगो के साथ विसर्जन स्थल महादेव घाट व सीताराम घाट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान तमसा नदी में जलकुंभी के साथ गन्दा पानी मिला। बताते चले कि बुधवार को जिला प्रशासन की बैठक में केंद्रीय दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष हेमंत गुप्ता व महामंत्री अवधेश सोनी ने अपनी मांगों को लेकर एक मांग पत्र डीएम को सौंपा था। मांगपत्र में तमसा नदी की सफाई,पानी,बिजली,पंडालों के आसपास की सफाई,आवारा जानवर व सुरक्षा की मांग की गई थी। उसी के तहत विसर्जन स्थल का निरीक्षण हुआ। ईओ इंद्रभान ने निरीक्षण के बाद केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति को आश्वस्त किया कि पोकलैंड से नदी की सफाई कराई जाएगी।

विसर्जन के दौरान दोनो घाटो पर बैरिकेटिंग 4-4 गोताखोर, समतलीकरण, व लाइटिंग की ब्यवस्था की जाएगी। सभी पंडालों के आसपास दोनो समय सफाई कराई जाएगी।मेले के दौरान घूमने वाले आवारा जानवरो को पकड़कर गौशाला भिजवाया जाएगा। एसएचओ सन्तोषकुमार सिंह ने बताया कि मेले को सकुशल निपटाने के लिए अतिरिक्त फोर्स मांगी जाएगी। मनचलों व शराबियों पर अंकुश लगाने के लिए ब्रीफ इनवाईजर की ब्यवस्था रहेगी। मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष संजय पराग, गोपीनाथ अँगियार,ह नुमान सोनी, कालीचरण वर्मा, सर्वेश मोनू,ध्रुव बरनवाल, विनोद बरनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# दीपावली से पहले गड्ढा मुक्त होंगी अयोध्या की सभी सड़कें

**» अयोध्या में 474.60 किमी सड़कों को किया जा रहा गड्ढा मुक्त**



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में यातायात को सुविधाजनक बनाने के लिए अयोध्या जनपद में 474.32 किलोमीटर सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़कों की मरम्मत कराई जा रही है। प्रदेश की योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंताओं को निर्देशित किया है कि दीपावली तक सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त कर दिया जाए।

अयोध्या जनपद में शहर में ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर कुल 817.72 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है। इसमें से 474.32 किलोमीटर सड़के वर्तमान समय में क्षतिग्रस्त हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश का पालन करने के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का कार्य प्रारंभ कराया गया है। इसके लिए 417.60 लाख रुपए का बजट प्रदेश सरकार की ओर से आवंटित किया जाएगा।

वर्तमान समय में 180.92 लाख रुपए का बजट जनपद में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए उपलब्ध कराया गया है। प्राप्त धन से 11.95 लाख रुपया पहले ही गड्ढा मुक्ति में खर्च किया जा चुका है। दीपावली तक शहर व देहात की सभी सड़कें गड्ढा मुक्त कर दी जाएंगी। जिले की सभी तहसील क्षेत्र में सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जा रहा है।

# सीएचसी और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जाने वाला मार्ग गड्ढे में तब्दील

लोकमित्र ब्यूरो

**हैदरगंज -अयोध्या।** तारुन बाजार से सीएचसी और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जाने वाला मार्ग गड्ढे में तब्दील हुआ है । सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे में बगल टूटी नालियों शका कीचड़ सहित पानी राहगीरों के लिए मुसीबत बना है । जिसको लेकर शुक्रवार को बाजार वीडियो सहित ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया। खबर अयोध्या जनपद के तारुन बाज़ार की है । जहां पर लगभग 2 वर्षों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरुण और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय को जाने वाले मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है । सिसमे नाली का पानी भरा हुआ है । बाजार से सटे सड़क पर सड़क पर बने गड्ढे में भर पानी के बीच से तीमारदार अपने घर के मरीज, विद्यालय के बच्चो सहित ग्रामीणों का आना-जाना है। गंदे पानी भरे गड्ढे में गिरकर लोग चोटहिल हल हो रहे हैं । वहीं सड़क के किनारे दोनों पटरी पर बनी दुकानों पर आने वाले ग्राहकों को भी काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर शुक्रवार की दोपहर 2:00 बजे ग्रामीण और बाजार वीडियो का गुस्सा फूट पड़ा और विरोध पर उतर आए । बाजार वासी धर्मेंद्र चौरसिया, अमर सिंह चिराग, राहुल गुप्ता, शालिकराम, प्रेम कुमार कसौधन, मुन्नालाल निषाद, पिंटू सोनी, राजबहादुर निषाद, शाकिर, विजय तिवारी, संतोष गुप्ता, जगन्नाथ शर्मा, जानकी प्रसाद वर्मा, हौसला पाल, गोविंद गुप्ता, विजय यादव, लल्लन मिश्रा, अमित कुमार, माधव प्रसाद, राहुल गुप्ता, रामकुमार पाल, अमित गुप्ता सहित लोगों ने बताया कि लगभग 2 वर्षों से सड़क गड्ढे में तब्दील हुई है और बड़े-बड़े गड्ढे में नाली और बरसात का पानी ना निकल पानी के चलते भरा हुआ है।

## कृषि विवि में किसान मेला 10 व 11 अक्टूबर को

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के 49वें स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 10 व 11 अक्टूबर को लगेगा। किसान मेले को सफल बनाने के लिए कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसान मेले का आयोजन किसान भवन मैदान में किया जायेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से मेले की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। अपर निदेशक प्रसार प्रो. आर.आर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। किसान मेले में उत्तर प्रदेश के लगभग 30 जनपदों के किसान यहां पहुंचेंगे। किसान मेले में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 25 कृषि विज्ञान केंद्रों, आईसीएआर संस्थानों, मुख्य कैंपस, एफपीओ व सरकारी संस्थाओं द्वारा आधुनिक तकनीकियों से तैयार की गई।

# पुलिस लाइन सभागार मे शक्ति दीदी के संबंध मे गोष्ठी की गयी





लोकमित्र ब्यूरो

**गोण्डा।** 6 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल द्वारा पुलिस लाइन सभागार मे महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ०प्र० लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे अभियान #शक्ति_दीदी के संबंध मे गोष्ठी की गयी। जिसमें जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त एंटीरोमियों टीम, प्रत्येक थाने से 05 महिला बीट आरक्षीगण,विशेष किशोर ईकाई व समस्त WCSO कार्यालय, वन स्टॉप सेंटर व महिला थाने पर नियुक्ति अधिकारी/कर्मचारीगण ने प्रतिभाग किया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने गोष्ठी में उपस्थित सभी अधि0/कर्मचारीगण को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0 पुलिस लखनऊ के द्वारा चलाये जा रहे अभियान शक्ति_दीदी के सम्बन्ध में विस्तर से बताये की सभी बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवो में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण कराने के सम्बन्ध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाये जिससे महिलाओं/ बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पडेग़ा, शक्ति दीदी नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवो में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण दोष के आधार पर निराकरण कराया जाएगा। मिशन शक्ति के बारे में पम्पलेट बांटकर व जनजागरूक करते हुए आत्मरक्षा के बारे में तथा हेल्पलाइन नम्बरों 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108, 102,1930 आदि के बारे में महिलाओं/ बालिकाओं को जागरूक किया जाये।

# आदेश पारित करते समय नाम पदनाम लिखें पीठासीन अधिकारी : मण्डलायुक्त



लोकमित्र ब्यूरो

**गोण्डा।** देवीपाटन मण्डल, 06 अक्टूबर मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने मण्डल के सभी पीठासीन अधिकारियों को आदेश पारित करते समय अपना नाम और पदनाम अंकित करने का आदेश दिया है। मण्डलायुक्त ने बताया कि आदेश पारित करते समय पीठासीन अधिकारी का नाम एवं पदनाम नहीं अंकित किया जा रहा है उनके द्वारा मात्र हस्ताक्षर बनाया जा रहा है जो अत्यन्त ही खेदजनक है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में पत्रक व आदेश के नीचे सम्बन्धित पीठासीन अधिकारी द्वारा अपना नाम एवं पदनाम स्पष्ट रूप से नहीं अंकित किया जायेगा तो सम्बन्धित पीठासीन अधिकारी के विरुद्ध आदेश की अवहेलना मानते हुए अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी।

# पुरातन छात्रों के मध्य आपसी मेलजोल एवं नवोदय संस्कृति को जीवंत रखने पर जोर

लोकमित्र ब्यूरो




**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश नवोदय एलुमिनी एसोशिएशन के तत्वावधान में आठ अक्टूबर को द्वितीय प्रदेश एलुमिनी मीट का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक मंडल के डा रामचन्द्र व मुकेश प्रताप सिंह ने संयुक्त रुप से बताया कि इसका उद्देश्य वर्ष 1993 से 2023 के मध्य नवोदय विद्यालयों से उत्तीर्ण पुरातन छात्रों के मध्य आपसी मेलजोल एवं नवोदय संस्कृति को जीवंत रखने पर जोर देना है।

पुरातन छात्रों के आपसी परिचय के साथ उनकी समाजिक, आर्थिक व चिकित्सीय जैसी दिक्कतों को दूर करने के साथ एक दूसरे की हर सम्भव मदद की जायेगी नवोदय विद्यालय में कार्यरत प्रचारगढ़ एवं सेवा नृत्य शिक्षकों स्टाफ का सम्मान कर विद्यालय के साथ आत्मीय संबंध को मजबूत करना एल्यूमिनी मीट में प्रति विभाग करने वाले पुरातन छात्रों के सामूहिक प्रयास से PAY BACK TO SOCIETY की भावना को जीवन कर रंग जाति भेद पद रहित समाज का निर्माण कर राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ करना । सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नवोदय के 7 वर्ष के मधुर दोनों को याद करना विश्व व्यापी एवं राष्ट्रव्यापी एल्यूमिनी के प्रशंसनीय एवं उल्लेखनीय कार्यों उपलब्धियां के प्रेरणादायक पहलुओं पर चर्चा कर सबको प्रेरित करना। नवोदय विद्यालय अयोध्या के लगभग सभी पुरातन छात्रों ने स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग किया है जिसकी जितनी इच्छा उसका उतना सहयोग प्रदेश के अन्य नवोदय पुरातन छात्रों विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग किया है शिक्षकों गुरुओं के आने जाने और ठहरने की व्यवस्था विभिन्न होटलों में की गई है बैठक में करीब 2 हजार लोग शामिल होंगे। मालूम हो कि इसके पूर्व 2022 में आगरा में प्रथम एलुमिनी का आयोजन हुआ था। तैयारी बैठक के अवसर पर हरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रदीप पटेल, आजाद सदक, राजबहादुर, राजेश कुमार, अमित गुप्ता, सौरभ श्रीवास्तव, नूर मोहम्मद, हरीश सिंह, धर्मपाल पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# महिला को बचाने के चक्कर में बाइक सवार गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

लोकमित्र ब्यूरो

**रुदौली-अयोध्या।** पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गेरौंढा से अपने घर जा रहा बाइक सवार एक महिला को बचाने के चक्कर में बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना तुरन्त उनके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही ससुराल वालों ने मौके पर पहुचकर एम्बुलेंस से सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया। जहा पर घायल की हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार रुदौली कोतवाली क्षेत्र के खैरनपुर निवासी अयाज अहमद पुत्र रिजवान अहमद उर्म 30 वर्ष जो बुधवार को पटरंगा थाना क्षेत्र के गेरौंढा गांव निवासी स्व,मोहम्मद कलीम के यहां अपनी ससुराल गया था। मोहम्मद अयाज जो गुरुवार की सुबह लगभग सात बजे बाइक से अपने घर के लिए निकला वह जैसे ही गेरौंढा गांव से निकलकर इचौलिया मोड़ पर बने नहर से सटे खतरनाक गड्ढे के पास पहुंचा तभी अचानक सामने आई एक महिला को बचाने के चक्कर बाइक सहित नहर में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।इस घटना की सूचना मिलते ही ससुराली जनों ने पहुंचकर तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल को सीएचसी रुदौली लेकर गए जहां घायल की हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया। वहीं घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि इचौलिया मोड़पर के निकट एक खतरनाक जानलेवा गड्ढा काफी दिनों से है जिससे उस जगह पर निकलकने वाले राहगीरों के लिए खतरा बना रहता है।ग्रामीणों ने बताया कि इस गड्ढे की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को कई बार शिकायत की लेकिन इस सम्बंधित विभाग द्वारा इसे दुरुस्त नहीं किया गया है जिससे इस मोड़ पर आए दिन कोई न कोई चोटहिल हुआ करता है।

# अपर जिला जज की अध्यक्षता में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

लोकमित्र ब्यूरो




**गोण्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दो अक्टूबर से चलाये जा रहे 'स्वच्छता जागरूकता अभियान' के तहत शुक्रवार को नितिन श्रीवास्तव अपर जिला जज एफटीसी की अध्यक्षता में फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कालेज में स्वच्छता पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण तथा सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिला जज नितिन श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि विद्यार्थी के लिए ज्ञानार्जन का यह महत्वपूर्ण समय है, विद्यालय वह पवित्र स्थान है जहां भविष्य की नींव रखी जाती जिसमें शिक्षक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं ऐसे में विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण भाव से विद्या का अर्जन करना चाहिए और अपने अभिरुचि को पहचान कर अपने कैरियर का क्षेत्र चुनना चाहये साथ ही साथ अपने विद्यालय को अपना मान कर इसकी स्वच्छता और सफाई को बनाये रखें साथ ही अपना लक्ष्य ऐसा चुनें जिसमें स्वयं के साथ -साथ समाज का भी भला हो।

इस विधिक साक्षरता शिविर में सभी छात्र छात्राओं को शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत शिक्षा, गुणवत्तापरक शिक्षा, निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009, निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली -2010, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, भारतीय संविधान में शिक्षा संबंधी प्रावधान जैसे अनुच्छेद 21A, 41, 45, 51 A, आदि के बारे में बिन्दुवार विस्तारपूर्वक जानकारियां प्रदान की गयीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पटेल, सहायक अध्यापक राज वर्धन श्रीवास्तव, ऋषि कुमार शुक्ला,विनय कुमार शुक्ला,अभिजीत कुमार सिंह, रमेश कुमार शुक्ला, श्रीमन्नारायण दूबे गंगा प्रसाद द्विवेदी, महेश यादव पीटीए व सभी छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# 29 अक्टूबर 2023 को लखनऊ में मिलेट्स महोत्सव तथा माह दिसम्बर में कृषि कुम्भ का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में विगत पाँच वर्षों में फसल उत्पादन का क्षेत्रफल 1.80 लाख हेक्टेयर बढ़ा है जबकि कृषि उत्पादन में इस दौरान सवा लाख मैट्रिक टन की वृद्धि हुई है। सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। प्रदेश में सिंचन क्षेत्र का विस्तार हुआ है। कृषि निवेशों खाद, बीज, कृषि रक्षा रसायन की कोई कमी नही है। कृषि क्षेत्र में यन्त्रीकरण बढ़ा है जिससे कृषि कार्य सुलभ हुआ है। कृषि मंत्री शुक्रवार को इंन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान में आयोजित रबी उत्पादकता गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 50 हजार नये सोलर पम्प स्थापित किये जाने की घोषणा की। उन्होने कहा योगी सरकार किसानों को अनुदान पर कृषि यन्त्र उपलब्ध करा रही है। इस वर्ष सराकार कृषि यन्त्रों पर 3.5 करोड़ रुपये अनुदान देगी। उन्होने



कहाँ की किसान भाई गन्ने के कूड से कूड के बीच खाली जगह में मिश्रित खेती के रूप में मक्का, आलू, चना, हल्दी अदरख धनिया आदि की फसल लगा कर अतिरिक्त उपज और आमदनी प्राप्त कर सकते हैं।

कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और जन स्वास्थ के मद्देनजर सरकार प्राकृतिक खेती और मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। इसके चलते राज्य में मौजूदा खरीफ सत्र में श्री अन्न का क्षेत्रफल बढ़ा है। श्री अन्न को बढ़ावा देने के उद्देश्य से औजूदा खरीफ सत्र में किसानों को श्री अन्न के बीज मुफ्त में उपलब्ध कराये गये। राज्य सरकार अगामी 29 अक्टूबर 2023 को लखनऊ में मिलेट्स महोत्सव तथा माह दिसम्बर में कृषि कुम्भ का आयोजन करेगी। कृषि कुम्भ में कृषि में अग्रणी देशों प्रतिनिधियों को आमनत्रित किया जायेगा। सरकार ने आगामी रबी सत्र 2023-24 में क्षेत्र आच्छादन में 86000 हेक्टेयर की वृद्धि का लक्ष्य रखा है वहीं उत्पादन में 20 लाख 83 हजार मैट्रिक टन वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है।

मंत्री श्री शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में किसानों से उनकी उपज को खरीद कर उसकी सही कीमत देने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा खरीब एवं रबी फसलों में लगभग 18 फसलों की एमएसपी को डेढ़ गुना से ज्यादा किया गया है। फसलों में रबी की फसल महत्वपूर्ण फसल मानी जाती है। उन्होंने कहा कि लगभग 2.10 हेक्टेयर की बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दलहन एवं तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु लगभग 9 लाख से ज्यादा तिलहन और दलहन की किट उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मक्के का उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। मक्के की एमएसपी बढ़ाई गयी है। उन्होंने कहा कि देश ही नही दुनिया का पेट भरने वाला बनना है। इसके लिए समय से खेती करके उत्पादन बढ़ाना बहुत जरूरी है। छोटे-छोटे कोशिश कृषि क्षेत्र मे उत्पादन की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 7 कुंतल से ज्यादा बीज 50 प्रतिशत अनुदान के साथ किसानों को उपलब्ध कराये जा रहे है। प्लाटों का डिजिटल सर्वे कराया जा रहा है। लगभग 21 जनपदों का सर्वे कार्य पूर्ण हो गया है। डिजिटल सर्वे के माध्यम से किसानों को खेत मे कौन सी फसल लगानी, काटनी तथा बेचने की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि रबी की फसलों के हर प्लाट का खसरा तैयार करवाया जायेगा।

गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती और जैविक खेती के बारे मे विस्तार से बताया जाय। प्राकृतिक खेती पर अधिक से अधिक जोर दिया जाय। प्राकृतिक खेती से क्वालिटी बेहतर हो सकेगी।

# शंकरगढ़ और हेतापट्टी की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले मंत्री नन्दी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को 5 कालिदास स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बिल्डर बायर्स समस्या के शीघ्र एवं स्थायी समाधान समेत विभिन्न विभागीय विषयों पर मंत्री नन्दी ने मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया। मंत्री नन्दी ने पिछले दिनों प्रयागराज के शंकरगढ़ में व्यापारी के 15 वर्षीय पुत्र की अपहरण कर हत्या किए जाने और हेतापट्टी में सर्राफा व्यापारी के घर पर हुई लूट एवं चौकीदार की हत्या किए जाने की घटनाओं में पीड़ति परिवारों की भावनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही पीड़ति परिवारों की मांगें भी मुख्यमंत्री के सामने रखीं।

जनपद प्रयागराज के शंकरगढ़ बाजार निवासी व्यापारी पुष्पराज केसरवानी के पंद्रह वर्षीय पुत्र का



अपहरण कर हत्या किए जाने के मामले में और हेतापट्टी में सर्राफा व्यापारी परिवार के घर हुई लूट एवं चौकीदार की हत्या किए जाने के मामले में मंत्री नन्दी ने कुछ दिनों पहले शंकरगढ़ बाजार और हेतापट्टी गांव में जाकर पीड़ति परिवार और व्यापारियों से मुलाकात की थी।

मंत्री नन्दी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद जारी विज्ञप्ति में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में कानून का राज है। कानून से खिलवाड़ करने वालों को किसी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा। फिर वो चाहे वो कोई भी हो। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रयागराज के शंकरगढ़ और हेतापट्टी में हुई घटना के मामले को मुख्यमंत्री जी ने गम्भीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई की बात कही है। साथ ही पीड़ति परिवार को भी हर सम्भव मदद किए जाने के लिए आश्वस्त किया।मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश वैश्विक आयोजनों का केन्द्र बनकर उभरा है। उत्तर प्रदेश ने साल-2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, इंटरनेशनल ट्रेड शो और मोटोजीपी के सफल आयोजन की मेजबानी के साथ ही इंटरनेशनल इवेंट्स की हैट्रिक पूरी कर ली है। यही नहीं उत्तर प्रदेश ने पुरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

# ईडी ने वाराणसी में शाइन सिटी की 18 करोड़ की संपत्ति की जब्त

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** निवेशकों की गाढ़ी कमाई लूटकर भाग निकले शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का सिलसिला जारी है। ईडी ने शाइन सिटी की वाराणसी की राजातालाब तहसील क्षेत्र स्थित 10.27 हेक्टेयर जमीन जब्त की है।

यह जमीन वर्ष 2015 में 17.92 करोड़ रुपये की खरीदी गई थी। जिसकी वर्तमान में कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। ईडी ने शाइन सिटी संचालकों के विरुद्ध प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज केस में यह कार्रवाई की है। ईडी अब तक शाइन सिटी संचालक की 128.54 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त कर चुका है।

ईडी ने इससे पूर्व शाइन सिटी




संचालकों की फतेहपुर, रायबरेली, जालौन, गोरखपुर, कानपुर व प्रयागराज स्थित संपत्तियां जब्त की हैं। ईडी ने शाइन सिटी के प्रबंध निदेशक राशिद नसीम, उसके भाई आसिफ नसीम, शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड, अमिताभ कुमार श्रीवास्तव और मीरा श्रीवास्तव के नाम खरीदी गई संपत्तियों को जब्त किया है। राशिद व उसके सहयोगियों ने उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल व अन्य राज्यों में भी बड़ी संख्या में जमीनें खरीदी थीं। जमीनें किसानों से खरीदकर निवेशकों को प्लाटिंग की आकर्षक योजनाओं का झांसा दिया था और उनकी गाढ़ी कमाई लूटकर भाग निकले थे।

हाई कोर्ट के निर्देश पर ठगी के इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू, एसएफआइओ व ईडी मिलकर कर रहे हैं। शाइन सिटी का मुख्य संचालक राशिद नसीम दुबई भाग निकला था, जो वहां हीरो का कारोबार कर रहा है। जांच एजेंसियां उसका प्रत्यर्पण कराने का प्रयास भी कर रही हैं।

# लोक जन समाज पार्टी भारत नें लोकसभा चुनाव को लेकर लखनऊ मे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** शुक्रवार को लोक जन समाज पार्टी(भारत)के लखनऊ स्थित केंद्रीय कार्यालय पर लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आहूत किया गया।जिसमें पार्टी विस्तार एवं आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर चर्चा व परिचर्चा किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार चतुर्वेदी मौजूद रहे।एवं बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पप्पू बंसल ने किया व संचालन प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव रत्नेश कुमार मिश्र ने किया।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि 2024 में होने वाले सामान्य लोक सभा चुनाव में पार्टी पूरे देश के लोक सभा क्षेत्रों में से दो सौ सीटों पर पूरी मजबूती के साथ



चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है।आप सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन है कि जन जन तक पार्टी के निति और संदेश को पहुँचाने का कार्य करें।इसी क्रम में पार्टी में विस्तार की गति प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय कमेटी,प्रदेश कमेटी व जिला कमेटी का गठन किया गया।जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश कुमार पाठक, उमा मिश्रा,प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव रत्नेश कुमार मिश्र,राष्ट्रीय महासचिव मुकेश गुप्ता,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जानकी चतुर्वेदी, राष्ट्रीय सचिव गण एड अकबर अली, एड०सतपाल सिंह राजपाल, भूपेंद्र शरण दास,राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य गण उमेश कुमार शुक्ल, नरसिंह तिवारी,कैलाश कुमार वर्मा,चन्द्र शेखर शुक्ल, अरूण कुमार अग्रवाल एवं केंद्रीय कार्यालय प्रभारी के रूप में धन्नजय सक्सेना को नियुक्त किया गया। इसी क्रम में महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष किरन सिन्हा एवं महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव उमा शुक्ला को एवं कायस्थ प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया।उत्तर प्रदेश कमेटी में प्रदेश उपाध्यक्ष कर्ताराम दूबे,प्रदेश महासचिव हरजिंदर सिंह, प्रदेश सचिव गण, प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, मीरा चौरसिया, डा जुनैद खान, मोहम्मद अहमद खान, अजय तिवारी, प्रदेश संगठन सचिव रनजीत कुमार रावत, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अमित कुमार चौरसिया,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मो०इमामुद्दीन, लखनऊ जिलाध्यक्ष राम अचल गौतम, बाराबंकी जिलाध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, बहराइच जिलाध्यक्ष राम चन्दर वर्मा,अमरोहा जिलाध्यक्ष किरन देवी,महराजगंज जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र मणि त्रिपाठी उर्फ राजू बाबा,संत कबीर नगर जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार उपाध्याय, बांदा जिलाध्यक्ष अमरजीत सिंह,कुशीनगर जिलाध्यक्ष,अवधेश कुमार मिश्र, देवरिया जिलाध्यक्ष राम किशुन रजक,गोरखपुर जिलाध्यक्ष मोहन लाल मौर्य, इसी क्रम में महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गण,लखनऊ रीता देवी, संत कबीर नगर नीतू साहनी एवं आशा गौतम, राम सागर भारती, राजेश्वर तिवारी, जगतनारायण मौर्य, राजू कन्नौजिया, रवि पाण्डेय, महिजुब्बीन निशा, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, मार्कण्डेय पाण्डेय, अजय सिंह, प्रेमशंकर चतुर्वेदी,ह्रदय नारायण मिश्र, विजय कुमार, श्याम बहादुर विश्वकर्मा, मनोज कुमार वर्मा, डा धनेश्वर, व्यास मुनि पटेल, श्रवण कुमार शर्मा,राहुल कन्नौजिया, परशुराम यादव, शैलेश पाण्डेय, शमीम खान नागेंद्र कुमार वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# देवरिया हत्याकांड पर ऐसी कार्रवाई हो जो नजीर बने, सरकार पीड़ित परिवार के साथ है : एम एल सी देवेंद्र प्रताप सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ/देवरिया।** सूबे के देवरिया जिले में हुए पांच लोगों के जघन्य हत्याकांड के बाद बुधवार को पूरे लाव लश्कर के साथ पहुंचे फैजाबाद- सुलतानपुर स्नातक एम एल सी देवेंद्र प्रताप सिंह ने सख्त अल्टीमेटम दिया है। एम एल सी देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा इस मामले में ऐसी कार्रवाई की जाएगी कि वह लोगों के लिए नजीर बन जाएगी। साथ ही ढुल मुल रवैया अपनाने वाले अधिकारियो को भी फटकार लगाई।

गोरखपुर- फैजाबाद स्नातक सीट से भाजपा एम एल सी देवेंद्र प्रताप सिंह न कहा कि ने स्व.सत्य प्रकाश दूबे के बेटे देवेश दूबे से भेंट कर दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी देवरिया,पुलिस अधीक्षक देवरिया से दूरभाष पर वार्ता



कर निर्देशित किया कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए जो एक मिसाल बने।

श्री सिंह ने कहा- "इस पूरे घटनाक्रम को सीएम योगी आदित्यनाथ को अवगत करा दिया गया है, वे स्वयं इस पूरे मामले में नजर बनाए रखे हुए हैं। भूमाफियाओं के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ी जाएगी। वे किसी भी प्रकार से बचेंगे नहीं, चाहे उन्हें किसी का भी सियासी सरपरस्ती हासिल हो।"

### ऐसी कार्रवाई होगी जो नजीर बन जाए

इसके बाद एम एल सी देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि "देवरिया के फतेहपुर में ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा करके कैसे आलीशान मकान बना और यह अवैध मकान किस प्रकार बचा रहा। इसमें जांच के साथ ही प्रभावी कार्रवाई भी होगी। ऐसी कार्रवाई जो नजीर बन जाए। उन्होंने ने आगे कहा- "बेबस लोगों, बेटियों और मासूम बच्चों पर हमला करने वाले भूमाफिया कायर हैं। उनका उचित और कानूनी इलाज होकर रहेगा।

### क्या है पूरा मामला

यूपी पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत फतेहपुर के रहने वाले सत्य प्रकाश दुबे के भाई साधु दुबे ने कुछ दिन पहले अपने हिस्से की करीब 10 बीघा जमीन गांव के दूसरे मोहल्ले के रहने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव को बेच दी थी।

जमीन बेचने के बाद वह प्रेमचंद यादव के घर रहते थे। तीन माह पहले साधु दुबे गुजरात चले गए। जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। सोमवार की सुबह तककरीब 7:00 बजे प्रेमचंद यादव बाइक पर सवार होकर दूसरे मोहल्ले पर विवादित जमीन को देखने गए थे। खेत के पास विवाद होने लगा।

### एक ही दिन में हुई थी छह हत्याएं

उसके बाद प्रेमचंद यादव सत्य प्रकाश दुबे के दरवाजे पर पहुंच गए। सत्य प्रकाश दुबे के दरवाजे पर विवाद बढ़ गया। उस दौरान सत्य प्रकाश दुबे व अन्य ने मिलकर प्रेमचंद यादव को ईंट से मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी प्रेमचंद यादव के घर वालों को हुई। दूसरे मोहल्ले से ललकारते हुए प्रेमचंद यादव के घर के लोग सत्य प्रकाश दुबे के दरवाजे पर पहुंचे। सभी लोग घर में दरवाजा बंद कर छुप गए थे लेकिन आक्रोशित लोग दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुस गए। घर में सभी की बारी-बारी से धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी।

## ट्रांजिट टिकटिंग एवं फेयर कलेक्शन विषय पर सिंगापुर में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस

**लखनऊ।** दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस आगामी 10 एवं 11 अक्टूबर, 2023 को सिंगापुर में आयोजित किया जा रहा है। इस कान्फ्रेंस में परिवहन निगम की तरफ से प्रधान प्रबंधक (आई0टी0) श्री यजुवेन्द्र कुमार वक्ता के रूप में प्रतिभाग करेंगे। इस सम्बंध में प्रबंध निदेशक महोदय ने अपना अनुमोदन दे दिया है। यह जानकारी मुख्य प्रधान प्रबंधक प्रशासन राम सिंह वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का मुख्य विषय ट्रांजिट टिकटिंग एवं फेयर कलेक्शन है। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग में टिकटिंग एवं कलेक्शन के विषय में जो भी इनोवेशन किये गये हैं उससे विश्व के अन्य देशों को भी अवगत कराना मुख्य एजेण्डा है। इस कान्फ्रेंस में उ0प्र0 में तकनीक के क्षेत्र में किये जा रहे नित्य नये प्रयोगों की जानकारी विश्व के अन्य देशों को दी जायेगी।

# लोकसभा चुनाव 2024 से पहले महिलाओं पर भाजपा का फोकस

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आठ से 31 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा। इन सम्मेलनों में सभी वर्ग की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने गुरुवार को महिला मोर्चा अवध क्षेत्र की तैयारियों की समीक्षा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को जनप्रतिनिधि के रूप में नेतृत्व करने का मौका मिलेगा। भाजपा पहली ऐसी राजनीतिक पार्टी है जिसने संगठन में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनकी हिस्सेदारी सुनिश्चित की है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए पूरे प्रदेश में महिला मोर्चा के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पदयात्रा निकाल कर प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करेंगे। अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन सम्मेलन की तैयारियों में पार्टी कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं। विधानसभा स्तर पर होने वाले सम्मेलनों और बूथ स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रत्येक क्षेत्र से सहभागिता हो। इसके लिए हमें संपर्क व संवाद के माध्यम से अभी से योजना बनाकर कार्य करना होगा।<क्षेत्रीय सम्मेलनों में बताई जाएंगी अनुसूचित समाज की योजनाएं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने अनुसूचित मोर्चा की बैठक में क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले सम्मेलन की योजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र स्तर पर होने वाले सम्मेलन में प्रत्येक विधानसभा के प्रत्येक बूथ से अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

# ऊर्जा मंत्री ने सीतापुर पहुंचकर रहीमाबाद गांव की विद्युत व्यवस्था सुधार में हो रहे कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा विभागीय योजनाओं एवम् कार्यक्रमों के अन्तर्गत कराए जाने वाले विद्युत संबंधी कार्यों की जमीनी हकीकत जानने तथा उपभोक्ताओ की समस्याओ से रूबरू होने के लिए शुक्रवार को जनपद सीतापुर के ग्राम रहीमाबाद के फीडर बरई जलालपुर हुसैनगंज पहुंचकर फीडर का निरीक्षण किया तथा गांव के प्रधान एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं से विद्युत सम्बंधी परेशानियों और विद्युत सुधार के लिए हो रहे कार्यों की जानकारी ली। रहीमाबाद गांव के प्रधान ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि गांव की बिजली की स्थिति ठीक है। विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाने के लिए गांव में दो बड़े ट्रांसफार्मर बदले जा चुके हैं और एक ट्रांसफार्मर और बदलना है। गांव में विद्युत सम्बंधी अनुरक्षण कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय रहीमाबाद के पास बदले जा रहे ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को ट्रांसफार्मर के समुचित रख-रखाव सम्बंधी आवश्यक निर्देश भी दिये। उन्होंने जलालपुर फीडर के निरीक्षण के दौरान लोड पैनल एवं ट्रांसफार्मर को देखा, लागबुक को चेक किया तथा फीडर की साफ-सफाई को बनाये रखने के निर्देश दिये। ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने ग्रामीणों को बताया कि विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत की जर्जर व्यवस्था को बदलने का कार्य किया जा रहा है इसके लिए विभाग की पांच योजनाओं के मद में कार्य हो रहे हैं। वर्तमान में कुल 23 हजार करोड़ रूपये से अधिक के कार्य चल रहे हैं। इसमें आरडीएसएस में 17 हजार करोड़ रूपये, बिजनेस प्लान में 05 हजार करोड़ रूपये, नगरीय निकायों की विद्युत व्यवस्था हेतु 01 हजार करोड़ रूपये, मुख्य अभियंता के स्तर से 01 हजार करोड़ रूपये के कार्य धरातल पर चल रहे हैं और विद्युत की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सीतापुर जनपद के लिए आरडीएसएस योजना में 146 करोड़ रू0 के कार्य स्वीकृत किये गये हैं। इसमें से 25 लाख रूपये प्रत्येक गांव के लिए विद्युत व्यवस्था हेतु मंजूर किया गया है। 2.40 करोड़ रूपये के कार्य इस उपकेन्द्र के तहत कराया जा रहा है। इस दौरान जर्जर-खुले तारों एवं जर्जर-झुके पोलों को बदला जा रहा है। ओवरलोड ट्रांसफार्मर अतिभारित फीडर को बदला जा रहा, इनकी क्षमता बढ़ाई जा रही। विद्युत उपकेन्द्रों में भी आवश्यक सुधार के कार्य किये जा रहे हैं साथ ही उपभोक्ताओं को बिजली पहुंचाने में लगाये गये बांस-बल्ली को भी हटाया जा रहा। विद्युत विभाग के सभी अधिकारी युद्धस्तर पर इन कार्यों को तेजी से करने में लगे हुए हैं। ए0के0 शर्मा ने कहा कि कुछ महीनों के पश्चात प्रदेश की बदहाल विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त कर विद्युत की समस्या से हमेशा के लिए उपभोक्ताओं को छुटकारा दिलाया जायेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी शहरी व ग्रामीण उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देना है। इसके लिए ही प्रदेश सरकार विद्युत व्यवस्था के पुराने ढांचे को बदलकर उसमें सुधार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्बाध आपूर्ति में बाधा बन रही छोटी-छोटी कमियों को अनुरक्षण माह में दूर किया जायेगा, पूरे अक्टूबर माह प्रिवेंटिव मिंटिनेंस के लिए अनुरक्षण कार्य किया जा रहा। इसके पहले कभी भी व्यापक स्तर पर अनुरक्षण कार्य न होने से विद्युत व्यवस्था चरमरा गई थी। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग में हो रहे कार्यों में विगत एक माह में एक लाख खम्भे बदले गये। 06 हजार किमी0 से अधिक लम्बाई के जर्जर-खुले तारों को बदला गया।

## प्रमुख सचिव परिवहन की अध्यक्षता में परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक

**लखनऊ।** उ0प्र0 परिवहन निगम मुख्यालय सभागार में आज चेयरमैन परिवहन निगम/प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में 10 क्षेत्रों के क्षेत्रीय प्रबंधकों, सेवा प्रबंधकों एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में प्रयागराज, लखनऊ, इटावा, कानपुर, चित्रकूट, अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी एवं आजमगढ़ क्षेत्र के आरएम/एसएम शामिल हुए। प्रमुख सचिव ने अकबरपुर, अमेठी, फजलगंज, विकास नगर, दोहरीघाट, चारबाग एवं फर्रूखाबाद डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को खराब प्रतिफलों पर चेतावनी दी। साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक अयोध्या, कानपुर आजमगढ़, वाराणसी एवं लखनऊ क्षेत्र को खराब प्रतिफलो के लिए सचेत किया गया। उन्होंने आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण, दुर्घटनाओ की समीक्षा एवं हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा नियमित करने के निर्देश दिए।


# लखनऊ में दस महीने से भटक रही कंचन, नहीं मिला झटपट बिजली कनेक्शन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बिजली विभाग के झटपट पोर्टल पर 10 दिनों में फटाफट कनेक्शन देने के दावे की हकीकत कुछ और ही है। पारा के बीबी खेड़ा निवासी कंचन पांडेय ने 21 दिसंबर 2022 को बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। आवेदन के बाद नजदीकी पावर हाउस फतेहगंज (सरोसा) के चक्कर लगाने के बाद भी कनेक्शन नहीं मिला।

चार महीने की दौड़ के बाद अधिकारियों ने आवेदन निरस्त करने की बात कही लेकिन कारण नहीं बताया और दोबारा आवेदन के लिए कहा। इस साल दो अप्रैल को कंचन ने दोबारा आवेदन किया और फिर उसकी दौड़ शुरू हुई। अधिकारी कनेक्शन क्यों नहीं दे रहे? इसकी जानकारी तक नहीं दी जा रही। कंचन ने मुख्य अभियंता से लेकर निदेशक वाणिज्य तक से गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

कंचन ने बताया कि बेटी सौम्या और अभिषेक पढ़ाई कर रहे हैं। पीने



का पानी तो पड़ोसी से मिल जाता है, लेकिन लाइट के लिए मोमबत्ती का ही सहारा है। मोमबत्ती के सहारे बच्चे पढ़ रहे हैं। उनका आरोप है कि बगल के मकान में मेरे बाद आवेदन करने वाले को कनेक्शन दे दिया गया लेकिन हमें नहीं दिया। कोई सुन नहीं रहा है। अब ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मिलकर गुहार लगाऊंगी। नए कनेक्शन के लिए आपको भागदौड़ करने की जरूरत नहीं होती। विभाग घर बैठे कनेक्शन देने को तैयार है। अब आपको उप्र पावर कारपोरेशन लिमिटेड के 'झटपट कनेक्शन' नाम से बने वेब पोर्टल पर आवेदन करना होगा। वेबपोर्टल uppcl.org पर आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 1912 नंबर पर काल करके जानकारी ली जा सकती है। खास बात ये है कि बीपीएल परिवारों को इस योजना के तहत मात्र 10 रुपये के शुल्क पर बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि एपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए यह शुल्क 100 रुपये है। बीपीएल परिवारों को इस योजना में एक किलोवाट तक का कनेक्शन देने की छूट है।

### दरोगा खेड़ा व जानकीपुरम विस्तार में भी जारी है दौड़

पारा ही नहीं दरोगा खेड़ा के पवन कुमार सिंह ने 23 जून 2023 को बिजली के कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। 10 दिन के बजाए अब तीन महीने से ज्यादा बीत गए, लेकिन अब तक कनेक्शन नहीं दिया गया। जानकीपुरम विस्तार के न्यू कैंपस पावर हाउस के वसुंधरा कालोनी के निवासियों ने सामूहिक रूप से कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। अब तीन महीने से अधिक समय से लोग चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनको भी कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है।

## संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए 31 तक होंगे आवेदन

गोण्डा। जवाहर नवोदय विद्यालय मनकापुर गोण्डा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 9वीं व 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर तक बढ़ाई गई है। इच्छुक विद्यार्थी 31 तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय की प्राचार्य सुमेधा पाण्डेय ने बताया कि डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू एनएवीओडीएवाईए डॉट एनआईसी डॉट इन पोर्टल पर आनलाईन आवेदन किया जा सकता है। सत्र 2023-24 में आठवीं में अध्यनरत छात्र कक्षा 9 के लिए एवं दसवीं में अध्यनरत छात्र कक्षा 11 के लिए आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय स्तर पर कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

### बच्चों की बीमारी का बहाना बनाकर मांगी दोस्त की कार, फिर बेच दी

गाजियाबाद। बच्चों की बीमारी का बहाना बनाकर जरूरत के लिए कार ले जाकर दोस्त ने एक चिकित्सक को बेच दी। चार महीने बाद कार मालिक नरेंद्र त्यागी को दोस्त की करतूत का पता चला तो कविनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। चिरंजीव विहार निवासी नरेंद्र त्यागी का कहना है कि सवा साल पहले उन्होंने पत्नी पारुल शर्मा के नाम कार खरीदी थी। 11 मई को गौर सिटी द्वितीय गौतमबुद्धनगर निवासी उनका दोस्त अभिषेक उनके घर आया और बच्चों की बीमारी का बहाना बनाकर कुछ दिन के लिए कार मांगकर ले गया। कुछ समय बाद उन्होंने अपनी कार मांगी तो वह बहाने बनाने लगा। 18 सितंबर को उन्होंने अपनी कार आरडीसी में किसी और को चलाते देखी। उन्होंने कार रोककर जानकारी की तो कार चला रहे व्यक्ति ने बताया कि कार एक चिकित्सक की है और वह चालक है। चालक से नंबर लेकर उन्होंने चिकित्सक से बात की तो उन्होंने अभिषेक से कार खरीदने की बात कही। मामले में उन्होंने अभिषेक और चिकित्सक अर्पिता के खिलाफ कविनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### भगवान परशुराम जी के मंदिर हेतु भूमि के लिए ब्राह्मण समाज महासंघ ने की मांग

नोएडा। भगवान परशुराम भवन हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिये ब्राह्मण समाज महासंघ (रजि.)का प्रतिनिधि मंडल नोएडा के सीइओ लोकेश एम से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने सीईओ से भगवान परशुराम की मंदिर हेतु भूमि की मांग की।और लिखित में प्रार्थना पत्र भी दिया। ब्राह्मण समाज महासंघ के पदाधिकारियों को सीईओ ने आशवासन भी दिया।

### कांग्रेस ने शुरू की संगठन के पुर्नगठन की बैठक

अमेठी। बिकास खण्ड अमेठी की ग्राम पंचायत रायपुर फुलवारी मे कांग्रेस संगठन की बैठक आयोजित की गई। जिसमे ब्लाक पुर्नगठन प्रभारी हीरा मणि कनौजिया ने बूथ, यूथ, महिला की बात की। संगठन को गतिशील बनाने के लिए ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत कांग्रेस संगठन मे हेरा फेरी करे ।लेकिन नये का चयन करे ।तो पुराने का पदोन्नत का ख्याल करे। शिकायत नही आनी चाहिए ।सभी वर्ग,समाज को भी जोडना है। यह काग्रेस संगठन के पदाधिकारियो की नैतिक जिम्मेदारी है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अमेठी अध्यक्ष डा देव मणि तिवारी ने कहा कि जनता के बीच रहे। उनका सहयोग करे। लोगो से संवाद स्थापित करे ।उनके अधिकार के संघर्ष करे। अमेठी मे नेता होते है। गाँधी परिवार की जिम्मेदारी को सम्भालाना होगा। ताकि लीडरशिप बनी रही ।संघर्ष ने अस्पताल मुंशीगंज का बन्द ताला खोलवा दिया। लोगो को स्वास्थ्य सुविधाए मिलना शुरु हो गई। बैठक मे प्रेक्षक राम प्रताप पाण्डेय ने हाई कमान के फरमान को बताया ।संगठन के मजबूती पर जोर दिये। आगामी लोक सभा चुनाव को भी देखकर काम करे। बैठक मे ब्लाक उपाध्यक्ष अब्दुल वाहिद, मोहम्मद अकील, राम मूर्ति पाठक, निसार अहमद, सुधीर कुमार दूबे, हरिकेश कुमार,ओम प्रकाश, दशरथ, उपेन्द्र तिवारी, सरवरी बेगम, इशरतुल शिशा ने संगठन पर अपनी राय दी। संचालन राम मूर्ति पाठक ने किया।

### डीएम तहसील एटा सदर में करेंगे जनसुनवाई

एटा। जनता की समस्याओं, शिकायतों को शासन की मंशानुसार एक ही स्थान पर त्वरित गति से निस्तारण करने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में 07 अक्टूबर शनिवार को कल प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। रोस्टर के अनुसार जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह तहसील एटा सदर में, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी जलेसर तहसील में, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार अलीगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे। समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण तहसील एटा सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में स्वयं प्रतिभाग करेंगे।

### समिति के कार्यों की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक 12 अक्टूबर को

एटा। अपर जिला मजिस्ट्रट आलोक कुमार ने सूचित किया है कि (छंतबव ब्वतकपदंजपवद ब्मदजतम) जिला स्तरीय समिति के सदस्य व संयोजक के रूप में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उन्होनें बताया समिति के कार्यों की समीक्षा हेतु 12 को अपरान्ह 04 बजे से कलैक्ट्रट सभागार में एक आवश्यक बैठक आहूत की जायेगी।

### मीडिया और अभिव्यक्ति की आजादी पर हो रहे हमलों के खिलाफ सीटू व किसान सभा का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

नोएडा। सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के माध्यम से स्वतंत्र मीडिया और अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकार पर आरएसएस बीजेपी के खुले हमले के खिलाफ आज अखिल भारतीय किसान सभा गौतम बुद्ध नगर और मजदूर संगठन सीटू के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर जोरदार प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान सभा जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश शर्मा व सीटू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की दिल्ली पुलिस ने निर्विवादित रूप से साबित कर दिया है कि वह सच की अभिव्यक्ति, पत्रकारों की आजादी, कलम की स्वतंत्रता और आजाद ख्यालों से थर-थर कांपने लगी है। न्यूज क्लिक के लेखकों, पत्रकारों उर्मिलेश, भाषा सिंह, अभिशार शर्मा, अनिन्दो चक्रवर्ती, सोहेल हाशमी और प्रबीर पुरकायस्थ के घरों पर की गई छापेमारी और गिरफ्तारी एकदम मनमानी, डरानेवाली, धमकाने वाली, सताने वाली, गैरकानूनी और संवैधानिक है।

# डीएम अचानक पहुंचे जिला अस्पताल, निरीक्षण में दो के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी ने आज जिला चिकित्सालय औचक निरीक्षण किया तथा वहां ओपीडी आदि में रोगियों से अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था के बारे में बातचीत की। जिलाधिकारी ने जनरल ओपीडी, पीडियाट्रिक ओपीडी तथा इंजेक्शन कक्ष, सेरोनिगेटिव रूम, डिजिटल एक्सरे आदि का निरीक्षण किया एवं वहां की व्यवस्था के सम्बन्ध में उपस्थित डाक्टर्स से जानकारी प्राप्त की।

इसी दौरान जिलाधिकारी को कुछ रोगियों ने सूचित किया कि डाक्टर ने उन्हें एक्सरे के लिए लिखा, लेकिन अस्पताल में एक्सरे टेक्नीशयन ने उनसे कहा कि वे बाहर से एक्सरे करा लाएं। जिलाधिकारी तत्काल इन लोगों को लेकर एक्सरे कक्ष गए तथा वहां मौजूद सम्बन्धित कर्मचारियों से पूछताछ की तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। तद तत्काल अपर जिलाधिकारी को इस प्रकरण की जांच के लिए अधिकृत किया तथा एक अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को अस्पताल बुलाकर, इन तीनों रोगियों जिनका एक्सरे होना था उनके बयान दर्ज कर एक्सरे न करने के लिए उत्तरदायी कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के दन्त विभाग का निरीक्षण किया तथा इसके भवन के रख-रखाव, सीलन आदि को शीघ्र दुरूस्त कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिए। इसके बाद जिलाधिकारी इमरजेन्सी वार्ड पहुंचे तथा वहां पर बाहर एक मरीज को जमीन पर लेटा देख नाराजगी व्यक्त की और उसे तत्काल स्ट्रेचर ले जाकर उसका इलाज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रामा के आपरेशन थियेटर का भी निरीक्षण किया तथा मरीजों की संख्या को देखकर इमरजेन्सी बेड बढ़ाने एवं स्टाफ ड्यूटी बढ़ाने के निर्देश सीएमएस को दिए।

तत्पश्चात जीरियाटिक वार्ड, एनआरसी, डेडिकेटेड डेंगू वार्ड, डेंगू वार्ड, सर्जरी वार्ड, बर्न वार्ड, एईएस, ईटीसी, महिला चिल्ड्रेन जेई वार्ड, मेडिकल वार्ड तथा दिमागी बुखार आदि के वार्ड का निरीक्षण किया तथा वहां मौजूद रोगियों एवं उनके तीमारदारों से चिकित्सा व्यवस्था के सम्बन्ध में बातचीत की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इन वार्डो के आस पास मौजूद तीमारदारों के रूकने आदि की व्यवस्था में सुधार किया जाए साथ ही यह भी कहा कि अस्पताल की सफाई में और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इलाज के लिए पर्चे बनाने से लेकर दवा वितरण की व्यवस्था तक में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। तथा इसी दौरान एक रोगी ने आकर यह बताया कि डाक्टर ने उसकी ब्लड जांच आदि के लिए लिखा है लेकिन पैथोलॉजी पर मौजूद कर्मचारी ने उसे वापस कर दिया है कि अब जांच नहीं हो पाएगी, जिलाधिकारी ने उसी समय पैथोलॉजी पहुंचकर वहां उपस्थित कर्मचारियों से इस सम्बन्ध में जानकारी चाही, तो पता चला कि जांच का समय दो बजे तक का है लेकिन उक्त कर्मचारी ने उस रोगी को अनावश्यक रूप से ही वापस कर दिया था। जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देश दिया कि वे सम्बन्धित कर्मचारी के विरूद्ध 24 घण्टे के अन्दर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई संस्थित कर उन्हें आख्या उपलब्ध कराएं।

### झिलमिल तारों की दुनिया देख खुशी से झूम उठे बच्चे

### स्कूली बच्चों ने साइंस से इतिहास तक का तय किया सफर

बाराबंकी। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सुकालावती पब्लिक मांटेसरी स्कूल कटका के छात्र छात्राओं को टूर पर ले जाने वाली बस को विद्यालय प्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नछत्रशाला में झिलमिल तारो की दुनिया को देख कर बच्चे खुशी से झूम उठे । पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बस द्वारा टूर पर स्कूली छात्र-छात्राओं को लखनऊ चिड़ियाघर म्यूजियम तारामंडल, आंचलिक, विज्ञान नगरी, इमामबाड़ा, भूल भुलैया आदि स्थानों पर बच्चों को ले जाकर उनको जानकारियां दी गई। आंचलिक विज्ञान संग्रहालय केंद्र लखनऊ में विज्ञान से संबंधित जल संरक्षण के बारे में कीट पतंगों से होने वाली बीमारी लक्षण डेगू डायरिया रोग, उत्तल लेंस और अवतल लेंस हृदय संरचना तथा नक्षत्र शाला में सूर्य नक्षत्र तारा और चंद्रमा से संबंधित तथा चिड़ियाघर में जीव जंतु पशु पक्षियों के बारे में बच्चों को जानकारी

## लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए युवा? छात्र आगे आए

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** यूपी कॉलेज वाराणसी छात्र संघ पूर्व महामंत्री अशोक सिंह हिटलर ने शुक्रवार को निरीक्षण गृह अमेठी मे प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि सरकार अब नाम बदलकर उपलब्धी गिनाई जा रही है। सांसद और विधायक से पत्र भेजवा कर खेल कर रही। जिले रेलवे स्टेशन प्रतापगढ जंक्शन का नाम माता बेल्हा देबी प्रतापगढ जंक्शन कर दिया ।अन्तू का नाम माता चण्डिका देवी अन्तू कर दिए। विश्वनाथ गंज का नाम शानि देव धाम विश्वनाथ गंज रेलवे स्टेशन का नाम सरकार ने कर दिए। जनता सुविधाओ को लेकर सरकार सजग नही है। भारतीय रेल की पहचान गरीब की सेवा के लिए थी। और पैसेंजर ट्रेन संचालित करती थी ।कोरोना काल की आड मे सरकार ने पैसेंजर ट्रेन का संचालन ठप कर दिया। अब स्पेशल ट्रेन चलाकर गरीब वर्ग का शोषण कर रही है। जो देश के प्रजातंत्र की असली रीढ है।

छात्र संघ पूर्व महामंत्री श्री सिंह ने सरकार पर निशाना साधा और कहा कि अब सरकार राजधानी एक्सप्रेस सुपर फास्ट ट्रेन सहित अन्य ट्रेन का संचालन किया। लेकिन अमेठी, प्रतापगढ, रायबरेली, भदोही जिले मे ठहराव नही है। सरकार गरीब और किसान आम मतदाताओ को क्या संदेश देना चाहती है। ग्रामीण सम्पर्क मार्ग का कोडिंग नम्बर एलाट ना होने से मरम्मत कार्य, गडढा मुक्त अभियान, पुर्ननिर्माण नही हो रहा है। आवारा पशुओ से किसान परेशान है। तीस फीसदी किसान फसल नही लगाए। तीस फीसदी किसान जलवायु परिवर्तन के शिकार हुए। खेती नही की। किसान संघर्ष कर रहा है। नहर मे पानी का रोस्टर नही जारी हुआ। कितनी दुखद बात है। राजनेता, किसान संघ, किसान संगठन भी चुप है। जब मतदाताओ को राहत नही मिलेगी। तो लोकतंत्र कहा रहा।

### कांग्रेस ने भाजपा को घेरा, अस्पताल बने मेडिकल कॉलेज, सरकार से मांग उठी

**अमेठी।** संजय गांधी अस्पताल को लेकर अमेठी में राजनीतिक माहौल गर्म नजर आ रहा है,अस्पताल को बंद किए जाने के बाद,संजय गांधी हॉस्पिटल को चालवणे के लिए लगातार धरना प्रदर्शन में नजर आए 1 हाई कोर्ट से राहत मिलने के बाद उन्होंने सरकार से मांग की हैं कि संजय गाँधी चिकित्सालय मुंशीगंज को मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए बिधान परिषद मे शून्यकाल प्रहर मे बिगत वर्ष मांग उठाई थी। लेकिन अस्पताल मुंशीगंज पर कोई कार्यवाही नही हुई।

विधान परिषद के पूर्व सदस्य दीपक सिंह ने प्रदेश सरकार से मांग किया है ।संजय गाँधी चिकित्सालय मुंशीगंज को मेडिकल कॉलेज बना दे। जिससे अमेठी की जनता को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओ के साथ ही साथ मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य शिक्षा भी मिल सके। पूर्व एम एल सी दीपक सिंह ने मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर सुबिथाओ की मांग उठाई है।

## जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडियाष्के बैनर तले नए प्रैस एक्ट के विरोध में और डिजिटल पत्रकारिता की मान्यता हेतु पत्रकार लामबद्ध हुए पीएम मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा

**बाराबंकी।** प्राप्त जानकारी , दिनांक 05 अक्टूबर 2023 दिन गुरुवार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मारवाड़ सूर्यनगरी की धरा जोधपुर राजस्थान में आगमन पर पत्रकारों के हितों की रक्षार्थ कटिबद्ध राष्ट्रव्यापी संगठन जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के बैनर तले जेसीआइ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग सक्सेना के निर्देशानुसार प्रदेश संयोजक राकेश वशिष्ठ के नेतृत्व में मारवाड़ के सभी पत्रकारों ने एकजुट हो अपनी प्रमुख मांगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन के रूप में प्रधानमंत्री की चाक चौबंद सुरक्षा और प्रोटोकॉल की अनुपालन सुनिश्चित करते हुए जिला कलेक्टर जोधपुर के मार्फत सौंपा गया। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रदेश संयोजक राकेश वशिष्ठ ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि अभी केंद्र सरकार द्वारा नया प्रैस एक्ट दिनांक 25 सितम्बर 23 एडवाइजरी टू पब्लिशर्स लाया गया है जिसके मुताबिक सभी छोटे प्रकाशकों को पाबंद किया गया है वो अपने समाचार पत्रों के प्रकाशन के 48 घंटे के अंदर अपने समाचार पत्र की प्रति पीबीआई के ऑफिस में व्यक्तिगत रूप से जमा करवाए अन्यथा 2000 रुपए जुर्माना लगाया जाएगा जो कि तकनीकी रूप से संभव नहीं है क्योंकि भारत के 28 राज्यों में मार्च 2023 तक जिलों की संख्या बढ़कर 752 तक हो गई है, जबकि 8 केंद्र शासित प्रदेशों में जिलों की संख्या बढ़कर 45 तक हुई है। यानि इन दोनों को मिला दिया जाए, तो भारत में कुल 797 जिले हैं। और पीबीआई ऑफिस मात्र 28 सभी छोटे प्रकाशकों के लिए यह संभव नहीं हो सकता कि 48 घंटों में वह प्रतिलिपि जमा करवा सकें। एक तरह से यह एक्ट छोटे पत्रकारों और पब्लिशर्स या यूं कहें कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मुंह को बंद करने के लिए यह एक्ट लाया गया है जो कि अनुचित है अतः जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया इस एक्ट का घोर विरोध करता है। वशिष्ठ ने बताया कि अभी डिजिटल युग है और हम सभी डिजिटल पत्रकारिता को नकार नहीं सकते अतः जेसीआई ने अपने ज्ञापन में सभी डिजिटल मीडिया के उभरते हुए सभी छोटे बड़े प्रिंट,इलेक्ट्रिक और डिजिटल मीडिया के पत्रकारों को नियमानुसार पंजीकृत कर मान्यता देने की मांग की है। आए दिन फील्ड में पत्रकारों के साथ मार पीट और गाली गलोच की घटनाएं आम हो गई है अतः जेसीआई ने सम्पूर्ण भारत में सभी छोटे बड़े प्रिंट,इलेक्ट्रिक और डिजिटल मीडिया के पत्रकार भाई बहनों की सुरक्षा हेतु पत्रकार सुरक्षा कानून प्रमुखता से लागू करने की मांग की है। पत्रकारों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जेसीआई ने सम्पूर्ण भारत में सभी जिला मुख्यालयों पर सभी छोटे बड़े प्रिंट, इलेक्ट्रिक और डिजिटल मीडिया के पत्रकारों के प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत कार्ड बनवाने की मांग की है।

## आईजीआरएस मे अमेठी को मण्डल में प्रथम व प्रदेश में द्वीतीय स्थान

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** ई- डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व अर्पित गुप्ता अपर जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन एवं अथक प्रयास से जनपद अमेठी को माह सितम्बर 2023 में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में मण्डल में प्रथम व प्रदेश में द्वीतीय स्थान मिला है। मुख्यमंत्री द्वारा भी निर्देश दिये हैं कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति गंभीर रहें तथा शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं, जिसको लेकर जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपदीय अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया गया जिससे जनपद को यह अभूतपूर्व सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई पोर्टल पर माह सितम्बर में कुल 3208 संदर्भ प्राप्त हुए हैं, जिसे अधिकारियों द्वारा समस्त संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण समयांतर्गत निस्तारण किया गया है एवं माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय से किसी भी शिकायत को सी श्रेणी नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जा रही है। जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को जनसुनवाई पोर्टल में दर्ज शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने की जिम्मेदारी दी गई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता द्वारा भी नियमित रूप से आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की मॉनिटरिंग की जाती है और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण हेतु निर्देशित किया जाता है। आईजीआरएस टीम के ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा, आपरेटर मनीष कुमार, राम सूरत व अजय के कुशल प्रयास से जनपद जन शिकायत निवारण प्रणाली में शिकायतों के निस्तारण में माह सितम्बर 2023 में प्रदेश में द्वीतीय व मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रदेश में द्वीतीय स्थान आने पर जिलाधिकारी ने आइजीआरएस टीम व जनपदीय अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी।

प्रदेश में आईजीआरएस में अमेठी को प्रथम एवं द्वितीय स्थान मिल रहा है,तो वहीं कांग्रेस के नेता दीपक सिंह द्वारा फर्जी कागजों पर निस्तारण कर जनता की अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं, भाजपा सरकार में अधिकारी कर्मचारी निरंकुश हो चुके हैं,उन्होंने कहा कि ग्राम विकास से लेकर नगरीय विकास में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है, परंतु अमेठी सांसद को नजर नहीं आ रहा है, उन्हें अमेठी की जनता से कोई लेना-देना नहीं है, अमेठी आकर सिर्फ बयान बाजी करना ही जानती हैं

### बच्चों पर कुत्ते के हमले से गुलमोहर सोसाइटी में दहशत और आक्रोश का माहौल

**गाजियाबाद।** राज नगर एक्सटेंशन की गुलमोहर सोसायटी के सेंट्रल पार्क में खेल रहे बच्चों पर गुरुवार शाम कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। जिसमें सोसायटी निवासी हिमांशु शर्मा के बेटे स्वास्तिक शर्मा को कुत्तों ने दो जगह काट लिया। साथ में खेलने अन्य बच्चों ने घटना की जानकारी परिवार वालों को दी तो देर रात हंगामा शुरू हो गया। इसके बाद परिजन कुत्ते को पालने वाली महिला के घर पहुंचे और विरोध जताया। इस पर महिला ने परिजनों पर अभद्रता का आरोप लगाया। सूचना पर नंदग्राम थाने से पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझ कर मामला शांत कराया। इसके बाद भी जब मामला शांत नहीं हुआ तो समिति के लोगों ने नंद ग्राम थाने पहुंचकर महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। शुक्रवार को हिमांशु शर्मा अपने बेटे को लेकर अस्पताल गए जहां उसका उपचार किया गया। मामले में पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## दर दर भटक रही महिला को मिलेगा उसके पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** अपने पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र निर्गत कराने के लिए एक शहर के किदवई नगर निवासी गिरजा देवी कार्यालयों के चक्कर लगाकर थक गई थी। वर्ष 2019 में महिला के पति की मृत्यु होने के बाद से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। काफी चक्कर लगाने के उपरान्त दिनांक 29 सितम्बर को कलक्ट्रेट जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के समक्ष गिरजा देवी ने प्रस्तुत होकर जिलाधिकारी को अपनी व्यथा से अवगत कराया। महिला ने बताया कि उनके पति रेवारी पुत्र मथुरा निवासी किदवई नगर एटा को स्वर्गवास 30 मई 2019 को निज निवास पर हो गया था। प्रार्थिया भूलवश अपने पति की मृत्यु समय से पंजीयन नहीं करा सकी। प्रार्थिया को आवश्यक कार्यवाही हेतु अपने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। डीएम ने गिरजा देवी द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के प्रार्थनापत्र को गंभीरता से लेकर एसडीएम सदर सुश्री भावना को जांच कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने के निर्देश दिए।डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर सुश्री भावना ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एटा को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रस्तुत आख्या के उपरान्त आवेदन में लगे साक्ष्य, गवाह के शपथपत्रों का अध्ययन किया, जिसमें जांच सहित सभी अभिलेख सही पाए गए। तदोपरान्त एसडीएम सदर ने शुक्रवार को गिरजा देवी को अपने कक्ष में बुलाकर आदेश पत्रक सौंपते हुए उनके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु नगर पलिका को निर्देशित किया है। एसडीएम सदर ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए हैं कि रेवारी पुत्र मथुरा प्रसाद जिनकी मृत्यु 30 मई 2019 को हुई थी, की प्रविष्टि जन्म/मृत्यु रजिस्टर में दर्ज करते हुए प्रमाण पत्र जारी करें।

## टीबी मुक्त पंचायत व फैमिली केयर गिवर मॉड्यूल पर प्रशिक्षण, मास्टर ट्रेनर्स को किया गया प्रशिक्षित

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** पंचायती राज विभाग के साथ मिलकर स्वास्थ्य विभाग पंचायतों को टीबी मुक्त बनानेकी योजना को धरातल पर उतारने जा रहा है । इसके तहत शुक्रवार को मास्टर ट्रेनर्स को एक दिवसीय प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में प्रदान किया गया। जिला पंचायती राज विभाग से ब्लॉक वार एक -एक प्रतिनिधि के अलावा क्षय रोग विभाग से वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक (एसटीएस), वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक (एसटीएलएस) टीबीएचवी को स्टेट ऑब्जर्वर/ मास्टर ट्रेनर डा. दिनेश बालिंग ने प्रशिक्षण दिया।

डा. दिनेश बालिंग ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि किस तरह स्वास्थ्य विभाग और पंचायती राज विभाग को मिलकर काम करना है। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को टीबी मुक्त पंचायत व फैमिली केयर गिवर मॉड्यूल के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा -पंचायत की विकास योजनाओं में टीबी मुक्त पंचायत की गतिविधियों को शामिल किया जाए। पंचायती राज विभाग के साथ मिलकर टीबी के खिलाफ जनांदोलनछेड़ा जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने कहा- अभियान को सफल बनाने के लिए टीबी कीजांच बढ़ानी होगी। जितनी ज्यादा जांच होगी उतने ही टीबी रोगी सामने आएंगे। उन्होंने निक्षय पोषण योजना के तहत दी जाने वाली राशि को हर लाभार्थी तक (डीबीटी) पहुंचाने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा कुछ लोग निजी दवा विक्रेताओं से टीबी की दवा खरीदते हैं, विभाग के पास इसका भी डाटा होना चाहिए।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि जनपद में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक गांव को टीबी मुक्त करने के लिए जांच और उपचार की व्यवस्था को दुरुस्त करना है। एक वर्ष में प्रत्येक 1000 की आबादी पर 30 संभावित मरीज खोज कर जांच करनी है। उन्होंने बताया-शासन से मिले निर्देश के मुताबिक टीबी मुक्त पंचायत और फैमिली केयर गिवर तैयार करने के लिए हर टीबी यूनिट से एक कर्मचारी, एक जनरल हेल्थ से और पंचायती राज विभाग का एक कर्मचारी शामिल है। जनपद में कुल नौ टीबी यूनिट काम कर रही हैं। उन्होंने बताया शासन से प्राप्त निर्देशों के मुताबिक क्षय रोगी के परिवार या करीबी लोगों में से ऐसे व्यक्ति की पहचान की जाएगी जो उसे उपचार प्राप्त करने में मदद कर सके, उसकी देखभाल कर सके, रोगी के लिए जरूरी पोषण का ध्यान रख सके। ऐसे व्यक्ति को फैमिली केयर गिवर (प्राथमिक देखभाल कर्ता) कहा जाएगा।

फैमिली केयर गिवर को क्षय रोगी के साथ अस्पताल जाना होगा, जहां स्वास्थ्य कर्मी उसे क्षय रोग के उपचार के बारे में विस्तार से बताएंगे और साथ ही इस बात का भी प्रशिक्षण देंगे कि रोगी की दवाओं और उनके असर का उसे किस प्रकार से ध्यान रखना है।

### डा कुलदीप गुप्ता को रेलवे सलाहकार समिति का सदस्य बनाए जाने पर कयी संगठनों ने किया स्वागत

**नोएडा।** नोएडा के उद्यमी और भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ कुलदीप गुप्ता के भारत सरकार में जोनल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त होने पर नोएडा के सामाजिक संगठनों एवम कार्यकर्ताओं ने सेक्टर 18 में उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ कुलदीप गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की इस पद के साथ साथ एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी सरकार ने दी है। यह पद सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं को समर्पित है जिन्होंने मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया। इस अवसर भारत विकास परिषद के महासचिव अनुज गुप्ता ने कहा की आज डॉ कुलदीप गुप्ता ने पूरे नोएडा को गौरवान्वित किया है। नोएडा के प्रति इनका समर्पण प्रेरणादायक है। युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा की आज नोएडा के युवा देश के अहम पद पर पहुंचकर नोएडा को एक अलग पहचान दिलवाने का कार्य कर रहे हैं

## एमएमजी जिला अस्पताल कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली के खिलाफ सफाई कर्मचारियों ने की आवाज बुलंद

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** नगर निगम सफाई कर्मचारियों से एम एम जी जिला अस्पताल में मेडिकल चेकअप के नाम पर धड़ल्ले से अवैध वसूली की जा रही है । इस संबंध में अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के महानगर अध्यक्ष विकास धींगान, संजय चढ़ा अध्यक्ष वाहन चालक संघ तथा अंकुश चढ़ा पूर्व अध्यक्ष महर्षि भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से ज्ञापन जारी कर अपनी प्रबल आपत्ति दर्ज करवाई गई। ज्ञापन के अनुसार संघ के पदाधिकारीयों से सफाई कर्मचारियों द्वारा पिछले 4-6 दिनों से शिकायत की जा रही थी कि जिला एमएमजी अस्पताल में सफाई कर्मचारियों से मेडिकल चेकअप के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। संघ के पदाधिकारी सफाई कर्मचारियों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिला एमएमजी अस्पताल गए और पाया कि सही कर्मचारियों द्वारा जो मेडिकल चेकअप के नाम पर जो अवैध वसूली की शिकायत की जा रही है वह पूर्ण रूप से सत्य एवं सही है । संघ की जांच में एक नितिन नाम के व्यक्ति द्वारा सफाई कर्मचारियों से 100 - 100 की अवैध वसूली की जा रही थी। इस वसूली की पुष्टि वह वीडियो करता है जो संघ के पास मौजूद है। संघ के अनुसार सफाई कर्मचारी नगर निगम के निम्न आय वर्ग वाले अल्प वेतन भोगी कर्मचारी हैं जो अपना व अपने परिवार का अपने वेतन से भरण पोषण कर पाते हैं। उन्होंने इसके खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए कहा है कि सफाई कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे तथा अपना संघर्ष जारी रखेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष वाहन चालक संघ संजय चड्ढा, सतीश पार्चा प्रमुख महासचिव अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ, महानगर अध्यक्ष विकास धींगान, महामंत्री वाहन चालक संघ आकाश पार्चा, महानगर महामंत्री गुलशन चड्ढा, पूर्व अध्यक्ष अंकुश चड्ढा, शैलेंद्र टमोली, मुकेश जीनवाल, देवेंद्र वैद्य जी,राजन राजोरिया, मोहित सूद, रिंकू चड्ढा आदि व्यक्तगण उपस्थित रहे।

# आबकारी मामला: मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का ईडी से सवाल- धन लेने के सबूत कहां हैं?

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले में आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी से कई सवाल किए। लंबी दलीलों के बाद कोर्ट मामले की सुनवाई टाल दी। अब इस पर 12 अक्तूबर को सुनवाई होगी। दरअसल, मनीष सिसोदिया ने दो याचिकाएं दाखिल की है, जिनमें दिल्ली हाईकोर्ट के जमानत ना देने के फैसले को चुनौती दी गई है। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मनीष सिसोदिया की ओर से पक्ष रखा। सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि आरोप बेबुनियाद हैं और इनसे साबित नहीं होता कि याचिकाकर्ता का इस धांधली से कोई संबंध है। आरोपी विजय नायर याचिकाकर्ता का सहयोगी नहीं है।



सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से पूछा कि पैसे लेने का सबूत कहां है? शीर्ष अदालत ने कहा, आप सिर्फ गवाह के बयान पर भरोसा नहीं कर सकते। सिसोदिया के खिलाफ धन के लेन-देन का सबूत बताएं। यह भी स्पष्ट किया, आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाने के संबंध में ईडी से पूछा गया सवाल सिर्फ कानूनी था।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने जमानत याचिकाओं पर बहस के दूसरे दिन ईडी व सीबीआई से सिसोदिया की भूमिका को लेकर कई सवाल किए। पीठ ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा, आपको कड़ी (चेन) स्थापित करनी होगी। पैसा शराब लॉबी से व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। हम सहमत हैं कि कड़ियां जोड़ना मुश्किल है क्योंकि सबकुछ गुप्त रूप से किया गया....पर यहीं आपकी क्षमता की बात आती है। पीठ ने पूछा, क्या दिनेश अरोड़ा के बयान के अलावा कोई अन्य सबूत है? पीठ सिसोदिया को जमानत देने से मना करने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। मामले में अगली सुनवाई 12 अक्तूबर को होगी।

### हम सवाल पूछते हैं, जवाब चाहते हैं, हम मीडिया से प्रभावित नहीं होते

पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में कहा, शराब नीति मामले में आप को 'आरोपी' बनाने से सबंधित ईडी से पूछा गया सवाल सिर्फ कानूनी था, किसी राजनीतिक दल को फंसाने के लिए नहीं था। पीठ ने कहा, सवाल यही था कि ए और बी को आरोपी बनाया है और सी को फायदा पहुंचा है, तो उसे आरोपी क्यों नहीं बनाया? हम सवाल पूछते हैं, हम जवाब चाहते हैं। हम मीडिया से प्रभावित नहीं होते। दरअसल सिसोदिया के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मीडिया में हेडलाइन है कि कोर्ट ने ईडी ने पूछा, 'पार्टी को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया'। सवाल को मीडिया ने ऐसे चित्रित किया, जैसे कि अदालत ऐसा चाहती है।

### पैसे शराब से जुड़े लोगों ने दिए यह जरूरी नहीं

पीठ ने पूछा, क्या मनी लॉन्ड्रिंग की आय को सिसोदिया से जोड़ने का कोई संकेत है। आप तथ्यात्मक और कानूनी रूप से सिसोदिया की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग को कैसे स्थापित करेंगे? उन्हें पता हो सकता है कि इसका इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन वह कभी भी भौतिक कब्जे में नहीं आया।

पीठ ने यह भी पूछा, उसने दो आंकड़े 100 करोड़ और 30 करोड़ रुपये की बात की है। सवाल यह है कि उन्हें (आरोपी) यह भुगतान किसने किया क्योंकि पैसे देने वाले बहुत से लोग हो सकते हैं, जो जरूरी नहीं कि शराब से जुड़े हों।

### फरवरी से जेल में बंद हैं सिसोदिया

बता दें कि दिल्ली शराब घोटाले में सीबीआई और ईडी ने मनीष सिसोदिया को आरोपी बनाया है। सीबीआई ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधी कानून और ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत मामला दर्ज किया है। मनीष सिसोदिया पर आरोप है कि दिल्ली में शराब नीति बनाते वक्त कई धांधली की गईं। मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था और वह तब से ही जेल में बंद हैं।

## हाइब्रिड मोड पर सुनवाई से मना न करें हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट ने एसओपी लागू करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** इच्छुक वकीलों और वादियों को हाइब्रिड मोड के जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंस या सुनवाई की सुविधा देने से इनकार नहीं कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि कोई भी हाईकोर्ट दो सप्ताह के बाद हाइब्रिड मोड सुनवाई से इनकार नहीं करेंगे। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट को चार सप्ताह में हाइब्रिड या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुनवाई तक पहुंच बनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू करने के भी निर्देश दिए हैं।

साथ ही पीठ ने कहा, केंद्रीय आईटी मंत्रालय को ऑनलाइन सुनवाई तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उत्तर पूर्वी राज्यों की अदालतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं।

## दिव्यांगों के लिए ऐतिहासिक क्षण, सुप्रीम कोर्ट ने बधिरों की मदद को सांकेतिक भाषा दुभाषिया नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को श्रवण-बाधित वकीलों और वादियों के लिए एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने इन लोगों को न्यायिक कार्यवाही को समझने में मदद करने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक सांकेतिक भाषा दुभाषिया (साइन-लैंग्वेज इंटरप्रेटर) की नियुक्ति करने की घोषणा की।

सीजेआई ने कार्यवाही की शुरुआत में कहा कि आज अदालत में एक दुभाषिया है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्त किया है। वहीं, एक वकील ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। सीजेआई ने कहा कि वह संविधान पीठ की सुनवाई के लिए सांकेतिक भाषा का दुभाषिया चाहते हैं। 22 सितंबर को सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारों से संबंधित एक मामले में सांकेतिक भाषा के दुभाषिया सौरव रॉय चौधरी के माध्यम से श्रवण बाधित वकील



सारा सनी की सुनवाई की। वकीलों और बार निकायों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक बधिर वकील को सांकेतिक भाषा के दुभाषिए के माध्यम से एक मामले में बहस करने की अनुमति देने पर सराहना की थी।

### पिछले साल किया था एक समिति का गठन

चंद्रचूड़ दिव्यांगों को न्याय वितरण प्रणाली तक पहुंच प्रदान करने के प्रति काफी संवेदनशील हैं। उन्होंने पिछले साल सुप्रीम कोर्ट की एक समिति का भी गठन किया था, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से दिव्यांगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को समझना और उन तक पहुंच सुनिश्चित करना था। दिव्यांगों तक पहुंच बढ़ाने के लिए शीर्ष अदालत परिसर में कई बुनियादी ढांचे में बदलाव किए गए हैं।

### मनी बिल से जुड़े मामले पर जल्द सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि मनी बिल से जुड़े मामले पर जल्द सुनवाई होगी। इस मामले में सात जजों की बेंच गठित की जाएगी। शीर्ष अदालत का कहना है कि अगले सप्ताह वह निर्देशों के लिए सात न्यायाधीशों और नौ न्यायाधीशों द्वारा सुनवाई किए जा रहे सभी मामलों को सूचीबद्ध करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि उन्होंने रजिस्ट्रार को बताया है कि 12 अक्टूबर को सभी सात जजों के मामलों को निर्देश के लिए सूचीबद्ध करेंगे।

## तेलंगाना के गृह मंत्री महमूद ने सुरक्षाकर्मी को मारा थप्पड़, भाजपा नेता शहजाद ने कहा–शर्मनाक हरकत

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के गृह मंत्री महमूद अली द्वारा सुरक्षाकर्मी को थप्पड़ मारने वाले वीडियो का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बयानों की राजनीति के बीच भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने भी जमकर हमला बोला है। उन्होंने वीडियो को शर्मनाक और चौंकाने वाली घटना करार दिया है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री महमूद ने सुरक्षाकर्मी को सार्वजनिक रुप से थप्पड़ इसलिए मारा क्यों उन्होंने उन्हें समय पर गुलदस्ता नहीं दिया था। साथ ही भाजपा नेता शहजाद पूनावाल ने पूछा कि पुलिस अधिकारी काम गुलदस्ता देना है या सुरक्षा प्रदान करना। तेलंगाना के गृह मंत्री पर आरोप लगाने हुए उन्होंने पूरी घटना को सबसे निंदनीय कृत्य कहा है। यह बीआरएस की अहंकारी मानसिकता को दिखाता है। बीआरएस के लिए परिवार,भ्रष्टाचार और वोट बैंक पहले है। हर बार वे हमारे जवानों का अपमान करते रहते हैं।

## भाजपा के पोस्टर में राहुल के गलत चित्रण पर बिफरीं बहन प्रियंका, बोलीं– पीएम वादों की तरह कसमें भी भूल गए

**नई दिल्ली।** भाजपा और कांग्रेस के बीच सोशल मीडिया पर जारी पोस्टर वार दिन-प्रतिदिन तेज होता जा रहा है। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने गुरुवार को एक्स पर राहुल गांधी का पोस्टर साझा किया, जिसमें उन्हें नए युग का रावण दिखाया गया है। अब अपने भाई की बचाव में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा उतर आई हैं। वह जमकर भाजपा पर भड़कीं और कहा कि क्या नरेंद्र मोदी अपने वादों की तरह कसमें भी भूल गए हैं।

वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर हिंदी में ट्वीट कर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा से पूछा कि वह राजनीति को गिरावट की कौन-सी मंजिल तक ले जाना चाहते हैं? उन्होंने लिखा, 'नरेंद्र मोदी जी और जेपी नड्डा जी! आप राजनीति और बहस-मुबाहसे को गिरावट की कौन-सी मंजिल तक ले जाना चाहते हैं? आपकी पार्टी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से जो



हिंसक और उकसाऊ ट्वीट किए जा रहे हैं, क्या उसमें आपकी सहमति है ? ज्यादा समय नहीं बीता, आपने शुचिता की कसम खाई थी। क्या वादों की तरह कसमें भी भूल गए हैं?'

इससे पहले कांग्रेस ने एक्स पर ही पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर सबसे बड़ा झूठा शीर्षक के साथ साझा की थी। साथ ही एक अन्य पोस्टर में पीएम को जुमला बॉय कहा गया था। कांग्रेस के पोस्टरों के जवाब में भाजपा ने अपने आधिकारिक हैंडल पर राहुल गांधी का कई सिर वाला पोस्टर जारी किया। पोस्टर में कांग्रेस नेता को अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस से भी जोड़ा गया है, जिन पर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। भाजपा ने लिखा कि नए युग का रावण है। धर्म विरोधी है। राम विरोधी है। इसका लक्ष्य भारत को नष्ट करना है।

### राहुल की करना चाहते हैं हत्या


वहीं, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भाजपा द्वारा पोस्ट किए गए राहुल गांधी के ग्राफिक को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी की तुलना रावण से करने वाले भाजपा के हैंडल पर 'शर्मनाक' ग्राफिक की निंदा करने के लिए कोई शब्द नहीं है। उनके नापाक इरादे साफ हैं, वो लोग उनकी हत्या करना चाहते हैं। उन्होंने तुच्छ राजनीतिक लाभ लेने के लिए उनकी एसपीजी सुरक्षा वापस ले ली।'

### राहुल के खिलाफ लोगों को उकसा रहे

कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने कांग्रेस नेता को रावण के रूप में दिखाए जाने पर कहा कि भाजपा लोगों को राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा करने के लिए उकसा रहे हैं। वह एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने हिंसा में अपने पिता और दादी को खो दिया है। टैगोर ने आगे कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी की ओर से इस तरह की प्रचारात्मक बातें दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय हैं। पीएम मोदी और जेपी नड्डा को इसका जवाब देना चाहिए। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। विपक्षी नेताओं के प्रति इस तरह का हिंसक व्यवहार अस्वीकार्य है।

## मैं राज कुंद्रा उर्फ़ 'शिल्पा का पति' उर्फ़ 'सस्ता कान्ये वेस्ट' हूं : मास्कमैन राज कुंद्रा ने अविस्मरणीय स्टैंड–अप कॉमेडी एक्ट के साथ मंच पर धूम मचा दी

**मुंबई।** कई दिलचस्प चीजों के बारे में हालिया खबरों में हलचल मचाने के बाद, राज कुंद्रा ने अपनी प्रतिभा में एक और कौशल जोड़ा है, क्योंकि उन्होंने अपने दोस्त मुनव्वर के लिए हाल ही में एक विशेष स्टैंड-अप कॉमेडी प्रदर्शन के दौरान एक शानदार और ईमानदार खंड के साथ दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। फ़ारूक़ी. मास्क पहनकर राज कुंद्रा ने पहली बार स्टैंड अप कॉमेडियन के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ अभिनय प्रस्तुत किया और सोशल मीडिया पर प्रसारित उनके लघु वीडियो में यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।



एक अविश्वसनीय अवतार में, जिसने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है, कुंद्रा का स्टैंड-अप कॉमेडी अभिनय असाधारण से कम नहीं था। ₹मास्कमैन₹ के रूप में टैग किए जाने पर हंसने से लेकर ₹शिल्पा का पति₹ कहे जाने तक, व्यवसाय में अपनी यात्रा को साझा करने तक और 18 साल की उम्र में लंदन में कैब चलाकर कैसे शुरुआत की, राज कुंद्रा ने अपने दर्शकों को याद करने के लिए एक रात दी। . उनकी बुद्धि, हास्य और अदायगी का दर्शकों ने स्वागत किया और वे जोर-जोर से हंसने लगे। पहली बार किसी को इतनी शांति के साथ स्टैंड-अप कॉमेडी की दुनिया में कदम रखते देखना उल्लेखनीय था।

अपनी नई हास्य प्रतिभा के अलावा, राज कुंद्रा अपनी बायोपिक, यूटी69 के लिए दर्शकों को उत्सुकता से बांधे हुए हैं। कुछ दिलचस्प सवाल जो मनोरंजन जगत में अभी भी घूम रहे हैं, काफी सस्पेंस पैदा कर रहे हैं। क्या UT69 सच में राज कुंद्रा की बायोपिक है? UT69 का क्या अर्थ है? क्या सच में राज फिल्म में खुद का किरदार निभाएंगे? क्या इसका निर्देशन फराह खान करेंगी?

## नुसरत भरुचा के दिल छू लेने वाले हाइफ़ा भाषण ने महफिल लूट ली!

**मुंबई।** ईमानदारी और कृतज्ञता बिखेरने वाले एक क्षण में, प्रतिभाशाली बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा ने इज़राइल में हाइफ़ा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मंच संभाला। इस वर्ष, महोत्सव में ₹अकेली₹ की स्क्रीनिंग हुई, एक ऐसी फिल्म जिसने अपनी सम्मोहक कहानी और शानदार कलाकारों के लिए ध्यान आकर्षित किया है। अपनी मनोरम उपस्थिति और प्यारे शब्दों के साथ, भरुचा ने महोत्सव पर एक अमिट छाप छोड़ी।उन्होंने कहा, 'मेरी फिल्म का नाम अकेली है जिसका मतलब है अकेला। लेकिन यहां इज़राइल में, इतने अद्भुत दर्शकों, बेहतरीन कलाकारों, बेहतरीन टीम के साथ, मैं आपको एक बात निश्चित रू प से बता सकती हूं, मैं बिल्कुल भी अकेला महसूस नहीं करती! और यह वास्तव में उन सभी को जाता है जो मेरे दर्शक हैं। मैं अपने दर्शकों के लिए फिल्में करता हूं, और मुझे यह देखना अच्छा लगेगा कि आप इसके बारे में क्या कहेंगे।'

## सिक्किम में बाढ़ का प्रकोप जारी, अब तक सात जवानों समेत 21 की मौत, 100 से ज्यादा अभी भी लापता

**गंगटोक।** सिक्किम में आई बाढ़ में सात सैनिकों सहित कम से कम 21 लोग मारे गए हैं। गौरतलब है कि इस बाढ़ में भारतीय सेना के 23 जवान भी लापता हुए थे। फिलहाल अभी भी 15 जवानों की तलाश जारी है। इस बीच, भारतीय सेना उत्तरी सिक्किम में फंसे नागरिकों और पर्यटकों को भोजन, चिकित्सा सहायता और संचार सुविधा प्रदान कर रही है। बाढ़ के बाद सड़कें और अन्य जगह पर गाद भर गए हैं। उनको भी साफ करने का काम जारी है। अगर मौसम ने साथ दिया तो फंसे हुए पर्यटकों का निकालने का काम शुरू किया जा सकता है।



गुवाहाटी में रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि भारतीय सेना के लापता जवानों की तलाश जारी है। तलाशी का ध्यान तीस्ता बैराज के निचले इलाकों में केंद्रित है। सिंगताम के पास बुरडांग में घटना स्थल पर सेना के वाहनों को खोदकर निकाला जा रहा है। खोज अभियान में सहायता के लिए टीएमआर (तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू), ट्रैकर कुत्तों, विशेष रॉडार की टीमों के अलावा अतिरिक्त संसाधन लाए गए हैं।

इस बीच, त्रिशक्ति कोर भारतीय सेना के जवान लाचेन/चाटन, लाचुंग और चुंगथांग के क्षेत्रों में मौजूद 1471 पर्यटकों का पता लगाया है। माना जा रहा है कि अगर आज (शुक्रवार) मौसम में सुधार होता है तो हेलीकॉप्टरों की मदद से फंसे हुए पर्यटकों को निकालने का काम शुरू किया जाएगा। इसकी योजना राज्य सरकार, भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना द्वारा संयुक्त रूप से बनाई जा रही है।

रावत ने बताया कि क्षति का आकलन करने और सड़क संपर्क की बहाली की योजना के लिए सभी एजेंसियों द्वारा सर्वेक्षण किया जा रहा है। वाहनों के आवागमन के लिए एक लेन को साफ करने के साथ सिंगतम और बुरदांग के बीच सड़क संपर्क बहाल कर दिया गया है।

## नांदेड़ अस्पताल में मौतें : बॉम्बे HC की सरकार को फटकार, पिछले छह महीनों में डॉक्टरों की भर्ती का ब्योरा मांगा

**मुंबई।** नांदेड़ अस्पताल में हुई मौतों के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज्य सरकार ने फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सरकार बताए उसने सरकारी अस्पतालों में खाली पदों को भरने के लिए क्या कुछ कदम उठाए। साथ ही चिकित्सा आपूर्ति के बारे में हलफनामा दायर करें। महाराष्ट्र में नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में मरीजों की मौत का मामला और गंभीर होता जा रहा है। नांदेड़ के डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 48 घंटे से भी कम समय में 31 मरीजों की मौत हो गई थी। सोमवार तक मरने वालों की संख्या 24 थी जबकि बाद में सात और मरीजों की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार, कुल 31 मृतकों में से 16 शिशु हैं। नांदेड़ अस्पताल में हुई मौतों के मामले में महाराष्ट्र सरकार ने हाईकोर्ट में एक रिपोर्ट पेश की। बता दें, मरीजों की मौतों से जुड़े मामले में महाराष्ट्र सरकार की तरफ से महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने दलीले पेश कीं। रिपोर्ट को संज्ञान में लेते हुए हाईकोर्ट ने बताया कि राज्य सरकार की रिपोर्ट में क्या कहा गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुछ मरीजों की जान इसलिए नहीं बचाई जा सकी थी, क्योंकि उन्हें निजी अस्पतालों ने बहुत देर से रेफर किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सभी दवाएं और अन्य आपूर्तियां उपलब्ध थीं और प्रोटोकॉल के अनुसार इलाज किया गया। राज्य सरकार ने चिकित्सा आयोग की रिपोर्ट की एक बात भी सामने रखी। सरकार की रिपोर्ट में कहा गया कि चिकित्सा आयोग के अनुसार, नांदेड़ मेडिकल कॉलेजों में अधिक जनशक्ति और एक नए एनआईसीयू की आवश्यकता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 97 पदों में से केवल 49 ही भरे हुए हैं।

### हाईकोर्ट का आदेश

बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को पिछले छह महीनों में सरकारी अस्पतालों में रिक्तियों को भरने के लिए उठाए गए कदमों और पिछले छह महीनों में सरकारी अस्पतालों की मांग और आपूर्ति के बारे में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया हैं। इसके साथ ही अदालत ने मेडिकल प्रोक्योरमेंट अथॉरिटी से अपनी खरीद, नियुक्ति और उपलब्ध स्टाफ के लिए 2023 अधिनियम के अनुसार एक हलफनामा दाखिल करने को भी कहा। बॉम्बे हाई कोर्ट का यह भी कहना है कि चिकित्सा शिक्षा के प्रधान सचिव द्वारा दायर हलफनामे में पिछले एक साल में चिकित्सा आपूर्ति के लिए नांदेड़ से जुड़े संस्थानों का विवरण भी देना चाहिए।

### कठिन समय में सीएम कहां हैं?

अस्पताल में हुई मौतों के मामले पर पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि कोविड-19 के दौरान वही डॉक्टर, डीन, नर्स और वार्ड बॉय वहां थे। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा की। ठाकरे ने कहा, 'मेरी जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र एकमात्र ऐसा राज्य था, जहां दूर-दराज के इलाकों में ड्रोन के जरिए दवाइयां पहुंचाई गई थीं। पिछले कुछ दिनों से ठाणे, छत्रपति संभाजी नगर, नागपुर और नांदेड़ से खबरें आ रही हैं और कुछ जगहों से अभी भी खबरें आ रही हैं।' उन्होंने कहा कि इसका जिम्मेदार कौन है? इस कठिन समय में सीएम कहां हैं? ठाकरे ने कहा कि यह सीएम और डिप्टी सीएम की जिम्मेदारी थी कि वे जाकर मौतों के पीछे का कारण जानते।

### आखिर मौत की वजह क्या है?

इससे पहले 24 मौतों की सूचना पर महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के निदेशक डॉ. दिलीप म्हैसेकर ने बताया था कि मरीज कुछ स्थानीय निजी अस्पतालों से यहां भेजे गए थे। इनमें से जान गंवाने वाले कुछ मरीज वयस्क थे, जिनकी विभिन्न कारणों से मौत हुई। अस्पताल के डीन से मिली जानकारी का हवाला देते हुए म्हैसेकर ने कहा कि जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से कुछ नवजात थे और कुछ गर्भवती महिलाएं थीं।

## 'पूरे देश में महिला जजों की संख्या...' चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने आधी आबादी पर कही बड़ी बात

**नई दिल्ली।** हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर पीठ के कार्यक्रम में कहा था कि न्यायपालिका में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है। अब भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि महिला जजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि उत्साह बढ़ाने वाली है। उन्होंने कहा, यह देशव्यापी चलन है।

शुक्रवार को सीजेआई ने कहा, हम कुछ खुशखबरी साझा करना चाहते हैं। यहां अदालत कक्ष में महाराष्ट्र के सिविल जज जूनियर डिवीजन के 75 न्यायाधीश हैं। 75 जजों के बैच में से 42 महिलाएं और 33 पुरुष हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के साथ मामले की सुनवाई के



लिए बेंच में बैठे सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह चलन पूरे देश में दिख रहा है। महिला न्यायाधीशों की संख्या अधिक है।'

### वरिष्ठ वकीलों ने भी कहा- महिलाओं की संख्या बढ़ाना जरूरी

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि वह दोपहर के भोजन के दौरान महिला न्यायाधीशों सहित सभी न्या यि क अधिकारियों से मुलाकात का प्रयास करेंगे। चीफ जस्टिस की टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे समेत कुछ वकीलों ने सीजेआई से शीर्ष अदालत में महिला न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्याप्त कदम उठाने की अपील की।

### उच्च न्यायपालिका में महिलाओं की संख्या एक तिहाई हो

वकीलों की अपील के बाद सीजेआई ने कहा, ₹आज की नियुक्तियां 15 साल पहले की स्थिति दिखाती हैं।₹ गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पूर्व अध्यक्ष ने भी हाल ही में महिला जजों की संख्या पर बयान दिया था। वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने सीजेआई को लिखे पत्र में कहा था कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के एक तिहाई पद महिलाओं को आवंटित किए जाने की जरूरत है।

### सीजेआई से महिला आरक्षण का जिक्र, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रमुख क्या बोले?

विकास सिंह ने संसद से पारित महिला आरक्षण कानून का जिक्र करते हुए कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने वाले विधेयक का भी जिक्र किया। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष के रूप में तीन कार्यकाल पूरा कर चुके विकास सिंह ने लिखा, पटना, उत्तराखंड, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर के उच्च न्यायालयों में एक भी महिला न्यायाधीश नहीं हैं। शेष 20 उच्च न्यायालयों में 670 पुरुष न्यायाधीशों की तुलना में केवल 103 महिला न्यायाधीश हैं।

### 2027 में देश को पहली महिला चीफ जस्टिस मिलने का अनुमान

न्यायपालिका में महिला जजों की संख्या पर सीजेआई की टिप्पणी अहम मानी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में फिलहाल सिर्फ तीन महिला न्यायाधीश हैं। अदालती मामलों पर नजर रखने वाले जानकारों का अनुमान है कि बीवी नागरत्ना करीब 4 साल बाद 2027 में देश की पहली महिला चीफ जस्टिस बन सकती हैं। जबलपुर दौरे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि महिलाओं के पास न्याय का नैसर्गिक गुण होता है।

## फिनलैंड-भारत संबंध पर बोले राजदूत, 75 साल का इतिहास, भविष्य में रिश्ते और मजबूत होंगे

**नई दिल्ली।** भारत वैश्विक रिश्तों को कितनी अहमियत देता है, इसका अंदाजा इसी बात से होता है कि फिनलैंड के राजदूत देश के साथ संबंधों को लेकर कितने सकारात्मक हैं। फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेविर्ता ने भारत और फिनलैंड के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पूरी होने से पहले कहा, दोनों देशों के संबंधों के परिणाम लाभकारी होंगे। उन्होंने मुक्त व्यापार वार्ता से भी बेहतरीन परिणाम आने की उम्मीद जाहिर की। दरअसल, अगले साल भारत और फिनलैंड के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ होगी। दोनों देशों के संबंधों पर भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेविर्ता ने शुक्रवार को कहा, चल रही मुक्त व्यापार वार्ता व्यापारिक मोर्चे पर दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगी। उन्होंने कहा, यूरोपीय संघ भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार है।

# महाकुंभ से पहले प्रयागराज के द्वादश माधव मंदिरों का होगा कायाकल्प

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन की असीम संभावनाओं वाला राज्य है। काशी, मथुरा, अयोध्या, नैमिषारण्य, चित्रकूट, गोरखपुर, विंध्याचल और प्रयागराज दुनियाभर में फैले सनातनियों की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। हाल के वर्षों में प्रदेश में धार्मिक पर्यटन एक बड़े सेक्टर के रूप में उभरा है। इससे प्रदेश की आय तो बढ़ ही रही है, साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन भी हो रहा है। योगी सरकार राज्य के प्रमुख तीर्थस्थलों में मूलभूत सुविधाओं के विकास और विस्तार के कार्य में जुटी हुई है। इसी कड़ी में अब प्रयागराज के द्वादश माधव मंदिरों का भी कायाकल्प होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप्र पर्यटन विभाग प्रयागराज के सभी माधव मंदिरों के विकास को लेकर पूरा रोड मैप तैयार कर चुका है। हाल ही में पर्यटन विभाग की ओर से इससे संबंधित प्रेजेंटेशन मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद योगी ने आगामी महाकुंभ से पहले द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प के लिए विभाग को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि महाकुंभ-2025 से पहले देश-दुनिया के संतों और भक्तों को तीर्थाटन के रूप में द्वादश माधव सर्किट की सौगात मिले। इस 125 किमी लंबी आध्यात्मिक सर्किट में तीर्थ परिक्रमा के साथ ही पर्यटन की मूलभूत सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि भगवान माधव प्रयागराज के प्रधान देवता के रूप में पूजे जाते हैं। इनके द्वादश (बारह) स्वरूप प्रयाग में प्रतिष्ठित हैं। पौराणिक मान्यता है कि प्रयागराज में संगम की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण ने द्वादश स्वरूप धारण किए थे। मत्स्य पुराण में लिखा है कि द्वादश माधव परिक्रमा करने वाले को सारे तीर्थों एवं देवी-देवताओं के दर्शन का पुण्य प्राप्त होता है। महर्षि भरद्वाज सहित अनेक ऋषि-मुनि इसकी परिक्रमा करते रहे हैं। मगर मुगल और ब्रिटिश काल में ये द्वादश मंदिर दुर्दशाग्रस्त हो गये थे। वहीं आजादी के बाद भी इन्हें लेकर सरकारों में उदासीनता ही रही। माधव मंदिरों के आसपास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। झूंसी में शंख माधव, नैनी में गदा माधव पूरी तरह से अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। कहीं सीधा रास्ता नहीं है तो कहीं महज दो फीट चौड़ा रास्ता ही बचा है। अब योगी सरकार ने द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प का बीड़ा उठाया है।

### इन सुविधाओं का किया जाएगा विकास

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंदिरों में भव्य मुख्य द्वार निर्मित किये जाएंगे। इसके साथ ही चारदीवारी निर्माण, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, शू रैक, इंटरलॉकिंग और लैंडस्केप, पाथवे, सड़क और फुटपाथ, बेंच, भित्त चित्र, कूड़ादान, यात्री शेड, प्रकाश व्यवस्था लैंप आदि और पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। पहले चरण में नौ माधव मंदिरों का कायाकल्प किया जाएगा।

इसमें झूसी स्थित संकष्टहर माधव और शंख माधव, द्रौपदी घाट स्थित बिंदु माधव, चौफटका स्थित अनंत माधव, चौक स्थित मनोहर माधव, बीकर गांव स्थित पद्म माधव, छिंवकी स्थित गदा माधव और अरैल स्थित आदिवेणी माधव तथा चक्र माधव मंदिरों को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## कहां प्रतिष्ठित हैं कौन से माधव

1- वेणीमाधव - यह प्रयाग के नगर देवता हैं। इनका मंदिर दारागंज स्थित त्रिवेणी तट पर है।

2- अक्षयवट माधव-गंगा-यमुना के मध्य में यह विराजमान हैं।

3- अनंत माधव -दारागंज में अनंत माधव का प्राचीन मंदिर है।

4- असि माधव - नागवासुकी मंदिर के पास असि माधव वास करते हैं।

5- मनोहर माधव -जानसेनगंज में मनोहर माधव का मंदिर है।

6- बिंदु माधव -द्रौपदी घाट के पास बिंदु माधव का निवास है।

7- श्रीआदि माधव - संगम के मध्य जल रूप में आदिमाधव विराजमान हैं।

8- चक्र माधव - प्रयाग के अग्नि कोण में अरैल में सोमेश्वर मंदिर के निकट स्थित हैं चक्र माधव।

9- श्रीगदा माधव -यमुना पार के क्षेत्र स्थित छिवकी रेलवे स्टेशन के पास गदा माधव का प्राचीन मंदिर है।

10- पद्म माधव - यमुनापार के घूरपुर से आगे भीटा मार्ग पर वीकर देवरिया ग्राम में स्थित हैं पद्म माधव।

11- संकटहर माधव - झूसी में गंगा तट पर वटवृक्ष में संकटहर माधव का वास है।

12- शंख माधव - झूसी के छतनाग में मुंशी के बगीचे में शंख माधव की स्थली मानी जाती है।

# नई शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी कराने के लिए प्रयागराज में पांचवें दिन भी लगातार धरना प्रदर्शन जारी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लगभग 1.26 लाख पद रिक्त होने के बावजूद भी बेसिक शिक्षा विभाग में खाली पदों को भरने का नाम सरकार नहीं ले रही है जबकि अब तक प्रदेश में डीएलएड प्रशिक्षण पूर्ण किए लगभग 8 लाख से ज्यादा प्रशिक्षित वर्षो से प्राथमिक शिक्षक भर्ती का इंतजार कर रहे हैं विधान सभा में भी प्राथमिक शिक्षकों के खाली पदों का मामला प्रमुखता से उठा था लेकिन शिक्षा मंत्री का हमेशा बीच बीच में बयान आ जाता है कि शिक्षक छात्र अनुपात बराबर है डीएलएड बीटीसी संयुक्त मोर्चा संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनन्त प्रताप सिंह का कहना है कि प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में शिक्षक भर्ती के 51112 पदों का हालफनामा लगाया था लेकिन 5 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद भी बेसिक विभाग भर्ती नहीं की जा रही है इसको लेकर प्रशिक्षित बेरोजगार मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं

सरकार को चाहिए कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के खाली पदों को चुनाव से पहले भरने का काम करे वरना खामियाजा भुगतना पड़ेगा और आज 6अक्टूबर को महा धरना प्रदर्शन किया गया है अगर आज के धरने से कुछ निष्कर्ष नही निकलता है तो प्रशिक्षु बहुत जल्द लखनऊ के सड़कों पर कूंच करने के लिए आक्रोश में है जहां पर विधानसभा और मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा पत्थर गिरजाघर प्रयागराज में आज के धरने के पांचवें दिन मुख्य रूप से रजत सिंह , अनन्त प्रताप सिंह, शिवम सिंह , विनोद पटेल, नीरज सिंह, आदित्य सिंह, सरिता शाहू एवं हजारों डीएलएड बीटीसी प्रशिक्षु सामिल रहे।

# कोसम इनाम के किसान छुट्टा मवेशियों से परेशान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के कोसम इनाम के गढ़वा, आमाकुआँ,कोसम के किसान छुट्टा मवेशियों से परेशान है जिससे किसान फ़सल रात भर खेत की रखवाली करते है लेकिन छुट्टा मवेशियों से निजात नही मिल पा रही है।

पर्यटकों को छुट्टा मवेसियों दिक्कत होती है। कौशाम्बी बौद्ध पर्यटक होने से देशी विदेशी पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है लेकिन शाम होते ही कौशाम्बी थाना के आस पास दर्जनों छुट्टा मवेशियों का जमावड़ा लग जाता है जिससे पर्यटकों के साथ राहगीरों को भी भरी दिक्कत होती है।

स्थानीय किसान सत्यनारायण गुप्ता, शंकर लाल, रमेश सिंह चंदन यादव, स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि शाम होते ही छुट्टा मवेशियों कौशाम्बी थाना तिराहा के पास इकट्ठा हो जाते है और रात को किसानों का फ़सल को चर कर फ़सल बर्बाद हो जाता है। ग्रामप्रधान प्रतिनिधि शिवपूजन यादव कोसम इनाम के नौहाई में बृहद गोशाला निर्माणाधीन है जैसे ही गोशाला बनकर तैयार होगा छुट्टा मवेशियों को वहां संरक्षित कर दिया जाएगा।

# 744 नग ट्रान्सफार्मरों की क्षमतावृद्धि की जायेंगी

**कौशाम्बी।** रिवैम्प योजना के अन्तर्गत जनपद में कुल 117 करोड़ की लागत से एल0टी0 लाइन के खुले तारों को केबिल से बदलने का कार्य 1058 स्थानों पर प्रस्तावित है, जिसमें 158 स्थानों पर केबिल लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही कृषि उपभोक्ताओं के लिए 37 नग अलग से पृथक कृषि पोषक का निर्माण कार्य चल रहा हैं। विभागीय बिजनेश प्लान योजना के अन्तर्गत कुल आवंटित धनराशि रू0 28 करोड से 744 नग ट्रान्सफार्मरों की क्षमतावृद्धि प्रस्तावित है।यह जानकारी अधिशासी अभियंता, विद्युत ने देते हुए बताया कि 02 विद्युत उपकेन्द्रों-भरसवां एवं मूरतगंज के पावर परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि एवं 146 किमी जर्जर तार बदलने के लिए प्रस्तावित है। विद्युत व्यवस्था सुधार के लिए माह 01 अक्टूबर 2023 से सभी उपकेन्द्रों पर अनुरक्षण माह के रूप में परिवर्तकों एवं लाइनों के सुदृढीकरण का कार्य किया जा रहा हैं।

# प्रायोजित निंदा एवं प्रायोजित प्रशंसा कर रही चौथे स्तंभ को कलंकित-प्रभात रंजन दीन

## नया दौर और नई चुनौतियां विषय पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन सुल्तानपुर का मीडिया कार्यशाला

**सुल्तानपुर** - प्रायोजित निंदा और प्रायोजित प्रशंसा इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट समाचार पत्रों की विश्वसनीयता को प्रभावित कर रही है। इसी वजह से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता का सम्मान भारत में गिरता जा रहा है। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन सुल्तानपुर की तरफ से नया दौर एवं नई चुनौतियां विषय पर आयोजित मीडिया कार्यशाला पर व्याख्यान देते हुए यह बातें मुख्य अतिथि/ प्रख्यात पत्रकार प्रभात रंजन दीन ने कही।शहर के आदर्श मैरिज प्वाइंट पर शुक्रवार को मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के बाद मीडिया कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभात रंजन दीन ने जनप्रतिनिधियों की सक्रियता को पत्रकारिता के उद्धार एवं उत्थान के लिए आवश्यक बताया। कहो कि जो भी संवाददाता जाए वह अपने सांसद और विधायकों से यह जरूर पूछे कि वह पत्रकारिता के उद्धार के लिए क्या प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम को




संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष राज खन्ना ने कहा कि पत्रकारिता की दशा और दिशा पर बुद्धिजीवी पत्रकारों को सोचने की जरूरत है। जिससे भविष्य की पत्रकारिता के लिए उज्जवल भविष्य की ओर हम कदम बढ़ा सकें और आने वाले युवाओं को बेहतर स्थिति प्रदान कर सकें। मुख्य उप संपादक एवं विशिष्ट अतिथि चंद्रभान यादव ने मीडिया की जिम्मेदारियां से लोगों को परिचित कराया। यूएनआई छत्तीसगढ़ के स्टेट ब्यूरो अशोक साहू ने कहा कि नवीनता, तथ्यों का संकलन और प्रासंगिकता समाचार का अनिवार्य घटक है। इसे हमेशा समाचार बनाते समय ध्यान रखने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष दर्शन साहू ने आए हुए लोगों का आभार जताते हुए इस कार्यशाला से सीख लेने का संवाददाताओं से आवाहन किया। महामंत्री संतोष यादव ने आए सभी अतिथियों एवं संवाददाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवकरन द्विवेदी ने किया। इस मौके पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट पत्रकारिता करने वाले जीतेंद्र श्रीवास्तव एड्वोकेट, योगेश यादव, असगर नकी और आशुतोष मिश्र एड्वोकेट को प्रभात रंजन दीन ने प्रशंसा चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य उप संपादक दिनेश दुबे, दिनकर श्रीवास्तव, अनुराग द्विवेदी, जीतेंद्र श्रीवास्तव, केके तिवारी, सतीश तिवारी, रमाकांत बरनवाल, निसार अहमद, जावेद अहमद विवेक बरनवाल, डॉ आकृति अग्रहरि, राकेश तिवारी, पंकज पांडेय, पवन पांडेय, सरफराज, अजहर हुसैन, अब्दुल सत्तार, साकिब, इंद्रजीत यादव, दयाशंकर गुप्ता, अनिल गुप्ता, सुभाष पाठक, अमित पांडे, अनिरुद्ध चौरसिया, राजबहादुर यादव, राजेंद्र यादव, रोहित पाठक, भूपेश पांडे, अश्विनी सिंह, शिवशंकर पांडेय, लोग मौजूद रहे।

# युवा कुशवाहा महासभा का शैक्षिक महोत्सव 8 अक्तूबर को


**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा प्रतापगढ़ के तत्वावधान में आगामी आठ अक्तूबर को सिटी रोड स्थित श्रीहरि पैलेस में शैक्षिक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वर्ष 2023 में उत्तीर्ण हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं परास्नातक छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा।

साथ ही कैरियर गाइडेंस भी दिया जायेगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जसवंत सैनी राज्य मंत्री औधोगिक एवं संसदीय कार्य उत्तर प्रदेश सरकार रहेंगे। बतौर अतिविशिष्ट अतिथि राजेन्द्र मौर्य विधायक सदर, ऊषा मौर्य विधायक फतेहपुर, जेएन मौर्य मुख्य स्थायी अधिवक्ता उत्तर प्रदेश सरकार, हाईकोर्ट इलाहाबाद, प्रमोद मौर्य पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतापगढ़, ज्ञान प्रकाश मौर्य पूर्व राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश, वीके सिंह जिला होमगार्ड कमांडेंट मिर्जापुर, महेंद्र मौर्य राष्ट्रीय महासचिव मुम्बई मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश महतो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा करेंगे। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुशवाहा ने दी।

# पुत्र दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** हिन्दू धर्म बिहारी महिलाओं ने पुत्र की लंबी दीर्घायु की कामना को लेकर जूतिया व्रत रखकर पूजन अर्चना की । संतान के लिए कई तरह के व्रत रखे जाते है । जिनमें से तिजिया व्रत इस व्रत को जीवितपुत्रिका और जिउतियां पर्व के नाम से जाना जाता है । जितिया व्रत सप्तमी को नहाय खाय से शुरू होकर अष्टमी और नवमी तक चलता है । मान्यता के अनुसार मां पुत्र प्राप्ति या पुत्र की लंबी आयु के लिए रखती हैं । जबकि इस व्रत में अन्य ,जल भी 24 घंटे महिलाएं नहीं ग्रहण करती है । बताया जाता है कि शाम को नहाय खाय के अगले दिन शुक्रवार को सुबह से ही निर्जला उपवास शुरू किया गया है ।इस दौरान महिलाओं ने बताया कि



स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण कर भगवान जीमूत वाहन की पूजा की जाती हैं ।


कुशा से बने भगवान की प्रतिमा के साथ धूप, दीप, अक्षत, पुष्प और फल अर्पित किए जाते है । इसके अतिरिक्त गाय के गोबर और मिट्टी से चील और सियारिन की मूर्ति बनाकर संदूर लगाकर पूजा अर्चना की जाती हैं । व्रती महिलाएं पौराणिक कथाओं महाभारत काल से जुड़े इस कथा के अनुसार अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे संतान को मार दिया था । उसी दौरान श्रीकृष्ण ने अपनी शक्ति से संतान को जीवित कर दिया । जन्म के बाद इसी पुत्र का नाम जीवित्पुत्रिका रखा गया था । इसी परंपरा को रखने के लिए तिजिया उपवास की जाती है

# राजा महमूदाबाद के निधन पर अदबी व मज़हबी रहनूमाओं ने जताया शोक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** राजा महमूदाबाद मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान के निधन पर प्रयागराज के अदबी व मज़हबी रहनूमाओं ने शोक सभा आयोजित कर दिवंगत के लिए दुआ ए मग़फिरत के साथ उनकी खिदमत ए खल्क का तज़केरा किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्के इंतेकाल पुरमलाल पर पुरसा पेश किया।

मदरसा अनवार उलूम में मौलाना जवादुल हैदर रिज़वी की क़यादत में शोक सभा में मौलाना जवादुल हैदर रिज़वी ने उन्हें खिदमते दीन मुबीईन ए इस्लाम में ओलमाए आमलीन की हर ऐतेबार से पुश्त पनाही फरमाने वाली अज़ीम शख्सियत बताया। मौलाना सैय्यद रज़ी हैदर रिज़वी ने उन्हें मैदाने मर्सिया ख्वानी के लिए मिसाले शहसवार ,अदब ,तारीख फिक़ाह, फलसफा जैसे कलाम पर गहरी नज़र



रखने वाले मोदबर व मुफक्किर क़रार दिया। मौलाना आमिरुर रिज़वी और उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने राजा महमूदाबाद के निधन पर अफसोस ज़ाहिर करते हुए बताया की राजा मोहम्मद अमीर महमूदाबाद से वर्ष 1985 व 19 89 तक महमूदाबाद विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से विधायक रहे।वह लम्बी बीमारी के बाद अस्सी साल की उम्र में बुधवार को इस दुनिया ए फानी से कूच कर गए।

अस्करी ने यह भी बताया की उनकी उर्दू, अंग्रेजी, अरबी, तारीख, साईन्स, दुनियावी, सियासत, इतिहास पर बेहतर पकड़ के साथ गहरी नज़र भी थी। देर शाम उन्हें महमूदाबाद के आबाई जगहां पर सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इनके निधन पर प्रयागराज की विभिन्न तनज़ीमों अदबी व मज़हबी रहनूमाओं ने शोक व्यक्त किया।

# डीएम व एसपी ने मुख्यालय में किया पैदल मार्च



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना पुलिस बल के साथ जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदढ़ बनाए रखने हेतु थाना मंझनपुर क्षेत्रांतर्गत कस्बा मंझनपुर में (चकनगर-2, नयानगर-2 व सिराथू रोड) पैदल गस्त भ्रमण किया गया । व्यापारियों और आमजनमानस से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया एवं संदिग्ध व्यक्तियों ध्वाहनों को चेक किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 12 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट एवं शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 01, थाना करारी से 01, थाना सराय अकिल से 01, थाना संदीपनघाट से 01, थाना कोखराज से 06, थाना सैनी से 02) कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# जन शिक्षण संस्थान द्वारा दिलाई गई नारा लेखन एवं स्वच्छता शपथ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण केंद्र भरवारी में 31 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता अभियान मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने संस्थान की समस्त गतिविधियों को एवं स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा की और संस्थान के निदेशक ने सभी स्टाफ प्रशिक्षिका एवं प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और नारा लेखन चार्ट पेपर पर सभी प्रतिभागियों से लिखवाया गया स्वच्छता की शपथ दिलाई गई कि महात्मा गांधी जी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फराजनीतिक आजादी ही नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ भारत एवं विकसित देश की कल्पना भीं थी महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया मैं गंदगी ना करूंगा ना किसी को करने दूंगा। इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह, सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा, रूबी देवी, वैष्णवी, आरती, पूजा, अवंतिका, शालिनी, खुशबू, माया, महिमा लगभग 40 प्रतिभागी मौजूद थे।

# 21 सूत्रीय मांगो को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले आगामी 9 अक्टूबर को शिक्षा निदेशालय लखनऊ में 21 सूत्रीय मांगों हेतु आयोजित धरने को लेकर जनपद के जिला कार्यकारिणी, ब्लाक कार्यकारिणी और संघर्ष समिति की पदाधिकारियों की एक बैठक गुरुवार की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन सहित 21 मांगों को लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा के कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से धरने में प्रतिभाग करने हेतु आवाहन किया। जिलामंत्री रामबाबू दिवाकर ने सभी पदाधिकारियों को प्रदेश कार्यकारिणी से प्राप्त निर्देशों से अवगत कराते हुए धरने की रूपरेखा की जानकारी दी और प्रदेश से प्राप्त 21 सूत्रीय मांगों के पोस्टर का वितरण किया। बैठक में मुख्य रूप से ईश्वर शरण सिंह, भोलानाथ चौधरी, विनोद सिंह, रमेश सिंह, अशोक द्विवेदी, विनय सिंह, अरुण गोविल सिंह, आलोक सोनी, आशीष शुक्ला, जयनेन्द्र, अनुराग यादव, अजय प्रकाश, लालमणि, शिवभान आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत उद्योग स्थापित करने के लिए करें आनलाइन आवेदन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक व्यक्ति (जिनकी आयु 18 वर्ष से कम न हो) ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी चन्द्र शेखर वर्मा ने देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत विनिर्माण उद्योग के लिए अधिकतम् 50 लाख रूपये तथा सेवा उद्योग के लिए प्रोजेक्ट काष्ट 20 लाख तक के लिए आवेदन कर सकते हैं।

ग्रामीण क्षेत्र के अनु0जाति, अनु0जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, भूवपूर्व सैनिक एवं महिला लाभार्थियों को स्वीकृत ऋण पर 35 प्रतिशत अनुदान व सामान्य वर्ग के लिए 25 प्रतिशत अनुदान है। शहरी क्षेत्र में आरक्षित वर्ग को 25 प्रेषित अनुदान व सामान्य वर्ग को 15 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय, विकास भवन कक्ष सं0-44 मंझनपुर से प्राप्त की जा सकती हैं।

# उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पर पंजीकृत उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम से सम्बन्धित अभिलाष कुमार निवासी एनडी कॉलोनी भरवारी थाना कोखराज को न्यायालय सीजेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को 2000 रूपयें के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 10 दिवस के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा सुनाई गयी।

## लापरवाही पूर्वक वाहन से दुर्घटना कारित करने के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना सैनी पर पंजीकृत वाहिद अली निवासी घना का पुरा थाना मंझनपुर को न्यायालय सीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 2500रूपयें के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

अर्थ दण्ड न अदा करने पर 15 दिवस के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा सुनाई गयी।